CMYK

सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 28.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-269 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 09 मार्च 2024
27 शाबान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# 140 करोड़ देशवासी मेरे परिवार है: मोदी

**पुरस्कार**

- जया किशोरी, मैथिली ठाकुर, आरजे रौनक, युवा हस्तियों को पीएम मोदी ने किया नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड से सम्मानित
- गारंटी देता हूं अगले शिवरात्रि पर भी ऐसा कार्यक्रम मैं ही करूंगा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार (नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड) प्रदान किया। यह पुरस्कार पहली बार दिए गए हैं।

ग्रीन चैंपियन श्रेणी में प्रवेश पांडे को पुरस्कृत किया गया, जबकि कीर्तिका गोविंदसामी को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार का पुरस्कार दिया गया। गायिका मैथिली ठाकुर को 'कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला। टेक श्रेणी में गौरव चौधरी और यात्रा क्षेत्र के लिए कामिया जानी को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने अतिथियों को संबोधित भी किया। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत का भरोसा जताया। उन्होंने कहा, आपको गारंटी देता हूं कि अगले शिवरात्रि पर भी ऐसा कार्यक्रम मैं ही करूंगा। इससे पहले उन्होंने कहा कि जब समय बदलता है, जब नए युग की शुरुआत होती है तो उसके साथ कदम से कदम मिलाना, ये देश का दायित्व होता है। आज भारत मंडपम में देश अपने उस दायित्व को पूरा कर रहा है। नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड ये आयोजन नए दौर को समय से पहले पहचान देने का आयोजन है। उन्होंने कहा कि आज के इस अवॉर्ड कार्यक्रम का क्रेडिट अगर किसी को जाता है तो वो भारत के मेरे युवा मन को, हर डिजिटल क्रिएटर्स को जाता है। पीएम मोदी ने कहा कि आप सब मेरे परिवार हैं, 140 करोड़ देशवासी मेरे परिवार हैं।

### एलपीजी सिलेंडर हुआ सस्ता, पीएम ने किया ऐलान

महंगाई से परेशान आम आदमी को राहत मिली है। कल उज्जवला में राहत के बाद अब सभी के लिए एलपीजी सिलेंडर के दाम कम हो गए हैं। एलपीजी सिलेंडर 100 रुपये सस्ता हुआ है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पीएम मोदी ने ट्विट करके इसकी जानकारी दी है। सरकार के इस कदम से देशभर के लाखों परिवारों का वित्तीय बोझ कम होगा। पीएम मोदी ने महिला दिवस के अवसर पर ट्विट करके कहा कि आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है।

### कंटेंट क्रिएटर्स के लिए बहुत बड़ा मोटिवेशन

कहा कि भविष्य में ये अवॉर्ड कंटेंट क्रिएटर्स के लिए बहुत बड़ा मोटिवेशन बनेगा। उनके काम को एक बहुत बड़ी पहचान मिलने वाली है। आज जिन्हें ये अवॉर्ड मिले हैं, उन विजेताओं को बधाई देता हूं। आज एक और संयोग है कि ये पहला नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड महाशिवरात्रि के शुभ दिन पर आयोजित हो रहा है और मेरे काशी में तो शिव जी के बिना कुछ नहीं चलता है। ये ईश्वर की कृपा है कि मैं समय से पहले समय को भांप लेता हूं। उन्होंने कहा कि शिव भाषा, कला और क्रिएटिविटी के जनक माने गए हैं। हमारे शिव नटराज हैं। शिव के डमरू से माहेश्वर सूत्र प्रकट हुए हैं। शिव का तांडवलय सृजन की नींव रखता है। मैं आपको और सभी देशवासियों को महाशिवरात्रि की बहुत बहुत शुभकामनाएं देता हूं।

# भाजपा-तेदेपा में गठबंधन को लेकर लग सकती है मुहर

**सियासत**

- छह साल पहले टूटा था गठबंधन
- फरवरी में दोनों नेताओं की हुई थी मुलाकात



**नई दिल्ली।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू और अभिनेता से नेता बने जन सेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

उन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए गठबंधन की संभावना पर बातचीत की। तेदेपा पहले भाजपा के नेतृत्व वाले राजग का हिस्सा थी, लेकिन 2018 में जब नायडू राज्य के मुख्यमंत्री थे, तब वह इससे बाहर हो गई थी। सूत्रों ने कहा है कि दोनों पार्टियां हाथ मिलाने के लिए तैयार हैं, लेकिन सब कुछ सीट बंटवारे पर निर्भर है। तेदेपा नेताओं ने कहा है कि इस पर निर्णय लेने में देरी ठीक नहीं है, क्योंकि चुनाव करीब आ रहे हैं। कोई भी अस्पष्टता पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को भ्रमित करेगी। नायडू ने फरवरी में शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी, जिससे इन अटकलों को बल मिला कि वे गठबंधन की ओर बढ़ रहे हैं। हालांकि, अब तक चीजें स्पष्ट नहीं हुई हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब इस बात के साफ संकेत मिल रहे हैं कि ओडिशा का सत्तारूढ़ बीजद भी राजग में शामिल हो सकता है।

# सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए मनोनीत

**तोहफा**

- महिला दिवस पर राज्यसभा के लिए नामांकन दोहरी खुशी
- सुधा मूर्ति प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता और लेखिका हैं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंफोसिस के संस्थापक नारायणमूर्ति की पत्नी और सामाजिक कार्यों के लिए प्रसिद्ध सुधा मूर्ति को राष्ट्रपति की ओर से राज्यसभा के लिए मनोनीत किए जाने का एलान किया है। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, मुझे खुशी है कि भारत के राष्ट्रपति ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए नामित किया है।

सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विविध क्षेत्रों में सुधा जी का योगदान असीम और प्रेरणादायक रहा है। राज्यसभा में उनकी उपस्थिति हमारी नारी शक्ति का एक शक्तिशाली प्रमाण है, जो हमारे राष्ट्र की नियति को आकार देने में महिलाओं की ताकत और क्षमता का उदाहरण है। उनके फलदायी संसदीय कार्यकाल की कामना करता हूं। परोपकार के लिए प्रसिद्ध लेखिका सुधा मूर्ति ने शुक्रवार को कहा कि राज्यसभा के लिए उनके नामांकन की घोषणा महिला दिवस के दिन होना उनके लिए दोहरी खुशी की बात है। इन्फोसिस फाउंडेशन की पूर्व चेयरपर्सन ने कहा कि उन्होंने कभी इस पद की मांग नहीं की और उन्हें इस बात का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं है कि सरकार ने उन्हें उम्मीदवार क्यों बनाया है। उन्होंने कहा, यह जानकारी महिला दिवस सामने आई और यह दोहरी खुशी की बात है। मैं बहुत खुश हूँ। मैं अपने प्रधानमंत्री का आभारी हूं। मूर्ति फिलहाल थाईलैंड की यात्रा पर हैं। उच्च सदन के सदस्य के रूप में मोनोनीत होने पर इंफोसिस के सह-संस्थापक एनआर नारायणमूर्ति की पत्नी ने कहा, मुझे देखना होगा कि चीजें क्या हैं मैं क्या कर सकती हूं। यह मेरे लिए एक नया क्षेत्र है।

## सीएम योगी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 221 महिलाओं को मुफ्त सिलाई मशीन बांटी

# अब महिलाओं को किसी का मोहताज नहीं होना पड़ता

**सौगात**

- सरकार की नीतियों और योजनाओं में महिलाएं केंद्र
- स्वावलंबन की राह दिखा रहा नए भारत का नया उत्तर प्रदेश
- रेडीमेड गारमेंट की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं महिलाएं

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों और योजनाओं में महिलाएं केंद्र बिंदु हैं।

केंद्र और प्रदेश सरकार जितनी भी जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही हैं, उनमें सर्वाधिक संख्या उन योजनाओं की है जिनके अभाव का सीधा प्रभाव महिलाओं पर पड़ता था। सरकार और समाज के लिए महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सर्वोपरि होना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों और योजनाओं में महिलाएं केंद्र बिंदु हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार जितनी भी जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही हैं, उनमें सर्वाधिक संख्या उन योजनाओं की है जिनके अभाव का सीधा प्रभाव महिलाओं पर पड़ता था। सरकार और समाज के लिए महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सर्वोपरि होना चाहिए। सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। सीएम योगी शुक्रवार शाम महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सौजन्य से आयोजित सात दिवसीय निशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षु महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुफ्त सिलाई मशीन वितरित करने के बाद अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री, इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में 221 महिलाओं को मुफ्त सिलाई मशीन वितरित की गई। नौ प्रशिक्षुओं को सिलाई मशीन सीएम योगी ने खुद अपने हाथों से प्रदान किए।

### सिलेंडर के दाम घटाने का सीएम योगी ने किया स्वागत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दामों में कमी करने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे हमारी मातृशक्ति को प्रदूषण और धुएं से राहत मिलेगी। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि आज महिला दिवस के अवसर पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का निर्णय करोड़ों परिवारों को आर्थिक राहत देने के साथ ही मातृशक्ति को धुएं और प्रदूषण से मुक्ति दिलाकर स्वस्थ व खुशहाल जीवन प्रदान करेगा।

## कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी की पहली लिस्ट

# वायनाड से लड़ेंगे राहुल गांधी

**घोषणा**

- 39 उम्मीदवारों के नाम का किया गया एलान
- दूसरी लिस्ट 12 मार्च तक आने की संभावना है
- केसी वेणुगोपाल खुद अलपुज्जा से चुनाव लड़ेंगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अपने चुनावी वादों की गारंटियों की हलचल के बीच 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए वायनाड से राहुल गांधी समेत नौ राज्यों के 39 उम्मीदवारों की पहली सूची का ऐलान कर दिया है।

इस सूची में छत्तीसगढ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, वरिष्ठ नेता शशि थरूर, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और छत्तीसगढ के नेताओं ताम्रध्वज साहू तथा ज्योत्सना महंथ समेत कई बड़े चेहरों के नाम हैं। दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों के साथ कांग्रेस ने अपनी बेहतर संभावना वाले छत्तीसगढ की आधा दर्जन सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान और मध्यप्रदेश जैसे बड़े राज्यों के किसी उम्मीदवार का ऐलान पार्टी ने नहीं किया है। लिहाजा अमेठी, रायबरेली समेत कई सीटों को लेकर अभी स्पष्टता नहीं है। राहुल गांधी की केरल के वायनाड से दुबारा चुनाव लड़ने पर किसी तरह का संशय नहीं था और अब निगाहें उनकी उत्तरप्रदेश के अमेठी से उम्मीवारी की घोषणा पर रहेगी। कांग्रेस की पहली सूची में केरल से सबसे अधिक 16 उम्मीदवारों का पार्टी ने ऐलान कर दिया है और राहुल समेत सभी वर्तमान सांसदों को मैदान में उतारा गया है।

### भूपेश बघेल राजनादगांव से चुनाव की ताल ठोकेंगे

छत्तीसगढ में भूपेश बघेल राजनादगांव से पहली बार लोकसभा चुनाव की ताल ठोकेंगे तो ताम्रध्वज साहू महासमुंद से, वरिष्ठ नेता डा शिवकुमार डेहरिया जांजगीर-चंपा एससी सीट, ज्योत्सना महंथ कोरबा, दुर्ग से राजेंद्र साहू और रायपुर से विकास उपाध्याय उम्मीदवार बनाए गए हैं। कर्नाटक की ये तीनों सीटें जेडीएस नेता पूर्व पीएम देवेगौड़ा के प्रभाव वाली हैं और इसलिए कांग्रेस के लिए अहम हैं।

### दिल्ली में नमाज पढ़ते व्यक्ति को लात मारने वाला पुलिसकर्मी सस्पेंड

**नई दिल्ली।** इंद्रलोक इलाके में नमाज पढ़ रहे लोगों के साथ बदसलूकी करने का मामला सामने आया है. यह बदसलूकी किसी और ने नहीं बल्कि दिल्ली पुलिस के एक सब इंस्पेक्टर ने की है। मामले का वीडियो वायरल होने के बाद दिल्ली पुलिस की तरफ से भी इसपर सख्त एक्शन लिया गया। एसआई को तुरंत सस्पेंड कर दिया गया। दरअसल, शुक्रवार को बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए आए थे। भीड़ के कारण ये लोग मस्जिद के बाहर सड़क पर बैठकर नमाज पढ़ रहे थे. जिसे देखते हुए एसआई ने उन्हें लात मारते हुए वहां से भगाने का प्रयास किया. एसआई की इस हरकत पर उत्तरी दिल्ली जिला पुलिस ने उसपर कड़ा एक्शन लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सराय रेहिल्ला थाना अंतर्गत इंद्रलोक इलाके में यह वारदात आज सुबह की है।

# अंकित सक्सेना हत्याकांड में तीन दोषियों को मिली उम्रकैद की सजा

**घटना**

- साल 2018 में वेस्ट दिल्ली के ख्याला इलाके में 23 वर्षीय अंकित की सारे आम हत्या हुई थी



**नई दिल्ली।** 2018 के अंकित सक्सेना मर्डर केस में दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह घटना साल 2018 में वेस्ट दिल्ली के ख्याला इलाके में 23 वर्षीय अंकित की सारे आम हत्या से जुड़ी है। एडिशनल सेशन जज सुनील कुमार शर्मा ने पिछले 23 दिसंबर को मृतक की महिला दोस्त के माता-पिता अकबर अली और शहनाज बेगम और मामा मोहम्मद सलीम को हत्या का दोषी ठहराया था। यह फैसला हत्या होने के करीब पांच साल बाद आया है। मामले के संबंध में सभी चार आरोपियों को शुरू में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। पिछले हफ्ते दिल्ली कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। यहां ऑनर किलिंग के मामले के बारे में वह सब कुछ है जो आपको जानना चाहिए। जैसा कि पहले बताया गया है, दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने अंकित सक्सेना मर्डर केस में तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। उम्रकैद की सजा के अलावा दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। एडिशनल सेशन जज (एएसजे) सुनील कुमार शर्मा ने शनिवार को दोषी मोहम्मद सलीम, अकबर अली और उनकी पत्नी शाहनाज़ बेगम की सजा पर आदेश सुरक्षित रख लिया। वहीं पीड़ित को मुआवजा 7 मार्च, 2024 को दिया जाएगा। अतिरिक्त लोक अभियोजक ने दिल्ली पुलिस को तर्क दिया और हत्या के अपराध के लिए दोषियों के लिए अधिकतम सजा की मांग की। अभियोजन पक्ष के अनुसार, मृतक अंकित सक्सेना की 1 फरवरी, 2018 की रात को रघुवीर नगर में ब्लाइंड यूनिवर्सिटी के पास तीन दोषियों और लड़की के नाबालिग भाई ने हत्या कर दी थी।

# शिवरात्रि पर सात लाख से अधिक भक्तों ने किए दर्शन

**आस्था**

- श्रद्धालुओं ने बाबा दरबार में दर्शन किए
- रात भर चला जलाभिषेक गूंजा हर हर महादेव



**वाराणसी।** शिवभक्तों की आस्था के सबसे बड़े उत्सव महाशिवरात्रि पर काशी में बाबा विश्वनाथ दरबार में हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजा। विश्वनाथ धाम में लाखों भक्तों की कतारे देखने को मिली।

भोर से ही भक्त बाबा के दर्शन को आतुर दिखे महाशिवरात्रि पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन का नया रिकॉर्ड ही बना दिया। शाम छह बजे तक 7.81 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा दरबार में दर्शन किए। इससे पहले एक जनवरी 2024 को 7.25 लाख लोगों ने बाबा के दर्शन किए थे। आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार को एक सेकंड में 14 श्रद्धालुओं ने बाबा के झांकी दर्शन किए। मंगला आरती से शुरू हुआ दर्शन-पूजन का सिलसिला अनवरत 45 घंटों तक चलेगा। शुक्रवार की भोर में मंगला आरती के बाद 3:15 बजे से दर्शन-पूजन के लिए मंदिर के कपाट खुल गए। मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा ने कतारबद्ध श्रद्धालुओं पर गुलाब के फूल बरसाकर स्वागत किया। सात घंटे पहले से ही कतार में लगे हुए श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था। गेट नंबर चार से एक कतार दशाश्वमेध घाट की तरफ तो दूसरी कतार चौक थाने के आगे तक लगी थी।

### यूपी में 13 व 14 मार्च को बारिश के आसार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सर्दियों की विदाई और गर्मियों की दस्तक का वक्त शुरू हो चुका है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक नौ और दस मार्च को प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहने और तेज सतही हवाएं चलने के आसार हैं। हालांकि 11 व 12 मार्च को हवा की रफ्तार धीमी होगी और 13 व 14 मार्च को बारिश व गरज-चमक के आसार हैं। वहीं, मौसम विशेषज्ञ एचआर रंजन का कहना है कि 23 मार्च के आसपास एक बार फिर मौसम बदलेगा। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी, ओलावृष्टि व आंधी के आसार हैं। इसके बाद जाड़े की पूरी तरह से विदाई हो जाएगी। वर्तमान में तेज रफ्तार हवाएं चलने से रात व दिन का पारा सामान्य से नीचे बना हुआ है। न्यूनतम तापमान 9.2 से 15.4 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस तक रहा। अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में दो और अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

# उमर का महबूबा से गठबंधन से इनकार

**जनादेश**

- जनता जम्मू-कश्मीर में टूटा गया इंडिया गठबंधन
- पीडीपी के पास कोई विश्वसनीयता नहीं बची

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के साथ सीट साझेदारी के लिए गठबंधन करने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि वह पीडीपी के साथ सीट बंटवारे के लिए समझौता नहीं करेंगे।

एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उमर ने ये बातें कहीं। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अगर उन्हें पहले यह कहा गया होता कि उन्हें नेकां को पीडीपी के साथ साझेदारी करनी पड़ेगी तो उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन में शामिल ही नहीं होती। उमर ने कहा कि अगर राहुल गांधी और सोनिया गांधी कहते हैं कि कांग्रेस के लिए छोड़ दें तो वह पीडीपी के बजाय कांग्रेस को सीट देना पसंद करेंगे उन्होंने दावा किया है कि कांग्रेस नंबर दो पर है, जबकि पीडीपी तीसरे नंबर पर है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में भाजपा को सत्ता में लाने और लोगों के जनादेश को धोखा देने के बाद पीडीपी के पास कोई विश्वसनीयता नहीं बची है। उमर अब्दुल्ला ने फिर कहा कि कश्मीर घाटी में सभी तीन लोकसभा सीटों पर नेकां स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी और अपने बल जीत दर्ज करेगी। बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के पीएम मोदी पर परिवारवाद वाले तंज पर उमर ने कहा कि वह ऐसे व्यक्तिगत नारों के पक्ष में नहीं हैं। इनसे किसी तरह का लाभ नहीं मिलता। उमर अब्दुल्ला कहते हैं, मैं कभी भी ऐसे नारों के पक्ष में नहीं रहा हूं और हमें उनसे कभी कोई फायदा नहीं हुआ है।

### अकेले चुनाव लड़ेगी पीडीपी

इंडिया गठबंधन की एकता को एक और झटका देते हुए, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के आगामी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की संभावना है। यह घटनाक्रम नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि वे कश्मीर में सभी तीन सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। महबूबा मुफ्ती ने कहा, उमर अब्दुल्ला ने खुद कहा था कि वे गठबंधन में नहीं हैं। हम चाहते थे कि पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन जारी रहे लेकिन हर कोई जानता है कि इस पीएजीडी को किसने खत्म किया। हम कांग्रेस से बात करेंगे।



# शिवालयो मे उमड़ा भक्तो का जन सैलाब

अवधनामा, संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** महादेव की आराधना के पावन पर्व महाशिवरात्रि पर जिले के शिवालयों में शिव भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। शिव भक्तों नें जिले भर के तमाम शिव मंदिरों समेत पौराणिक छोटी काशी गोला में जलाभिषेक कर पुण्य कमाया।

चारों दिशाओं से भगवान शिव के जयकारे सुनाई दे रहे हैं। गोला में स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में शिव का विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद उनकी आरती की गई जिसमें भारी संख्या में शिव भक्त शामिल हुए। यही नहीं भगवान शिव का पंचामृत दूध, दही, घी शक्कर, शहद और सुगन्धित द्रव्यों से अभिषेक किया गया। जिले के अलग अलग स्थानों पर मंदिरों में इस दिन हजारों भक्त जलाभिषेक कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भगवान से प्रार्थना की। मान्यता है कि यदि शिव को सच्चे मन से याद कर लिया जाए तो शिव प्रसन्न हो जाते हैं। छोटी काशी के नाम से विख्यात शिवनगरी में महाशिवरात्रि के पर्व पर पौराणिक शिवमंदिर सहित आसपास के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और समूचा क्षेत्र बम भोले के जयकारों से गूंज उठा और जगह जगह भंडारों पर प्रसाद



वितरण किया गया। सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर पर भारी पुलिस फोर्स लगाया गया तथा सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही थी। छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला शिवनगरी में प्राचीन त्रेतायुगीन शिवमंदिर है जहां गाय के कान के आकार का दुर्लभ शिवलिंग विराजमान है। माना जाता है कि त्रेतायुग में यह शिवलिंग लेकर लंकाधिपति रावण बंहगी में कांधे पर रखकर लंका लिए जा रहा था। उसे भगवान शिव ने कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर उसके साथ जाने का वचन दिया था लेकिन शर्त रखी थी कि जहां भी वह उसे कांधे से उतार देगा,शिव वहीं विराजमान हो जाएंगे। पुराणों में प्रचलित वर्णन के अनुसार रावण को इस दौरान लघुशंका महसूस हुई तो उसने शिवलिंग एक चरवाहे को देकर निवृत्त होना चाहा लेकिन भगवान ने शिवलिंग का भार बढ़ाया जिससे मजबूर चरवाहे ने उन्हें जमीन पर उतार दिया और वे यहीं विराजमान हो गए। महाशिवरात्रि के पर्व पर सुबह से ही मंगला आरती के साथ मंदिर के पट दर्शनों के लिए खोले गए तो समूचे तीर्थ क्षेत्र में दर्शनार्थियों की कतारें लगी नजर आई और पूजन सामग्री,प्रसाद व फल फूल की दुकानों पर भीड़ उमड़ पड़ी।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने तड़के ही यहां तीर्थ सरोवर में डुबकी लगाई और फल फूल,शहद,दूध,भांग धतूरा,नैवेद्य सहित अन्य पूजन सामग्री लेकर श्रद्धाभाव से भगवान शिव का जलाभिषेक किया और सुखमय जीवन की मनौतियां मांगीं। जगह जगह ठंडाई के प्रसाद का वितरण हुआ तथा श्रद्धालु झूम झूमकर नाचे। महाशिवरात्रि के चलते देर रात तक शहर में उल्लास छाया रहा।

# शिव के मंदिरों में जलाभिषेक करने को लेकर भक्तों की उमड़ी भीड़

अवधनामा, संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** क्षेत्र में महाशिवरात्रि के पर्व पर सुबह से ही भोलेनाथ के मंदिरों में जलाभिषेक करने को लेकर भक्तों की भीड़ उमड़ी वहीं लोगों ने जगह-जगह भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित कर पुण्य लाभ कमाया।शुक्रवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर क्षेत्र के पौराणिक पालन नाथ मंदिर, लथेश्वर नाथ मंदिर, जंगली नाथ धाम और टेढ़ेनाथ धाम पर भव्य सजावट की गई। वहीं पूजा अर्चना करने को लेकर भक्तों ने किलोमीटर लंबी कतारों में लगाकर शिव भोलेनाथ बाबा के दर्शन



कर आशीर्वाद लिया। सी ओ अरुण कुमार सिंह और निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह एवं मुख्य आरक्षी नीरज सिंह ने अपने पुलिसकर्मियों के साथ बाबा के दरबार में मत्था टेक कर क्षेत्र में अमन चैन बनाए रखने को लेकर आशीर्वाद मांगा और भंडारे का आयोजन कर लोगों को प्रसाद वितरित किया है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर करुणा फाउन्डेशन ने बांटे सैनेट्री नैपकिन

अवधनामा, संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** करुणा फाउन्डेशन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को स्वच्छता और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिय ग्रामीण महिलाओं और युवतियों को उनके अधिकारों और समानता के लिए वैश्विक संघर्ष को मान्यता देने केलिए जागरुक किया।करुणा फाउन्डेशन की अध्यक्ष डॉ. वैशाली ने कुसमौरी गोपालपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वयं सहायता समूह की समूह सखी मंजू देवी के नेतृत्व में महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए निशुल्क सैनेट्री नैपकिन वितरित किए। मार्च माह में 5000 सैनेट्री नेपकिन बाटने का लक्ष्य है । जिसका शुभारंभ डॉ वैशाली ने आज कुसमौरी



से शुरु कर दी है। इस अवसर पर करुणा फाउन्डेशन की कोषाध्यक्ष सरोज जी ने महिला दिवस के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 8 मार्च 1908 को जब न्यूयॉर्क शहर में 15,000 महिलाओं ने बेहतर वेतन, कम काम के घंटे और वोटिंग के अधिकार की मांग करते हुए मार्च किया। इसके बाद, 1910 में कोपेनहेगन में अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन में, क्लारा ज़ेटकिन ने प्रस्तावित किया कि हर साल एक दिन महिला दिवस के रूप में मनाया जाए, ताकि महिलाओं के अधिकारों के लिए समर्थन बढ़ाया जा सके। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस विश्व भर में महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने का एक अवसर है, चाहे वे सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या राजनीतिक हों।

यह दिन समाज में लैंगिक समानता की दिशा में की गई प्रगति की समीक्षा करने, अभी भी मौजूद चुनौतियों को पहचानने और आगे की राह तय करने का भी एक माध्यम है।करुणा फाउन्डेशन ने आज मंजू देवी, पुष्पा देवी, शान्ति देवी, मीरा देवी, संजू देवी, राधा देवी, विद्यावती, सुनीता देवी, उषा देवी, मोनिका देवी, चंद्रा कांति, रेनू, ममता, रीना, मीना सुमित्रा उर्मिला, अर्चना जैन आदि को सैनेटरी पैड वितरित किया करुणा फाउन्डेशन की सचिव ज्योति जी ने कहा कि मार्च माह में 5000 सैनेट्री नैपकिन बाटने का लक्ष्य है जिसकी शुरुआत आज हुई है।

# विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

अवधनामा, संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पंचम दिवस में विचार गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमती मधुलिका त्रिपाठी समाजसेवी व निदेशिका संकल्प हॉबी ट्रेनिंग सेंटर , विशिष्ट अतिथि अमरून निशा युवा प्रधान अमकोटवा, नकहा विकास खंड,प्रो सुभाष चन्द्रा एवं श्री एच पी त्रिपाठी ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। विचार गोष्ठी में महिला सम्मान,स्वावलंबन, सशक्तीकरण एवं लैंगिक समानता पर विषय प्रवर्तन करते हुए प्रो. सुभाष चन्द्रा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस लैंगिक भेदभाव मिटाकर समानता के साथ महिलाओं की उपलब्धियों के प्रति आदर का भाव प्रकट कर उन्हें प्रोत्साहित करने का दिन है। भारत सहित दुनिया के तमाम देशों के लोग इस दिन नारी स्वास्थ्य, शिक्षा,





स्वावलंबन एवं उनकी नेतृत्व क्षमता को सलाम करते हैं। महिलाओं की प्रगति में तेजी लाने के लिए सभी क्षेत्रों में उनके साथ सहकार,समावेश, सम्मान व बराबरी का हक देने के साथ साथ उन्हें साझा मंच देने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि मधुलिका त्रिपाठी ने कहा कि अशिक्षा और गरीबी महिलाओं के विकास में बाधक है। यद्यपि बेटियां आगे बढ़ रही हैं। लोग उन्नत विचारों के हो रहे हैं और समाज में लैंगिक असमानता कम हो रही है। सभी के मिलकर साथ साथ कार्य करने की आवश्यकता है।विशिष्ट अतिथि अमरुंन निशा नें कहा कि महिलाओं के समुचित विकास के लिए सबसे पहले महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने की आवश्यकता है।साथ ही उनके सम्मान व हक के लिए लैंगिक समानता जरूरी है।सभी नागरिक अपने अपने स्तर से इसके लिए प्रयास करें।एन एस एस स्वयंसेविका लक्ष्मी, रागिनी, वंदना, वर्षा, प्रिया, तृप्ति,कृतिका तथा रेशमा ने महिलाओं की शिक्षा ,स्वास्थ्य व प्रगति पर विचार प्रकट किए।एच पी त्रिपाठी ने कहा कि महिला के बिना पुरूष की बात और पुरुष के बिना महिला की बात करना उचित नहीं है। बिना भेदभाव के एक-दूसरे का सम्मान करते हुए ही आज दोनों एक साथ सहयोगी बनकर आगे बढ़ सकते हैं।गोष्ठी के अंत में प्रो सुभाष चन्द्रा ने मुख्य अतिथि श्रीमती मधुलिका त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि अमरुन निशा को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया।

द्वतीय सत्र में प्रो सुभाष चन्द्रा के निर्देशन में एन एस एस वोलेंटियर्स ने बाजपेई ग्राम में महिला चौपाल लगाकर युवा एवं वृद्ध महिलाओं से संवाद कर उनके हक,सम्मान,प्रगति के वारे विमर्श किया साथ ही उनकी समस्याओं को जाना ,समझा और उन्हें अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया। महिला चौपाल की अगुवाई कर रही ग्राम प्रधान श्रीमती ज्ञान देवी को प्रो सुभाष चंद्रा ने सम्मानित किया। महिला चौपाल में एन एस एस वोलेंटियर्स सहित बड़ी संख्या में बाजपेई गाँव की महिलायें उपस्थित रहीं।

# जनपद ने बनाए 06 लाख 37 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड

अवधनामा, संवाददाता

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र को देश एवं प्रदेश में सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्कॉच अवार्ड प्राप्त हुआ है। उन्होंने इस सफलता को जनपदवासियों को समर्पित करते हुए कहा कि पात्र और चिन्हित लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड के माध्यम से सुरक्षा कवच धारण करने के इस महत्वपूर्ण कार्य को जनपद के सभी के सहयोग द्वारा संभव हो पाया है। जनपद में विगत 08 माह में 06 लाख 37 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वह यह अवार्ड उन सभी को समर्पित है जिन्होंने किसी न किसी रूप में कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अन्य समस्त योजना में भी इसी मनोभाव से कार्य करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की लाभकारी योजनाओं को धरातल पर लाकर जनपद के विकास में सहयोगी बनें। उन्होंने इसका श्रेय जनपदवासियों, जनप्रतिनिधियों के

**डीएम ने 'स्कॉच अवार्ड' को आयुष्मान कार्ड बनाने में सहयोग करने वालो को किया समर्पित**



साथ मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ.अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी, डीपीआरओ आलोक शर्मा, डीएसओ मनीष कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम स्तर पर कार्य करने वाले कम्प्यूटर सहायक, राशन कोटेदार, आशा एवं आंगनवाडी कार्यकत्रियों को जाता है।

## मण्डलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी 17 व 18 मार्च को

सहारनपुर। औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र पर 17 व 18 मार्च, को मण्डलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों, अर्द्धसरकारी विभागों, निजी संस्थाओं व निजी व्यक्ति द्वारा प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभाग किया जायेगा।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन

अवधनामा, संवाददाता

**गोंडा।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्कीम वर्कर समन्वय समिति ( सीआईटीयू ) जनपद गोण्डा इ्रकाई गोण्डा के तत्वाधान में महिला सम्मान समारोह का आयोजन कांग्रेस कार्यालय के परिसर में हुआ। अध्यक्षता रानी देबी पाल संचालन कुसुम तिवारी द्वारा किया गया।, सम्मेलन मे कुसुम तिवारी,खुशबू चौरसिया,रूबी,मून
आदि सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।, सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मजदूर नेता सीआईटीयू प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड कौशलेंद्र पांडेय ने कहा कि कामकाजी महिलाओं को न्यूनतम वेतन 26000 मिलना चाहिए।जिसके लिए संघर्ष की आवश्यकता है। आंगनबाड़ी कर्मचारी




यूनियन की जिला महामंत्री नीलम श्रीवास्तव ने सेवानिवृत्त कार्यकत्री सहायिकाओं के लिए ग्रेच्युटी की मांग उठाई। आशा कर्मचारी यूनियन की जिलाध्यक्ष संतोषी देवी ने आशा को सभी बिन्दुओं पर कार्य करने के उपरान्त भुगतान की माग उठाई। स्कीम वर्कर समन्वय समिति की मण्डल अध्यक्ष रानी देवी पाल ने सभी महिला कर्मियों को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग उठाई। सम्मेलन को सम्बोधित कर राज्य कर्मचारी महासंघ के मण्डल अध्यक्ष सत्य नारायण तिवारी ने अपने सम्बोधन मे कहा कि देश और प्रदेश की सरकार देश की आधी आबादी महिला को स्वाबलंबी बनाने का प्रयास करें। देश में आर्थिक आजादी अपने आप आ जाएगी।
कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने वादा किया कि देश मे अगर इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनती है तो कामकाजी महिलाओं को न्यूनतम वेतन दिया जाएगा।
कार्यक्रम समापन के अवसर पर महिला सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं द्वारा महाराजा देबी बक्श सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके विरोध प्रदर्शन कर थाली बजाया।और न्यून्तम वेतन की मांग उठाई। तथा मण्डल संयोजक दिलीप शुक्ला के नेतृत्व मेसात सूत्रीय मांग पत्र माननीय मुख्य मंत्री महोदय उत्तर प्रदेश शासन को जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा गया।
कार्यक्रम में विशेष रूप से निम्नलिखित लोग उपस्थित रहें।
कुसुम तिवारी , सुशीला मौर्या,निशा खातून, प्रीती मिश्रा,शान्ती देबी,नीलम आर्या,रानी देबी पाल,गिरजावती देबी,ममता तिवारी, ज्ञानवती देबी,रंजना मौर्या,गीता ,सीमा,कविता सिंह,निर्मला तिवारी, शान्ती देबी,मुन्नी सिंह,शाहिदा , अंजुम मालती, सुनिता, चन्दा,मनोरमा सिंह,कविता सिंह आदि।

# ट्रक में कोयला लोड कर रही पोकलैंड मशीन में लगी आग

**मशीन ऑपरेट कर रहे चालक ने कूद कर बचाई अपनी जान, धू-धू कर जली पूरी मशीन।**

अवधनामा, संवाददाता

**गोंडा।** नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी से उतरे कोयले को ट्रक में लोड कर रही पोकलैंड मशीन में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगते ही मशीन को ऑपरेट कर रहे ड्राइवर ने किसी तरीके से कूद कर अपनी जान बचाई और देखते ही देखते पूरी पोकलैंड मशीन आज की चपेट में आने से जलकर खाक हो गई। वहीं जेसीबी और प्रेशर ट्रक के माध्यम से पोकलैंड मशीन के ऊपर कोयल को गिरा करके आग बुझाने का भी प्रयास किया गया लेकिन आग को नहीं बुझाया जा सका। सूचना के घंटों बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आप पर काबू पाया। फिलहाल पोकलैंड में लगी आग का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मिली जानकारी अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कटरा शिवदायलगंज रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी से उतार करके स्टोर किए गए कोयले को ट्रक में पोकलैंड मशीन के माध्यम से लोड किया जा रहा था। लोड करते समय अचानक पोकलैंड मशीन में भीषण आग लग गई आग लगते ही मशीन को ऑपरेट कर रहे ड्राइवर ने किसी तरीके से कूद कर अपनी जान बचाई और मशीन में लगी भीषण आग को देखते ही लोगों में हड़कंप मच गया। अनान फानन में लोगों द्वारा फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी गई लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम जब मौके पर नहीं पहुंची तो कोयले को लोड कर रही जेसीबी और प्रेशर ट्रकों में लदे कोयले को ही पोकलैंड मशीन पर गिरा करके आग बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन फिर भी आग पर काबू नहीं पाया गया घंटों पोकलैंड मशीन लगी आग को



कड़ी मशक्कत कर फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा आग पर काबू पाया गया। दरअसल इस रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन 4-5 माल गाड़ी से कोयले आते है और उन कोयलों को पोकलैंड मशीनों के माध्यम से उतर करके कटरा शिवदायलगंज रेलवे स्टेशन पर स्टोर किया जाता है। और बड़े-बड़े ट्रैकों के माध्यम से इन कोयलों को पोकलैंड मशीन से लोड करके बजाज हिंदुस्तान पावर प्लांट कुंदुरखी भेजा जाता है। जहां पर इन कोयलों के माध्यम से बिजली का उत्पादन करके उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सप्लाई किया जा रहा है। वहीं पूरे मामले को लेकर के नवाबगंज थाना अध्यक्ष मनोज कुमार राय ने बताया कि कटरा शिवदायलगंज रेलवे स्टेशन पर कोयला का स्टोर करके अलग-अलग जगह पर ट्रकों के माध्यम से भेजा जाता है। आज एक पोकलैंड मशीन के द्वारा कोयले को ट्रक में लोड किया जा रहा है इसी से इसी दौरान मशीन में आग लग गई थी। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। अग्निशमन यंत्र पोकलैंड मशीन में भी रखने के शक्ति सख्त निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल इस रेलवे स्टेशन पर देश के कोने कोने से यात्रियों का आना जाना लगा रहता है इस रेलवे स्टेशन के आसपास कडी सुरक्षा व्यवस्था रहती है अग्निशमन की गाडि़यों की तत्परता से बडी घटना होने से बची है।

# डेढ़ करोड़ से होगा अंबाला रोड तालाब का सौंदर्यीकरण

## अंबाला रोड से मानकमऊ को जोड़ेगा नया लिंक रोड

**महापौर ने किया दोनों कार्यो का शुभारंभ**

अवधनामा, संवाददाता

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने अंबाला रोड से मानकमऊ की ओर जाने वाले यातायात का दबाव कम करने के लिए अंबाला रोड़ से मानकमऊ को मिलाने वाले लिंक रोड व निकट स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण करने का शुभारंभ नारियल फोड़कर किया। यह लिंक रोड (डबनी वाला कब्रिस्तान के बराबर से) मानकमऊ राजबाहे की पटरी से मिलाया जायेगा। तालाब के सौंदर्यीकरण पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च होंगे।

इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि इस लिंक रोड के निर्माण से यातायात का दबाव कम होगा और इस मार्ग पर चल रहे औद्योगिक प्रतिष्ठानों को भी सुविधा मिलेगी। नगर निगम का प्रयास है कि निगम क्षेत्र में जो भी औद्योगिक क्षेत्र है उन तक जाने वाले मार्गो पर कोई असुविधा न हो। राष्ट्रीय विकास में औद्योगिक प्रतिष्ठान रीढ़ की हड्डी होते हैं और उसमें उनका काफी



**नारियल फोड़कर लिंक रोड व तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ करते महापौर डॉ.अजय कुमार**

योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि पास ही स्थित पोखर के सौंदर्यीकरण और लिंक रोड के निर्माण से शहर के विकास को गति मिलेगी। निगम के निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि तालाब के सौंदर्यीकरण पर एक करोड़ 45 लाख रुपये व्यय होगा। इंडियन इंडस्ट्री एसोसियेशन चौप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना व सचिव अशोक छाबड़ा ने महापौर का आभार जताते हुए कहा कि एसोसियेशन की ओर से निगम को लिंक रोड के निर्माण और तालाब के सौंदर्यीकरण का सुझाव दिया गया था, जिसे महापौर डॉ. अजय कुमार ने गंभीरता से लेते हुए दोनों कार्यो को शुरु कराने के अभियान का श्रीगणेश किया है। इस अवसर पर पार्षद संजय सैनी, सुनील पंवार, राजू सिंह व वीरेन्द्र उपाध्याय तथा इंडियन इंडस्ट्री एसोसियेशन के आर के धवन, ऋषभ अग्रवाल, गौरव चौपड़ा, हरजीत सिंह, अनुज जैन, वीरेन्द्र अवस्थी, हर्ष खन्ना, पुनीत डंग, आदित्य अवस्थी के अलावा रविन्द्र सैनी, राजेंद्र गुंबर, कमल वालिया, गुलशन, पारस व अरुण लोधी आदि मौजूद रहे।

# बम-बम भोले के जयकारों के साथ भक्तों ने किया भगवान शिव का जलाभिषेक

- मंदिरों में प्रात:काल से ही जल चढ़ाने को श्रद्धालुओं का लगा तांता
- भगवान शिव की पूजा अर्चना कर मांगी मन्नतें

अवधनामा, संवाददाता

**सहारनपुर।** नगर के समस्त शिवालयों में आज महाशिवरात्रि पर्व अटूट श्रद्धा के साथ मनाया गया। चहुंओर बम-बम भोले के जयकारों से शिवालय गुंजायमान हुए और श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और दिन चढ़ते ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचने लगे थे और लम्बी-लम्बी कतारों में खड़े होकर अपनी प्रतीक्षा का इंतजार करते रहे। देर शाम हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर लौटे कांवडियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। सुरक्षा के मद्देनजर मंदिरों के आसपास पुलिस बल को तैनात किया गया था तथा सीसीटीवी कैमरो से भी निगरानी की जा रही थी।नगर के प्रमुख मंदिर श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर में आज दिन निकलते ही श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए आने शुरू हो गए थे। मंदिर समिति द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर परिसर में बेरीगेटिंग की गयी थी और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाये गये थे, जिनसे श्रद्धालुओं की



**नगर के विभिन्न मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक करते श्रद्धालु**

निगरानी की जा रही थी। धोबीघाट स्थित सिद्धपीठ भूतेश्वर मंदिर में आज प्रातः 4 बजे से ही जलाभिषेक आरंभ हो गया। इस अवसर पर मंदिर को बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया था और रात्रि में ही शिव दरबार में चार पहर का पूजन किया गया। नवाबगंज रोड स्थित बागेश्वर महादेव मंदिर में आज महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें आज सुबह 4 बजे से भगवान शिव का श्रृंगार किया गया। इसके पश्चात आरती कर जलाभिषेक की प्रक्रिया शुरू की गई, जिसमें हजारों की संख्या में लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया और दूर-दूर से कावड़ तीर्थ यात्रियों ने पवित्र गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया और अपने घर परिवार की खुशहाली के लिए भोले बाबा से प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रबंध कमेटी ने श्रद्धालुओं व व्रत वालों के लिए विशेष प्रसाद का भी आयोजन किया, जिसमें आलू के पकौड़े वितरित किए गए। व्यवस्था बनाने में पंडित रामप्रसाद वशिष्ठ, प्रबंधक राजीव गोयल, घनश्याम माहेश्वरी, राजेंद्र कृष्ण आदि का विशेष योगदान रहा।

इसके अतिरिक्त बेहट रोड स्थित आशेश्वर मंदिर, खुमरान पुल स्थित रामेश्वर मंदिर, जवाहर नगर नीलकंठ मंदिर, नुमाइश कैम्प स्थित शिव मंदिर, सिद्धपीठ हनुमान मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, नीलकंठ मंदिर, शंकर नगर स्थित राधा कृष्ण मंदिर, पंत नगर लक्ष्मी नगर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण परशुराम मंदिर, नवीन नगर स्थित शिव मंदिरों में श्रद्धालुजनों ने भारी संख्या में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और धर्मलाभ कमाया।

# 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाता बैलेट पेपर से करेंगे मतदान

अवधनामा, संवाददाता

सहारनपुर। भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा-निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। जनपद के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को सूचित किया गया है कि वे स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने हेतु निर्धारित फार्म-12डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं।

## नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से मिले विधायक राजीव गुंबर

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश सरकार में नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से नगर विधायक राजीव गुम्बर ने भेंट की ओर विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर विकास कार्यो पर अपनी बात रखी। साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा को प्रदेश सर कार में कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर नगर विधायक राजीव गुम्बर ने उन्हें बधाई दी। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने विधयाक राजीव गुम्बर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी प्रदेश सरकार ने उन्हें सौंपी है उसका वह निष्ठा से निर्वहन कर विकास कार्य को प्राथमिकता से करायेगें ओर सरकार योजनाओं को लाभ आमजन तक पहुंचे इसका हर सभंव प्रयास करेगें। इस अवसर पर क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी गौरव गर्ग, शैलेंद्र भूषण के साथ उनके लखनऊ आवास पर पुष्प गुच्छ देकर विधायक सुनील शर्मा को मंत्री बनने पर बधाई दी।

# सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में किया रुद्राभिषेक

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** देवाधिदेव महादेव भोले शंकर की उपासना के पावन पर्व महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने भरोहिया के पितेश्वरनाथशिव मंदिर में जलाभिषेक तथा गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

सीएम योगी शुक्रवार को सुबह लखनऊ से पीपीगंज के भरोहिया स्थित पितेश्वरनाथ शिव मंदिर पहुंचे। यहां बाबा पितेश्वरनाथ का दर्शन, पूजन व विधि विधान से जलाभिषेक कर सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण, सुख-समृद्धि एवं शांति की प्रार्थना की। पांडवकालीन मान्यता वाले पितेश्वरनाथ मंदिर का गोरक्षपीठ से गहरा नाता है। गोरक्षपीठाधीश्वर हर महाशिवरात्रि यहां जलाभिषेक करने आते हैं। जलाभिषेक करने के बाद मुख्यमंत्री ने भरोहिया में शिव मंदिर के सामने स्थित गुरु गोरखनाथ विद्यापीठ के परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। बच्चों का प्यार से माथा सहला कर आशीर्वाद दिया। कुछ लोगों से हंसी ठिठोली भी की। स्थानीय स्तर पर विकास से जुड़े कुछ मामलों पर उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि विकास में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। भरोहिया में मुख्यमंत्री के आगमन पर विधायक फतेह बहादुर सिंह, भरोहिया के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह, जंगल कौड़िया के ब्लॉक प्रमुख बृजेश यादव, गोरख सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

### महादेव से की लोकमंगल की कामना

इसके बाद भरोहिया से गोरखनाथ मंदिर पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया। अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर शीश झुकाकर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात गोरखनाथ मंदिर परिसर में मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में उन्होंने भगवान भोले शंकर का दुग्ध, दही, घी, मधु और शर्करा से पंच स्नान तथा गो दुग्ध और गन्ने के रस से रुद्राभिषेक किया। मठ के पुरोहित एवं वेदपाठी ब्राह्मणों ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया।

## लूट की योजना बनाते तीन बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**उरई (जालौन)।** डकोर कोतबाली पुलिस ने देर रात लूट की योजना बना रहे तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश को गोली लगी जबकि दो बदमाशों ने आत्मसमर्पण कर दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार देर रात्रि डकोर पुलिस द्वारा विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था, तभी मुखविर ने सूचना दी कि जैसारी मोड़ नहर पुलिया के पास तीन बदमाश चोरी व लूट की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर डकोर कोतबाली के प्रभारी निरीक्षक ने अपनी टीम के साथ मिलकर बदमाशों की गिरफ्तारी करने के लिए दविश दी। तभी बदमाशो ने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करदी जिसमे पुलिस टीम बाल बाल बच गई। पुलिस ने भी जबाबी फायरिंग कीइस फायरिंग में एक बदमाश सुघर सिंह पुत्र ज्ञान सिंह निवासी ग्राम जैसारी खुर्द के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। पुलिस द्वारा की जा रही फायरिंग को देखते हुए दो बदमाश मोहम्मद मंसूरी पुत्र अली हसन निवासी ग्राम सरावन थाना गोहन जनपद जालौन एवम सुधीर पुत्र जयकरण सिंह निवासी ग्राम सोरोपुर थाना कालपी जनपद जालौन ने आत्मसमर्पण कर दिया।

# वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन टॉपर बच्चों को सम्मानित किया गया

## दीनी व दुनियावी तालीम दोनों है जरूरी : मौलाना मोहम्मद साजिद

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज नगर पंचायत के माली मैंनहा स्थित मदरसा माहद तालीमुल इस्लाम में बीती गुरुवार की रात सालाना जलसा एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में मदरसे के टॉपर बच्चों सहित विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर अपने मुख्य अतिथि संबोधन में रामपुर से आए मौलाना मोहम्मद साजिद ने कहा कि दीनी व दुनियावी तालीम दोनों जरूरी है इसलिए अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास करें। बच्चा शिक्षित होने पर एक अच्छे समाज का निर्माण करता है। इस मौके पर रिटायर प्रोफेसर नूर मोहम्मद ने कहा कि बालक व बालिकाओं को समान रूप से शिक्षा दिलाई जाए। आज बालिका भी विभिन्न क्षेत्रों में काफी आगे बढ़ रही हैं। एक बालिका शिक्षित होने पर पूरा परिवार शिक्षित होता है।

प्रोग्राम में बच्चों द्वारा तराना, दीनी तकरीर, नात पाक आदि प्रस्तुत किया गया। वहीं स्कूल के टॉपर छात्राओं में प्रथम स्थान पाने वाली उमैमा सदफ, द्वितीय स्थान पाने वाली अहमन जसमीन व तृतीय स्थान पाने वाली हमना सदफ को शील्ड मेडल व अन्य पुरस्कारों के साथ सम्मानित किया गया। इस मौके पर हबीबुर्रहमान, अब्दुल्लाह, तौकीर, सहाबुद्दीन, हाफिज मुस्तकीम, अब्दुल अजीम, सरफराज, प्रधानाचार्य रफी मेमोरियल अहमद फरीद अब्बासी, वकार चौधरी, शमशेर चौधरी, सलाउद्दीन उर्फ गुड्डू, सिराज आदि मौजूद रहे।

# संस्कार के साथ आगे बढ़ने से मिलता है लक्ष्य

अवधनामा संवाददाता



**भादर (अमेठी)।** बाबा साहब डॉ अम्बेडकर यूनिवर्सिटी के सेटेलाइट कैम्पस टीकरमाफी में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बीबीएयू और नेहरू युवा केन्द्र की ओर से समारोह आयोजित हुआ। समारोह में सामाजिक कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सेटेलाइट सेंटर की बालिकाओं ने सुंदर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर आज के भारत में महिलाओं की सामाजिक स्थिति की तस्वीर प्रस्तुत करते हुए बेटी बचाओ के संदेश दिए। बाबा साहब अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि नेहरू युवा केन्द्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के सम्बोधन और बालिकाओं के नुक्कड़ नाटक का प्रभाव छात्र छात्राओं पर सबसे अधिक देखा गया। सेटलाइट सेंटर के निदेशक डॉ संदीप नायक ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस जाति धर्म क्षेत्र सम्प्रदाय लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त कर महिलाओं को हर क्षेत्र में समता समानता का संदेश देता है। बेटी बहू सखा और मां की भूमिका में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से कमजोर नहीं हैं।डा आराधना राज ने बताया कि नेहरू युवा केन्द्र संगठन दुनिया का सबसे बड़ा सरकारी संगठन है जिसका जीवन कौशल विकास में बड़ा योगदान है।माई युवा भारत पोर्टल के बारे में जानकारी दी और कहा कि अब सरकार की सभी योजनाएं इसी पोर्टल पर दिखाई देंगी। नेहरू युवा केन्द्र युवाओं को कैरियर निर्माण के साथ राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने में एक बड़े प्लेटफार्म के रूप में काम कर रहा है।सोच बदलने की जरूरत है महिलाएं आदि काल से आज तक कभी कमजोर नहीं रही हैं। बालिकाओ को आगे बढ़ने के अवसर मिलने से आज राजनीति नौकरशाही पर्वतारोहण अंतरिक्ष विज्ञान हर क्षेत्र में टाप पर हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं को माता -पिता और गुरु का सम्मान करने की सीख दी और कहा कि संस्कार के साथ अपने लक्ष्य की तरफ आगे बढ़े सारा संसार मिल जाएगा। डा मीना शर्मा ने महिलाओं में बुरे स्वास्थ्य की समस्या की तरफ फोकस किया और कहा कि देश की अस्सी फीसदी महिलाएं एनीमिया की शिकार हैं।इस मौके पर डा शंकर लाल डा बी पात्र डा हर्ष प्रकाश डा मुरली शहबाज मीरा गुप्ता लालमणि कश्यप संजीव भारती डा अरविंद एस पी सिंह चंद्र पाल यादव सरिता सिंह संदीपा जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ पांडेय आंचल शर्मा प्रतिमा ब्राहमिनी सिंह मीना रिया पाल आदि मौजूद रहे।

## बलरामपुर में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**बलरामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रथम सूची में लोकसभा 58 श्रावस्ती से प्रत्याशियों की कड़ी प्रतिद्वंदिता के बीच बड़े ही रोमांटिक उतार-चढ़ाव के दौरान देश के पूर्व नौकरशाह प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव रहे कर्मठ व ईमानदार निर्पेंद्र मिश्र के लड़के जो वर्तमान में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रहे और हाल ही में विधान परिषद के रूप में नामित सकेत मिश्रा पर पार्टी के हाई कमान ने अपना विश्वास जताते हुए लोकसभा श्रावस्ती से टिकट देकर सारी चर्चाओं पर विराम लगा दिया जिसके मद्देनजर लोकसभा क्षेत्र में बहराइच के रास्ते गिलौला इकौना होते हुए बलरामपुर जनपद की सीमा में गाजे बजे के साथ प्रवेश किया इस बीच क्षेत्र की जनता में काफी उत्साह देखा गया जिसके तहत लोगों में श्री मिश्र का प्रथम आगमन पर स्वागत करते हुए फूल मालाओं से लाद दिया।



# भव्य शोभायात्रा व भगवान भोलेनाथ की मां पार्वती संग सुहानी झांकी नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकली





अवधनामा संवाददाता

**जालौन।** भूत भावन भगवान भोलेनाथ के पवित्र दिवस महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भक्तजनों द्वारा भव्य शोभायात्रा व भगवान भोलेनाथ की मां पार्वती संग सुहानी झांकी नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकाली गई। इस भव्य शोभायात्रा के आयोजक सभासद दिलीप शर्मा अन्नू, राजू पाटकार, अतुल तिवारी ,दिनेश याज्ञिक, राहुल पाटकर, हरि किशोर पाटकर ,नितिन गुप्ता, बादल बाजपेई ,राजेश याज्ञिक, संजय सोनी, सरोज पाटकार लक्ष्मी पाटकार, संध्या तिवारी सीमा पाठक, महेश बाजपेई, देवेंद्र काशीपुरा, मुन्ना गुर्जर आदि के नेतृत्व में यह भव्य शोभा यात्रा द्वारकाधीश बड़ी माता मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, झंडा चौराहा बिजली घर, छोटी माता मंदिर, सब्जी मंडी होते हुए मोहल्ला चौधरयाना स्थित बाजपेई जी के शिव मंदिर पर संपूर्ण हुई। भव्य शोभायात्रा में भक्तजन डीजे की धुन पर भगवान भोलेनाथ के भजनों को गा रहे थे।

तत्पश्चात सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पीतांबर वस्त्रों में हाथों में मंगल कलश लिए शोभा यात्रा को दिव्य स्वरुप प्रदान कर रही थीं। सबसे अंत में मां गौरी के साथ भगवान भोलेनाथ की भव्य झांकी शोभायमान हो रही थी। अपने तरीके की इस अनूठी शोभायात्रा का नगर में अनेक स्थानों पर भक्त जनों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। अपने गंतव्य पर पहुंचकर यह शोभायात्रा भजन कीर्तन मंडली में परिवर्तित हो गई। जहां महिलाओं ने पूर्ण श्रद्धा के साथ भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया तथा भोलेनाथ के भजनों को पूर्ण श्रद्धा के साथ सामूहिक तौर पर आनन्द लिया।

# कृषि विश्वविद्यालय से खेती को मिलेगा नया आयाम: कृषि मंत्री

शकील अहमद



**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** कल 10 मार्च को सीएम योगी कृषि विश्वविद्यालय का आधारशिला रखेंगे। इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद हो गई है। कार्यक्रम को लेकर जनप्रतिनिधियों व अफसर लगातार जायजा ले रहे है। जिला प्रशासन ने मैत्रेय परियोजना की खाली पड़ी 145.82 एकड़ भूमि विश्वविद्यालय बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। उक्त विश्व विद्यालय निर्माण पर 750 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसकी स्थापना होने से जिले में खेती को नया आयाम मिलने वाला है। अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के नजदीक होने से इस विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे युवाओं को कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलने के साथ क्षेत्र का भी सर्वांगीण विकास होगा।

कुशीनगर जिले का कुल क्षेत्रफल 2,84,376 हेक्टेयर है। इसमें से 60,540 हेक्टेयर भूमि कृषि योग्य नहीं है, जबकि 2,23,836 हेक्टेयर भूमि खेती योग्य है। इसमें जिले के किसान मुख्य रूप से धान और गेहूं की खेती करते हैं। यहां के किसान करीब एक लाख हेक्टेयर भूमि पर नकदी फसल के रूप में गन्ने की खेती करते हैं। इसके अलावा तिलहन और दलहन की खेती भी की जाती है। उपजाऊ के मामले में जिले की मिट्टी प्रदेश के अन्य जिलों से बेहतर मानी जाती है। इसके बावजूद किसानों को खेती से कोई खास आय नहीं होती है। कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय बनने के बाद इसका सीधा लाभ जिले के किसानों को मिलेगा। यहां पढ़ाई के साथ शोध कार्य भी होंगे, जिसमें जिले की जलवायु के अनुसार नई-नई प्रजातियों का बीज इजाद हो सकेगा। कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों की मानें तो कुशीनगर के जलभराव वाले क्षेत्र में कई हेक्टेयर भूमि पर पूरे वर्ष पानी एकत्र रहता है। इससे उस भूमि पर किसान खेती नहीं कर पाते हैं। यही स्थिति पड़ोसी जनपदों के अलावा यूपी के सीमावर्ती प्रदेश बिहार के कई जिलों की है। यहां कृषि के अलावा पशुपालन विभाग भी होगा, जिससे किसानों को पशुपालन के क्षेत्र में भी लाभ मिल सकेगा। **विश्व के अन्य देशों के वैज्ञानिकों का मिलेगा अनुभवः** नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फैजाबाद के बाद कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय बनने वाला है। इस विश्वविद्यालय के लिए सबसे अच्छी बात तो यह है कि यहां एनएच-28 के पास होने के अलावा कुशीनगर में बने अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के नजदीक होगा। यहां शोध समेत अन्य शैक्षिक भ्रमण पर विश्व के अन्य देशों के वैज्ञानिकों को आने में सहूलियत होगी। इसका भी लाभ विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को तो मिलेगा ही, जिले के किसानों को अन्य देश वैज्ञानिकों का अनुभव मिलेगा। इससे जिले के कृषि के अलावा पशुपालन के क्षेत्र में अमूल चूल परिवर्तन होगा।

### बीजों की विकसित होगी नई प्रजाति

कुशीनगर में विभिन्न फसलों के बीज पंतनगर से आते हैं, जो जिले के जलवायु से मेल नहीं करते हैं। इससे उनकी बुआई करने पर तमाम तरह के रोग होते हैं, जिससे फसलों की पैदावार प्रभावित होती है। जिले के किसान गन्ना को नकदी फसल के रूप में उगाते हैं। इसके अलावा धान और गेहूं की फसल परम्परागत तरीके से करते हैं। विश्वविद्यालय खुलने के बाद जिले में उगाई जाने वाले सभी तरह की फसलों के अलावा औद्यानिक फसलों की नई-नई प्रजातियां विकसित होने के साथ ही वैज्ञानिक तकनीक से खेती को बढ़ावा मिलेगा।

### तैयारियों का कृषि मंत्री ने लिया जायजा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद कुशीनगर में मैत्रेय प्रोजेक्ट कसया में प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुरूप विभिन्न स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटियां लगाकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न करवाने हेतु व अचूक सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मंत्री, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग उ.प्र. सुर्य प्रताप शाही, सांसद विजय दुबे एवं जनप्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी कुशीनगर उमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा संयुक्त रुप से कार्यक्रम स्थल तथा हेलीपैड आदि के तैयारियों के सम्बन्ध में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा त्रुटिरहित सुरक्षा व्यवस्था हेतु उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में शिवभक्तों का लगा तांता

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के सभी शिवालों में शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व पर शिवभक्तों का तांता लगा रहा। शिवरात्रि पर क्षेत्र के सभी शिवालयों में भोर से ही भारी संख्या में भक्तगण पहुचकर बाबा की विशेष पूजा अर्चना किया।

मंदिर समिति साथ साथ प्रशासन ने भी भक्तों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसका भी बेहतर प्रबंधन मोके पर दिखा। नगर में स्थित प्राचीन बऊरहवा बाबा मंदिर की विशेष मान्यता है। यहां दूर दराज स्थानों से अधिक से अधिक संख्या में भक्तगण जलाभिषेक करते हैं। इसलिए इस मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था तथा सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। शहर के सभी मंदिर पर पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया था। कोतवाल विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि महिला कांस्टेबल सहित तमाम पुलिस बल लगाए गए हैं। मंदिरों के आसपास भारी वाहनों की प्रवेश पर रोक रहेगी। अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया मंदिर का रंगरोगन कराया गया है। इसी तरह माघ मेला के निकट शिवालय, राप्ती नदी तट पर स्थित घाट पर की मंदिर की खूब सफाई की गई है उसके बाद मंदिर आकर्षक लगने लगा। इसके अलावा शहर के प्राचीन बाबा टेकधर, ठाकुर राम जानकी मंदिर, माघ मेला शिव मंदिर में पूरे दिन भक्तो का तांता लगा रहा।

इस अवसर पर बांसी नगर में शिव पार्वती जी की झांकी निकाला गया जिसमे हजारों की संख्या मे लोग शामिल हुए और महादेव का जय घोष भक्त झूमते रहे।

## एफ्टेक मोटर्स ने अपना 56वां डीलर प्वाइंट लान्च किया



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** एफ्टेक मोटर्स ने आज देवा रोड पर अपना 56वां डीलर प्वाइंट लान्च किया। शोरूम का भव्य उद्घाटन धर्मेन्द्र यादव (ब्लॉक प्रमुख) के कर कमलों द्वारा किया। अभयकान्त यादव (प्रोपराइटर- मेसर्स कृष्णा एंटरप्राइजेज), लक्ष्मी निवास पाठक (बिक्री प्रमुख) और संजय सिंह (एजीएम)। इस अवसर पर प्रोपराइटर अभयकान्त यादव ने कहा, इसके साथ एफ्टेक मोटर्स उन ग्राहकों को केवल उन्नत, ईधन और कार्बन- मुक्त वाहन प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता जारी रखता है, जो ऐसा बाहन खरीदना चाहते हैं, जो शहर में ड्राइविंग और आफरोडिंग दोनों के लिए आदर्श हो, जो उन्हें सर्वश्रेष्ठ ईवी बनाता है। एफ्टेक मोटर्स ने बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिष्ठा बनाई है। यह ग्राहक को बिक्री के बाद सर्वश्रेष्ठ सेवाएं भी प्रदान करता है।

## गाड़ी पलटने से तीन सिपाही घायल

**जालौन अवधनामा संवाददाता।** कैलिया थाना प्रभारी की गाड़ी पलटने से उसमें सवार महिला थानाध्यक्ष व तीन सिपाही घायल हो गए। कैलिया थानाध्यक्ष नीलम सिंह अपने दो हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में पेट्रोलिंग पर थीं। वे निकटवर्ती ग्राम देवगांव में महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेले की व्यवस्थाओं को परखने जा रही थीं। बताया गया है कि रास्ता बेहद खराब होने से ग्राम पीपरी के पास उनकी गाड़ी अचानक पलट गई। गाड़ी पलटने से उसमें सवार थानाध्यक्ष व दोनों सिपाही घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा व क्षेत्राधिकारी उमेश पाण्डे घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया। पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा ने बताया कि तीनों कर्मियों को में से किसी को भी गम्भीर चोटें नहीं आई हैं।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज लखनऊ में

**लखनऊ।** लखनऊ से सांसद केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 09 मार्च को दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी का शनिवार शाम 05:05 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर आगमन होगा। एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। रक्षा मंत्री अगले दिन 10 मार्च, रविवार को प्रातः 11.20 पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे जहां एयरपोर्ट के नवनिर्मित टर्मिनल 3 के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होंगे। उद्घाटन समारोह के उपरांत अपराह्न 1 बजे लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे और विश्वविद्यालय खेल परिसर में आयोजित लखनऊ कौशल महोत्सव रोजगार मेला में सम्मिलित होंगे। अपराह्न 3 बजे अटल कन्वेंशन सेंटर चौक में लखनऊ कायस्थ परिवार द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के उपरांत एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे और शाम 04.20 बजे दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने ज्ञापन सौंपा

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर देवरिया के जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रदेश से घोषित पांच सूत्री मांग पत्र को लेकर ऑनलाइन डिजिटाइलेशन के विरोध में माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश शासन एवं बेसिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार को ज्ञापन श्रीमान जिला अधिकारी महोदय द्वारा सोपा गया। जिला अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिंह ने कहा कि उच्च अधिकारियों द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों की पंजिकाएं एवं शिक्षक/ शिक्षिकाओं के ऑनलाइन उपस्थिति या डिजिटल उपस्थित किए जाने संबंधी आदेश निर्देश निरंतर जारी हो रहा है जो शिक्षकों के हित में नहीं है बिना समुचित संसाधन के उक्त व्यवस्था को प्रदेश के शिक्षकों द्वारा कर पाना कैसे संभव है? परंतु विभागीय अधिकारियों द्वारा जबरदस्ती दंडात्मक कार्यवाही का भय दिखाकर कार्य को करने हेतु बाध्य किया जा रहा है। जिला मंत्री अवनीश दीक्षित ने कहा कि बार-बार उच्च न्यायालय के आदेश जो शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य न कराया जाए फिर भी सरकार में बैठे अधिकारी कोर्ट के आदेश की अवहेलना और अवमानना कर रहे हैं। जिला महिला अध्यक्ष श्रीमती अंजनी द्विवेदी ने कहा कि सरकार हमें समुचित संसाधन उपलब्ध कराये तब हमसे टैबलेट के लिए बातें करें नहीं तो हम आर पार की लड़ाई करने के लिए तैयार हैं। जिला कोषाध्यक्ष संगीता चौरसिया ने भी अपने विचार व्यक्त किया। जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के बाद शिक्षक प्रतिनिधिमंडल शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक समस्याओं को अगले एक हफ्ते में समाधान करने के लिए आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष / मंत्री सहित सैकड़ो संख्या में शिक्षक/ शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष स्वतंत्र तिवारी, आनन्देश्वर सिंह सजय शुक्ला छेदीलाल यादव मनीष सिंह धमेन्द्र तिवारी आशुतोष पति त्रिपाठी, आशुतोष गुप्ता, अजय सिंह, विंध्याचल यादव, जावेद अंसारी, धर्मेंद्र तिवारी, संजय यादव, दिनेश सिंह, संजय यादव केशव शाही , शहाबुद्दीन सिद्दीकी, सुनील राव, तेजेंद्र मोहन, बदरे आलम, राजेश मिश्रा, बालमुकुंद, पदमा गुप्ता, दुर्गावती भारती, सोनम भारती, सतीश उपाध्याय, संजय शुक्ला, शोएब अहमद, संगीता चौरसिया तथा डा नवीन कुमार .सहित सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।

## शेरोज़ कैफे गोमती नगर में सपनों की उड़ान फाउंडेशन ने संपन्न कराया महिलाओं के उन्मूलन का कार्यक्रम



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 8 मार्च 2024 को सपनों की उड़ान फाउंडेशन द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष में गोमती नगर स्थित शेरोज़ कैफे मैं मुख्य अतिथि सुषमा खरकवाल लखनऊ मेयर की उपस्थिति में महिलाओं के उत्थान एवं उनके उन्मूलन हेतु एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, संस्था सपनों की उड़ान फाउंडेशन जिसकी स्थापना 3 जून 2022 को अध्यक्ष खुशी पांडे उपाध्यक्ष राधा पांडे एवं सचिव बिंदा पांडे के द्वारा की गई थी ,आज के महिला दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में बताते हुए संस्था की अध्यक्ष खुशी पांडे ने बताया की संस्था की स्थापना सामाजिक परिवेश मे आर्थिक तबके की महिलाओं के उत्थान एवं उनके उन्मूलन के लिए की गई थी, आज इस महिला दिवस के कार्यक्रम के उपलक्ष्य में विभिन्न पत्रकारों को सम्मानित करने के साथ-साथ प्रोजेक्ट दाग मेंस्ट्रूअल हाइजीन अर्थात महिलाओं के पीरियड के हाइजीन के विषय मे जानकारी दी गई, और साथ ही साथ सैनिटरी पैड भी उपलब्ध कराए गए, इस फाउंडेशन मे महिलाओं के लिए प्रोजेक्ट जीविका साथी औरतों को सिलाई बुनाई की सारी ट्रेनिंग से लेकर उनकी खुद की दुकान खुलवाने का काम कर रही है, वहीं प्रोजेक्ट अन्नपूर्णा पर काफी समय से यह संस्था कार्य कर रही है, जिसमें सरकारी अस्पतालों के बाहर हर बुधवार 500 लोगों को भोजन कराया जाता है, संस्था द्वारा सपनों की पाठशाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत 130 गरीब बच्चों को पढ़ाया जा रहा है जो कि लखनऊ के अलग-अलग तबके के बच्चे हैं, संस्था इसके साथ ही समय-समय पर लखनऊ के अलग-अलग क्षेत्रों में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन भी करती रहती है, संस्था के वॉलिंटियर्स में आमतौर पर शालिनी शुक्ला, शिवानी साहू, आदित्य तिवारी, शाश्वत द्विवेदी ने मुख्य भूमिका के तौर पर अपनी-अपनी भागीदारी निभाई,आज के इस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि सुषमा खारवाल जी ने बताया कि संस्था की अध्यक्ष खुशी पांडे द्वारा उठाया गया यह सामाजिक कार्य अत्यंत सराहनीय है एवं सभी का मनोबल बढ़ाने वाला है, संस्था को इस तरह के सामाजिक कार्यों में हमारी जब भी जरूरत होगी हम हमेशा उन्हें सहयोग करते रहेंगे।

# गोली लगने से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

अवधनामा, संवाददाता

- सुरक्षा के मद्देनजर लक्ष्मीपुर शिवाला गाँव पुलिस छावनी में तब्दील, पुलिस फोर्स तैनात
- घटनास्थल पर देर रात निरीक्षण करने पहुँचे थे पुलिस अधीक्षक



**महराजगंज।** भिटौली थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर शिवाला गांव में गुरुवार की शाम मामूली विवाद में एक युवक ने 16 वर्षीय किशोर को गोली मार दी। गोली मारने की घटना से गांव में अफरा तफरी मच गया। गोली लगने से गंभीर रुप से घायल सतीष चौधरी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उसकी हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने घायल युवक को बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

**बुझ गया घर का इकलौता चिराग**

जिला चिकित्सालय से रेफर सतीश चौधरी का इलाज बीआरडी मेडिकल कॉलेज में चल रहा था पर नियत को कुछ और मंजूर था उस अकेले घर के चिराग ने इलाज के दौरान आखिरकार रात 9:40 बजे दम तोड़ दिया है। वह वर्तमान में अपने माता -पिता का इकलौता चिराग था। छोटे भाई संगम चौधरी की लगभग 10 वर्ष पूर्व जापानी इंसेफेलाइटिस से संक्रमित होने के कारण पहले ही मौत हो चुकी है। पिता राजस्थान में एक डेयरी उद्योग में लंबे समय से मजदूरी कर अपने परिवार की जीविका चलाते हैं तथा वर्तमान में भी राजस्थान में ही हैं और घटना की सूचना पाकर घर के लिए निकल पड़े हैं। अस्पताल में मौजूद माता अमरावती शव से लिपट कर दहाड़ मार कर रोने लगी। और कुछ देर बाद बेसुध हो गई। चाचा नन्दलाल चौधरी का कलेजा मुँह को आ गया और चचेरा भाई शिवजी बदहवास होकर पागल जैसा बर्ताव करने लगा। परिवार के अन्य सभी सदस्यों के करुण-क्रंदन को सुनकर पत्थर दिल इंसान भी रोने को मजबूर था। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी युवक पुलिस की गिरफ्त में है। आरोपी पर तहरीर के आधार पर धारा 307,504,506 दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। युवक ने गोली किस कारण से मारी और असलहा कहाँ से मिला इन बिंदुओं पर पुलिस पूछताछ कर रही है।काश यही पूछताछ पुलिस उस समय की होती जब उक्त आरोपी अपने ही माता के ऊपर अबैद्य असलहा तान दिया था और उस घटना को छोटी मोटी घटना जान ग्राम प्रधान व अन्य लोगो ने पंचायत कर मामले को रफा दफा कर दिया पर उक्त आरोपी के पास असलहा कहा से आया यह पता लगाना भूल गए गर उसी समय इस उभरते अपराधी पर कड़ाई कर कार्यवाही कर यह असलहा देने वाले को भी गिरफ्तार कर लिया गया होता तो शायद आज इस घर का चिराग नही बुझ पाता और एक युवक अपराधी बनाने से रोका जा सकता । गनीमत तो तब हो गई जब मृतक के साथ घूमने निकला उसका दोस्त अंकित उक्त घटना का वीडियो बनाने लगा तो इस अपराधी ने उसे भी मारने का प्रयास किया पर संयोग अच्छा रहा कि अंकित ने किसी तरह भाग कर जान बचाई वरना एक नही आज दो घरों का चिराग बुझ गया होता।इस सम्वन्ध में प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले में छानबीन की जा रही है तथा घटना को देखते हुए धारा 2302 की बढ़ोतरी कर दी गई है।

इस सम्बंध में पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने बताया कि भिटौली थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर शिवाला में युवक को गोली मारने की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

**अवध विवि में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वेबिनार का आयोजन**

# हमारे वेदों में स्त्री को बहुत ऊंचा स्थान प्राप्त है: पूर्व कुलपति प्रो. चन्द्रकला

अवधनामा, संवाददाता

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देशन में महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ एवं एक्टीविटीज क्लब द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'इन्वेस्ट इन वूमेन: एक्सीलरेट प्रोग्रेस' विषय पर वेबिनार का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर, राजस्थान की पूर्व कुलपति प्रो. चंद्रकला पाडिया रही। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं में आत्मविश्वास ही सही मायने में इस दिवस की सार्थकता है। सभी को नारियों को देवियों और माता की भांति सम्मान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे वेदों में स्त्री को बहुत ऊंचा स्थान प्रदान किया गया है फिर भी हम अपने छात्रों को कभी भी वेदों में शामिल भारतीय नारीवाद के बारे में नहीं पढ़ाते है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। जिसमें हमें बताया गया है कि एक मां सर्वश्रेष्ठ गुरु है। नारी अदम्य क्षमताओं का द्योतक है। अगर उन क्षमताओं का समाज में सम्मान के साथ उपयोग किया जाए तो किसी भी समाज के विकास को रोका नहीं जा सकता है। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि महिलाओं में जन्मजात बहुत से ऐसे गुण पाए जाते हैं। उन्हीं गुणों के अनुरूप अगर समाज में क्रियाकलापों का संचार किया जाए तो किसी भी देश के विकास को गति मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी को एक संकल्प लेने की प्रेरणा देते हुए कहा कि उठें, जागें और सर्वप्रथम अपने मन के भीतर की परतंत्रता का भाव हटाकर किसी एक कन्या को शिक्षित संस्कारवान व सामर्थ बनाने का संकल्प लें।वेबिनार में विशिष्ट अतिथि देवा मेमोरियल हास्पिटल नेत्र सर्जन डा. दीप्ति वर्मा कहा कि पुरुषों और महिलाओं की अलग अलग जरुरतों और क्षमताओं पर समान ध्यान देना चाहिए।

उनके कार्य के आधार पर उन्हें बाटना नही चाहिए। महिलाओं को शिक्षित कर स्वावलंबी बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानसिक व शारीरिक रूप पर स्वस्थ महिला ही अपने परिवार की बागडोर को मजबूती से पकड़ सकती है और परिवार को समाज में उचित सम्मान दिलाने में सहयोग कर सकती है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ समारोह की समन्वयक प्रो. तुहीना वर्मा ने बताया कि किसी भी देश की प्रगति का आकलन वहां की नारियों की स्थिति को देखकर किया जा सकता है।

# हाईवे पर खड़े ट्राला से टकराई पिकअप, दो की मौत

अवधनामा, संवाददाता



क्षतिग्रस्त पिकअप

**अयोध्या।** लखनऊ गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार रात अयोध्या की ओर आ रही एक पिकअप हाईवे पर खराब खड़े ट्राला से टकरा गई। हादसा रुदौली कोतवाली क्षेत्र के भेलसर चौराहे के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार हुई कि पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद वाहन की बॉडी कटवाकर बाहर निकाला जा सका। जिला अस्पताल पहुंचाया जाने पर चिकित्सक ने चालक समेत एक अन्य को मृतक घोषित कर दिया।

एक पिकअप माल लेकर लखनऊ से अयोध्या की ओर जा रही थी। रुदौली कोतवाली के भेलसर क्षेत्र में इस खराब होने से हाईवे पर खड़े एक ट्राला से टकरा गई । भेलसर चौकी प्रभारी ने क्षतिग्रस्त वाहन में फंसे दो घायलों को किसी तरह बाहर निकलवाया और एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजवाया। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि एंबुलेंस का ईएमटी अनुराग और सिपाही रजत कुमार आधी रात के बाद घायलों संतोष कुमार और एक अज्ञात को लाया था। जिनको परीक्षण के बाद इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

# वाटर कूलर लगने से लोगों को मिलेगी राहत

अवधनामा, संवाददाता




**महराजगंज।** सदर उपनिबंधक कार्यालय में गर्मी में शीतल पेयजल के लिए स्टॉक होल्डिंग के द्वारा आम जनता के लिए वाटर कूलर लगवाया गया। इसका उद्घाटन उपनिबंधक सदर सब रजिस्टार कमलेश कुमार वर्मा व उप निबंधक निचलौल के सब रजिस्टार संदीप चौहान ने किया।

दोनों अधिकारियों ने बताया कि वाटर कूलर लगने से यहां पर आने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगा। गर्मी के दिनों में पानी पीने की समस्या को लेकर लोगों को थोड़ा असुविधा होता था अब इससे काफी लाभ मिलेगा।

इस दौरान सदर निबंधक लिपिक अरुण कुमार व सदर निबंधन लिपिक वैदुल्लह खान जी, स्टाफ होल्डिंग कौशल ,अजय पाण्डेय, आशुतोष सिंह एडवोकेट, एडवोकेट सतीश पटेल लेखक संघ के अध्यक्ष चंद्रभान विश्वकर्मा, राजकुमार यादव, रामप्रताप, बलिराम प्रमोद प्रजापति, संजय तिवारी, कौसल पांडेय, जय हिंद वर्मा, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि को लेकर जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



अवधनामा, संवाददाता

**महराजगंज।** महाशिवरात्रि के दृष्टिगत जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने जनपद में विभिन्न शिवालयों और मंदिरों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक इंतजामों का जायजा लिया। दोनो अधिकारियों ने इटहिया शिवमंदिर, बाबा गोरखनाथ मंदिर, सोनाडी देवी मंदिर, कटहरा शिव मंदिर और कटहरा शिव मंदिर का स्थलीय अवलोकन कर पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरा, आवश्यक सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने, सादे कपड़ों में पुलिस कर्मी तैनात रखने का निर्देश दिया। दोनो अधिकारियों ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम को भी देखा।

पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को सजग रहने का निर्देश दिया। साथ ही भीड़ प्रबंधन के दृष्टिगत भी आवश्यक निर्देश दिया।

दोनो अधिकारियों ने महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर इटहिया शिव मंदिर, गोरखनाथ मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में पूजन-अर्चन व जलाभिषेक किया और श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार निचलौल राजेश कुमार श्रीवास्तव, एसओ चौक प्रशांत पाठक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## परिवार पर किशोरी को भगाने का मामला दर्ज

**सतरिख बाराबंकी।** थाना क्षेत्र में एक किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर युवक समेत पूरे परिवार को नामजद किया गया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली सतरिख क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री 6 मार्च को रात्रि में घर में सोने के लिए चली गयी थी। उसके बाद सुबह को घर में देखा तो वह नहीं थी। घर में पास पड़ोस काफी खोजबीन की गयी लेकिन पुत्री का कुछ पता नहीं चल सका। घर मे देखा तो तिलक समारोह के लिए रखा एक लाख पचासी हज़ार नकद, सोने की झुमकी, सोने की टप्स व पायल भी गायब थे। उसको पूर्ण विश्वास हैं कि रवि कुमार उर्फ बऊआ पुत्र वीरेन्द्र कुमार के साथ इनके माँ अनीता देवी, भाई ललित कुमार, सचिन कुमार आदि के द्वारा भगवा दिया गया है। उसके द्वारा विपक्षियों से घटना की जानकारी चाही तो उलटे ही मारने पीटने के लिये अमादा हो गये और जान से मार देने की धमकियां देने लगे।03

## सरकारी जमीन से पेड़ काटने की रिपोर्ट दर्ज

**रामसनेहीघाट।** बंजर भूमि पर लगे पेड़ को काटे जाने पर एसडीएम ने सख्त रुख अख्तियार किया है। उनके आदेश पर लेखपाल ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति नुकसान के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। दिलोना गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने एसडीएम को एक प्रार्थना पत्र देकर गांव की सरकारी जमीन पर लगे चिलवल के पेड़ों को अज्ञात लोगों द्वारा काटे लिए जाने की शिकायत की थी। जिसके बाद एसडीएम के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल गायत्री जायसवाल ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की थी। जांच के दौरान गांव की सरकारी भूमि बंजर पर लगे चिलवल व कठूर के पेडो को काट कर उठा ले जाने की पुष्टि हुई थी। जिसके बाद उन्होंने एसडीएम की आदेश पर गुरुवार को अज्ञात लोगों के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करवा दिया।

## एक ही जमीन दो बार बेंची, आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

बाराबंकी। शातिर लोगों ने पूरा पैसा लेकर जिसको जमीन बेंची, उसी को अंधेरे में रखकर जमीन का सौदा दूसरे के साथ कर लिया। पीड़ित को पता चला तो वह हैरत में पड़ गया। उसकी तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार संतोष कुमार सिंह निवासी फैजाबाद रोड, गहमर कुंज कलोनी, चिनहट, लखनऊ ने बताया कि उसकी पत्नी श्रीमती रूची सिंह के नाम से 2018 में एक आवासीय भू-खण्ड राजस्व ग्राम माती, तहसील नवाबगंज में रामदास उर्फ गुड्डू पवन कुमार व श्रीमती कैलाशा पत्नी स्व0 शत्रोहन निवासी ग्राम माती, तहसील नवाबगंज से जरिये बैनामा क्रय किया गया। इसके पश्चात् उक्त लोगो के पास कोई रकबा शेष नहीं बचा। उपरोक्त विक्रेतागण द्वारा छल कपट व धोखाधड़ी से कूट रचित दस्तावेज तैयार करके उपरोक्त गाटा संख्याओं को पुनः सूरज कनौजिया पुत्र संतलाल कनौजिया निवासी ग्राम गनेशपुर रहमानपुर, चिनहट लखनऊ के हाथ 2023 को बैनामा कर दिया। जिसका वही संख्या 1 क्रमांक 30868 पर अंकित है। विपक्षीगण ने जानबूझ कर आर्थिक लाभ हेतु धोखाधड़ी करके कूट रचित दस्तावेज तैयार कराकर प्रार्थी की जमीन का पुनः बैनामा करा दिया है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

अयोध्या। पलक वूमेन एंड चाइल्ड्स डेवलपमेंट सोसाइटी के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन । कार्यक्रम को सोसाइटी की अध्यक्षा रश्मि वर्मा ने संबोधित किया।उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर मोर्चे पर पुरुषों को टक्कर दे रही हैं। चाहे वह देश को चलाने की बात हो या फिर घर को संभालने का मामला, यहां तक कि देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी वे बखूबी निभा रही हैं। महिलाओं ने हर जिम्मेदारी को पूरी तन्मयता से निभाया है। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में अपना विशेष योगदान दे रही है एक दौर था जब भारत समेत कई देशों में महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार और सम्मान नहीं मिलता था। अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए महिलाएं आवाज उठा रही हैं। हम लड़कियां किसी से कम नहीं है। उन्होंने महिलाओं के सशक्त होने से समाज के सशक्त होने की बात कही।

# 'रामेश्वरमय' हुई श्रीराम की नगरी

## महाशिवरात्रि पर अयोध्या में गूंजा हर-हर महादेव का महाघोष

अवधनामा, संवाददाता

**अयोध्या।** श्रीहरि की साकेत नगरी अयोध्या शुक्रवार को भगवान राम के भी ईश्वर यानी 'रामेश्वर' को समर्पित हो गई। भोर के तीन बजे से ही हर-हर महादेव के महाघोष और भोले शंकर के जयकारों के बीच शिव भक्तों का सैलाब पहले सरयू नदी के घाट पर और इसके बाद शिव मंदिरों उमड़ पड़ा। प्रातः से ही सरयू में डुबकी लगाकर भक्त अपने आराध्य भोलेनाथ के दर्शन को आतुर दिखे। शिवरात्रि पर अयोध्या में जुटने वाली लाखों की भीड़ को देखते हुए योगी सरकार ने सुरक्षा चक्र को काफी मजबूत कर दिया था। सभी संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। रूट डायवर्सन के माध्यम से भीड को नियंत्रित किया गया। वहीं राममंदिर में दर्शनार्थियों के लिए सुगम दर्शन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई थी।

**प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली महाशिवरात्रि**

अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद यह पहली महाशिवरात्रि है, इसलिए भोले के उपासक इसे और भी खास मान रहे हैं। बता दें कि भगवान श्रीराम जहां महादेव को अपना ईश्वर बताते हैं और उनके ज्योतिर्लिंग की स्थापना करते हैं, वहीं देवाधिदेव शिव भी हनुमान के रूप में रुद्रावतार लेकर रामकाज और प्रभु भक्ति का प्रतिमान गढ़ देते हैं।



नागेश्वर नाथ पर उमड़ी भक्तों की भीड़

### धूमधाम से निकली शिव बारात

देर शाम अयोध्या धाम व अयोध्या नगर के सभी शिव मंदिरों से भगवान शिव की बारात धूमधाम से निकली गई। इसमें अयोध्या के नागेश्वर नाथ मंदिर से निकलने वाली बारात बेहद खास रही। यह नगर भ्रमण करते हुए क्षीरेश्वर नाथ मंदिर, हनुमानगढ़ी और कनक भवन मंदिर सहित प्रमुख मंदिरों से होते हुए वापस नागेश्वर नाथ मंदिर पहुंचेगी। जहां देर रात्रि देश-विदेश के भक्तों के बीच भगवान शिव और माता पार्वती के पाणिग्रहण संस्कार के भावपूर्ण अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे। अयोध्या नगर की सभी शिव बारात चौक बाजार मे एकत्र हुई। गाजे बाजे व हर हर बम बम के गगन भोलेनाथ के जयकारों के बीच ककरही बाजार स्थिति शिव मंदिर पहुंची। जहां स्थानीय लोगों ने शिव बारात का भव्य स्वागत किया। देर रात तक बारात की खातिरदारी व शिव-पार्वती का विवाह सम्पन्न हुआ। इस मौके पर गरीब कन्याओं का विवाह भी सम्पन्न कराया गया। शिव बारात मे जनप्रतिनिधि व नगर के तमाम संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

**कंकरही बाजार शिव मंदिर में संपन्न हुआ गरीब कन्याओं का विवाह**

**कुश ने की थी नागेश्वर नाथ महादेव मंदिर की स्थापना**

देश के 108 प्रमुख शिवमंदिरों में से एक अयोध्या का नागेश्वर नाथ महादेव मंदिर शिवभक्तों की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र है। मान्यता है कि नागेश्वर नाथ मंदिर की स्थापना भगवान राम के पुत्र कुश ने की थी। लिहाजा शिव भक्तों ने ब्रह्म मुहूर्त से ही सरयू स्नान करके बेल पत्र, गेहूं की बाली, गन्ने का गुटका, बेर, पुष्प,धतूर चढ़ाकर दूध और जल का अभिषेक करना प्रारंभ कर दिया। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे।

श्रीराम और शिव के बीच इस अलौकिक संबंध की झलक अयोध्या में हर जगह बिखरी दिखाई दी। नगर के विभिन्न शिवालयों में भोर से ही श्रद्धा और भक्ति में सराबोर शिव भक्तों की लंबी कतार देखने को मिली।

# पुलिस की शातिर बदमाश से मुठभेड़, एक दिन पहले सिपाही पर किया था हमला

अवधनामा, संवाददाता

**बाराबंकी।** सिपाही पर ब्लेड से हमला करने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने दबोच लिया। रात्रि गश्त कर रही फोर्स पर बदमाश ने फायर झोंक दिया, जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। बदमाश पर पूर्व में कई गम्भीर मामले दर्ज हैं और वह शातिर अपराधी है। जानकारी के अनुसार यह एनकाउंटर बाराबंकी के नगर कोतवाली क्षेत्र के नागेश्वर नाथ मंदिर के पास हुआ। पुलिस के मुताबिक उन्हें एक संदिग्ध युवक आते दिखाई दिया। युवक को रोका गया तो उसने फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। पुलिस ने जिला अस्पताल में उसे भर्ती कराकर उसका इलाज कराया। इसी बदमाश ने गुरुवार को एक सिपाही पर ब्लेड से हमला कर घायल किया था। पकड़े गए आरोप पर कई मुकदमे दर्ज हैं। नगर कोतवाली पुलिस गुरुवार की रात गश्त पर थी। नागेश्वर नाथ मंदिर के पास एक संदिग्ध युवक आता हुआ दिखाई दिया। सिपाहियों ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने भागते हुए पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी है। सिपाहियों ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।

उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए बदमाश का नाम अजीम पुत्र शफीक है। वह वाल्दा रोड, पीरबटावन कोतवाली नगर क्षेत्र का रहने वाला है। उसी ने गुरुवार को बाइक और स्कूटी की टक्कर के बाद मौके पर पहुंचे सिपाही पर ब्लेड से हमला कर घायल किया था। तभी से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पकड़े गए बदमाश पर एनडीपीएस आदि धाराओं के तहत करीब आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

# एक स्वस्थ महिला ही अपने परिवार का कल्याण कर सकती है:डॉ0मंजूषा पांडेय




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मौजूद महिलाएं

अवधनामा, संवाददाता

**अयोध्या।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आरोही एक उड़ान संस्था द्वारा महिलाओं के कल्याण एवम स्वास्थ्य परीक्षण हेतु अयोध्या रेलवे स्टेशन पर एक स्वास्थ्य परीक्षण कैंप लगाया गया। कैंप में स्वास्थ परीक्षण शहर की ख्याति प्राप्त महिला चिकित्सक डॉक्टर मंजूषा पांडेय द्वारा किया गया। डॉक्टर मंजूषा पाण्डेय ने अपने संबोधन में महिलाओं को अपने स्वास्थ्य और अपने कल्याण के प्रति जागरूक होने का मंत्र दिया उन्होंने कहा की एक स्वस्थ महिला ही अपने परिवार का कल्याण कर सकती है। डॉक्टर मंजूषा पांडेय का स्वागत पार्षद श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव ने पटका पहनाकर किया। संस्था की अध्यक्षता एवम स्वास्थ परीक्षण कैंप की आयोजक श्रीमती पल्लवी वर्मा द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया ।

कार्यक्रम का संचालन राजीव रंजन ने किया। इस अवसर पर संस्था के महासचिव सुनील अवस्थी,सचिव दिनेश श्रीवास्तव ,प्रतीक भज्जा,संजीव वर्मा ,कौशल किशोर ,अमिता सिंह ,लीना श्रीवास्तव, रीता वर्मा,रिंकी रंजन,सुभाषिनी अवस्थी, आराध्या वर्मा आरोही वर्मा भी मौजूद थी।

# महिला दिवस पर हुआ महिलाओं का सम्मान

**वक्ताओं ने कहा- हर कार्य में सक्षम हैं महिलाएं**

अवधनामा, संवाददाता



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित महिलाएं

**अयोध्या।**।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय मजदूर संघ अयोध्या द्वारा आयोजित समारोह में 21 महिलाओं को सम्मानित किया गया। जहां सम्मान पाकर महिलाएं गदगद हो गई। उधर वक्ताओं ने समाज में महिलाओं की भागीदारी पर प्रकाश डाला। जिसका शुभारंभ आरोग्य भारती के प्रान्त सहमंत्री डाक्टर उपेन्द्रमणि त्रिपाठी व विभाग प्रमुख बीएमएस जय प्रकाश सिंह, जिला अध्यक्ष अम्बरीष सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरोग्य भारती के प्रान्त सहमंत्री डाक्टर उपेन्द्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि बेटियां ही परिवार को और देश को सशक्त और समृद्ध कर सकतीं हैं। एक बेटी के पढ़ने से कई परिवार पढ़ जाते हैं और विकास बढ़ जाता है । उन्होंने कहा कि दृढ इच्छा शक्ति एवं शिक्षा ने नारी मन को उच्च आकांक्षाएं सपनों के सप्तरंग एवं अंतर्मन की परतों को खोलने की नई राह दी है !विभाग प्रमुख जय प्रकाश सिंह ने कहा कि नारी शक्तिस्वरूपा है। संसार को स्वर्ग बनाने में नारी शक्ति की अहम भूमिका होती है । उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही नारी समाज के हर क्षेत्र में बखूबी अपनी भागीदारी का निर्वहन कर रही है। यह अब गुजरे जमाने की बात समझी जाने लगी है जब महिलाओं को दोयम दर्जे की नागरिक माना जाता था।जिला संरक्षक सत्यप्रकाश ने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवता निवास करते है। हर क्षेत्र में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। राष्ट्रीय सेवका समिति की जिला कार्यवाहिका अनामिका त्रिपाठी ने कहा कि समाज के हर क्षेत्र में महिलाएं अपना विशेष स्थान बना रही हैं। नारी की आत्मिक एकता को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए मानसिक धरातल को सकारात्मक चिन्तन दिए जाने की आवश्यकता है । दुनिया में कोई भी महापुरुष हुआ हो उसकी सफलता के पीछे नारी की ही अहम भूमिका है । महिलाओं को समाज के उत्थान के लिए आगे आने में हर संभव प्रयास करते रहना चाहिए। जिला अध्यक्ष अम्बरीष सिंह ने कहा नई सदी की नारी के पास कामयाबी के उच्चतम शिखर को छूने की अपार क्षमता है। समाज के दो पंख है एक स्त्री व दूसरा पुरुष यह दोनों पंख समान होंगे तभी समाज, देश व राष्ट्र का विकास होगा । संस्कारों की जन्मदात्री नारी शक्ति ही है।

सम्मानित होने वाली मातृशक्तियों में श्रीमती खुक्कू चौधरी, सिग्नल मेंटेनर श्रीमती शीला एवं श्रीमती पूजा, श्रीमती संगीता, श्रीमती राधा यादव , डॉ सारिका, डॉ याशी यादव, अध्यापिका श्रीमती अनामिका त्रिपाठी, सामाजिक कार्यकत्री श्रीमती रूपा पाठक , सब इंस्पेक्टर श्रीमती कुसुम देवी, श्रीमती शर्मीला यादव, श्रीमती ममता रहीं !कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री सुजीत कुमार पाण्डेय ने किया।इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ, अयोध्या जिला मंत्री सुजीत कुमार पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष खुक्कू चौधरी, कोषाध्यक्ष विवेक जायसवाल, अभिषेक पाण्डेय, बृजेश जायसवाल, प्रचार मंत्री पुष्कर दत्त तिवारी, करुणेश शर्मा, मंडल मंत्री भाजपा रूपा पाठक, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डॉ चंद्रेश उपाध्याय के भाजपा में शामिल होने के उपरांत हुआ भव्य स्वागत

## जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, जिले के प्रतिष्ठित आर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर चंद्रेश उपाध्याय के भाजपा में शामिल होने के उपरांत शुक्रवार को जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान समाजवादी पार्टी के युवा नेता सोनू मिश्रा का भी भाजपा में शामिल होने पर स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ0 चंद्रेश उपाध्याय ने कहा कि भारत को पुनः विश्वगुरु के पथ पर अग्रसरित करने वाले देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश को सर्वांगीण विकास के पथ पर लेकर जाने वाले यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जननीतियों से प्रभावित होकर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में शामिल होकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व एक-एक कार्यकर्ता के प्रति विश्वास दिलाते हुए बताना चाहता हूं कि निश्चित रूप से 2024 में हम प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आंकड़े को प्राप्त करेंगे व 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा जिस तरह आज पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर डॉक्टर साहब पार्टी में शामिल हुए हैं, उनके आने से निश्चित ही जिले में पार्टी को मजबूती मिलेगी आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से भाजपा को जीत मिलेगी। सांसद जगदंबिका पाल ने भी डॉक्टर चंद्रेश उपाध्याय को बधाई देते हुए स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर लोकसभा डुमरियागंज के संयोजक राम कुमार कुंवर, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा लाल जी त्रिपाठी, क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शिवनाथ चौधरी, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला मंत्री फतेबहादुर सिंह, अजय उपाध्याय, हेमंत जयसवाल, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो विकास पांडेय वत्स, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल, प्रोफेसर शक्ति जयसवाल, फूलचंद जयसवाल, क्षेत्रीय मंत्री पिछड़ा मोर्चा दीपेंद्र चौधरी, पूर्व नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्रा, मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी, युवा नेता सौरभ त्रिपाठी, दिनेश मिश्रा आदि उपस्थित कार्यकर्ता ने बधाई शुभकामना दिया।

# वृक्षारोपण और मत्स्य बीज संचय का कार्य कागजों में कराकर धन हड़पने की मुख्य सचिव से शिकायत

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सेवा निवृत्त आईपीएस अधिकारी बृज लाल ने मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन डी0 एस0 मिश्र को एक पत्र लिख कर सिद्धार्थनगर जिले के ब्लॉक बर्डपुर सांसद आदर्श गांव बजहा व ब्लॉक नौगढ़ के गांव रामपुर में वृक्षारोपड़ और मत्स्य बीज संचय न किये जाने के सम्बन्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है। 08 मार्च 2024 को दिए पत्र में बृज लाल ने लिख कि मैंने अपने गृह जनपद सिद्धार्थनगर को नोडल जिले के रूप में चयनित किया है। मेरे सांसद निधि का अधिकतर धन का उपयोग सिद्धार्थनगर जिलें में ही होता है।

ग्राम बजहा ब्लॉक बर्डपुर, ग्राम रामपुर ब्लॉक नौगढ़ और ग्राम मदरहना जनूबी ब्लॉक शोहरतगढ़ को मैंने सांसद आदर्श गांव के रूप में चयनित किया है। 01 मार्च 2024 को मैंने अपने आदर्श ग्राम बजहा और रामपुर की समीक्षा बैठक गांव में ही की, जिसमें सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी भी सम्मिलित हुए थे। ग्राम बजहा में डेढ़ सौ पौधों का रोपड़ ट्री गार्ड के साथ दिखाया गया है। मैंने ग्रामीणों से मालूम किया तो पता चला कि एक भी वृक्षारोपड़ नहीं हुआ है। वन विभाग का केवल एक सबसे कनिष्ठ कर्मी महेश यादव फॉरेस्ट गार्ड चौकी सड्डा मौजूद मिला। वन विभाग का कोई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित नहीं रहा, जबकि अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे। मैंने फॉरेस्ट गार्ड महेश यादव से कहा कि मैं मौके पर वृक्षारोपड़ की जांच करूंगा। बैठक के बाद जब मैंने मौके पर जाकर जांच करना चाहा तो पता चला कि फॉरेस्ट गार्ड महेश यादव भाग गया। मुझे मालूम हुआ कि पौधे वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जाते हैं और उसका रोपड़, विकास विभाग के ग्राम सचिव और प्रधान मिलकर करते हैं। कागजों पर कार्य पूर्ण होना दिखाया गया, लेकिन एक भी पेड़ नहीं लगाया गया और ट्री-गार्ड का कोई मतलब ही नहीं रहा। इसी प्रकार मत्स्य विभाग ने ग्राम बजहा में 2.25 हेक्टेअर के तालाब में मत्स्य बीज संचय करना दिखाया है और यह भी लिखा गया कि कार्य पूरा हो गया है। मौके पर न तो कोई तालाब मिला और न ही मत्स्य संचय, जिसकी पुष्टि ग्राम बजहा के लोगों ने की। स्पष्ट है कि वृक्षारोपड़ और मत्स्य संचय केवल कागज पर है और सरकारी धन का गबन कर लिया गया।

इसी प्रकार ग्राम रामपुर ब्लॉक शोहरतगढ़ में 100 वृक्षारोपड़ का कार्य ट्री गार्ड के साथ सम्पन्न होना दिखाया गया है और 1.84 हेक्टेअर के तालाब में मत्स्य बीज संचय का कार्य भी पूर्ण होना दिखाया गया, जो केवल कागजी मिला। मौके पर न तो वृक्षारोपण मिला और न ही तालाब में मत्स्य बीज संचय। वहां भी कोई इतना बड़ा तालाब ही नहीं है। मुझे जानकारी दी गई कि जिला सिद्धार्थनगर में भी उपरोक्त दो मदों में अधिकतर फर्जी कार्यवाही की गई है। और सरकारी धन का गबन हुआ है। आपसे अनुरोध है कि कृपया इसमें उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी अधिकारियों को दण्डित करने का कष्ट करें। उचित होगा कि जांच में बस्ती मण्डल के अधिकारी न रखे जायें। कृपया कृत कार्यवाही से मुझे भी अवगत कराया जाये।

# बाबा मटेश्वर नाथ पर जलाभिषेक के लिए भक्तों का उमड़ा जनसैलाब



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** 7 किलोमीटर पूरब, पश्चिम, उत्तर, व दक्षिण के तरफ से बाबा का जलाभिषेक करने आये भक्त गढ़ बाबा के मन्नत से भक्तों का हर कार्य होता पूर्ण मिठवल विकास क्षेत्र के बाबा मटेश्वर नाथ पर महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य पर शुक्रवार सुबह से ही चारों दिशाओं के दश किलोमीटर की दुरियो से आये शिव भक्तों ने हर-हर महादेव जयघोष के साथ जलाभिषेक किया।जो देर सायं तक चलता रहा।भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय दिखा। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भांग, धतूर, बेलपत्र, पंचामृत, अबीर-गुलाल लगाकर सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। क्षेत्र से आये श्रद्धालुओं ने कहा बाबा के दर्शन से हर मन्नत होता है पूर्ण। सुबह से ही शिवमन्दिर पर ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। महिलाएं घर से नंगे पाव चल शिवभक्ति गीत गाते हुए जलाभिषेक कर आरती की। भगवान शिव व मां पार्वती को प्रसन्न करने के लिए विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों का भोग लगाकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान श्याम पाठक, बिष्णु गिरी,राजू गौढ़, बब्बू श्रीवास्तव, अमर विहरी चौरसिया, लाला दूबे, रामगोपाल चौरसिया, दिनेश गुप्ता, अर्जुन प्रसाद, संगम शुक्ला, प्रेमशंकर त्रिपाठी, मिथुन चौधरी, लाल बिहारी चौरसिया, फूलचंद्र, राजेंद्र चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## नवनियुक्त राष्ट्रीय/ प्रदेश कार्य समिति व जिले के पदाधिकारियों का स्वागत समारोह आज

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** 9 मार्च शनिवार 11 बजे दिन में समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर समाजवादी पार्टी राज्य कार्यकारिणी में वरिष्ठ नेता जिलाध्यक्ष लोकतंत्र रक्षक सेनानी बेचई यादव को प्रदेश सचिव बनाए जाने तथा राम सेवक लोधी को युवजन सभा का जिला अध्यक्ष तथा सभी फ्रंटल संघटनों के नव नियुक्त राष्ट्रीय/ प्रदेश कार्य समिति के पदाधिकारी तथा सभी नवनियुक्त जिला अध्यक्षों का स्वागत समारोह होगा।

उक्त जानकारी समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता/ जिला सचिव अब्दुल कलाम सिद्दीकी ने देते हुए सभी सम्मानित नेताओं कार्यकर्ता साथियों से अपील है कि उक्त स्वागत समारोह में समय से पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनावे।

# शिवजागरण कार्यक्रम का स्रोता ने खुब उठाया आनंद

अवधनामा संवाददाता



**पौली।** पौली क्षेत्र मे विगत वर्षों की भांति इस बार तेरहवे वर्ष में बाबा कुबेरनाथ शिव शक्ति धाम महादेवपुर मे मेला और भव्य शिव जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज से आए कलाकारों ने अपनी सुर लहरियों पर सबको थिरकने को मजबूर कर दिया तो वहीं पर कार्यक्रम में निकाली गई झांकी ने लोगों के मन में ईश्वर के वास्तविक चित्र उकेर कर रख दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश चंद चौहान और बलिराम शर्मा और बिषिष्ट अतिथि राममिलन यादव ने दिप प्रज्जवलित कर के किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार से आये भोजपुरी गायक बिशाल शर्मा से हुआ। उन्होंने सबसे पहले विघ्नहर्ता भगवान गणेश का वंदन करते हुए। गणपति राखो मेरी लाज...... को अपने सुरों में पिरोया तो श्रोताओं के सामने साक्षात विघ्न विनायक की छटा उभर आई। वही गोरखपुर से आई भोजपुरी गायिका अंजली मिश्रा की, तो उन्होंने भी कोई कसर नहीं छोड़ी और शिव जी को जल चढ़ाने के बारे में बताते हुए कहा कि देवघर जईबा जलवा चढ़ावे दुखवा दूर हुई, किरपा जरूर होई उन्होंने अपने गीत के माध्यम से बताया कि भूत भावन भगवान शंकर के ऊपर जलाभिषेक करने से उनकी कृपा होती है और सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसके बाद अपनी दुसरी प्रस्तुति मे कहा काव लेके शिव के मनाई हो,शिव मानत नाही..... पर लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया। उन्होंने शिव तांडव स्तोत्र और रुद्राष्टक को अपने सुरों में इस तरह पिरोया कि लोग शिव भक्ति में रम गए। वही लखनऊ से कृष्णा छलिया ग्रुप के कलाकारों ने गणेश जी, शिवभगवान, राधाकृष्ण, माता काली की झाकी की प्रस्तुति इस तरह किया कि लोग साक्षात देवी देवताओं का दर्शन जैसा महसूस करने लगे इस कार्यक्रम ने लोगो को मोह लिया और झुमने से कोई अपने को रोक नहीं पाया। इस मौके पर और प्रसाद को प्रसाद के रूप में आप लोग संसद कभी-कभी ऐसा है इंजीनियर प्रवीण निषाद, विधायक गणेश चौहान प्रमुख संघ अध्यक्ष राममिलन यादव बलिराम शर्मा सुरेश चंद शर्मा सुनील सिंह गुड्डू सिंह राहुल यादव बादल चंदू यादव सहित सेवक मंडल के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# शिवमंदिरों में श्रद्धालुओं के जलाभिषेक करने के लिए भक्तो का उमड़ा जनसैलाब

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** महाशिवरात्रि के दिन सुबह से शिव मंदिरों में शिवलिंग पर श्रद्धालुओं के जलाभिषेक करने के लिए भक्तो का जन सैलाब उमड़ा। शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व पर सुबह से ही शिव मंदिरों में लबी क़तार से लाईनों में लग कर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव जलाभिषेक किया। नगर पंचायत शोहरतगढ़ भारत माता चौक, गंगेश्वर महादेव मंदिर शोहरतगढ़, पिपरी बाजार, महथा बाजार, मड़वा, परिगवा, लेदवा, बगहवा, झरुआ, चिल्हिया थाना मंदिर, संतोरा, पकड़ीं बाजार आदि शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ रही।व्रती श्रद्धालुओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन का भोग लगाया और माता पार्वती को सोलह श्रृंगार अर्पित किया। वही ग्रामीण क्षेत्रों में सभी शिवमंदिरों पर श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव का जयघोष कर जलाभिषेक किया।सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के जवान शिव मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।भारत माता चौक व ग्रामीण क्षेत्र के शिव मंदिरों पर भजन कीर्तन के बाद भंडारा का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया।

# हर शंका का समाधान है रामकथा : शास्त्री

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत के इंदिरानगर वार्ड में आयोजित संगीतमयी श्रीरामकथा के दूसरे दिन बृहस्पतिवार की रात में कथा का रसपान करने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा में रामचरित मानस सुनने और इसमें बताए मार्ग का अनुसरण करने का महत्व बताया गया। संगीतमयी रामकथा में मथुरा-वृंदावन से आये मानस व्यास पंडित आलोकानंद शास्त्री महाराज ने कहा कि रामचरितमानस हमारे जीवन की चिंताओं का समाधान करती है।

रामचरित मानस से हमें हर सवाल का उत्तर मिल जाएगा। बस मन में कथा के प्रति और रामचरितमानस के प्रति हमें विश्वास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें प्रभु राम के जीवन पर किसी भी तरह का संदेह नहीं करना चाहिए क्योंकि राम सनातन धर्म में मूल स्थान पर विराजमान है उनको तर्क की बुद्धि से नहीं समझा जा सकता बल्कि अपने आत्म चिंतन से ही हम राम को पहचान सकते हैं। जिन लोगों ने राम पर संदेह किया वह खुद भी नष्ट हुए और अपने साथ वालों को भी नष्ट कर दिया। जीवन के हर संशय का समाधान श्रीराम कथा करती है। रामचरित मानस में नौ दिन में नौ प्रश्न हैं। निर्गुण ब्रह्म सगुण कैसे हो गया, राम जन्म का कारण क्या है। प्रभु के बाल्यकाल की लीला, विवाह लीला, वनगमन लीला और राक्षसों के मारने का प्रयोजन। अयोध्या में रामराज्य अभिषेक और संतों का चरित्र। इन्हीं प्रश्नों के उत्तर नौ दिन में दिए जाते हैं। शास्त्री ने कहा कि भक्त के हृदय में भगवान आए तो आंसू आए बिना रह नहीं सकते। भगवान का सिमरण करते रहिए। हमारे हृदय में विकारों का जो खारा जल भरा है, बाहर निकलना चाहिए। पंडित अलोकनंद शास्त्री ने कहा कि माता सती ने अभिमान वश कूंभज ऋषि से श्री राम की कथा को नही सुना और श्री राम पर संदेह किया। उसके बाद माता सती बिना बुलाए अपने पिता के यज्ञ में गई। भगवान शंकर का और अपना अपमान सहन नही कर सकी। योग अग्नि के द्वारा अपने शरीर को जलाकर भस्म कर दिया। लेकिन माता सती ने दोबारा जन्म लिया और जिसके बाद हर-गौरी का विवाह आनंदपूर्वक संपन्न हुआ। हिमाचल ने कन्यादान दिया। विष्णु भगवान तथा अन्यान्य देव और देव-रमणियों ने नाना प्रकार के उपहार भेंट किए। ब्रह्माजी ने वेदोक्त रीति से विवाह करवाया। विवाह उत्सव का आनंद लेते हुए सभी ने झूमकर नाच कूद कर अपनी हाजिरी लगाई तथा कथा के अंत में भगवान शंकर के विवाह और दिव्य देवताओं और भूत प्रेतों सहित बारात कि बहुत सुंदर झांकी भी दिखाई गई। जिसका सभी ने दर्शन किया।

इस दौरान शिवकुमार, सभासद उमाशंकर गौड़, जमुना प्रसाद प्रजापति, घनश्याम पांडेय, राम बहादुर जायसवाल, गोरखनाथ, शिवम सोनी, चंद्रेश तिवारी, अमरेश तिवारी, एडवोकेट राम बहादुर, एडवोकेट बालमुकुंद श्रीवास्तव, विजय कुमार जायसवाल, राम सहाय जायसवाल, देवेंद्र यादव, प्रमेश पाण्डेय, गब्बू लाल कन्नौजिया, लवी चौरसिया, रवि आदि उपस्थित रहे।

# समाजसेवी के घर पर पुलिस अधिकारियो के संग हुई बैठक



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** आगामी लोकसभा चुनाव, पवित्र रमजान माह व होली त्योहार के मद्देनजर जाफराबाद स्थित समाजसेवी मोहम्मद अब्बास राजा के आवास पर पुलिस अधिकारियों ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के साथ बैठक कर मंत्रणा की। जिसमें तमाम संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे। पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य, कोतवाल दर्शन यादव व कटका थानाध्यक्ष यादवेन्द्र सोनकर के संग बैठक करते हुए एडीशनल एसपी पूर्वी श्यामदेव ने लोगों से कहा कि क्षेत्र में धार्मिक उन्माद फैलाने वाले अराजक तत्वों से सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गांव व मोहल्लों में अराजक तत्वों पर नज़र रखें ऐसे लोगों की जानकारी समय रहते पुलिस को दें, जिससे समाज में अराजकता फैलने से पहले ही शरारती तत्वों के मंसूबों पर पानी फेरा जा सके।सी ओ देवेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने अभी तक आपसी भाईचारा व साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की है। जिसपर बैठक में मौजूद लोगों ने भविष्य में ऐसा ही उदाहरण प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया अधिकारियों को दिया । उक्त अवसर पर इब्ने अली जाफरी, अली अब्बास, मौलाना सकलैन, मोहम्मद अब्बास राजा, मास्टर अशफाक, जैनुल एबा, मोहम्मद हसन, गुलाम अब्बास,अली अकबर,लाले, सभासद सईद अहमद समेत तमाम संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## मनाया गया महिला दिवस



**आलापुर (अंबेडकरनगर) अवधनामा संवाददाता।** विधानसभा क्षेत्र आलापुर अंतर्गत उजाला वेलफेयर सोसाइटी गोरखपुर द्वारा विकास खण्ड राम नगर के ग्राम पंचायत शाहपुर महमूदपुर में महिला दिवस के अवसर पर जल सखी महिलाओं को जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल जांच करने का तरीका बताया गाया। मालूम हो महिलाओं को दूषित जल पीने से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया गया और उन्हें जल जीवन मिशन में जल सखी होने पर क्या आर्थिक लाभ होगा इसके बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उजाला वेलफेयर सोसायटी के प्रमुख शैलेंद्र कुमार धुरिया और अवधेश वर्मा ने उपस्थित महिलाओं को जल प्रदूषण, नियंत्रण की जानकारी विस्तार पूर्वक जलसखियों को बताया जिससे उनकी आर्थिक स्थिति एवं जीवन उत्कृष्ट हो सके।

## नजूल भूमि पर किया गया अवैध निर्माण



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** टांडा पालिका प्रशासन व कुछ भूमाफियाओं की सांठगांठ से नगर के बिलकुल बिचोबीच अवैध रूप से निर्माण कार्य लगातार जारी है जिस मामले मे प्राप्त जानकारी के मुताबिक उक्त दुकान निर्माण की भूमि का मुज़फ़्फ़र उल इस्लाम के नाम से एक पट्टा था जो पट्टा दशकों पूर्व ही समाप्त हो गया था जिसकी समाप्ति के ततपश्चात उक्त भूमि का न पट्टा का नवीनिकरण करया गया न फ्री होल्ड करायी गयी ऐसी स्थित मे भूमि नजुल की हो गयी जिस भूमि पर किसी प्रकार का निर्माण अवैध होता है मगर सूत्रों की माने तो पालिका प्रशासन की मिली भगत से उक्त निर्माण कार्य लगातार उक्त स्थान पर जारी है जिस प्रकरण मे अधिशाषी अधिकारी ने बताया की उक्त निर्माण अवैध रूप से हो रहा है जिसको तुरंत रोकवाने की कार्यवाही की जा रही है जबकि अतिक्रमण प्रभारी ने तो उक्त प्रकरण मे किसी प्रकार की वार्ता करना मुनासिब ही नहीं समझा और अपनी स्विच ऑफ कर लिया। अधिशाषी अधिकारी डॉ आशीष कुमार ने कहा कि यदि उक्त भूमि पर कोई निर्माण हुआ है तो आने वाले दिनों मे पालिका प्रशासन द्वारा टीम का गठन करते हुए निर्माण को पूर्ण रूप से ध्वस्त कराने की कार्यवाही अतिशीघ्र कराने की बात की है।

## अभिषेक उपाध्याय के मृत्यु को लेकर दी तहरीर

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमवापुर में दो दिन पूर्व संदिग्ध एक युवक की लाश गांव के दक्षिण तरफ आम के पेड़ के डाल के सहारे लटकता मिला था। जिसके सम्बन्ध में मृतक के पिता देवनन्दन उपाध्याय ने शुक्रवार को लोटन पुलिस को तहरीर देकर कहां है कि मेरा लडका अभिषेक उपाध्याय उर्फ सूरज घटना से पांच दिन पूर्व मुम्बई से कमाकर आया था। मंगलवार की शाम बाईक लेकर घर से निकला। जब देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो हम परिवार के लोग खोजने लगे लेकिन कही पता नही चला। बुधवार को उसकी लाश गांव के दक्षिण बगीचे में आम के पेड़ से फन्दे के सहारे लटकती हुई मिली। हमको शंका है कि मेरे लड़के की हत्या कर पेड़ से टांग दिया गया था। जांच कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी विजय शंकर सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## महिला पुलिसकर्मियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया सम्मानित



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ0 कौस्तुभ जनपद अंबेडकरनगर के निर्देशन में महिला सहायता प्रकोष्ठ (1090)महिला हेल्प डेक्स प्रभारी शिवांगी त्रिपाठी द्वारा मिशन शक्ति अभियान के क्रम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल सुरक्षा संगठन द्वारा आयोजित गूगल मीट कार्यक्रम द्वारा सामाजिक महिला कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया गया और कहा आज के परिवेश में महिलाएं न केवल परिवार बल्कि समाज, देश एवं विश्व में अहम् योगदान दे रही हैं। महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है, बस आवश्यकता है कि हम अपने आस-पास के महिलाओं को प्रोत्साहित करें एवं महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता मिले इसके साथ ही साथ महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों से विभिन्न प्रकार से प्रश्न कर महिला एवं पुरुष के बीच कोई अंतर नहीं है, के विषय में विस्तार से समझाया । महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी शिवांगी त्रिपाठी ने कहा कि जिस दिन हमें महिला दिवस मनाने की जरूरत नहीं पड़ेगा उस दिन महिलाएं सशक्त एवं सफल होंगी। महिलाओं को जागरूक और सशक्त बनाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओ द्वारा अपनी स्वेच्छा से समाज के गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करती है व समाज के महिलाओं को समय समय पर स्वास्थ्य संबंधी सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करती है ऐसी 09 समाजिक महिला कार्यकर्ता, 01 उ0नि0, 01 महिला हेड कांस्टेबल, 06 महिला कांस्टेबल,महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन (1090) जनपदीय इकाई की समस्त शाखाओं में नियुक्त महिला कर्मचारीगण व वामासारथी में नियुक्त महिला कर्मचारी ऑनलाइन गूगल मीट के दौरान उपस्थित रहीं तथा इन्हीं महिलाओं को पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया।

## महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ का हुआ जलाभिषेक

**हरैया।** महाशिवरात्रि पर्व पर शुक्रवार को शिवालयों में जलाभिषेक के लिए आस्था की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करके मंगलकामना किए। विशेषर गंज क्षेत्र के पूरे झरिहर के सिद्धपीठ बाबा चक्रेश्वर नाथ शिव मंदिर पर भोर से ही शिवालयों में ओम नमः शिवाय का उद्घोष गूंजने लगा। भगवान शिव को समर्पित महाशिवरात्रि पर्व इस बार फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी को मनाया गया। बाबा चक्रेश्वर नाथ शिव मंदिर के महंथ शम्भू नाथ गिरी ने बताया कि शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि के दिन की गई पूजा का फल कई प्रकार से साधकों को प्राप्त होता है। जो भक्त इस दिन केवल ओम नमः शिवाय मूल मंत्र का जाप करते हैं उनको विशेष फल प्राप्त होता है। श्रद्धालु शिव तांडव स्तोत्र और शिव चालीसा का पाठ भी किए। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष उपासना के साथ ही आस्था के जल से श्रद्धालु भोलेनाथ को नहलाएं। बृहस्पतिवार को ही शिवालयों को फूल-पत्ती से सजाया गया। मेला के दृष्टगत शिवालयों में साफ-सफाई के साथ शिवमंदिर सजाए गए

# महिला हेल्प डेस्क प्रभारी शिवांगी त्रिपाठी महिला सशक्तिकरण के रूप में मनाया महिला दिवस

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर** पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ कौस्तुभ जनपद अंबेडकरनगर के निर्देशन में महिला सहायता प्रकोष्ठ (1090) महिला हेल्प डेक्स प्रभारी शिवांगी त्रिपाठी द्वारा मिशन शक्ति अभियान के क्रम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल सुरक्षा संगठन द्वारा आयोजित गूगल मीट कार्यक्रम द्वारा सामाजिक महिला कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया गया और कहा आज के परिवेश में महिलाएं न केवल परिवार बल्कि समाज, देश एवं विश्व में अहम् योगदान दे रही हैं।

महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है, बस आवश्यकता है कि हम अपने आस-पास के महिलाओं को प्रोत्साहित करें एवं महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता मिले इसके साथ ही साथ महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों से विभिन्न प्रकार से प्रश्न कर महिला एवं पुरूष के बीच कोई अंतर नहीं है, के विषय में विस्तार से समझाया । महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी शिवांगी त्रिपाठी ने कहा कि जिस दिन हमें महिला दिवस मनाने की जरूरत नहीं पड़ेगा उस दिन महिलाएं सशक्त एवं सफल होंगी। महिलाओं को जागरूक और सशक्त बनाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओ द्वारा अपनी स्वेच्छा से समाज के गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करती है व समाज के महिलाओं को समय समय पर स्वास्थ्य संबंधी सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करती है ऐसी 09 समाजिक महिला कार्यकर्ता, 01 उ0नि0, 01 महिला हेड कांस्टेबल, 06 महिला कांस्टेबल, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन (1090) जनपदीय इकाई की समस्त शाखाओं में नियुक्त महिला कर्मचारीगण व वामासारथी में नियुक्त महिला कर्मचारी ऑनलाइन गूगल मीट के दौरान उपस्थित रहीं तथा इन्हीं महिलाओं को पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया।

# गरीब-नवाज़ भोले शंकर

शिव सर्वहारा के अधिक प्रिय हैं। गांजा भांग जिसका आहार हो, भूतप्रेत जिसके संगीसाथी हों, तन ढकने के पर्याप्त परिधान भी न हो। ऐसे व्यक्ति को कौन सरमायेदार कहेगा? राजमहल की जगह श्मशान, सिंहासन के बजाय बैल, सर पर न किरीट, न आभूषण। बस भभूत और सूखी लटे-जटायें। शिव गरीब नवाज है। महात्मा गांधी भी आधी धोती पहनते थे क्योंकि साधारण जन के समीप थे, बाबा भोलेनाथ की भांति। जोड़कर देखिए लीला पुरूषोत्तम द्वारकाधीश वासुदेव श्रीकृष्ण के पीताम्बर को, मर्यादापुरूषोत्तम अवधपति दशरथनन्दन राम के राजसीत वस्त्रों को और प्रचण्ड, प्रगल्भ शिव के बाघाम्बर से। बस यही अदा कैलाशपति की है जो मनमोह लेती है। शिव मेरी राय में समस्त जम्बू द्वीप के एकीकरण के महान शिल्पी है। जब भाषा, मजहब, जाति और भूगोल को कारण बनाकर भारत को सिरफिरे हिन्दू तोड़ रहे हों तो याद कीजिए कैसे सती के शरीर के हिस्सों को स्थापित कर शक्तिपीठों का गठन हुआ तथा समूचा राष्ट्र-राज्य एक सूत्र में पिरोया गया। उधर पूर्वोत्तर में गुवाहाटी की कामाख्या देवी से शुरू करें तो नैमिष में ललितादेवी और उत्तरी हिमालय तक सारा भूभाग जो प्रदेशों और भाषाओं के नाम से अलग पहचान बनाये है, एक ही भारतीय गणराज्य के भाग हैं। भले ही तमिलभाषी आज हिन्दीभाषियों को दूर का मानते रहे, रामेश्वरम का शिवलिंग इन दो सिरों को जोड़ता है। आज के राजनेता दावा करें, दंभ दिखायें, मगर सत्यता यह है कि अयोध्या के राम ने सागरतट पर शिव को स्थापित कर भारत की सीमायें निर्धारित कर दीं। एक बात की चर्चा हो जाय। रेत का शिवलिंग बनाकर राम ने उसमें प्राण प्रतिष्ठान करने हेतु उस युग के महानतम शिवभक्त, लंकापति दशानन रावण को आमंत्रित किया गया। रावण द्विजश्रेष्ठ था मगर पुत्र मेघनाथ ने पिता को मना किया कि वे शत्रु खेमे में न जायें। प्राणहानि की आशंका है। पर रावण ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कानून और युद्ध नियमों के अनुसार निहत्थे पर वार नहीं किया जाता है। रामेश्वरम का महज धार्मिक महत्व नहीं है। कूटनीतिक और मनोवैज्ञानिक भी है। छः सदियों पूर्व गोस्वामी तुलसीदास ने लिखाः जो रामेश्वर दरसु करिहहिं, ते तनु तजि मम लोक सिधारहि। इतना बड़ा आकर्षण है कि गंगाजल को रामेश्वरम में अर्पित करे तो मोक्ष मिलेगा। अतः निर्लोभी और विरक्त हिन्दु भी दक्षिण की यात्रा करना चाहेगा। शिव एक आदर्श गृहस्थ हैं। पार्वती ने कठिन तपस्या से उन्हें पाया और सम्पूर्ण प्यार भी हासिल किया। केवल एक पत्नीव्रती है शिव तथा उनके केवल दो पुत्र है। बड़ा नियोजित, सीमित कुटुम्ब है। अन्य उदाहरण भी हैं। यशोदानन्दन की तीन पत्नियां और राधा तथा हजारों गोपिकायें अलग से सखा थीं। अयोध्यापति ने तो धोबी के प्रलाप के आधार पर ही महारानी को निर्वासित कर दिया था। नारी को सर्वाधिक महत्व शिव ने दिया जब पार्वती को अपने बदन में ही आधी जगह दे दी। अर्धनारीश्वर कहलाये। शिव प्रकृति के, पर्यावरण के रक्षक और संवारनेवाले हैं। किसान का साथी है बैल जिसे शिव ने अपना वाहन बनाकर मान दिया। नन्दी इसका प्रतीक है। पंचभूत को शिव ने पनपाया। क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, वे तत्व हैं जिनमें संतुलन बिगाड़कर आज के लोगों ने प्रदूषण, विकीर्णता और ओजोन परत की हानि कर दी है। यदि सब सच्चे शिवभक्त हो जाये तो फिर पंच तत्वों में सम्यक संतुलन आ जाये। भले ही अलगाववादी आज कश्मीर को भारत से काटने की साजिश करे, वे ऐतिहासिक तथ्य को नजरन्दाज नहीं कर सकते। शैवमत कभी हिमालयी वादियों में लोकधर्म होता था। जब शिव यात्रा पर निकले तो नन्दी को पहलगाम में, अपने अर्धचन्द्र को चन्दनवाड़ी में और सर्प को शेषनाग में छोड़ आये। अमरनाथ यात्री इन्हीं तीनों पड़ावों से गुजरते हैं। शिव कला के सृजनकर्ता हैं। ताण्डव नृत्य द्वारा नई विधा को जन्म दिया। नटराज कहलाये। डमरू बजाकर संगीत को पैदा किया। इतने कलावन्त है कि हर कुमारी शिवोपासना करती है कि शिव जैसा पति मिले। जनकनन्दिनी ने ऐसा ही किया था कि राम मिल गये। एक चर्चा अक्सर होती है। अन्य देवताओं का जन्मोत्सव मनाया जाता है, मगर शिव का विवाहोत्सव ही पर्व क्यों हो गया? शिव दर्शाना चाहते हैं कि सृजन और निधन शाश्वत नियम हैं।

— के. विक्रम राव

# महिलाओं को बराबरी को हक दिलाना



आज के युग में महिलाएं सिर्फ घर ही नहीं संभालतीं बल्कि देश और दुनिया की सफलता में भी अपना योगदान तेज़ी के साथ दे रही हैं और निरंतर बढ़ते हुए तकनीक के इस दौर में अपनी प्रतिभा और कार्य कौशल का लोहा मनवा रही हैं। महिलाओं के इसी हौसले और जज्बे को सराहने और सम्मान देने के लिए दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर साल मार्च माह की 8 तारीख को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है। जिस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य समाज में महिलाओं को बराबरी को हक दिलाना, महिला सशक्तीकरण पर जोर देना होता है। इस दिन विभिन्न संस्थाओं द्वारा महिलाओं का सम्मान किया जाता है, प्रत्येक वर्ष हमारा समाचार पत्र आपको अपने क्षेत्र की ऐसी महिला से मिलवाता है जिसने किसी भी क्षेत्र में विशेष योगदान दिया हो,आज हम भी अपने क्षेत्र की एक महिला से आपका परिचय कराना चाहते है जो शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दे रही है।

फिल्म निर्देश कमाल अमरोही और वैज्ञानिक खुशबू मिर्ज़ा के शहर अमरोहा ने पुरी दुनिया में शिक्षा, साहित्य व कला के क्षेत्र अपनी एक विशेष और विभिन्न ही पहचान बनाई है, अदब के इस शहर ने देश की तेज रफ्तार जिंदगी में कभी भी अपने आप को पीछे नहीं होने दिया, आज भी इस शहर की कई ऐसी शख्सियत है जो कला, साहित्य, विज्ञान, न्याय और विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने के लिए सदैव तत्पर है, जंगे आज़ादी में अगर इस शहर में बी अम्मा ने पहली महिला के तौर पर देश की आज़ादी में हिस्सा लिया तो अधिवक्ता आसिफा आलमी ने हमेशा महिलाओं के लिए आवाज़ उठाई, खुशबू मिर्ज़ा ने एक वैज्ञानिक के रूप में जो कामयाबी इस क्षेत्र को दिलाई उसको हमेशा याद किया जाता रहेगा। इन्ही लोगो में से एक नाम शाज़िया आबिदी का भी है, जो बच्चों की शिक्षा के लिए गत 20 वर्षो से पूरी तरह तत्पर है। शहर के सभ्रांत आबिदी परिवार से सम्बन्ध रखने वाली शाज़िया आबिदी 20 वर्ष से बाल शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है और अपने पति शिक्षक इमदाद आबिदी से प्रेरणा लेकर शाज़िया बाल शिक्षा पर कार्य कर रही है, इस सिलसिले में उन्होंने गत 20 वर्ष पूर्व शहर अमरोहा में प्ले स्कूल की स्थापना की और घर से ही बच्चो को ज्ञान बाटना शुरू किया।प्ले स्कूल पद्धति के माध्यम से बच्चो को अक्षरों का ज्ञान खेल खेल के माध्यम से देना शुरू किया। आज उनका शिक्षण संस्थान आबिदी प्ले स्कूल के नाम से ख्याति पा रहा है। शाज़िया आबिदी बताती है कि यदि बच्चो की बुनियाद मजबूत होगी तो उनका भविष्य उज्वल होगा, वोह देश की तरक्की का हिस्सा बनेगे। आज के नन्हे मुन्ने बच्चे हमारे देश का भविष्य है ऐसे में जरूरी है कि उनको नई पद्धति के साथ शिक्षा दी जाए। शाज़िया बताती है कि हम नए नए माध्यमों से बच्चो को शिक्षा देने का प्रयत्न करते है, बच्चो को नए नए खेल भी खिलाने की कोशिश करते है ताकि बच्चों का शिक्षा में मन बना रहे। कतर में एक सफल बैंक कर्मी की नौकरी को त्याग करके शाज़िया आबिदी ने अपने देश के लिए कुछ करने का सोचा और शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखा पहले उन्होंने बच्चो को इंग्लिश स्पीकिंग की क्लास दी बाद में बाल शिक्षा के कार्य करने का मन बना लिया, अपने विषय में वोह बताती है कि उनका सपना था कि वह अपने शहर के बच्चो के लिए कुछ कार्य करे, इस सिलसिले में परिवार और विशेष रूप से सास, ससुर और पति के साथ ने उनको मजबूती दी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**


**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# भारतीय पर्यटन उद्योग को पंख लगे



किशन सनमुखदास

**वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि भारत पर्यटन क्षेत्र का मुख्य आधार स्थल आदि अनादि काल से ही रहा है भारत की संस्कृति रीतिरिवाज आध्यात्मिक स्थल संस्कृति और विरासत इकोटूरिज्म और अमृत धरोहर और अभी हाल ही में विकसित एक अनोखे पर्यटन स्थल वाइब्रेट विलेज सहित अनेको पर्यटन स्थल है, जिसे देखने हजारों लाखों विदेशी सैलानी आते हैं जिसे मुख्य रूप से 43 गंतव्यों की उपरोक्त चार श्रेणियां में विभाजित किया गया है। वैसे तो पर्यटन क्षेत्र में हमेशा से विकास की दिशा में काम होते रहा है, परंतु यह क्षेत्र आज फ्रंटलाइन में आ गया क्योंकि दिनांक 7 मार्च 2024 को माननीय पीएम महोदय की जम्मू कश्मीर यात्रा में धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में काफी गंभीर सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें 1400 करोड रुपए से अधिक की पर्यटन क्षेत्र से संबंधित कई परियोजनाओं का शुभारंभ कर जम्मू कश्मीर को सौगात दी गई और वहां के कृषकों को भी 5000 करोड़ के समग्र कृषि विकास कार्यक्रम की घोषणा की गई**

चूंकि पर्यटन क्षेत्र के बारे में पीएम के संबोधन से पर्यटन उद्योग को पंख लग गए और बुलंदियों को छूना तय हो गया, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,देखो अपना देश पीपल चॉइस 2024, राष्ट्र की नवाज पहचाननें की पहली राष्ट्रव्यापी पहल शुरू। साथियों बात अगर हम दिनांक 7 मार्च 2023 को कश्मीर में घोषित चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना की करें तो, कार्यक्रम के दौरान पीएम ने सीबीडीडी योजना के तहत चयनित 43 पर्यटन स्थलों की घोषणा की।



केंद्रीय बजट 2023-24 के दौरान घोषित की गई अभिनव योजना का उद्देश्य पर्यटन स्थलों के विकास में तेजी लाकर शुरू से अंत तक पर्यटक अनुभव प्रदान करना है, साथ ही स्थिरता को बढ़ावा देना और पर्यटन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मकता लाना है। 43 गंतव्यों की पहचान चार श्रेणियों- संस्कृति और विरासत गंतव्य में 16, आध्यात्मिक स्थलों में 11, इकोटूरिज्म और अमृत धरोहर में 10 और वाइब्रेंट विलेज में 5 में की गई है। पीएम ने देखो अपना देश पीपल्स चॉइस 2024 के रूप में पर्यटन पर राष्ट्र की नब्ज पहचानने की पहली राष्ट्रव्यापी पहल शुरू की। राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण का उद्देश्य 5 पर्यटन श्रेणियों - आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विरासत, प्रकृति और वन्य जीवन, साहसिक और अन्य श्रेणियों में सबसे पसंदीदा पर्यटक आकर्षणों की पहचान करने और पर्यटकों की धारणाओं को समझने के लिए नागरिकों के साथ जुड़ना है। चार मुख्य श्रेणियों के अलावा, अन्य श्रेणी वह है जहां कोई अपने व्यक्तिगत पसंदीदा के लिए मतदान कर सकता है और अनछुए पर्यटन आकर्षणों और स्थलों जैसे वाइब्रेंट बॉर्डर विलेज, वेलनेस टूरिज्म, वेडिंग टूरिज्म आदि के रूप में छिपे हुए पर्यटन रत्नों को उजागर करने में मदद कर सकता है। यह मतदान अभ्यास भारत सरकार के नागरिक सहभागिता पोर्टल माइगोव प्लेटफॉर्म पर होस्ट किया जा रहा है। पीएम ने भारतीय प्रवासियों को अतुल्य भारत के राजदूत बनने और भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करने के लिए चलो इंडिया ग्लोबल डायस्पोरा अभिया शुरू किया। यहअभियान पीएम के आह्वान के आधार पर शुरू किया जा रहा है, जिसमें उन्होंने भारतीय प्रवासी सदस्यों से कम से कम 5 गैर-भारतीय मित्रों को भारत की यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया था।

3 करोड़ से अधिक प्रवासी भारतीयों के साथ, भारतीय प्रवासी सांस्कृतिक राजदूत के रूप में कार्य करते हुए भारतीय पर्यटन के लिए एक शक्तिशाली वाहक के रूप में काम कर सकते हैं। पीएम ने लगभग 43 परियोजनाएं भी शुरू कीं जो देश भर में तीर्थयात्रा और पर्यटक स्थलों की एक विस्तृत श्रृंखला विकसित करेंगी। इनमें आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में अन्नवरम मंदिर जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल; तमिलनाडु के तंजावुर और मयिलादुथुराई जिले और पुडुचेरी के कराईकल जिले में नवग्रह मंदिर; कर्नाटक के मैसूर जिले में श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर; राजस्थान के बीकानेर जिले में करणी माता मंदिर; हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में माँ चिंतपूर्णी मंदिर; गोवा में बेसिलिका ऑफ बॉम जीसस चर्च आदि शामिल हैं। परियोजनाओं में अरुणाचल प्रदेश में मेचुका एडवेंचर पार्क जैसे विभिन्न अन्य स्थलों और अनुभव केंद्रों का विकास; गुंजी, पिथोरागढ़, उत्तराखंड में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर अनुभव; अनंतगिरि वन, अनंतगिरि, तेलंगाना में इकोटूरिज्म क्षेत्र; सोहरा, मेघालय में मेघालय युग की गुफा का अनुभव और झरना ट्रेल्स का अनुभव; सिनामारा टी एस्टेट, जोरहाट, असम की पुनर्कल्पना; कांजली वेटलैंड, कपूरथला, पंजाब में इकोटूरिज्म का अनुभव जूली लेह जैव विविधता पार्क, लेहअन्य भी शामिल हैं। साथियों बात अगर हम भारत में विभिन्न पर्यटक स्थलों की करें तो पीएम का दृष्टिकोण इन स्थलों पर विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और सुविधाओं का निर्माण करके देश भर के प्रमुख तीर्थ और पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाना है। इसके अनुरूप, पीएम ने राष्ट्र को 1400 करोड़ रुपये से अधिक की स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजनाओं के तहत कई पहल शुरू की हैं। पीएम द्वारा राष्ट्र को समर्पित की जाने वाली परियोजनाओं में जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में हज़रतबल तीर्थ का एकीकृत विकास; मेघालय में पूर्वोत्तर सर्किट में पर्यटन सुविधाएं; बिहार और राजस्थान में आध्यात्मिक सर्किट; बिहार में ग्रामीण और तीर्थंकर सर्किट; तेलंगाना के जोगुलम्बा गडवाल जिले में जोगुलम्बा देवी मंदिर का विकास; और मध्य प्रदेश के अनूपुर जिले में अमरकंटक मंदिर की विकास योजनाएं शामिल हैं।

हजरतबल तीर्थ पर आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और सुविधाएं बनाने और उनके समग्र आध्यात्मिक अनुभव को बढ़ाने के लिए, हजरतबल तीर्थ का एकीकृत विकास परियोजना क्रियान्वित की गई है। परियोजना के प्रमुख घटकों में तीर्थस्थल की चारदीवारी के निर्माण सहित पूरे क्षेत्र का स्थल विकास; हजरतबल तीर्थ परिसर की रोशनी तीर्थस्थल के चारों ओर घाटों और देवरी पथों का सुधार; सूफी व्याख्या केंद्र का निर्माण; पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण साइनेज की स्थापना; बहुस्तरीय कार पार्किंग अन्य बातों के अलावा सार्वजनिक सुविधा ब्लॉक और तीर्थस्थल के प्रवेश द्वार का निर्माण शामिल है।

# महत्वपूर्ण प्रगति : भारत में उच्च शिक्षा के विकास का एक दशक



प्रो. हिमांशु राय

> भारत की प्रगति के चित्रपट में, बीता दशक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव की कहानी का जीवंत सूत्रधार रहा है। यह अवधि बदलाव को दर्शाती है, जहां शैक्षणिक संस्थान केवल ज्ञान के मंदिर भर नहीं रहे, बल्कि शिक्षण और समाज को समान रूप से आकार देते हुए नवाचार की आजमाइश बन गए। वैश्विक स्तहर पर हो रहे परिवर्तनों के बीच, भारत का उच्च शिक्षा क्षेत्र उत्तइरोत्तवर विकसित हो रहा है, धूप में कमल की तरह खिल रहा है, यह केवल संख्या में वृद्धि का ही नहीं, बल्कि क्षमता की जागृति का भी प्रतीक है, जो भविष्य को ज्ञान, कौशल और विजन के सूत्र से बुन रहा है। अब जबकि भारत विश्व के लिए मानव संसाधनों का सबसे बड़ा उत्पादक बनने की दिशा में क्रमिक रूप से आगे बढ़ रहा है।



हम भविष्य के संभावित घटनाक्रमों का अनुमान लगाते हुए बीते दशक में उच्च शिक्षा के परिदृश्य में भारत द्वारा की गई प्रगति पर विचार करते हैं। भारतीय उच्च शिक्षा परिदृश्य वर्ष 2013-14 में बड़े बदलाव की ओर अग्रसर होने के कारण एक अहम पड़ाव पर था। हालांकि उसकी प्रगति स्पष्ट थी, लेकिन पहुंच बढ़ाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समावेशिता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण चुनौतियां यथावत थीं। 18-23 वर्ष आयु वर्ग के लिए लगभग 23 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) के साथ पहुंच और नामांकन सीमित थे, जिनसे नितांत क्षेत्रीय असमानताएं एवं सामाजिक-आर्थिक बाधाएं प्रकट होती थीं।

723 विश्वविद्यालयों और 36,634 कॉलेजों सहित संस्थागत परिदृश्य, बुनियादी ढांचे की बाधाओं से विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में जूझ रहा था। वित्त4 पोषण एक और महत्वपूर्ण मुद्दा था, जीडीपी के 3.84 प्रतिशत के कुल शैक्षिक व्यय में से उच्च शिक्षा को सीमित आवंटन प्राप्त हो रहा था। यद्यपि एमओओसी जैसी डिजिटल पहल (एनपीटीईएल के एक प्रमुख उपलब्धि होने के नाते), उभर चुकी थी लेकिन असमान इंटरनेट कनेक्टिविटी और ढांचागत चुनौतियों के कारण उसकी पहुंच सीमित थी। ऑनलाइन शिक्षा, हालांकि संभावनाएं दर्शा रही थी, लेकिन मुख्यधारा के शिक्षण अनुभवों में पूर्ण एकीकरण के सामर्थ्य के साथ वह अपनी प्रारंभिक अवस्थाक में थी। इन चुनौतियों के बावजूद, वर्ष 2013-14 आत्मनिरीक्षण और सुधार का दौर भी रहा। इसने भविष्य में आगे बढ़ने की महत्वपूर्ण प्रेरणा का कार्य किया, जहां भारतीय उच्च शिक्षा पहुंच के अंतर को पाटने, गुणवत्ता बढ़ाने और परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों को अपनाने का प्रयास करेगी। 2014 के बाद के वर्ष भारतीय उच्च शिक्षा को परिवर्तनकारी पथ पर आगे बढ़ाने की दिशा में हुए ठोस प्रयासों के साक्षी रहे। शिक्षा तक पहुंच को व्याआपक बनाने, उसकी गुणवत्ता बढ़ाने और तकनीकी प्रगति को अपनाने के प्रति लक्षित सुधारों और पहलों ने इस परिदृश्य को नया आकार दिया। नए विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की विशेषकर वंचित क्षेत्रों में स्थापना से संस्थागत नेटवर्क में महत्वशपूर्ण वृद्धि हुई। साथ ही श्रेयस योजना, प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा योजना, सब्सिडी के माध्यम से छात्र ऋण को किफायती बनाने के प्रयास (केंद्रीय क्षेत्र ब्याज सब्सिडी योजना 2009 को मजबूत करना) और क्रेडिट गारंटी फंड आवंटन (सीसीएफ योजना 2015) करने आदि जैसे लक्षित छात्रवृत्ति कार्यक्रमों के साथ हाशिये पर मौजूद समुदायों तक इस पहुंच का विस्तार हुआ और देश भर में महत्वा्कांक्षाओं को प्रेरणा मिली। एआईएसएचई वर्ष 2021-22 के अनुसार, उच्च शिक्षा में नामांकन वर्ष 2014-15 में 3.42 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 4.33 करोड़ हो गया। जीईआर वर्ष 2014-15 में 23.7 से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 28.4 हो गया, महिला जीईआर वर्ष 2014-15 में 22.4 से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 28.5 हो गया। इस विस्तार के परिणामस्वरूप लाखों युवा उच्च शिक्षा में प्रवेश कर रहे हैं, जिसमें पहले से कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों के प्रतिनिधित्व में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 एक परिवर्तनकारी रोडमैप के रूप में उभरी है, जिसमें बहु-विषयक शिक्षा, कौशल विकास और उद्योग भागीदारी पर जोर दिया गया है। इस मूलभूत बदलाव का उद्देश्य स्नातकों को उपयुक्त कौशल से लैस करना और तेजी से विकसित हो रहे नौकरी बाजार में रोजगार क्षमता को बढ़ावा देना है। केवल मेट्रिक्स के संदर्भ में ही नहीं, बल्कि एनईपी ने, भारत में शिक्षा परिदृश्य को मौलिक रूप से फिर से परिभाषित करने के अपने प्रयासों की बदौलत इस क्षेत्र में हितधारकों के भीतर प्रेरणा और उत्थान की भावना जगाई है। विश्वविद्यालयों ने पाठ्यक्रम में संशोधन को अपनाया, लचीली क्रेडिट प्रणाली, पसंद-आधारित पाठ्यक्रम और उद्योग के अनुरूप विशेषज्ञता की शुरुआत की। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों प्रकार के अग्रणी संस्थानों के साथ सहयोगपूर्ण अनुसंधान संबंधी पहल समृद्ध हुई, जिससे वैश्विक मंच पर भारत के अनुसंधान आउटपुट को बढ़ावा मिला। शिक्षक एवं शिक्षण पर पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन, गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम, नेशनल मिशन ऑन मेंटरिंग, अटल एफडीपी आदि जैसे शिक्षक प्रशिक्षण प्रयासों का संकाय विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्वयं (जिसे वर्ष 2016 में पाठ्यक्रमों के संदर्भ में विस्तारित और समृद्ध किया गया) और एमओओसी जैसे डिजिटल शिक्षा प्लेटफार्मों के उदय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच में क्रांति ला दी। ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रमों ने विकल्पों का और अधिक विस्तार किया। राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना परिवर्तनकारी हो सकती है। देश भर में इंटरनेट कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर केंद्रित डिजिटल इंडिया और भारतनेट जैसी पहलों ने डिजिटल शिक्षण उपकरणों को व्यापक रूप से अपनाने का मार्ग प्रशस्त किया। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत की प्रगति उसके प्रभावशाली अनुसंधान आउटपुट और नवाचार से भी जाहिर होती है। जैसा कि यूएस नेशनल साइंस फाउंडेशन की 2022 की रिपोर्ट में कहा गया है, वैज्ञानिक प्रकाशनों के क्षेत्र में भारत वर्ष 2010 में वैश्विक स्तर पर सातवें स्थायन से लंबी छलांग लगाते हुए वर्ष 2020 में तीसरे स्थान पर रहा। वर्ष 2017 और वर्ष 2022 के बीच अनुसंधान आउटपुट में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वैश्विक औसत से अधिक रही।

# भारत के कृषि क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं



कुचिभोटला श्रीनिवास

**भारत के कृषि क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं जिन्हें अपर्याप्त फार्म-गेट पोस्ट-हार्वेस्ट बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण बाधाओं को दूर करने की स्थिति में महसूस किया जा सकता है। भारत सरकार ने कृषि क्षेत्र के विकास और किसानों की आय को दोगुना करके उनकी समृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फार्म-गेट अवसंरचना की बाधाओं को दूर करने का लक्ष्य रखकर वर्ष 2020 में 1,00,000 करोड़ के महत्वाकांक्षी परिव्यय से दूरदर्शी पहल-कृषि-अवसंरचना कोष योजना का शुभारंभ किया। एआईएफ योजना का उद्देश्य फार्म-गेट अवसंरचना और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों में निवेश के लिए मध्यम से दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण को आसान बनाना है। योजना के अंतर्गत, वित्तीय संस्थान वित्तीय वर्ष 2020-21 से 6 वर्षों के लिए 1,00,000 करोड़ तक का ऋण प्रदान करेंगे। यह योजना सात वर्षों की अवधि के लिए 2.0 करोड़ तक की ऋण राशि पर प्रति वर्ष 3 प्रतिशत की ब्याज छूट प्रदान करती है। भारत सरकार द्वारा इस योजना का कार्यान्वयन सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें फार्म-गेट अवसंरचना की जरूरतों को विकसित करने के लिए जमीनी वास्तविकता के प्रति अनुकूलनीयता, लचीलापन और संवेदनशीलता में आसानी है।**

एआईएफ के लिए अन्य सभी योजनाओं के साथ तालमेल बिठाने की संभावना सहायक रही, जिससे फार्म-गेट अवसंरचना में निवेश की बढ़ी हुई व्यवहार्यता के साथ-साथ तेजी से योजना को अपनाने में महत्वपूर्ण वृद्धि सुनिश्चित हुई। इस योजना ने 55,600 से अधिक आवेदनों से 66,007 करोड़ रुपये से अधिक के फार्म-गेट अवसंरचना में प्रतिबद्ध निवेश के साथ कृषि क्षेत्र को बढ़ावा दिया है। इस योजना के अंतर्गत 23,949 करोड़ रुपये के वितरण सहित अब तक 39,306 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया जा चुका है। इस योजना को कृषि उद्यमियों, किसानों और पैक्स से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है।



सभी राज्यों ने इस योजना को अपनाया है, जिसमें 10,000 आवेदनों के साथ पंजाब सबसे आगे है, उसके बाद मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र का स्थान है। कस्टम हायरिंग सेंटर, वेयरहाउस और प्राइमरी प्रोसेसिंग सेंटरों को 12,000 से अधिक आवेदकों से काफी आकर्षण मिला है। इस योजना का लाभ राज्यों द्वारा उठाया गया और इसे विभिन्न मॉडलों के माध्यम से लागू किया गया कृषि-उद्यमिताः यह मॉडल संपूर्ण कृषि मूल्य श्रृंखला में आवश्यकता आधारित फार्म-गेट अवसंरचना के निर्माण के लिए स्थानीय उद्यमिता की ताकत का लाभ उठाता है। पैक्स-संचालन- यह मॉडल किसानों की जरूरतों को समझने और उसके अनुसार फार्म गेट अवसंरचना का निर्माण करने के लिए प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाता है। एफपीओ-संचालनःइस मॉडल ने एफपीओ पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ उठाते हुए आवश्यक अवसंरचना के निर्माण में मदद की है, जिससे एफपीओ के लिए अतिरिक्त व्यवसाय विकसित करने में भी मदद मिली। समूह-आधारितः यह मॉडल उन किसानों या उद्यमियों की सामूहिक शक्ति का लाभ उठाता है जिनकी भूगोल/फसल के प्रकार के आधार पर समान आवश्यकताएँ और चुनौतियाँ होती हैं। इस अवसंरचना विकास ने प्रत्येक समूह की विशिष्ट आवश्यकताओं को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा किया। भारत सरकार की जागरूकता और प्रचारात्मक पहल के कारण योजना का सफल कार्यान्वयन संभव हुआ। भारत सरकार ने योजना के बारे में लक्षित समूहों के बीच जागरूकता और ज्ञान पैदा करने के लिए एक बहु-आयामी रणनीति अपनाई है। योजना में भागीदारी बढ़ाने के लिए व्यापक दृष्टिकोण; प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और सोशल मीडिया परव्यापक अभियानों के माध्यम से इसके उद्देश्यों, लाभों और पात्रता मानदंडों की तरफ किसानों, उद्यमियों एवं अन्य हितधारकों का ध्यान आकर्षित कर संभव हो पाया। आवेदन प्रक्रिया को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ सुव्यवस्थित किया गया जो समर्पित हेल्प लाइनों और संसाधन केंद्रों के साथ न्यूनतम कागजी कार्रवाई सुनिश्चित करता है। पिछले तीन वर्षों में, 91 प्रतिशत की सीएजीआर सहित आवेदनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इस उपलब्धि का श्रेय सरकार की समावेशिता सुनिश्चित करने की मजबूत प्रतिबद्धता को दिया जा सकता है। इस योजना का प्रभाव उल्लेखनीय रहा है, जिसे विभिन्न हितधारकों की भागीदारी के पैमाने, फार्म-गेट अवसंरचना की चौड़ाई और गहराई और व्यापक भौगोलिक प्रसार के साथ देखा जा सकता है। एआईएफ योजना के तहत स्वीकृत फार्म-गेट अवसंरचना की वर्तमान और भविष्य की प्रगति से फसल कटाई उपरांत प्रबंधन, कृषि उपज के भंडारण और रसद में सुधार होगा, खाद्य अपव्यय कम होगा, किसानों की आय में वृद्धि होगी और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा। यह योजना कृषि उपज के मूल्यवर्धन में रोजगार सृजन को भी सक्षम बनाएगी और ग्रामीण-शहरी भौगोलिक क्षेत्रों के बीच आय विभाजन को कम करते हुए ग्रामीण आय में विविधता लाएगी। फार्मगेट अवसंरचना का निर्माणः वर्तमान में, 55,600 से अधिक पोस्ट-हार्वेस्ट और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों को मंजूरी दी गई है, जिनमें महत्वपूर्ण 94 प्रतिशत अवसंरचना ग्रामीण क्षेत्रों में है। फसल कटाई के उपरांत हुए नुकसान में कमीः11,533 से अधिक शुष्क गोदामों और 1,601 शीत भंडारण परियोजनाओं को मंजूरी देने के साथ कृषि-मूल्य श्रृंखला का विकास देखा जा रहा है। पूरी की गई परियोजनाओं ने लगभग 312 एलएमटी भंडारण क्षमता को जोड़ा है, जिससे फसल कटाई उपरांत लगभग 11 एलएमटी खाद्यान्न और 2.9 एलएमटी बागवानी उपज के नुकसान में कमी आई है। मूल्य संवर्धन और बेहतर मूल्य प्राप्तिः इस योजना से किसानों के लिए भंडारण से परे वैल्यू अनलॉकिंग का प्रभाव पड़ने की उम्मीद है क्योंकि यह लाभार्थियों को प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयां, ग्रेडिंग सुविधाएं, पैकेजिंग इकाइयां स्थापित करने, उनकी उपज में मूल्यवर्धन करने और उन्हें बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस योजना ने किसानों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने और बिचौलियों को समाप्त करने के लिए वैकल्पिक माध्यम और बेहतर बाजार संपर्क बनाने के लिए ई-विपणन प्लेटफार्मों को सहायता की है। मूल्यवर्धन अवसंरचना और सेवाओं के माध्यम से किसानों के लिए वैल्यू अनलॉकिंग से उनकी उपज के लिए 11-14 प्रतिशत अधिक लाभ होने की उम्मीद है। रोजगार सृजन और ग्रामीण विकासः किसानों के लिए आय सृजन के अलावा भी इस योजना का प्रभाव पड़ेगा। इस योजना से पहले ही 5.5 लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हो चुके हैं और 1,00,000 करोड़ रुपये के वितरण से इस क्षेत्र में 14 लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

# धूमधाम से मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**अवधनामा संवाददाता**

**कौशाम्बी।** जिले में महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम जनपद के कई स्थानों पर मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी। शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर रवि किशोर त्रिवेदी ने सावित्री बाई फूले राजकीय बालिका विद्यालय,कोईलहा में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मेगा इवेन्ट अनन्ता कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया।



मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित महिलाओं को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें देते हुये विस्तार पूर्वक चर्चा कर बताया गया कि प्रति वर्ष 08 मार्च को विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रसंशा, महिलाओं के आर्थिक राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाईयों के सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं पर प्रकाश डालते हुये उनके अधिकारों एवं उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की गयी। विद्यालय की छात्राओं द्वारा इस अवसर पर विभिन्न मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की बालिकाओं द्वारा रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं तथा अपने कार्यक्षेत्र में अग्रणी रहते हुये महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान देने वाली महिलाओं को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, विद्यालय स्टाफ, छात्रायें, जनपद में कार्यरत स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधि एवं अधिक संख्या में महिलायें उपस्थित रहीं। अन्त में सावित्री बाई फूले राजकीय बालिका विद्यालय कोईलहा की प्रधानाध्यापिका द्वारा महिलाओं के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाये जाने एवं प्रधानमंत्री के विकसित भारत की संकल्पना पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान कर आभार व्यक्त करते हुये कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की गयी।

## जिलाधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सिराथू विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने सभी कर्मचारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश। इस बीच उन्होंने एक एक बूथ पे जाकर सुविधाओं का जायजा लिया। शुक्रवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत विधानसभा सिराथू के अंतर्गत सर्वाधिक बूथ वाले मतदान केंद्र-उच्च प्राथमिक विद्यालय हौली पर, एस0ए0वी0 इंटर कॉलेज सैनी, श्री हनुमान इंटर कॉलेज अझुवा,उच्च प्राथमिक विद्यालय सौरई बुजुर्ग, उच्च प्राथमिक विद्यालय कड़ा, गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज दारानगर तथा श्री रणजीत पंडित इंटर कॉलेज शहजादपुर का निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं- पेयजल, शौचालय, बिजली एवं रैम्प आदि वस्तुस्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान बी0एल0ओ0 से मतदाताओं की संख्या एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या आदि जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग मतदाताओं को उनकी इच्छानुसार अगर वे घर से मतदान करना चाहते है तो निर्धारित फार्म को भरवा लिया जाय।

# स्वामी योगानंद की पुण्यतिथि पर क्रियायोग आश्रम पहुंचे अखिलेश

**दीप जलाकर की आराधना**

**लखनऊ।** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव स्वामी योगानंद के पुण्यतिथि समारोह में हिस्सा लेने के लिए क्रियायोग आश्रम भी पहुंचे। यहां उन्होंने वटवृक्ष के नीचे दीप जलाकर आराधना की। दोपहर तीन बजे पहुंचे पूर्व सीएम ने स्वामी योगी सत्यम से आश्रम के विविध सेवा प्रकल्पों के बारे में जानकारी ली। योगी कथामृत नामक सुप्रिसिद्ध सद्ग्रथ के लेखक परमहंस योगानंद की महासमाधि अवसर पर क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान के आध्यात्मिक परिसर में पूर्व सीएम अचानक पहुंचे। वहां उन्होंने दो दिवसीय विशेष महासमाधि समारोह का दीप जलाकर शुभारंभ किया। क्रियायोग आश्रम के पावन वटवृक्ष के नीचे परमहंस योगानंद के चित्र के सामने दीपक जलाकर उन्होंने प्रार्थना भी की।



इस दौरान क्रियायोग वैज्ञानिक स्वामी योगी सत्यम ने ज्ञानावतार लाहिड़ी महाशय की ज्ञान निधि से देश -विदेश के अनुयायियों को परिचित कराया। कहा कि सत्य, अहिंसा और प्रेम का अभ्युदय सिर्फ क्रियायोग अभ्यास से संभव है। स्वामी योगी सत्यम ने बताया कि सात मार्च 1952 को लॉस एंजेलिस के बिल्टमोर होटल में आयोजित प्रतिभोज में 50 देशों के राजदूतों के समक्ष परमहंस योगानंद ने भारत के नाम अपना संदेश देते हुए महासमाधि में प्रवेश किया था। महासमाधि के उपरांत 20 दिन तक उनके शरीर में किसी प्रकार का विकार नहीं आया था। परमहंस योगानंद के पार्थिव शरीर में किसी भी प्रकार के विकारों का न आना दुनिया के लिए अत्यंत असाधारण अनुभव रहा है। न तो उनकी त्वचा के रंग में किसी प्रकार का परिवर्तन हुआ था, न शरीर तंतुओं में शुष्कता ही आई थी।

## भू माफिया ने दलितों की भूमि पर कब्जे की नीयत से गिराई दीवार

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** कौशाम्बी थाना क्षेत्र के ग्राम जाठी के रहने वाले दलित समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर भाजपा नेता पर आरोप लगाया है कि वह उनकी जमीन पर कब्जे की नीयत से बनी हुई दीवार को रात के अंधेरे में जेसीबी चलवाकर ध्वस्त कर दिया। इसकी शिकायत जब करारी थाने में की गई तो पुलिस ने भी कोई कार्यवाही नहीं की। पुलिस अधीक्षक ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। गुरुवार को करारी थाना क्षेत्र के निवासी राज बहादुर,जाठी गांव निवासी सोनिया देवी पत्नी राम प्रताप,मीना कुमारी पत्नी गणेश प्रसाद,राम चन्द्र पुत्र राम खेलावन,पुष्पा देवी पत्नी दीना नाथ,पार्वती पत्नी राम बहोरी, शिव कली पत्नी संतलाल, धर्मेंद्र पुत्र राम सुरेमन,मीनाक्षी पत्नी सत्यनारायण, शिव भवन पुत्र दशरथ लाल,चन्द्र भवन पुत्र दशरथ लाल,सोनकली पत्नी घनश्याम, महेंद्र सहित कई लोगों ने शिकायती पत्र देकर बताया है कि मंझनपुर क्षेत्र के भाजपा नेता वर्तमान ग्राम प्रधान ने हमारी जमीन जो कि प्रयागराज-कौशाम्बी जाने वाले मुख्य मार्ग पर जाठी गांव थाना कौशाम्बी के पास स्थित है। सभी की उक्त मार्ग पर बेशकीमती जमीन है। कुछ दिनों से उक्त जमीन पर मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम प्रधान जो कि अपने आप को भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री का करीबी बताता है। पिछले 28 फरवरी को उसने जमीन पर बनी चहार दीवारी को स्थानीय पुलिस से मिली भगत कर रात के समय जेसीबी मशीन लाकर दीवार गिरवा दिया। जब इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई तो दबंग भाजपा नेता के खेलाफ़ कोई कार्यवाही नहीं कि। ग्रामीणों का आरोप है कि दबंग शिकायत करने पर देख लेने की धमकी दे रहा है। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देश पर कौशाम्बी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



# उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिले सिंधी समाज के प्रतिनिधि

**भगवान झूलेलाल की जयंती पर अवकाश करने की मांग की**



**लखनऊ।** सिन्धी समाज व चेट्टीचंद मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने भगवान झूलेलाल जी की जयंती पर 10 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के सामने रखी। इसे लेकर उनसे मुलाकात की। सभी ने कहा कि सिंधी समाज के ईस्ट देव भगवान झूले लाल जी जयंती पर सार्वजनिक छुट्टी घोषित होनी चाहिए। जानकारी हो की 10 अप्रैल को सिंधी समाज अपने ईष्ट देव भगवान झूले लाल जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश में बहुत ही धूम धाम से मनाएगा। संगठन के प्रवक्ता अशोक मोतियानी, अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष सतेंद्र भावनानी, संयुक्त मंत्री सतीश आडवानी, सुरेश छबलानी, श्याम कृषनानी सहित दीपक लालवानी व हंसराज राज्यपाल ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात की। मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी व रतन मेघानी ने संयुक्त रूप से बताया की सिंधी समाज उत्तर प्रदेश में 20 लाख से भी अधिक तादात में है और लंबे समय से भाजपा का समर्थक है। सिंधी समाज का यह जंयती समारोह साल का एक ही सबसे बड़ा त्योहार है जिससे पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। प्रवक्ता अशोक मोतियानी वा सुरेश छबलानी ने कहा की (गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान में झूलेलाल जयंती पर पहले से अवकाश घोषित है) सिर्फ उतर प्रदेश ही एक ऐसा राज्य है जहां सिंधी समाज के ईष्ट देव भगवान झूले लाल जी की जयंती पर छुट्टी घोषित नहीं होती है। इसके अलावा, सिंधी समाज ने उप मुख्यमंत्री से यह भी मांग की है कि सिंधी कल्याण बोर्ड का गठन भी किया जाना चहिए जिससे सिंधी समाज की समसाएं निपटाई जा सकें। उप मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में पंजाबी समाज के अनिल बजाज राम बालानी, किशनचंद बमनानी, रतन मेघानी, संजय जसवानी, सुरेश छबलानी, श्याम किर्षनानी, दीपक लालवानी सहित अन्य शामिल हुए।

## यूपी बोर्ड हाई स्कूल और इंटर परीक्षाएं आज होंगी समाप्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के बाद इसमें सम्मिलित हुए 50 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं की 3 करोड़ से अधिक उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य 16 से 31 मार्च 2024 तक संपन्न कराए जाने की जानकारी हाल ही में साझा की गई थी। मूल्यांकन के बाद नतीजों की घोषणा की तैयारियां शुरू होंगी। इस बीच परिषद ने जानकारी साझा करते हुए बताया है कि अतिरिक्त सुरक्षा के उद्देश्य से सभी मूल्यांकन केंद्रों की ऑनलाइन निगरानी की भी व्यवस्था की गई है। UPMSP सचिव दिब्यकांत शुक्ल द्वारा साझा की गई जानकारी के मुताबिक यूपी बोर्ड मुख्यालय में बनाए गए कमांड कंट्रोल रूम से हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के केंद्रों एवं स्ट्रॉन्ग रूमों की जिस तरह से ऑनलाइन निगरानी कराई जा रही है, उसी तरह उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए बनाए गए केंद्रों की भी ऑनलाइन निगरानी कराई जाएगी। इसके लिए मूल्यांकन केंद्रों के कक्षों को कमांड कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। सचिव ने बताया कि इस बार प्रदेश में कुल 260 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 83 राजकीय एवं 177 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। इन केंद्रों के कक्षों में परीक्षकों के अतिरिक्त किसी और के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। संकलन केंद्र (कोठार) भी कमांड कंट्रोल रूम की निगरानी में होगे।बता दें कि क्करूस्क्क द्वारा उत्तर प्रदेश में हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 22 फरवरी 2024 से किया जा रहा है। दोनों ही कक्षाओं की परीक्षाएं इस शनिवार, 9 मार्च 2024 को समाप्त होने जा रही है।




## पुलिस मुठभेड़ में गौ तस्कर के पैर में लगी गोली

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के रोही पुल के पास पुलिस और गौ तस्कर के बीच मुठभेड़ हो गई।दोनों तरफ से।कई राउंड फायरिंग के बाद पुलिस ने गौ तस्कर को गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है।पुलिस को मिली बड़ी सफलता। पुलिस व गौ तस्कर के साथ हुई मुठभेड़। गौ तस्कर रेहान ने पुलिस की टीम पर की थी फायरिंग। जवाबी फायरिंग में गौ तस्कर रेहान के दाहिने पैर में लगी गोली। गौ तस्कर रिहान को पुलिस ने कराया अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां वह खतरे से बाहर है। गुरुवार की रात कोखराज पुलिस को मुखबिर से गौ तस्कर के रोही पुल के पास छुपे होने की सूचना मिली। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दी तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में चमरुपुर निवासी रेहान के पैर में गोली लग गई। इससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। आननफानन पुलिस ने घायल रेहान को जिला अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया है।

# महाशिवरात्रि पर भोले बाबा का अद्भुत श्रृंगार मंदिरों के बाहर सुबह से लगीं लंबी लाइनें





**लखनऊ।** महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव के मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। लोग सुबह से ही दर्शन-पूजन के लिए लंबी लाइनें लगाकर खड़े हैं। श्रद्धालु मंदिरों में जलाभिषेक करने के बाद शिव लिंग को बेल-पत्र अर्पित कर रहे हैं। महाशिवरात्रि को लेकर कल रात से ही तैयारियां शुरू कर दी गईं थीं। मंदिरों की साफ-सफाई करने के साथ ही सज्जा की जाने लगी थी। लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर में भगवान शिव-पार्वती का अद्भुत श्रृंगार हुआ। मनकामेश्वर मंदिर में भगवान शिव व माता पार्वती का अद्भुत श्रृंगार किया गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने को लेकर पहले से ही तैयारियां की गई थीं। कई शहरों में यातायात में बदलाव किया गया है। मंदिर वाले मार्गों में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। शिवभक्तों ने मंदिर मे दिया जलाकर और आरती कर भगवान शिव की आराधना की। मोहन रोड बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार करते शिवभक्त। बाराबंकी के रामनगर तहसील क्षेत्र में स्थित पौराणिक तीर्थ स्थल श्री लोधेश्वर महादेवा में शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। महाशिवरात्रि के मौके पर मंदिर के कपाट नहीं बंद किए गए और पूरी रात जलाभिषेक चलता रहा। सुबह 3 के बाद भीड़ इतनी बढ़ गई कि मंदिर से लेकर मुख्य सड़क तक श्रद्धालुओं की कतार लग गई। अपने आराध्य को जल गंगाजल, शहद, पुष्प, दूध, दही, फल, मिष्ठान अर्पित करने के लिए श्रद्धालु भक्ति भाव से महादेवा में मौजूद है और हर हर महादेव का उद्घोष कर रहे हैं। अमेठी में महाशिवरात्रि पर्व पर जिले के सभी शिवालयों पर आस्था का सैलाब उमड़ा दिखाई पड़ा। भोर से ही क्षेत्र स्थित सभी शिवालय बोल बम, ओम नमः शिवाय और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर विधि विधान से रुद्राभिषेक किया।

# कैलिफोर्निया में बेटे के अंतिम दर्शन करने जा सकेंगी कमला, एक दिन में बना पासपोर्ट

**पांच साल पहले हो चुकी है पिता की मौत**

**लखनऊ।** बरेली के क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने बिजनौर की कमला को एक दिन में पासपोर्ट बनाकर दिया है, ताकि वह अमेरिका के कैलिफोर्निया में जाकर अपने बेटे के अंतिम दर्शन कर सकें। कमला के बेटे की 24 फरवरी को कैलिफोर्निया में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी शव भारत नहीं आ सका। बेटे के अंतिम दर्शन करने के लिए कमला ने क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था।





बिजनौर के गांव टांडा साहूवाला निवासी राज सिंह उर्फ गोल्डी (29) करीब डेढ़ साल पहले गुरुद्वारे में रागी का कार्य करने के लिए कैलिफोर्निया गए थे। बताते हैं कि 24 फरवरी की रात गुरुद्वारे में जत्थे के साथ कीर्तन करने के बाद गोल्डी गुरुद्वारे के बाहर सड़क पर पहुंचे। तभी हथियारबंद अज्ञात बदमाशों ने उन पर गोलियों की बौछार कर दी थी। गोल्डी की मौके पर ही मौत हो गई थी। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि शव भारत नहीं आ पाने की स्थिति में गोल्डी की मां कमला बेटे के अंतिम संस्कार को कैलिफोर्निया जाना चाहती थीं। इसलिए उन्होंने पासपोर्ट के लिए आवेदन किया। मानवीयता के आधार पर सारी प्रक्रियाएं पूरी कर महज एक दिन में उनका पासपोर्ट बनाकर तैयार किया गया है। पासपोर्ट मिलने के बाद कमला अब कैलिफोर्निया जाकर अपने बेटे के अंतिम दर्शन कर सकेंगी। राज सिंह उर्फ गोल्डी के पिता धीरे सिंह की पांच वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई थी। गोल्डी की मां कमला देवी ने गोल्डी समेत चार बच्चों का पालन पोषण किया। डेढ़ वर्ष पूर्व गोल्डी घर की गरीबी दूर करने की आस में अमेरिका के शहर सेल्मा स्थित एक गुरुद्वारा में रागी का काम करने गए थे। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गोल्डी के परिवार में मां कमला देवी, छोटा भाई मोंटी व दो छोटी बहनें प्रीति कौर और प्रियंका हैं।

# मंत्री बनने के बाद रालोद कार्यालय पहुंचे विधायक अनिल का भव्य स्वागत



**लखनऊ।** यूपी सरकार में मंत्री बने राष्ट्रीय लोक दल के विधायक अनिल कुमार जब शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर पहुंचे तो उनका भव्य स्वागत हुआ। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि पार्टी अध्यक्ष जयंत चौधरी ने पहले मुझे विधायक और फिर कैबिनेट मंत्री बनाया। इसका भी श्रेय उनको जाता है। उन्होंने कहा कि हम आने वाले समय में पार्टी संगठन को मजबूत करेंगे। पार्टी की चौधरी साहब की नीति के अनुरूप किसान, मजदूर और कामगार को आगे बढ़ाने, युवाओं को रोजगार दिलाने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि जब हम विपक्ष में थे तो भी लड़े। आगे भी लड़ते रहेंगे। एनडीए गठबंधन काम कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम कर रहे हैं। योजनाएं चला रहे हैं। प्रदेश में भी कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जो भी जिम्मेदारी देंगे। उस विभाग की योजनाओं को आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा। मैं एक किसान परिवार से आया हूं। कभी सोचा नहीं था कि यहां तक पहुंचूंगा। उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी ने मेरे समाज का भी सम्मान किया है। मैं 10 साल बसपा में भी विधायक रहा हूं। वहां भी दलित समाज उपेक्षित है। हम वंचित रहे हैं। जयंत चौधरी ने पूरा सम्मान दिया है। जो कर्ज चढ़ाया है, उसे उतारने का काम करेंगे। लोकसभा में गठबंधन को 80 सीट की जीत के लिए काम करेंगे।

# हमें अपनी मातृभाषा को नहीं भूलना चाहिए : सिंह

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने कहा, हमें अपनी मातृभाषा का सम्मान करना चाहिए। मातृभाषा का प्रचार-प्रसार करने वाले कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

जन्म के बाद जो भाषा सबसे पहले हमें सुनने को मिलती है, वहीं हमारी मातृभाषा है। बड़े होने पर हम शिक्षा और रोजगार के चलते दूसरी भाषाओं को अपना लेते है, लेकिन हमें अपनी प्राथमिक भाषा को भी नहीं भूलना चाहिए। प्रो. सिंह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि, कॉलेज ऑफ नर्सिंग की डीन डॉ.एसपी सुभाषिनी, डॉ.पूनम शर्मा, वाइस प्रिंसिपल प्रो. जसलीन एम. आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। संचालन छात्रा आस्था ने किया। इस मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रोग्राम भी हुए। अंत में सभी विजेता टीमों और प्रतिभागियों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर कुकिंग प्रतियोगिता में एएनएम थर्ड ईयर के स्टुडेंट्स मुस्कान, पारूल और छवि का ग्रुप एफ- क्लेवर कुक्स विजेता रहा। एएनएम सेकेंड ईयर की स्टुडेंट्स- कोमल, ललिता और सोनिका के ग्रुप सी- टेस्टी टोली ने द्वितीय, जबकि बीएससी प्रथम वर्ष के स्टुडेंट्स धनुषा एस. परवीन, हरिकृष्णा, ऑस्टिन चाको के ग्रुप बी- द टेस्ट फाम गॉड ऑन कंट्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दिव्या नायर एंड समूह ने केरल का तिस्वादिशा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी, जबकि इशिता ग्रोवर एंड ग्रुप ने पंजाब का शानदार गिद्दा नृत्य पेश किया। प्रो. जसलीन एम ने तमिल साहित्य की कृति थिस्कुरल का काव्य पाठ किया। इशिका मालविया और किंजल ने कथक नृत्य किया। प्रो. वेदमूर्ति ने कन्नड भाषा में काव्यपाठ करके खूब तालियां बटोरीं। आस्था और प्राची तागुना ने उत्तराखंड के चोलिया-कुमाऊंनी नृत्य करके दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बुशरा ने मारवाडी में कविता का वाचन किया, जबकि मानसी और प्रिया ने जाट-जाटनी नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी को झूमने पर मजबूर किया। कार्यक्रम में श्रीमती हरिता एम. नायर, सुश्री तानिया शर्मा, सुश्री हुमा कौसर आदि के संग-संग दीगर फैकल्टीज और नर्सिंग के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र में तीसरी बार फिर पीएम बनने जा रहे

- स्वयं जनता इस बार के चुनाव में 400 पार का नारा दे रही
- भारत सरकार रक्षा मंत्रालय के सैनिक स्कूल सोसायटी के अधीन न्यू सैनिक स्कूल का हुआ शुभारंभ
- अभिभावक बच्चों पर कैरियर के लिए न डालें दबावः खन्ना
- सैनिक स्कूल परिसर में 52 फीट ऊंचे तिरंगे झंडे का भी लोकार्पण किया




वहाज अली निहाल

**इटावा।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र में तीसरी बार फिर पीएम बनने जा रहे हैं। स्वयं जनता इस बार के चुनाव में 400 पार का नारा दे रही है। प्रदेश सरकार ने आर्थिक गति को रफ्तार पकड़ाई है। भारत देश सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के विकास में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। इसका सीधा लाभ आम लोगों को मिल रहा है। उक्त उदगार उदी में पीपीपी मॉडल पर आधारित सैनिक स्कूल का शुभारंभ समारोह में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने व्यक्त किये। उन्होंने विद्यालय के छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे देश की उन्नति के लिए आगे आएं सैनिक स्कूल में 1 अप्रैल से कक्षाएं प्रारम्भ हो जाएगी। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आगे कहा है कि इंडिया गठबंधन ज्यादा दिनों तक चलने वाला नहीं है। यह अलग-अलग विचारधाराओं से जुड़े दलों का गठबंधन है जो जल्द ही टूट जाएगा और इसकी शुरुआत भी हो गई है। यहां पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन बनाए जरूर गया है लेकिन इन सभी दलों की विचारधारा अलग है और भी ज्यादा दिनों तक साथ नहीं चल पाएंगे। यह गठबंधन टूट जाएगा और एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी वर्गों के लिए कार्य किया है देश को उन्नति के रास्ते पर आगे बढ़ाया है और सभी के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों की भी महती जिम्मेदारी है और अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों पर कैरियर को लेकर अनावश्यक दबाव न बनाएं। उन्होंने कहा सैनिक स्कूल खुल जाने के बाद इटावा के बच्चों को सैनिक शिक्षा भी मिल सकेगी। सैनिक स्कूल इटावा में स्थापित करने के लिए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने परिश्रम किया है जिन्हें सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि शिक्षा धन सबसे बड़ा है शिक्षा से मानसिकता बदलती है बुद्धि का विकास होता है। श्री खन्ना ने कहा कि बुद्धि पैसे से नहीं बल्कि शिक्षा से आती है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्वानों ने भी कहा है कि शिक्षा सर्वोपरि है उन्होंने गीता के श्लोक और आचार्य चाणक्य के संदेशों के माध्यम से कहा कि हमें अपने बच्चों को संस्कारवान बनाना है। सदर विधायक सरिता भदोरिया ने कहा कि भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा देश में 100 न्यू सैनिक स्कूल खोले जाने का लक्ष्य रखा गया है। उसी क्रम में इटावा सैनिक स्कूल एक नई कड़ी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी व केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सहयोग और आशीर्वाद से इटावा में सैनिक स्कूल की स्थापना की गई है यहां बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जाएगी। सैनिक स्कूल के वाइस चेयरमैन आशीष भदौरिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया इस मौके पर सैनिक स्कूल परिसर में 52 फीट ऊंचे तिरंगे झंडे का भी लोकार्पण किया गया।

### कार्यक्रम के दौरान यह रहे मौजूद

**इटावा।** पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी भाजपा नेता शिव महेश दुबे गोपाल मोहन शर्मा इंजीनियर हरीकिशोर तिवारी डॉक्टर रमाकांत शर्मा सैनिक स्कूल मैनपुरी के प्रधानाचार्य अग्निवेश पांडे सैनिक स्कूल इटावा के प्रधानाचार्य अवनीश चतुर्वेदी एसएमजीआई ग्रुप के अध्यक्ष विवेक यादव सीबीएसई के सिटी कॉर्डिनेटर डा.आनन्द मोहन डॉक्टर कैलाश यादव जिलाधिकारी अवनीश राय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा विश्व हिंदू परिषद की नेत्री उर्मिला भदौरिया गुड्डी बाजपेई महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिरला शाक्य विधायक मीडिया प्रभारी ओम रतन कश्यप डॉ राजीव त्रिपाठी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल संतोष सिंह चौहान नव नियुक्त प्रिंसिपल ए.के.चतुर्वेदी व शकुंतलम इंटरनेशनल की प्रिंसिपल वर्षा सिंह कवि डॉ.राजीव राज कमलेश शर्मा तथा रोहित चौधरी। संचालन कवि कुमार मनोज ने किया।

# एएसआई बनने के बाद पहली बार पहुंचे ससुराल

अवधनामा संवाददाता

- ससुरालीजनो ने फूल माला पहनाकर किया स्वागत



**हरदोई।** बिलग्राम कस्बे के मोहल्ला सुलहाड़ा निवासी विनोद कुमार प्रजापति के दामाद एएसआई बनने के बाद पहली बार अपनी ससुराल बिलग्राम कस्बे के मोहल्ला सुलहाड़ा निवासी विनोद कुमार प्रजापति के घर पहुंचने पर उनके साले सभासद विनय कुमार प्रजापति ने अपने घर पहुंचने पर अपने वार्ड की जनता के साथ अपने बहनोई विपिन कुमार का भव्य स्वागत किया। विपिन कुमार प्रजापति ने स्वागत अपने प्रतिष्ठान सदर बाजार से गाजे बाजे के साथ किया उसके बाद अपने आवास वार्ड-15 मोहल्ला सुलहाड़ा में एएसआई बने बहनोई विपिन कुमार का लड्डूओ से तौलकर भव्य स्वागत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विपिन कुमार एएसआई बनने से पूर्व विद्यालय में अध्यापक थे यह जनपद हरदोई के ग्राम मझिला थाना सुरसा के निवासी हैं।शुक्रवार को विपिन कुमार के एएसआई बनने के बाद प्रथम बार आने की सूचना पर ससुराल के स्थानीय लोगों का स्वागत करने के लिए सुबह से ही जमावड़ा शुरू हो गया। देखते, देखते घंटे दो घंटे में फूल माला, ढोल बजाकर दरवाजे पर कुर्सी का इंतजाम हो गया। बाद में लोगों की हुजूम बैण्ड बाजे के साथ सदर बाजार पहुंची जहां एएसआई विपिन कुमार के ससुर विनोद कुमार की गाड़ी से उतरते ही फूलमाला पहना कर उनका स्वागत किया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसः बालिकाओं को आत्मनिर्भर होने के लिए किया जागरूक



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर योगा हाइव की कोर कमेटी शिल्पी गुप्ता, प्रीति गुप्ता, मंजू भदौरिया, वीनस सिंह, संजू संखवार, शशि प्रभा एवं आभा पुरवार ने महिला दिवस को विहान आवासीय बालिका विद्यालय की बालिकाओं के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्रवक्ता गायत्री वर्मा, डीसी समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा स्.ऋत्व मीनाक्षी पांडे एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रतिमा सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया। बालिकाओं को सूर्य नमस्कार की प्रतियोगिता कराई गई एवं विजयी बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। बालिकाओं को स्वास्थ्य एवं आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया गया जिससे कि वह आर्थिक रूप से संबल सशक्त रहे। डायट प्रवक्ता गायत्री वर्मा द्वारा बालिकाओं को आगे आने के लिए प्रेरित किया गया। मीनाक्षी पांडे ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर होने के लिए जागरूक किया। डीसी समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा द्वारा बालिकाओं को कभी भी साहस न छोड़ने की सीख दी गई। स्वास्थ्य एवं हाइजीन की दृष्टि से बालिकाएं जागरूक रहें उसके लिए सैनिटरी पैड का वितरण भी किया गया बच्चों को अंत में फल वितरित किए गए। विहान आवासीय विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रतिमा सिंह द्वारा पूरी टीम का आभार व्यक्त किया गया।

### बर्बाद फसल देख किसान को सदमा, मौत

**बांदा।** कमासिन कस्बा निवासी शत्रुघन यादव (40)पुत्र चुन्नीलाल यादव किसानी करता था। उसके ममसी खुर्द गांव में चार बीघा खेत है। उसने गेहू की फसल बोई थी। बे मौसम हुई वारिस और ओलावृष्टि से फसल बरबाद हो गई। बुधवार की सुबह शत्रुघन खेत देखने गया था। देखा तो उसकी गेंहू की फसल बरबाद हो गई थी। दोपहर को वह मायूस हो कर घर आया और बेटी से पानी मांगा पानी पीते ही उसकी हालत बिगड़ गई। वह अचेत हो गया। परिजन उसे पीएचसी कमासिन ले गए। यहां देखने के बाद डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनो में चीखपुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के भाजे रावेंद्र सिंह यादव ने बताया कि वह किसानी करता था।

# 105 सिद्ध सागर महाराज की अंतिम यात्रा में उमड़े लोग

अवधनामा संवाददाता




**इटावा, जसवंतनगर।** शुक्रवार को प्रातः9 बजे 105 सिद्ध सागर जी महाराज ससंघ आचार्य आदित्य सागर महाराज के शिष्य की समाधी समता पूर्वक जसवंतनगर संत भवन में प्रातःहो गयी है। प्रातःस्वास्थ खराब देखते हुए गुरु आचार्य आदित्य सागर ने अस्पताल की तरफ न जाते हुए बल्कि आजीवन चारो प्रकार के आहार का त्याग कराते हुए समता पूर्वक सिद्ध सागर जी को समाधि पूर्वक सल्लेखना करवाई। आपको बता दे कि मुनि श्री सिद्ध सागर जी का जन्म सन 1962 में खण्डवा मध्य प्रदेश में हुआ था सिद्ध सागर जी के गृहस्थ जीवन का नाम यतेंद्र कुमार जैन था व उनके माता-पिता विमल चंद विजयाबाई जैन निमरानी वाले था सिद्ध सागर जी ने सन 2015 में ग्रह त्याग कर एव 15/10/2016 को शिखरजी में आचार्य आदर्श सागर जी महाराज से दीक्षा प्राप्त कर कल्याण मार्ग पर चल दिये। जब यह सूचना जसवंतनगर जैन समाज को हुई पूरा समाज संत निवास में पहुँचा और णमोकार मंत्र का पाठ व वैराग्य भावना आदि इस्तुति की, समूचे जैन समाज मे शोक के साथ गुरु के अंतिम यात्रा में जाने की होड़ दिखी सिद्ध सागर जी का डोला जैन मंदिर संत निवास से निकला आगे-आगे आचार्य आदित्य सागर उनके पीछे सिद्ध सागर का डोला रहा युवाओ ने जब तक सूरज चांद रहेगा गुरुवर तेरा नाम रहेगा, सिद्ध सागर गुरुदेब के जयकारों के साथ युवाओ ने डोला को अपने कंधों पर लेते हुए छोटा चौराहा सपा कार्यालय, संस्कार प्ले स्कूल रोड होते प्रमुख मार्गो से विचरण करते हुए समाधी स्थल महावीर वाटिका में पहुँचा, सर्व प्रथम सिद्ध सागर जी की पूजा, शांति धारा, अभिषेक उपरांत समस्त अंतिम किर्याए आचार्य आदित्य सागर महाराज के सानिध्य में संपन्न हुई प्रत्येक जैन धर्मानुरागी अपने-अपने घरों से नारियल गोला लेकर पहुँचे और सिद्ध सागर जी को अर्पण किये। अंतिम क्रिया में कुंटलो नारियल गोले, कई किलो चंदन की लकड़ी, कई किलो घी से अंतिम क्रिया की बेदी बनाते हुए, उनको समाज के युवा साथियों ने तीन प्रदिक्षिणा लगाते हुए मुखाग्नि दी गयी। इस अवसर पर जैन समाज जैन बाजार/लुधपुरा समाज ने एकजुट होकर अपने-अपने प्रतिष्ठान अंत्येष्टि तक बंद कर कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# महिला दिवसः प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित


अवधनामा संवाददाता



**एटा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सीडीओ अवधेश बाजपेई,अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा, एडीएम प्रशासन सत्यप्रकाश तथा क्षेत्राधिकारी नगर विक्रांत द्विवेदी द्वारा, कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद एटा के विभिन्न विभागों में कार्यरत महिलाओं तथा आसपास के क्षेत्रों से आई हुई महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी लाने एवं महिलाओं में सामाजिक जागरूकता पैदा करने के उद्देश से चलाए जा रहे,ऑपरेशन जागृति÷ अभियान के तहत उसके उद्देश्यों एवं सफल संचालन व क्रियान्वयन के संबंध में संवाद स्थापित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा बताया गया कि ऑपरेशन जागृति अभियान महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारो के प्रति जागरूक करते हुए उनमें सामाजिक जागरूकता, लाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा, जिससे की महिलाओं/ बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराधों में कमी आ सके, जिससे की महिलाएं/ बालिकाएं जागरुक एवं सशक्त बने और एक अच्छे और सशक्त समाज का निर्माण कर सकें। इस अवसर पर डॉक्टर नीतू कुमारी, चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागवाला, शिवानी यादव, प्रवक्ता राजकीय इंटर कालेज एटा, मन्जू यादव सहा0 अध्यापक राजकीय बालिका इंटर कालेज एटा,श्रीमती शशी मिश्रा सहा0 अध्यापक राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एटा, कु0 सुशीला सहा0 अध्यापक राजकीय हाई स्कूल सरनऊ अनामिका चौधरी सहा0 अध्यापक राजकीय हाई स्कूल रिजोर द्वारा, उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों के समक्ष अपने जीवन में संघर्षो के उतार चढ़ाव से जुड़ी हुई बातें साझा की गई कि,किस तरह उन्होंने परिवार को साथ लेकर अपने सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत कर आज ये मुकाम पाया है, पढाई से लेकर नौकरी तक के सफर में आने वाली अड़चनों को किस सूझबूझ और समझ से दूर कर समाज को एक नई पहचान दी कि महिलाएं भी किसी मायने में पुरुषों से कम नहीं हैं।कार्यक्रम के समापन से पूर्व सीडीओ तथा अपर पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा जनपद में आपरेशन जागृति अभियान, मिशन शक्ति अभियान तथा शासन द्वारा चलाए जा रहे महिलाओं संबंधी सभी अभियानों में,बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने में महती भूमिका निभाने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# एसआरएम पब्लिक स्कूल ने परखी कछुआ तालाब की हकीकत

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम।** हरदोई स्थानीय कोतवाली के ग्राम सदरपुर स्थित एस आर एम पब्लिक स्कूल के स्टाफ ने ऐतिहासिक कछुआ तालाब की हकीकत को परख कर उसकी जानकारी ग्रामीणों से ली मिली जानकारी के अनुसार एस आर एम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रजनीकांत सिंह की अगुवाई में स्थानीय कोतवाली के ग्राम ककरा खेड़ा में ऐतिहासिक कछुआ तालाब का पूरी स्टाफ के साथ निरीक्षण किया गया इस मौके पर पूरी टीम ने पूरे तालाब का निरीक्षण कर तालाब में मौजूद कछुआ का खाद्य सामग्री सिलाई बताते चले की तत्कालीन जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा इस तालाब को विकसित करने के लिए अपनी तथा सरकार की ओर से पुरजोर मांग करते हुए कहा गया था कि यह कछुआ तालाब ऐतिहासिक तालाब है जहां पर बड़े-बड़े कछुए व्यापक मात्रा में निवास करते हैं जिसके चलते उनके द्वारा कछुआ तालाब को पूर्ण रूप से बाउंड्री वॉल कराकर एक पर्यटक स्थल में जनता को सौंप दिया गया था शुक्रवार को पहुंची एसआरएम पब्लिक स्कूल टीम ने बारीकी से अध्ययन कर बच्चों तथा उनके अभिभावकों को इसके बारे में जानकारी दी इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक रजनीकांत सिंह लखनऊ पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सुशील सिंह सुबोध सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख कप्तान सिंह यादव नरेंद्र यादव सहित भारी मात्रा में लोग मौजूद रहे।

### कन्या जूनियर हाई स्कूल की हालत खस्ता, छात्र और शिक्षक परेशान

**मक्खनपुर/फिरोजाबाद।** मक्खनपुर में स्थित कन्या जूनियर हाईस्कूल एसएसपी द्वारा गोद लिए स्कूल की हालत हुई खस्ता। स्कूल की छत से टपकता है पानी। कभी भी गिर सकती है छत। स्थानीय लोगों ने की मरम्मत करने की मांग। कस्बा में टंकी के पास स्थित कन्या जूनियर हाईस्कूल है। जिसमें सैकड़ों बच्चे पढ़ते है। स्कूल की बिल्डिंग को हालत बहुत ही खराब हो गई है। जिससे स्कूल में कभी भी हादसा हो सकता है। बृहस्पतिवार को व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष रमाकांत बजाज ने स्कूल का निरीक्षण किया। स्कूल की हालत देख कर उन्होंने अधिकारियों से मरम्मत कराए जाने की मांग की है। उनका कहना है स्कूल की छत से पानी टपकता है। इस सम्बंध में हेड मास्टर से बातचीत हुई तो यह स्कूल निवर्तमान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार पांडे ने गोद लिया था। उन्होंने अपनी देखरेख में स्कूल की मरम्मत करा कर स्कूल चमका दिया।उन्होंने बताया कि नगर पंचायत अधिकारियों द्वारा कई बार लिखित में शिकायत कराई। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। स्कूल में कोई सफाई कर्मचारी भी नहीं आता है। स्कूल स्टाफ ही सफाई करता है । सफाई न होने पर जिलाधिकारी द्वारा समस्त स्टाफ का वेतन नवंबर से रोक दिया गया है । प्रिंसिपल ने बताया कि इस स्कूल को अधीक्षक ने सन् 2017 में गोद लिया था। जिससे बच्चों का भविष्य बने। इस स्कूल में गणमान्य नागरिकों ने काफी योगदान दिया। हेड मास्टर ने बातचीत में बताया,कि नगर पंचायत द्वारा स्कूल की इमारत का कार्य तथा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी स्कूल में बनाया था। लेकिन निर्माण कार्य तथा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की खानापूर्ति ही हुई। इस सिस्टम में न पानी आता है और न ही पानी जाता है।

# एक सप्ताह के अंदर व्यापारियों से खाली करायें गोदाम व दुकानें



अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे प्रशासन ने दूसरे दिन नवीन गल्ला मंडी पहुंचकर डोर टू डोर निरीक्षण करने के उपरांत एक सप्ताह के अंदर व्यापारियों से गोदामें, दुकानें, बरामदा व टीन शेड खाली कराने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक एवं पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं के साथ दोपहर में पुनः नवीन गल्ला मंडी पहुंचे और स्ट्रांगरुम, कंट्रोल रूम, आदि बनाए जाने तथा गोदामों, दुकानों आदि का डोर टू डोर निरीक्षण करके मंडी सचिव को एक सप्ताह के अंदर टीन शेड व बरामदों को प्रत्येक दशा में खाली करने के निर्देश दिए। अपर जिला अधिकारी ने पीडब्ल्यूडी अभियंताओं से कहा कि वह अपनी तैयारियां शुरू करें और समय रहते कार्य पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान मंडी के लिपिक राकेश कुमार वर्मा के अलावा पीडब्ल्यूडी के अभियंता मौजूद रहे।

# शिवालयों में गूंज रहा हर-हर महादेव... मंदिरों में भक्तों की अपार भीड़

- मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुों की लगी भीड़, श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** बिलग्राम कस्बे में श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक किया। शिव मंदिर हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान रहे। श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास के साथ महाशिवरात्रि पर्व मनाया। शिवलिंग पर गंगा जल, दही, दूध, पंचामृत, बेल पत्र, फल, फूल, नारियल, प्रसाद, धूप दीप आदि चढ़ाकर शिव की अराधना की और परिवार की खुशहाली की दुआ मांगी। प्राचीन शिवाला मंदिर के पुजारी बाबा मस्तराम ने बताया कि महाशिवरात्रि पर मंदिरों में विशेष तैयारी की गई थी। इस बार भक्तों की भीड़ अपेक्षाकृत अधिक रही।क्षमता से अधिक मन्दिर परिसर में भीड़ के कारण सुबह से ही भक्त लाइन में खड़े होकर पूजन अर्चन किया। बाबा मस्तराम ने बताया कि मंदिर में दूर-दूर से शिव भक्त जलाभिषेक के लिए आते हैं। इस बार मंदिर में अपेक्षा से अधिक भीड़ रही। मंदिर पसमिति ने दावा किया कि बीते वर्षो में ऐसी भीड़ नहीं देखी थी। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर गुरुवार देर शाम से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों पर तांता लगना शुरू हो गया था। शुक्रवार को शाम तक भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। वहीं मंदिर व उसके आस-पास पुलिस के जवानों को तैनात किया गया था। शिवाला मंदिर सदस्य राजपाल ने बताया कि महाशिवरात्रि के पर्व अवसर पर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और मनोकामना मांगी। शिवाला मंदिर पर बाबा के द्वारा विशाल भंडारों का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शास्त्रों में भी उल्लेख है कि अन्नदान सबसे बड़ा दान है। समय-समय पर अन्नदान के रूप में भंडारों का आयोजन करते रहना चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं ने यह आयोजन किया है।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर आधारित सेमिनार सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** एमएसएमई विकास कार्यालय वाराणसी द्वारा नेहरू हाल आजमगढ़ में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर आधारित सेमिनार -सह-जागरुकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रकम का सुभारंभ सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में आजमगढ़ जिला उद्योग केंद्र, पंचायतीराज विभाग, शहरी स्थानीय निकाय के अधिशाषी अधिकारीगण, प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक, कौशल एवं उद्यमिता विकास मंत्रालय, सी एस सी एवं अन्य विभागों से आए अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री बृजेश यादव जिला उपाध्य भाजपा के द्वारा किया गया स सर्वप्रथम श्री एल बी एस यादव, संयुक्त निदेशक, एम एस एम ई विकास कार्यालय ने अपने स्वागत संबोधन में उद्यम एवं उद्यमियों के उन्नयन हेतु एम एस एम ई मंत्रालय द्वारा संचालित सभी योजनाओं को विस्तार से बताया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के सभी आवश्यक घटकों और प्रक्रिया सहित भारत सरकार के लक्ष्यों से सभी को अवगत कराया । जिला उपाध्य बृजेश यादव द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में कार्यो के बारे में बताया और ऐसे कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया स सहायक निदेशक वीके राणा ने संबोधन में सभी का स्वागत करते हुए एमएसएमई विभाग को धन्यवाद देते हुए सभी उद्यमियों को आगे बढ़कर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया स उन्होंने विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों से इस कार्यक्रम से लाभ लेकर कार्य में प्रगति लाने हेतु भी निर्देशित किया। लालबहादुर यादव सयुक्त निदेशक एम एस एमी प्रयागराज विभाग के कार्य एवं दायित्तों से सभी को अवगत कराया एवं आवश्यक प्रश्नों के उत्तर दिए पवन मिश्रा जिला अग्रणी प्रबंधक आजमगढ़ ने योजना में ग्राम प्रधानों की महत्व को बताया एवं इस योजना की महत्ता पर प्रकाश डाला । ने इस योजना में बैंक की भूमिका को बताया। वही जितेंद्र विश्वकर्मा सीएसी जिला प्रबंधक ने योजनाओं का लाभ सीएससी केंद्रों के माध्यम से निशुल्क आवेदन कराएं और वी के राणा सहायक निदेशक, एम एस एम ई विकास कार्यालय ने कार्यक्रम का स्वरूप प्रतिभागियों को समझाया तथा साथ ही कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी अतिथि अधिकारियों एवं जिला उद्यम एवं उद्यमिता प्रोत्साहन केंद्र को उनके द्वारा अभूतपूर्व सहयोग हेतु विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उपरोक्त अवसर पर मुख्य अतिथि बृजेश यादव जिला उपाध्यक्ष भाजपा, लाल बहादुर यादव सयुक्त निदेशक एम एस एमी प्रयागराज, पवन मिश्रा जिला अग्रणी प्रबंधक आजमगढ़ ,जितेंद्र विश्वकर्मा सीएसी जिला प्रबंधक ,वीके राणा सहायक निदेशक एम एस एमी ,जिला उद्योग से राजेश यादव ,सहायक निदेशक प्रिंस राज सिंह कौशल विकास मिशन प्राचार्या, सुसमा रानी भारती एनजीओ व लगभग तीन सौ पचास की संख्या में विश्वकर्मा भाई बहनों में भाग लिया।

# बाल धोने के बाद उलझे और कर्ली हेयर को ऐसे करें स्ट्रेट



स्ट्रेटनिंग बालों की चाहत सबकी होती है लेकिन स्ट्रेट बालों के लिए कैमिकल्स ट्रीटमेंट और हीटिंग टूल्स के इस्तेमाल से बालों की प्राकृतिक नमी छिन जाती है। बालों को स्ट्रेट करने के लिए पार्लर जाने की जरुरत नहीं है। स्ट्रेट हेयर ट्रीटमेंट में हजारों रुपये का खर्चा आता है लेकिन कई बार तो यह बजट से ऊपर चला जाता है।

स्ट्रेटनिंग बालों की चाहत में पार्लर से महंगे कैमिकल्स ट्रीटमेंट करवाते है। हजारों रुपये खर्च करने के बाद बाल बुरी तरह से झड़ते है, टूटना और हेयरग्रोथ में कमी समते कई समस्याओं से होकर गुजरती है। दरअसल कैमिकल्स और हीटिंग टूल्स के इस्तेमाल से बालों की नमी छिन जाती है। इसके चलते बालों का टैक्सचर कमजोर और ड्राई हो जाता है। स्ट्रेटनिंग बालों के लिए कैमिकल्स ट्रीटमेंट काफी नुकसान पहुंचाते है। आज हम इस लेख में लेकर आए स्ट्रेट बाल पाने के लिए नेचुरल टिप्स।

हेयर स्ट्रैंड यानि सीधे बाल को एजेज हाइड्रोजन और डाइसल्फाइड बॉन्ड तैयार होता है। पानी में हाइड्रोजन की मात्रा होती है, जिसके चलते डाइसल्फाइड बॉन्ड मजबूत होने लगते हैं और हाइड्रोजन बॉन्ड कमजोर पड़ सकते हैं। जब आप बाल धोते है तो उनके आकार में बदलाव में आने लगता है। इसके अलावा कुछ लोगों को गर्म पानी से बालों को धोने के बाद फ्रीजीनेस भी बढ़ जाती है। दरअसल, इससे बालों को मॉइश्चर खोने लगता है।

बालों को स्ट्रेट बनाए रखने के लिए इन टिप्स को फॉलो करें

### बालों को रैप करें

बालों को धोने के बाद तौलिए से हल्का सा सहलाएं। इसके बाद बालों में उलझन और फ्रीजिनेस का खतरा टल जाता है। इसके बाद 10 से 15 मिनट के लिए बालों को तौलिए से रैप कर लें। बालों को लपटने से हेयर मॉइश्चर मेंटेम रहता है और बालों का टूटना व झड़ना कम होने लगता है। साथ ही हेयर प्राकृतिक स्ट्रेट हो जाता है।

### ब्रशिंग है जरुरी है

बालों से पानी निकलने के बाद उसे थोड़ा सूखने दें और फिर बालों में ब्रशिंग करें। बालों को मोटे दांत वाली कंघी से सुलझाएं और उन्हें सीधा करें। बालों में तेजी से ब्रश न करें। इससे हेयर्स का टैक्सचर प्रभावित होता है। बालों को धीरे-धीरे कॉम्ब करने से बालों को टूटना हीटिंग टूल्स के स्ट्रेट हो सकता है।

### बालों में रोलर्स का प्रयोग करें

अपने बालों को सीधा रखने के लिए हल्के गीले बालों में रोलर्स को सेट कर दें। इसके बाद नेचुरल हेयर सीरम को बालों पर अप्लाई करें। अब फिर से रोलर्स से बालों को सेट कर दें। इससे बाल स्मूद और हैवी नजर आने लगते हैं।

### एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल करें

बालों को मजबूत और स्ट्रेट करने के लिए एसेंशियल ऑयल का प्रयोग करें और उसे हल्के गीले बालों में अप्लाई करें। ऐसा करने से हेयर फॉलिकल्स में ऑयल पैनीटरेशन बढ़ने लगता है। जिस वजह से बालों के कर्ल होने की समस्या दूर होने लगती है।

### होममेड हेयर मास्क लगाएं

स्ट्रेट बालों के लिए होममेड हेयर मास्क बेहद कारगर साबित हो सकता है। सप्ताह में दो से तीन बार इसका प्रयोग करने से बालों का टूटना, झड़ना बंद हो जाता है। साथ ही हेयर स्ट्रेटनिंग में मदद भी मिलती है। आप अलसी को पानी उबालकर उसका जेल तैयार करें और उसमें एलोवोरा जेल को मिलाकर बालों पर लगाएं। इससे बालों का रुखापन दूर होगा।

# जान्हवी कपूर और खुशी कपूर ने साड़ी में बिखेरा जलवा, दोनों बहनों ने जीता दिल



हाल ही में अनंत अंबानी- राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग का सेलिब्रेशन जामनगर में हुआ है। इस दैरान बॉलीवुड के तमाम स्टार्स जामनगर पहुंचे थे। बॉलीवुड की ग्लैमरस दुनिया हम सभी को मंत्रमुग्ध करने में कभी असफल नहीं होती, खासकर जब बात कपूर बहनों जान्हवी कपूर और खुशी कपूर की हो। उनका एथनिक अवतार किसी शानदार से कम नहीं था। दोनों बहनों ने मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई खूबसूरत साड़ियां पहनी हुई थीं।

### जान्हवी कपूर और खुशी कपूर ने साड़ी में दिखाया जलवा

इस मौके पर खुशी ने सुनहरे वर्क से सजे मोर बैंगनी ब्लाउज के साथ एक चमकदार क्रीम साड़ी चुनी। साड़ी में नाजुक कढ़ाई के साथ एक सुनहरा बॉर्डर था, जो ब्लाउज के बॉर्डर पर समान डिज़ाइन को दिखा रहा था। गोल गर्दन और सुंदर फिट वाला ब्लाउज, उनकी पोशाक को निखार रहा था। हालांकि, यह उनकी पारंपरिक दक्षिण भारतीय साड़ी पहनने की शैली थी, जिसे कमरबंद के साथ बांधा गया था, जिसने वास्तव में सुर्खियां बटोरीं।

### शानदार ज्वेलरी से सुंदरता झलक रही

जहां तक एक्सेसरीज की बात है तो खुशी ने खुद को शानदार हरे रंग का कुंदन चोकर और मनीष मल्होत्रा ज्वेलरी से मैचिंग स्टड ईयररिंग्स से सजाया। उन्होंने एक ओर कार्टियर का नेल ब्रेसलेट भी पहना था, जिसके साथ दूसरी ओर कई कंगन थे। एक खूबसूरत कुन्दन कमरबंद ने उनके पहनावे को और निखार दिया। गजरे से सजे साफ-सुथरे लो बन में बंधे उनके बालों की सुंदरता झलक रही थी, जबकि एक छोटी सी बिंदी ने उनके लुक में परफेक्ट फिनिशिंग टच जोड़ा

### जान्हवी कपूर का लुक

जान्हवी कपूर के पहनावे की बात करें तो उनकी चेहरा खुशी से काफी मिलता-जुलता था। वह पीच लहंगे के साथ कॉन्ट्रास्टिंग गुलाबी ब्लाउज और दुपट्टे में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। लहंगे में आकर्षक फ्लेयर्ड फिट था, जबकि ब्लाउज में जटिल सुनहरे बॉर्डर से सजी आस्तीन के साथ एक प्यारी सी नेकलाइन थी। जान्हवी ने अपने प्रिंटेड दुपट्टे को साड़ी-स्टाइल ड्रेप में स्टाइल किया, जिस पर मनीष मल्होत्रा ज्वैलरी का कुंदन कमरबंद लगा हुआ था। अपनी साड़ी लुक के साथ, उन्होंने हरे रंग का चोकर और मैचिंग स्टड इयररिंग्स पहने हुए थे। एक्ट्रेस के मिनिमल मेकअप, जिसमें लाइनर और काजल के साथ सुनहरा आईशैडो लगा हुआ था। अपने बालों के लिए, जान्हवी ने अपने बालों को हाफ-प्लीट में स्टाइल करना चुना, इसे खुला रखा और कार्नेशन फूलों से सजाया।

# साड़ी में पाना चाहती हैं स्लिम लुक तो ट्राई करें ये डिजाइनर साड़ियां, खूबसूरती में लगेंगे चार चांद



अगर आप भी साड़ी में स्लिम-ट्रिम नजर आना चाहती हैं, तो हम आपको साड़ी के कुछ स्टाइलिश डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही साड़ी लुक्स को डिजाइन करने के कुछ आसान तरीकों के बारे में भी बताने जा रहे हैं। बदलते फैशन के दौर में भी साड़ी का चलन हमेशा एवरग्रीन रहता है। ऑनलाइन और ऑफलाइन स्टोर्स तक में साड़ियों की कई डिजाइंस आपको आसानी से मिल जाएंगे। पार्टी या फंक्शन के लिए अक्सर हम हैवी वर्क वाली साड़ी चुनते हैं। लेकिन आपकी बॉडी टाइप को हर तरह की डिजाइन सूट करे, यह जरूरी नहीं है।

बता दें कि साड़ी को ड्रेप करने के कई तरीके हैं। इसलिए साड़ी में स्लिम लुक पाने के लिए आप बॉडी टाइप के हिसाब से डिजाइन चुननी चाहिए। ऐसे में अगर आप भी साड़ी में स्लिम-ट्रिम नजर आना चाहती हैं, तो हम आपको साड़ी के कुछ स्टाइलिश डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही साड़ी लुक्स को डिजाइन करने के कुछ आसान तरीकों के बारे में भी बताने जा रहे हैं।

### ब्लैक कलर साड़ी

ब्लैक कलर की साड़ी आपको ग्लैम लुक देने में मदद करता है। इस लाइट वेट शिफॉन ब्लैक साड़ी में आप बेहद खूबसूरत नजर आएंगी। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको 2000 रुपए तक में आसानी से मिल जाएंगी। इस लुक के साथ आप ओपन वेवी हेयर कर्ल्स हेयर स्टाइल चुन सकती हैं।

### बॉर्डर वर्क साड़ी

बता दें कि आजकल मिनिमल वर्क की बॉर्डर वर्क साड़ी को काफी पसंद किया जा रहा है। डिजाइनर सब्यासाची द्वारा इस स्टाइलिश साड़ी को डिजाइन किया गया है। इस तरह की साड़ी में आप प्लेन फैब्रिक खरीदकर अलग से कस्टमाइज करवा सकती हैं। इस साड़ी के साथ आप रेडीमेड और हैवी वर्क वाले ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं।

### ऑम्ब्रे सीक्वेन साड़ी

ऑम्ब्रे शेड वाली साड़ी काफी चलन में है। इस तरह की साड़ी को कई कलर कॉम्बिनेशन में स्टाइल किया जा रहा है। इसके साथ आप साटन के फैब्रिक वाले ब्लाउज को चुन सकती हैं। मार्केट में करीब 3000 रुपये तक में आसानी से सीक्वेन की साड़ी मिल जाएगी। इसके साथ ही मेकअप को न्यूट्रल पैलेट के कॉम्बिनेशन का रखें।

# कर्ली बालों में खूबसूरत दिखने के लिए बनाएं घी का हेयर मास्क, जानें इसके लाभ और बनाने का तरीका



कर्ली बालों को हेल्दी रखने के लिए घी का हेयर मास्क काफी फायदेमंद रहता है। सभी के घरों में घी का इस्तेमाल होता, सेहत के साथ-साथ घी कर्ली बालों को भी काफी हेल्दी रखता है। कर्ली बालों के पोषण के लिए घी से बनें हेयर मास्क का जरुर प्रयोग करें। इन हेयर मास्क से कर्ली बालों को मैनेज करना काफी आसान हो जाता है।

त्वचा के साथ ही बालों का भी खास ख्याल रखना काफी जरुरी होता है। जिन लोगों के कर्ली यानी घुंघराले बाल होते है उनकों बालों से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना होता है। कर्ली बाल दिखने में खूबसूरत तो लगते है लेकिन इन्हें संभलना काफी मुश्किल होता है। आमतौर पर कर्ली बालों में सबसे ज्यादा ड्राईनेस का समस्या उत्पन्न होती है। जिसस वजह से दोमुंहे बाल हो जाते हैं और हेयर की ग्रोथ भी कम हो जाती है। हमारे घरों में देसी घी का प्रयोग खाने में जरुर होता है, जो सेहत के लिए हेल्दी होता है। इसके साथ ही बालों के लिए घी काफी फायदेमंद होता है। कर्ली बालों को हेल्दी बनाने के लिए घी का हेयर मास्क बनाने के तरीके और फायदे बताने जा रहे हैं। इन हेयर मास्क से कर्ली बालों को मैनेज करना काफी आसान हो जाता है।

### घी और एवोकाडो हेयर मास्क

इसे बनाने के लिए आपको 2 चम्मच एवोकाडो का पल्प 1 चम्मच घी, 2 चम्मच दही और 1 चम्मच शहद चाहिए होगा। एक कटोरी में सभी चीजों को मिक्स करके हेयर मास्क का पेस्ट तैयार करें और इसे पूरे बालों और स्कैल्प पर लगाएं। मास्क को 30 मिनट के लिए लगा रहने दे और शैंपू की मदद से बालों का साफ करें। इस हेयर मास्क के इस्तेमाल से कर्ली बालों के उलझने की समस्या कम होगी और हेयर्स सॉफ्टा-शाइनी नजर आएंगे।

### घी और मेथी हेयर मास्क


हेयर मास्क बनाने के लिए 3 चम्मच मेथी दाना को रातभर के लिए पानी में भिगोकर रखना होगा। मॉर्निंग में मेथी दाना पीसकर पेस्ट तैयार करें और इसमें 2 चम्मच एलोवेरा जेल और 2 चम्मच घी मिलाएं। इन सभी चीजों को मिक्स कर लें। फिर इसको बालों में लगा लें 30 मिनट के लिए, इसके बाद शैंपू से बाल धो लें। घी और मेथी के हेयर मास्क से कर्ली बालों का रुखापन दूर होगा और बालों की जड़ों को पोषण मिलेगा। इसे हफ्ते में एक बार जरुर लगाएं।

### घी और नींबू हेयर मास्क

कर्ली हेयर्स वालों को सिर में डैंड्रफ की समस्या रहती है उनके लिए घी और नींबू से बना हेयर मास्क फायदा कर सकता है। इस हेयर मास्क को बनाने के लिए 1 चम्मच घी में 2 चम्मच दही और 1 चम्मच नींबू का रस मिक्स करके हेयर मास्क का पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट से आप अपने स्कैल्प की अच्छे से मसाज करें और फिर 30 मिनट के लिए लगाकर रखें। इसके बाद आप शैंपू की मदद से बालों को साफ कर लें। इस हेयर मास्क से डैंड्रफ की समस्या दूर होगी साथ ही कर्ली हेयर्स हेल्दी नजर आएंगे।

इन घी के हेयर मास्क का उपयोग करके आप अपने कर्ली बालों को नेचुरली हेल्दी और शाइनी बना सकते हैं।

# स्किन टोन के हिसाब से लगाएंगी नेल पेंट तो हाथों को हमेशा मिलेगी तारीफ, इन बातों का रखें ख्याल



नेल पेंट अप्लाई करने से पहले अपनी स्किन टोन का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। जिससे कि जब आप नाखूनों पर नेल पेंट लगाएं, तो आपके हाथ सुंदर नजर आएं। हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस स्किन टोन के हिसाब से कौन सा नेल पेंट कलर अच्छा लगेगा। आजकल लड़कियां नेल आर्ट या नेल एक्सटेंशन करवाना पसंद करती हैं। क्योंकि हर कोई अपने हाथों को सुंदर दिखाना पसंद करता है। वहीं जब किसी शादी या पार्टी में जाने की बात होती है, तो अधिकतर लड़कियां बाहर जाकर नेल्स पर नेल पेंट लगवाती हैं। जिससे कि उनके हाथ भी सुंदर दिख सकें। ऐसे में लड़कियां अपनी ड्रेस से मैचिंग या फिर अपनी पसंद का नेल पेंट नाखूनों पर अप्लाई करती हैं। लेकिन नेल पेंट अप्लाई करने से पहले अपनी स्किन टोन का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। जिससे कि जब आप नाखूनों पर नेल पेंट लगाएं, तो आपके हाथ सुंदर नजर आएं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस स्किन टोन के हिसाब से कौन सा नेल पेंट कलर अच्छा लगेगा।

### ब्राइट स्किन टोन

बता दें कि सभी की स्किन टोन अलग-अलग होती है। वहीं अगर आपकी ब्राइट स्किन टोन है, तो आपको अपने नाखूनों पर डार्क कलर जैसे- ब्लू, ब्लैक, ग्रीन, डार्क रेड, येलो कलर ट्राई करना चाहिए। साथ ही आप ग्लिटर वाला नेल पेंट भी लगा सकती हैं। ग्लिटर वाला नेट पेंट नाखूनों पर अप्लाई करने से हाथ सुंदर नजर आते हैं।

### डार्क स्किन टोन

डार्क स्किन टोन वाली लड़कियों को अपने नाखूनों पर कभी भी लाइट कलर का नेल पेंट नहीं लगाना चाहिए। क्योंकि इससे आपके हाथ और काले नजर आ सकते हैं। इससे अच्छा है कि आप डार्क कलर का नेल पेंट नाखूनों पर अप्लाई करें। आप ब्लैक, ब्राउन, येलो और ब्लू कलर छोड़कर कोई भी कलर का नेल पेंट लगा सकती हैं। इससे आपके हाथ काफी ज्यादा सुंदर दिखेंगे। वहीं अगर आप चाहें तो मैट या फिर ग्लॉसी नेल पेंट भी अप्लाई कर सकती हैं।

### गेहुंआ स्किन टोन

अधिकतर लोगों की स्किन टोन गेहुंआ होती है। ऐसे में अगर आपकी स्किन टोन गेहुंआ है, तो आप लाइट कलर शेड लगा सकती हैं। इससे आपके हाथ काफी ज्यादा सुंदर लगेंगे। गेहुंआ स्किन टोन की खासियत होती है कि इस पर किसी भी तरह का नेल पेंट कलर अच्छा लगता है। बस प्रयास करें कि ग्लिटर वाला नेल पेंट न लगाएं। क्योंकि इससे आपके हाथ थोड़े काले नजर आ सकते हैं।

# शादी और रिसेप्शन के लिए बेस्ट हैं ये हैवी डिजाइन वाले सलवार-सूट, 50 की उम्र में भी लगेंगी गॉर्जियस



बाजार में सूट के कई फैंसी ऑप्शन आसानी से मिल जाते हैं। कपड़े खरीदने के दौरान हम सभी बॉडी टाइप का ध्यान रखते हैं। तो वहीं कई बार उम्र को ध्यान में रखते हुए भी डिजाइन और पैटर्न चुनते हैं।

हर महिला व लड़की को सजना-संवरना काफी ज्यादा पसंद होता है। वहीं बात यदि सूट की हो, तो इसको महिलाएं पार्टी-फंक्शन के अलावा रोजाना भी पहनती हैं। बाजार में सूट के कई फैंसी ऑप्शन आसानी से मिल जाते हैं। कपड़े खरीदने के दौरान हम सभी बॉडी टाइप का ध्यान रखते हैं। तो वहीं कई बार उम्र को ध्यान में रखते हुए भी डिजाइन और पैटर्न चुनते हैं। जरूरी नहीं है कि आप हर बार लोगों के फैशन टेस्ट को फॉलो करें। बल्कि आप खुद का फैशन व स्टाइल क्रिएट कर सकती हैं।

ऐसे में अगर आप भी खुद का स्टाइल स्टेटमेंट क्रिएट करना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सूट के कुछ खास डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको आप 50 की उम्र में भी बड़े आराम से कैरी कर खुद को स्टाइलिश दिखा सकती हैं। साथ ही हम आपको इन सूट के साथ अपने लुक को स्टाइल करने के तरीके के बारे में भी बताएंगे।

### शरारा सूट

बता दें कि आजकल शॉर्ट कुर्ती के साथ शरारा सूट काफी ट्रेंड में है। इस तरह के मिलते-जुलते सूट आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे। मार्केट में यह सूट आपको लगभग 3,000 रुपए तक में मिल जाएगा। इस सूट में अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप कानों में हैवी झुमकी इयररिंग्स कैरी कर सकती हैं।


### स्ट्रैट ब्लैक सूट

स्ट्रैट ब्लैक सूट आपको स्लिम लुक देने में मदद करेगा। इस तरह के सूट का कपड़ा आप मार्केट से 1500-2000 के बीच में आसानी से खरीद सकती हैं। फिर इसको अपने हिसाब से बनवा सकती हैं। इस सूट के साथ आपने अपने बालों को बन हेयर स्टाइल में बनाकर इनमें गजरा लगा सकती हैं। इस तरह से आपका लुक निखरकर आएगा।

### अनारकली स्टाइल सूट

फुल लेंथ की अनारकली की जगह घुटने तक डिजाइन वाला कलीदार सूट कैरी कर सकती हैं। इस तरह के हैवी सूट आपको मार्केट में 4,000 तक में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के सूट में कर्ल्स हेयर स्टाइल बना सकती हैं। वहीं मेकअप में आप लाइट कलर का पैलेट चुन सकती हैं।

# भूलकर भी चेहरे पर न लगाएं पील ऑफ मास्क, हो सकते हैं ये 6 नुकसान



स्किन की देखभाल के लिए आमतौर पर महिलाएं पील ऑफ मास्क जरुर लगाती है। त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाने के लिए पील ऑफ मास्क चेहरे पर लगाती है लेकिन इसके कई सारे नुकसान होते हैं। क्या आप जानते हैं? जो आप पील ऑफ मास्क का इस्तेमाल करते है स्किन को ग्लो करने के लिए उसके कई नुकसान हैं। स्किन को चमकदार बनाने के लिए महिलाएं कई सारे ब्यूटी प्रोडक्टस का इस्तेमाल करती हैं। त्वचा को स्वस्थ और साफ रखने के लिए पील ऑफ मास्क का प्रयोग जरुर करती है। लेकिन इसके ज्यादा इस्तेमाल करने से स्किन को कई नुकसान होते हैं। इन्ही नुकसानों के बारे में हम इस लेख में बताएंगे।

### रेडनेस की समस्या

कई लोगों की त्वचा काफी सेंसिटिव होती है, तो पील ऑफ मास्क का उपयोग बिल्कुल न करें। अगर आप पील ऑफ मास्क को चेहरे पर अप्लाई करेंगे तो रेडनेस हो सकती है। इसके साथ ही आप एक्जिमा या किसी अन्य रोग के शिकार हो सकते हैं।

### स्किन ड्राई होना

जो महिलाएं पील ऑफ मास्क का प्रयोग करती हैं वो लोग इसे इस्तेमाल न करें। पील ऑफ के मास्क की वजह से स्किन पर रूखापन आ सकता है जिससे स्किन ड्राई दिखने लगती है। इसमें मौजूद केमिकल्स स्किन को रूखा बना देते हैं।

### एजिंग की समस्या

पील ऑफ मास्क इस्तेमाल करने की वजह से स्किन पर एजिंग होने लगती है। इसके कारण त्वचा में दर्द, रैशेज और एलर्जी की समास्या हो सकती है। ऐसे में इसको अपने स्किन केयर में शामिल न करें।

### खुजली की समस्या

पील ऑफ मास्त बनाने के लिए पॉलिविनाइल एल्कोहल का उपयोग किया जाता है। यह प्लास्टिक एडेसिव होता है, जिसके कारण आपकी स्किन में खुजली की समस्या हो सकती है। इसे हफ्ते में 1 से ज्यादा बार इसका उपयोग न करें।

### सीबम की कमी

स्किन में सीबम होता है, जो त्वचा में ऑयल को रोकने का काम करती है। लेकिन पील ऑफ का इस्तेमाल करने से सीबम की कमी होती है, जिस वजह से त्वचा का ऑयल कम हो जाता है।

### पिंपल्स की समस्या

पील ऑप मास्क के इस्तेमाल करने से पिंपल्स की समस्या हो सकती है। इसलिए इसका ज्यादा इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

# सूट की स्लीव्स चौड़ी होने पर टेलर से बनवाएं ऐसी डिजाइंस, मिलेगा परफेक्ट लुक



कई बार गलत फिटिंग की वजह से बाजू चौड़ी हो जाती है। ऐसे में जरूरी नहीं है कि आप सूट पहनना ही छोड़ दें। बल्कि सूट की स्लीव्स को सही करवाने के लिए आप कुछ अलग डिजाइन को क्रिएट करवा सकती हैं।

जब भी हम मार्केट से सूट लेते हैं या फिर टेलर से इसको सिलवाते हैं, तो सूट की डिजाइन को अपनी पसंद के हिसाब से बनवाते हैं। जिससे कि जब हम वह सूट पहनें तो वह परफेक्ट लगे। लेकिन कई बार गलत फिटिंग की वजह से बाजू चौड़ी हो जाती है। जो देखने में बेहद खराब लगती है। ऐसे में जरूरी नहीं है कि आप सूट पहनना ही छोड़ दें। बल्कि सूट की स्लीव्स को सही करवाने के लिए आप कुछ अलग डिजाइन को क्रिएट करवा सकती हैं। जिससे कि जब आप इन सूट्स को पहनें तो यह आप पर परफेक्ट लगें। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप सूट में किस तरह की स्लीव्स ट्राई कर सकती हैं।

### डोरी सूट स्लीव्स

अगर आपके सूट की बाजू चौड़ी हो गई है, तो आप टेलर से कहकर इसमें डोरी लगवा सकती हैं। इससे जब आप डोरी को टाइट करके बाधेंगी, तो आपकी स्लीव्स बिलकुल फिट हो जाएगी। आप चाहें तो इसमें एक अच्छा सा टेस्ल लगा सकती हैं। वहीं बाजू पर कलर कॉन्ट्रास्ट करके बटन को फिक्स करवा सकती हैं। इस तरह से आपकी स्लीव्स सही हो जाएगी।

### फ्लेयर डिजाइन

अगर सूट में आपकी बाजू नीचे से चौड़ी नजर आ रही है। तो इसमें कट देकर फ्लेयर डिजाइन क्रिएट करवाकर इस पर फिक्स कर सकती हैं। आजकल इस तरह की स्लीव्स वाले काफी डिजाइन चल रहे हैं और काफी अच्छे लगते हैं। ऐसे में आपको सूट में यह डिजाइन जरूर ट्राई करनी चाहिए।

### चूड़ीदार स्लीव्स

अगर आपने अपने सूट में फुल स्लीव्स बनवाई है और बाजू की फिटिंग सही नहीं है। तो आप इसमें प्लीट्स डलवा सकती हैं। इससे सूट के बाजू में चूड़ियां बन जाएंगी, जो आजकल काफी अच्छी लगती है। वहीं इस तरीके से सूट की फिटिंग भी परफेक्ट हो जाएगी और आपको कुछ नया ट्राई करने का मौका मिलेगा।

# लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की पहली लिस्ट आई

## वायनाड से राहुल, तिरुवनंतपुरम से थरूर को मौका

**कमेटी**

**सरकार बनने पर कांग्रेस उन वादों को पूरा करेगी**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें राहुल गांधी से लेकर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम शामिल है। जहां राहुल को एक बार फिर वायनाड से उम्मीदवार बनाया गया है, वहीं बघेल राजनांदगांव से पार्टी के प्रत्याशी होंगे। इसके अलावा कांग्रेस वर्किंग कमेटी के नेता कांग्रेस ने किसान न्याय, युवा न्याय और हिस्सेदारी न्याय पर भी अपने वादों को रखा। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कांग्रेस की तरफ से किए गए वादों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमने कई वादे किए हैं। सरकार बनने पर कांग्रेस उन वादों को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना और कर्नाटक में हमने वादे पूरे किए हैं। हम 30 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा भी पूरा करेंगे।

कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची शुक्रवार की शाम जारी की। पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी दोबारा केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ेंगे। जबकि, सांसद शशि थरूर तिरुवनंतपुरम से चुनाव लड़ेंगे। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव सीट से चुनाव लड़ेंगे।

राहुल गांधी अभी कांग्रेस के सबसे बड़े चेहरो में से एक हैं। वह पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान संभाल चुके हैं। गांधी अभी केरल के वायनाड की सांसद हैं। उनके नेतृत्व में पार्टी ने भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की। पिछले आम चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद राहुल गांधी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था।

शशि थरूर वर्तमान में तिरुवनंतपुरम निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वह तीसरी बार के लोकसभा सांसद हैं। उन्होंने पहले केंद्र सरकार में मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री और विदेश राज्य मंत्री के रूप में काम किया है। थरूर का संयुक्त राष्ट्र में लगभग तीन दशक लंबा कैरियर रहा। उन्होंने कोफी अन्नान के नेतृत्व के दौरान अवर महासचिव के रूप में कार्य किया।

भूपेश बघेल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पार्टी ने आगामी आम चुनाव के लिए उन्हें राजनांदगांव से मैदान में उतारा है। राजनांदगांव सीट से टिकट फाइनल होने के बाद बघेल ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए शीर्ष नेतृत्व ने मुझे राजनांदगांव लोकसभा से चुनाव लड़ने के लिए आदेशित किया है। इस विश्वास के लिए पार्टी और शीर्ष नेतृत्व का आभार। संस्कारधानी राजनांदगांव से प्रत्याशी होना सौभाग्य है। मां बम्लेश्वरी की कृपा और जनता के आशीर्वाद से इस बार का चुनाव राजनांदगांव की जनता लड़ेगी और जीतेगी। सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की बिसात पूरी तरह से बिछ चुकी है। कांग्रेस ने भी पहली लिस्ट जारी कर दी है।

# जम्मू-कश्मीर में हाईवे, रोपवे प्रोजेक्ट के लिए 2,093 करोड़ रुपये मंजूर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में दो राजमार्गों का चौड़ीकरण और एक रोपवे परियोजना के लिए 2,093.92 करोड़ रुपए मंजूर किए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में राष्ट्रीय राजमार्ग-701 का राफियाबाद - कुपवाड़ा - चौकीबल - तंगधार - चामकोट खंड के चौड़ीकरण के लिए 1404.94 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि पैकेज वन में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड पर बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में प्रोजेक्ट बीकन के तहत क्रियान्वित इस पहल का लक्ष्य 51 किमी मार्ग को टू-लेन में बदलना है। यह राजमार्ग क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स के लिए महत्वपूर्ण है। यह बारामूला



और कुपवाड़ा जिलों को जोडने वाले रणनीतिक मार्ग का एक हिस्सा है।

गडकरी ने कहा कि श्रीनगर जिले में एसडीए पार्किंग (ज़बरवान पार्क के पास) से शंकराचार्य मंदिर तक 1.5 किमी रोपवे के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए 126.58 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। मंत्री ने कहा, यह पहल हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल पर संचालित होती है, जिसमें मोनोकेबल डिटैचेबल गोंडोला (एमडीजी) तकनीक का उपयोग किया जाता है, जिसमें प्रति घंटे 700 व्यक्तियों को प्रति दिशा में परिवहन करने की क्षमता होती है। यह परियोजना श्रीनगर शहर और डल झील का मनोरम दृश्य प्रस्तुत करने एक सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन साधन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह विकलांग व्यक्तियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए मंदिर तक आसान पहुंच सुनिश्चित करता है, जिससे यात्रा का समय लगभग 30 मिनट से घटकर लगभग 5 मिनट हो जाता है। इसके अतिरिक्त, यह परिवहन के लिए एक पर्यावरण-अनुकूल माध्यम के रूप में कार्य करता है। स्थानीय आबादी के लिए रोजगार के अवसर पैदा करता है और पर्यटन को बढ़ाकर क्षेत्र में आर्थिक लाभ लाता है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-244 के नाशरी-चेनानी खंड के उन्नयन और सुदृढ़ीकरण परियोजना के लिए 562.40 करोड़ रुपये के आवंटन को भी मंजूरी दी गई है।

## क्विक न्यूज

### भाजपा नेता ने उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक का ऑफिस का उद्घाटन किया

**पटना।** दरियापुर प्रखंड के दरिहारा निशक मे रामानंद सिंह के नवनिर्मित भवन में उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक का भवन स्थानांतरण का शुभ उद्घाटन एमएलसी सच्चिदानंदराय एवं विधायक मंटू सिंह राजीव प्रताप रूडी के सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के आर एम पंकज कुमार नोडल अभय सिंह संतोष मुखिया अजित सिंह मंडल अध्यक्ष मंटू बाबा मंडल अध्यक्ष भूलन जी इंजीनियर सत्येन्दर सिंह मुखिया प्रतिनिधि छोटू ओझा मुखिया शेखर सिंह मोनू सिंह श्री भगवान सिंह विकास सिंह चंदन सिंह संतोष शर्मा एवं सैकड़ो लोग उपस्थित थे , ज्ञात हो यह नया ब्रांच उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक मॉडल ब्रांच है जिसमे लोगो को बैंक की सारी सुविधा उपलब्ध होंगी वही इस अवसर पर पूर्व विधायक सह अनुशासन समिति अध्यक्ष विनय सिंह भी उपस्थित रहे है।

### सागर में बस-ट्रक भिड़ंत, तीन लोगों की मौत

**बीना।** सागर में गत दिवस बस और ट्रक की आनमे-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों वाहनों के ड्रायवर और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। 42 यात्री घायल हैं। सभी को खुरई सिविल असपताल पहुंचाया गया है। तीन की हालत गंभीर होने पर सागर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसा खुरई के खिमलासा रोड पर धांगर गांव के मेनसी तिराहा पर सुबह साढ़े नौ बजे हुआ। पुलिस के अनुसार सागर ट्रांसपोर्ट की बस बीना से सागर जा रही थी। 32 सीटर बस में 70 से ज्यादा लोग सवार थे। खुरई से कुछ ही दूरी पर सामने से आ रहे ट्रक में बस जा घुसी। बसहारी गांव निवासी यात्री सावित्री कुर्मी, चंदामऊ निवासी ट्रक चालक अनीस खान और सागर निवासी बस ड्रायवर इकबाल की मौत हो गई।

# नॉर्दर्न रेलवे ने तीन स्टेशन को बनाया पिंक स्टेशन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महिला दिवस के मौके पर रेलवे ने भी एक अच्छा कदम उठाया है। नॉर्दर्न रेलवे ने अपने तीन स्टेशन को आज के लिए पिंक स्टेशन बनाया है। इन स्टेशन पर लोको पायलट टेक्नीशियन, स्टेशन मास्टर से लेकर लोगों की सुरक्षा तक की जिम्मेदारी महिलाओं के कंधों पर होगी। इस पहल की कोशिश महिलाओं के बराबर की भागीदारी दिखाने की है। इस दौरान दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन पर महिला लोको पायलट मालगाड़ी चलाती हुई दिखाई दी, जो एक बेहद ही कठिन काम है। स्टेशन का पूरा जिम्मा महिला स्टेशन मास्टर के कंधों पर ही है। स्ट्रेशन में एंट्री से लेकर टेक्नीशियन तक के काम की सभी जिम्मेदारी महिलाओं को दी गई है। नॉर्दर्न रेलवे ने आज अपने तीन स्टेशन को पिंक स्टेशन घोषित किया है जो महिलाओं के सम्मान में किया गया है।

रेलवे यह बताना चाहता है कि इन पिंक स्टेशन के जरिए महिलाओं की भागीदारी रेलवे में बराबर रखी गई है। टेक्निकल काम हो या लोको पायलट का काम, सभी काम महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कर रही हैं। नॉर्दर्न रेलवे ने मोहाली, फिरोजशाह और दिल्ली का सफदरजंग स्टेशन, पिंक स्टेशन घोषित किया है। इनमें लोको पायलट, प्वाइंट मैन, आरपीएफ, स्टेशन मास्टर, बुकिंग क्लर्क, गार्ड, ट्रेन मैनेजर सभी महिलाएं हैं।

नई दिल्ली डीआरएम सुखविंदर सिंह ने बताया कि महिला दिवस को लेकर नई दिल्ली रेलवे बहुत सारे कार्यक्रम चला रहा है जिनमें महिलाओं के लिए मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप, उनके लीगल राइट्स पर उनके लिए जागरूकता अभियान समेत नई दिल्ली के सफदरजंग स्टेशन को पिंक स्टेशन बनाया गया है।

# नरेन्द्र मोदी का निर्णय महिला सशक्तीकरण उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कदमः भाजपा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एलपीजी सिलेंडर पर 100 की छूट देने और उज्ज्वला योजना की समयावधि 31 मार्च 2025 तक बढ़ा कर महिला सशक्तीकरण और गरीबों के उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए धन्यवाद किया। इसके अलावा उन्होंने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किए जाने को महिलाओं को मुख्यधारा में लाने का बेहतरीन संदेश बताया। इसके बाद श्री शहजाद ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार करने वाले शाहजहां शेख का बचाव करने और इंडी गठबंधन पर इस मामले पर चुप्पी साधने के लिए प्रश्न खड़े किए। पूनावाला ने दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद



केजरीवाल पर भी हमला बोला और उन पर विक्टिम कार्ड खेल बहानेबाजी करने के आरोप लगाए। शहजाद पूनावाला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एलपीजी सिलेंडर पर 100 की छूट देने के निर्णय पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ये निर्णय महिला सशक्तीकरण के साथ साथ देश की जनता के लिए बहुत बड़ा कदम है। इसके अलावा उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मिलने वाली 300 की सब्सिडी की समयावधि 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दी गई हैक। ये निर्णय दिखाते हैं कि नरेन्द्र मोदी ने देश की महिलाओं की रोजमर्रा के बजट में राहत मिलने की आकांक्षा को पूरा किया है। पूनावाला ने देश की माताओं-बहनों और गरीब जनता की ओर नरेन्द्र मोदी जी का इस राहतकारी निर्णय के लिए अभिनंदन किया। शहजाद पूनावाला ने कहा कि कोरोना महामारी जैसे वैश्विक आर्थिक के संकट के समय में भी नरेन्द्र मोदी ने उज्ज्वला योजना की सब्सिडी को जारी रखा था। केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क घटाने और भाजपा की राज्य सरकारों द्वारा वैट घटाने के कारण भाजपा शासित राज्यों की जनता को कम कीमत पर पेट्रोल डीजल मिल रहा है। इसके अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है, जो महिला सशक्तीकरण का उत्कृष्टतम उदाहरण है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लाखों महिलाओं की प्रेरणास्त्रोत सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत कर महिलाओं को मुख्यधारा में लाने का एक बेहतरीन संदेश दिया गया है।

## कनार्टक के बीजेपी विधायक का शर्मनाक बयान

# फ्लाइट में ताबूत ज्यादा जगह घेरता है

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यूक्रेन में जान गंवाने वाले कर्नाटक निवासी छात्र नवीन शेखरप्पा का शव भारत लाने के सवाल पर कर्नाटक के भाजपा विधायक ने अमानवीय बयान दिया है। अरविंद बेलाडी ने पत्रकारों से कहा- फ्लाइट में एक शव का ताबूत 8 से 10 लोगों की जगह घेरता है। शव लाने की जगह विमान में लोगों को लाया जा सकता है। बेलाडी हुबली-धारवाड़ क्षेत्र के विधायक हैं। नवीन इसी क्षेत्र के निवासी थे।

नवीन शेखरप्पा का परिवार उनका पार्थिव शरीर कर्नाटक वापस आने का इंतजार कर रहा है। बेलाडी से जब पत्रकारों ने इस पर सवाल किया तो वे बोले- सरकार नवीन के पार्थिव शरीर को वापस लाने के लिए प्रयास कर रही है। यूक्रेन एक युद्ध क्षेत्र है और हर कोई इसके बारे में जानता है। प्रयास किए जा रहे हैं और यदि संभव हुआ तो शव को वापस लाया जाएगा। अभी जीवित लोगों को वापस लाना बहुत चुनौतीपूर्ण है, मृतकों को वापस लाना और भी कठिन हो जाएगा, क्योंकि जितनी जगह में ताबूत रखा जाएगा, उतनी जगह में प्लेन में आठ से 10 लोगों को बैठाया जा सकता है।


नवीन के पिता शेखरप्पा ज्ञानगौड़ा ने बताया था कि उन्हें सरकार ने आश्वासन दिया था कि उनका शव दो दिनों में घर लाया जाएगा। उन्होंने पीएम मोदी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई से अपने बेटे के शव को घर लाने में मदद करने का अनुरोध किया था। 21 साल का नवीन खार्किव नेशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी में मेडिकल की पढ़ाई कर रहा था। वह एक किराने की दुकान के बाहर लाइन में खड़ा था, तभी एक सरकारी भवन पर रूसी गोलाबारी में उसकी मौत हो गई।

# बारात से लौट रहे तीन युवक की बाईक पुल से टकराने से हुई दो की मौतः एक घायल

एजेंसी

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में बारात से लौट रहे बाइक सवार तीन युवकों की बाइक आधी रात को पकडिय़ार बाजार रोड पर सिंहहा पुल से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज हुई कि सगे भाइयों की मौत हो गई। जबकि दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। मोहल्ले से गई बारात में दोनों भाई दोस्त के साथ शामिल होने गए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल युवक का इलाज गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

जिले के पडरौना शहर के चंद्रगुप्त मौर्य नगर मुहल्ले के जंगल बेलवा मटियवरवा निवासी भरत पटेल के बेटे राहुल की बरात बुधवार को नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के खानू छपरा गांव के नौका टोला पर की गई थी। मोहल्ले के सगे भाई



रामविलास शर्मा 42 और चंदन शर्मा 26 अपने दोस्त बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के धनहा थाना क्षेत्र के घघवा रूपही कठार गांव निवासी 23 वर्षीय बबलू के साथ बाइक से बरात में शामिल होने गए थे। देर रात भोजन करने के बाद तीनों एक ही बाइक से घर के लिए निकले। बाइक चंदन चला रहा था। पकडिय़ार बाजार रोड पर बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। बाइक की रफ्तार इतनी तेज थी कि रामविलास शर्मा और चंदन शर्मा की मौके पर मौत हो गई। रात होने के कारण करीब आधे घंटे तक बाइक सवार तीनों सड़क किनारे पड़े थे। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। इसी बीच बबलू के मोबाइल पर परिजनों का फोन आया तो राहगीरों ने रिसीव कर घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से तीनों को मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

## बूंद-बूंद को तरसा बेंगलुरु, वाहनों की धुलाई पर रोक

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) ने बेंगलुरु में पानी के संकट के बीच वाहनों की धुलाई, फव्वारे और बागवानी के लिए पानी के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसका उल्लंघन करने पर पांच हजार रुपये के जुर्माने की घोषणा की है। जारी आदेश में निर्माण गतिविधियों के लिए पानी के उपयोग, मनोरंजन के लिए बनाए गए फव्वारे, मॉल और सिनेमा हॉल में पीने के उद्देश्यों के अलावा पानी के अन्य उपयोग, सड़कों की सफाई और अन्य सफाई कार्यों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। बीडब्ल्यूएसएसबी के अध्यक्ष डॉ. राम वसंत मनोहर ने कहा, आदेश का उल्लंघन करने पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा और बार-बार उल्लंघन पर पांच हजार रुपये का जुर्माना और हर दिन 500 रुपये का अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा।

# टेकऑफ करते ही जमीन पर आ गिरा विमान का पहिया

**गंभीर**

**बाइडेन और जॉनसन ने जेलेंस्की से की बात**

एजेंसी

**सैन फ्रांसिस्को।** बीच आसमान में विमान का पहिया निकल जाने का हैरान कर देने वाला वीडियो सामने आया है। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को से उड़ान भरने के बाद यूनाइटेड एयरलाइंस का विमान जापान जा रहा था। जानकारी के मुताबिक, विमान में 235 यात्री और 14 चालक दल के सदस्य सवार थे। हालांकि विमान की लॉस एंजिल्स में इमरजेंसी लैंडिंग हुई और सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। उड़ान भरने के कुछ ही सेंकड



में टायर गिरने का यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिखाया गया है कि उड़ान भरने के कुछ सेकंड बाद विमान के बाईं ओर के मुख्य लैंडिंग गियर असेंबली के छह टायरों में से एक टूट गया। टायर सैन फ्रांसिस्को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक पार्किंग एरिया में एक कार की पिछली खिड़की पर जा गिरा। हवाईअड्डे के प्रवक्ता डौग याकेल ने एक बयान में कहा कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

लॉस एंजिल्स अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दमकल गाडियां खड़ी थीं, लेकिन उनकी जरूरत नहीं पड़ी। हवाई अड्डे के प्रवक्ता डे लेविन ने कहा कि विमान सुरक्षित रूप से उतर गया। एयरलाइन ने कहा कि 2002 में निर्मित विमान को बिना टायरों के साथ सुरक्षित रूप से लैंड करने के लिए डिजाइन किया गया था।

# इजराइली हमलों से तबाह गाजा रोटी-रोटी को मोहताज, यूएन ने की निंदा

एजेंसी

**जिनेवा।** गाजा पर इजराइल द्वारा किया जा रहा हमला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में इजराइल ने गाजा में खाद्य प्रणाली को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया है, जिसकी वजह से अब वहां लोग भूखे मरने की कगार पर आ चुके हैं। इजराइल के इस कदम की संयुक्त राष्ट्र संघ ने आलोचना की है। यूएन ने गाजा में जारी भूखमरी को रोकने का आग्रह किया है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 55वें सत्र में विशेष दूत माइकल फाखरी ने कहा कि इजराइली बमबारी में गाजा के 15 फीसद अधिक मत्स्य पालन क्षेत्र तबाह हो चुके हैं।

वहीं, एक विशेषज्ञ ने कहा कि इजराइल ने गाजा में रहने वाले फिलिस्तीनियों के खिलाफ भूखमरी अभियान' चलाया है। इस अभियान के अंतर्गत इजराइल लगातार गाजा के मत्स्य पालन क्षेत्र को निशाना बना



रहा है। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर 2023 से इजराइल ने सभी समुद्री मार्गों को बंद कर दिया है।

उन्होंने कहा, इजराइली सैनिकों ने गाजा के सभी बंदरगाहों और मत्स्य पालन के सभी ठिकानों को भी नेस्तनाबूत कर दिया। रफा में 40 में से अब दो नाव ही सुरक्षित बचे हैं। खान यूनिस में इजराइल 75 फीसद से भी अधिक मत्स्य पालन के क्षेत्रों को तबाह कर चुका है।

फाखरी ने कहा कि एन्क्लेव में मछली पकडने की आजीविका के विनाश ने गाजा में लोगों के लिए भोजन के अधिकार को कमजोर कर दिया है और उन्हें भूख और भुखमरी में धकेल दिया है।

संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को इजराइली सैनिकों के हमले की निंदा की थी। दरअसल, सैनिकों ने बीते 29 फरवरी को गाजा के दक्षिण-पश्चिमी में आटा लेने के लिए एकत्रित हुए फिलिस्तीनियों पर हमला कर दिया था। इस हमले की जद में आकर 112 लोग मारे गए थे। वहीं, 760 बुरी तरह जख्मी हो गए थे।

## रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती रोकने के लिए सरकार ने तेज की कार्रवाई

# अपने नागरिकों की घर वापसी के लिए हम प्रतिबद्ध

एजेंसी

**मॉस्को।** सरकार ने रोजगार के रूसी सेना में भारतीय नागरिकों की भर्ती के मामलों पर कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। राजनयिक स्तर पर रूस की सरकार के साथ बातचीत करके कम से कम 20 भारतीयों को सेवामुक्त करके स्वदेश लाने के प्रयासों के साथ साथ देश में झूठ बोल कर भर्ती कराने वाले एजेंटों के खिलाफ केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा कार्रवाई शुरू की है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में पत्रकारों के इस विषय पर सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, लगभग 20 लोगों ने हमसे संपर्क किया है और हम उनका पता लगाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। हम रूसी अधिकारियों के संपर्क में हैं। प्रवक्ता ने कहा कि जांच में पता चला है कि कई भारतीय नागरिकों को रूसी सेना



के साथ काम करने के लिए धोखा दिया गया है। हमने ऐसे भारतीय नागरिकों की शीघ्र कार्यमुक्ति के लिए रूसी सरकार के साथ पूरी दृढ़ता एवं गंभीरता से यह मामला उठाया है।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा देश में झूठे बहानों और वादों पर भर्ती करने वाले एजेंटों और बेईमान तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की गई है। सीबीआई ने कल कई शहरों में छापा मार कर और आपत्तिजनक साक्ष्य एकत्र करके एक प्रमुख मानव तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। कई एजेंटों के खिलाफ मानव तस्करी का मामला दर्ज किया गया है। जायसवाल ने कहा, हम एक बार फिर भारतीय नागरिकों से अपील करते हैं कि वे रूसी सेना में सहायक नौकरियों के लिए एजेंटों द्वारा दिए गए प्रस्तावों से प्रभावित न हों। यह जीवन के लिए खतरे और जोखिम से भरा है। हम रूसी सेना में सहायक स्टाफ के रूप में कार्यरत अपने नागरिकों की शीघ्र रिहाई और अंततः उनकी घर वापसी के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## 92 साल की उम्र में पांचवीं शादी करने जा रहा ये मीडिया टाइकून

**कैलिफोर्निया।** 92 वर्षीय मीडिया मुगल रूपर्ट मर्डोक ने अपनी प्रेमिका एलेना जुकोवा से सगाई कर ली है और मर्डोक पांचवीं बार शादी करने जा रहे हैं। एलेना जुकोवा और रूपर्ट मर्डोक की शादी कैलिफोर्निया में मर्डोक के वाइनयार्ड एंड एस्टेट मोरागा में होगी। यह रिश्ता मर्डोक के फॉक्स और न्यूज कॉर्प के चेयरमैन पद से हटने के कुछ ही महीने बाद हुआ है। बीते साल भी रूपर्ट खासी सुर्खियों में रहे थे, जबकि उन्होंने डेंटल हाइजीनिस्ट से कंजर्वेटिव रेडियो होस्ट बनी एन लेस्ली स्मिथ के साथ अपनी सगाई की घोषणा की थी, लेकिन एक महीने से भी कम समय में उन्होंने इसे कैंसिल करने का ऐलान कर दिया था। दिग्गज मीडिया कारोबारी रूपर्ट मर्डोक इससे पहले 4 बार शादी कर चुके हैं। उनकी चौथी शादी मॉडल एवं अभिनेत्री जेरी हॉल से हुई थी। यह शादी 6 साल चली और 2022 में मर्डोक और हॉल का तलाक हो गया। पिछले साल कुछ समय तक मर्डोक का नाम सैन फ्रांसिस्को की पुलिस चप्लैन एन लेस्ली स्मिथ से जुड़ा हुआ था। हॉल से पहले मर्डोक की शादी ऑस्ट्रेलिया की फ्लाइट अटेंडेंट पैट्रिसिया बुकर , स्कॉटलैंड की पत्रकार एना मान और वेंडी डेंग से हुई थी।

# मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन ने मतदान करने हेतु किया प्रेरित

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। आगामी लोकसभा चुनाव में जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा भेजी गई मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन ने आज भ्रमण कर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक व प्रेरित किया।

अपर जिलाधिकारी (वि.रा.)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान ने कलेक्ट्रेट परिसर से प्रातः मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसका जगह जगह लोगों ने स्वागत किया। कलेक्ट्रेट परिसर से सद्भावना पुल तक गुलाबी देवी इ.का., नेहरु बालोद्यान इ. का., व मोहम्मद हसन इ. का. के स्काउट गाइड के छात्र छात्राएं मतदाता जागरूकता नारे लगाते वैन के साथ चल रहे थे।

शाही किला से अटाला तक राजा श्री कृष्ण दत्त इ. का. के एन.सी.सी. के कैडेट वैन के साथ चल रहे थे। भण्डारी रेलवे स्टेशन पर डा अख्तर हसन रिज़वी शिया डिग्री कालेज के एन.एस.एस. के छात्र छात्राओं ने स्वागत किया।

मोहम्मद हसन डिग्री कालेज पर वहाँ के एन.एस.एस. छात्र छात्राओं ने स्वागत किया। इसके साथ ही कुत्तुपुर तिराहा, विशेषरपुर तिराहा, सिपाह चौराहा, टीडी कालेज रोड, पालिटेक्निक चौराहा आदि चौराहों पर एलईडी वैन के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया, तथा जगह जगह लोगों को



मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए 18 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों का चुनाव में सहभागिता जरुरी है, इसलिए महिला, पुरुष, तृतीय लिंग, युवा व दिव्यांग सभी मतदाताओं से अपील है कि मतदान तिथि को अपना वोट ज़रुर दे जिससे जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़े।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर पवन कुमार सिंह, तहसीलदार सदर सौरभ कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर उदयभान कुशवाहा, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सै मो मुस्तफा, ईएलसी कोआर्डिनेटर रमेश चन्द्र यादव, स्काउट गाइड प्रभारी डा अखिलेश श्रीवास्तव, डा रंजीत सिंह, डीओसी राकेश मिश्रा, पूर्वांचल विश्वविद्यालय एनएसएस समन्वयक डा राज बहादुर यादव, उदयराज सिंह, डा अवधेश कुमार, मो. अब्बास खान खण्ड, नायब तहसीलदार आदि सहित छात्र छात्राएं व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। इसके बाद मड़ियाहूं बाज़ार, जमालापुर बाज़ार, रामपुर बाज़ार आदि क्षेत्रों में खण्ड शिक्षा अधिकारी मड़ियाहूं अजीत कुमार सिंह, रामनगर बीईओ कन्हैयालाल, रामपुर बीईओ गौतम प्रसाद के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों व क्षेत्रीय लोगो ने मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन का स्वागत करते हुए क्षेत्र में भ्रमण कराकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरुक किया।

## पदाधिकारियों का स्वागत कर चुनाव में जुटने की अपील

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में आज सपा के नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कर आगामी लोकसभा चुनाव में जुट जाने की अपील की गई। सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, एमएलसी डॉ मान सिंह यादव ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। इस मौके पर सपा लोहिया वाहिनी के नव नियुक्त राष्ट्रीय सचिव राष्ट्रीय सचिव अमित यादव, जिला कार्यकारिणी सचिव दिनेश यादव एवं सदस्य मेहरबान सिंह का स्वागत किया गया। स्वागत अवसर पर अनिल यादव, डॉ मान सिंह यादव, खिन्नी लाल पासी, कुलदीप यादव, नाटे चौधरी, श्रीकांत यादव, राम अवध पाल, राकेश यादव आदि मौजूद रहे।

# हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न



अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (सिरकोनी) स्थानीय विकास खंड अंतर्गत माधवपट्टी गांव के समीप नवनिर्मित भाव हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा और रामायण पाठ का आयोजन बृहस्पतिवार को किया गया। रामायण पाठ समाप्त होने के बाद हवन पूजन के कर लोगों में प्रसाद वितरण किया गया।जिसमें क्षेत्र के लगभग 2000 लोगों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर पुजन कार्यक्रम में मुख्य मनोज सिंह कृषि विभाग, ऋषि सिंह, दीनानाथ सिंह अवकाश प्राप्त कृषि विभाग, अश्वनी सिंह ग्राम विकास अधिकारी ,दिलीप सिंह पूर्व प्रधान, वीरेंद्र सिंह ,सिंटू सिंह, सुजीत सिंह अन्य लोगों के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस पुनीत कार्य में आगे सभी सम्मानित व्यक्तियों का आभार मनोज सिंह ने प्रकट किया।

# कैंपस को पालीथीन मुक्त का स्वयंसेवकों ने लिया संकल्प

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के छठवें दिन राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में, विभिन्न विभागों के स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविका ने हरित कैम्पस क्लीन कैंपस पहल के तहत अपने कैंपस को प्लास्टिक-मुक्त बनाने का उत्साह दिखाया। कैप्टन सचिन के नेतृत्व में, विकास, कृष्ण कुमार, शशि कुमार, सुनील कुमार सहित टीम ने कैंपस पर एकल उपयोग के प्लास्टिक को समाप्त करने का निर्णय लिया। इस महत्वपूर्ण पहल को कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. विशाल यादव, डॉ. अजय कुमार मौर्या, डॉ. विनय वर्मा और



कर्मचारियों मैलाश और बांके लाल यादव का साथ मिला। डॉ. झांसी मिश्रा और डॉ. आशीष गुप्ता ने स्वयंसेवक एवं सेविकाओं को कहा कि स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास हो सकता है जिससे पठन-पाठन में उनका काफी सुविधा का वातावरण प्रदान करेगा। इस समर्पित टीम ने प्लास्टिक कचरे को हटाने के लिए कदम उठाया, पर्यावरण में सतत सुधार और पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देते देते हुए विश्वविद्यालय को पॉलिथीन मुक्त करने के लिए समस्त छात्रों के साथ शपथ ग्रहण भी कराया गया। इस महत्वपूर्ण पर्यावरणीय पहल के बारे में और अपडेट के लिए समय-समय पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा पहल की जाती रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी की रैली को सफल बनाने के लिए नगर में किया जनसंपर्क

आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी गोरखपुर के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने आजमगढ़ में 10 मार्च को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली रैली को सफल बनाने के लिए आजमगढ़ नगर के गणेश मंदिर से तकिया तक भ्रमण कर व्यापारियों और आम जन मानस से संपर्क कर रैली में आने का आग्रह कर निमंत्रण दिया। भारतीय जनता पार्टी गोरखपुर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने बताया कि 10 मार्च को मदूरी में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली होने जा रही है। जिसमे नरेंद्र मोदी आजमगढ़ जिले को विश्वविद्यालय और हवाई अड्डा जैसी बड़ी सौगात देंगे।आज मैं आजमगढ़ नगर में भ्रमण करके यहां के सम्मानित जनता और व्यापारियों से संपर्क कर उनको रैली में आने के निमंत्रण दे कर आग्रह किया।

# मोटे अनाज देते है भरपूर पोषण

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। कृषि विभाग द्वारा शुक्रवार को विकास खण्ड परिषर सिरकोनी एवं राजकीय बीज भंडार डोभी में उत्तर प्रदेश मीलेट्स पुनरोद्धार योजना अन्तर्गत तहसील स्तरीय कृषक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें श्री अन्न के उत्पादन, महत्व एवं उपयोगिता से किसानों को प्रशिक्षित किया गया। किसानों को सम्बोधित करते हुए उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने कहा कि आहार व पोषण विशेषज्ञ मोटे अनाजों की खूबियों से इतने प्रभावित हैं कि इन्हें सुपरफूड्स के रूप में मान्यता दे रहे है, मोटे अनाज, श्री अन्न को एमडीएम में भी शामिल किया जाएगा, जिससे जनपद में मीलेट्स के उत्पादन को बल मिलेगा, मानव स्वास्थ्य वेहतर होगा तथा किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी मोटे अनाजों की उपयोगिता को देखते हुए सरकार ने श्री अन्य योजना का नाम दिया है दूसरे अनाजों की तरह ही मोटे अनाज चीला, खीर, खिचड़ी, दलिया, कटलेट, सूप, उपमा, डोसा, इडली, बिस्कुट, स्नेक्स, चिक्की आदि रूपो में खाया जा सकता है। उन्होंने ने कहा कि श्री अन्न से बने खाद्यान्न एमडीएम में सम्मिलित किए जाने से बच्चों के वेहतर स्वास्थ्य के साथ मीलेट्स पुनरोद्धार को बढ़ावा मिलेगा। इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट्स रिसर्च (आईआईएमआर) हैदराबाद के अनुसार मोटे अनाज सिलिएक डिजीज के इलाज में लाभ प्रद है। इसका कारण है मोटे अनाज ग्लूटेन फ्री है। विषय वस्तु विशेषज्ञ शिवानन्द मौर्य ने कहा कि विशेषज्ञ मोटे अनाज को मधुमेह और कैंसर रोकने वाले तत्वों से भरपूर मानते हैं, पौस्टिक तत्व भरपूर मात्रा में होने के कारण मोटे अनाज को एनीमिया व कुपोषण की समस्या को दूर करने में सहायक माना जा रहा है। अपर जिला कृषि अधिकारी रविन्द्र कुमार पाल ने कहा कि आयुर्वेद के अनुसार मोटे अनाज वात एवं कफ दोष को संतुलित करने में सहायक है। मोटे अनाजों में फाइबर की प्रचुरता उन्हें मधुमेह और मोटापे से बताती है मोटे अनाजों का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है तभी मधुमेह व हृदय रोगियों को खाने की सलाह दी जाती है। इस मौके पर उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी डा. स्वाति पाहुजा, एसएमएस महेंद्र यादव, एडीओ एजी. आशीष कुमार त्रिपाठी, बीटीएम ज्ञानेश्वर मिश्र, जुनेद अहमद, अजय सिंह, प्रेमचंद पाल, अभिनाश, विकास सिंह, राजेन्द्र, पंकज, ज्ञान चंद्र गिरी, सुमन्त यादव, पलधारी, प्रेम सिंह, लाल साहब आदि किसान मौजूद रहें।

## सखी वन स्टॉप सेंटर पर मना अंतराष्ट्रीय महिला दिवस

आजमगढ़। जनपद में जिला प्रोबेशन अधिकारी हेमंत सिंह के अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के क्रम में चौथे दिन अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, सखी वन स्टॉप सेंटर आजमगढ़ में अनंता, इवेंट का आयोजन किया गया। गोष्ठी में नारी शक्ति का प्रतीक महिलाएं जो की गुलामी की बेड़ियां तोड़ बाहर निकली और एक मुकाम हासिल की। उनको जिला प्रोबेशनअधिकारी द्वारा अन्य विभाग से आई हुई महिलाएं जिनके द्वारा समाज में उत्कृष्ट कार्य किया गया था। उनको सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनका स्वागत सेंटर मैनेजर सरिता पाल व श्रीमति ममता यादव द्वारा किया गयाद्य महिला गोष्ठी में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वन स्टॉप सेंटर आदि योजनाओं की जानकारी दी गई।

## हर्षोउल्लास के साथ मना महाशिवरात्रि पर्व

आजमगढ़। महाशिवरात्रि का महान पर्व बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ ग्रामीण अंचल सहित स्थानिय कस्बा क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों पर व्रती महिलाएं एवं बालिकाएं मंदिरों पर देवाधिदेव महादेव को याद कर व्रत रख कर ग्रामीण अंचल नूरपुर सराय हाजी से महिलाओं एवं पुरुष का जत्था गुजरपार स्थित तमसा नदी से जल भरकर जलाभिषेक विभिन्न मुबारकपुर नगर भ्रमण के साथ ही शिवा मंदिरों पर ढोल,नगाड़ों के साथ ही डीजे के धुन पर मांगलिक गीत गाते हुए जलाभिषेक किया। इसके साथ ही स्थानीय नगर पालिका से हिंदू महा सभा के तत्वावधान में विशाल जुलूस जटा धारी,डमरू धारी भोले भंडारी का नगर भ्रमण किया।जिसमें भांग के गोला,भांग के शरबत के साथ ही देवाधिदेव महादेव के वेशभूषा में भूतों,भालू,बदर आदि विभिन्न प्रकार के दृश्य वाले देवताओं सहित लोगों ने बारात में शामिल हए।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में जुटी श्रद्धालुओं की भीड़

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज मे महाशिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ शहर के शिवालयों में जुटी। जहाँ भक्तों ने भगवान शिव का दूध,जल,दही, शहद से अभिषेक कर उनका पूजन किया। उन्होंने मनोकामना पूर्ण होने के लिए प्रार्थना भी की। महाशिवरात्रि पर संगम में भारी भीड़ जुटी। श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और दान पुण्य किया। विशेष रूप से शिव मंदिरों में मनकामेश्वर, पड़िला महादेव, नाथेश्वर धाम, तक्षक तीर्थ, कमौरी नाथ बरुआ बाबा, पंचमुखी महादेव समय समेत तमाम शिवालियों में महादेव की पूजा और रुद्राभिषेक किया गया। यमुना तट पर स्थित भगवान शिव के मनकामेश्वर मंदिर में भोर से श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। अधिक भीड़ होने से सड़क पर कई किलोमीटर लंबी कतार देखने को



मिली। मंदिर के महंत श्रीधरानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि भोर से ही भगवान शिव का दर्शन और पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी हुई है। वहीँ शिवकुटी में गंगा के तट पर कोटेश्वर महादेव में भी लोगों ने जलाभिषेक किया। शिव कचहरी में भी भक्तों ने भगवान नारायण के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक कर अपने मनोकामना पूर्ण होने के लिए पूजन-अर्चन किया। महाशिवरात्रि पर्व पर अरैल स्थित प्राचीन सोमेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने को शुक्रवार भोर से भारी भीड़ उमड़ी रही। भीड़ का आलम यह था कि लोगों को दर्शन के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ा। वहीं इस मौके पर अरेल घाट पर स्नानार्थियों की भीड़ भी पूरे दिन रही। स्नान के बाद लोगों ने जल भर कर ले गए और शिवालयों में जलाभिषेक किया। लोगों ने मंगलकामना के साथ जल, दूध, शहद, गन्ने का रस एवं दही से शिवलिंग का अभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सोमेश्वर महादेव मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। भीड़ को देखते हुए मंदिर और उसके आसपास पुलिस फोर्स तैनात रही। उनके सहयोग में नागरिक सुरक्षा कोर और सिविल डिफेंस के स्वयंसेवी भी लगे रहे। इसी प्रकार क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में सुबह से भी शिवार्चन के लिए लोगों की भीड़ जमा रही।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज करेंगे महाराणा प्रताप पार्क का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। राजपूत सेवा समिति द्वारा कलीचाबाद तिराहे पर स्थापित महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण 9 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया जाएगा। जिस क्रम में शुक्रवार को ष्ष्ठह सीलम साई तेजा,भाजपा प्रत्याशी व पूर्व गृहराज्य मंत्री व भाजपा उपाध्यक्ष महाराष्ट्र कृपाशंकर सिंह,स्ष्ट बृजेश सिंह प्रिंशु ने मूर्ति स्थल पर पहुँच कर निरीक्षण किया। ज्ञात हो 9 मार्च को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कालीचाबाद में स्थित महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण दोपहर 1 बजे करेंगे। निरीक्षण के दौरान विधान परिसद सदस्य वृजेश सिंह प्रिन्सू ने कहा कि आज राजपूत सेवा समिति के साथ-साथ मुझे भी



गर्व हो रहा है कि मैने भी अपना योगदान दिया आगे उन्होने कहा कि मोबाइल और लैपटाप के दौर में हमारे इतिहास और संस्कृति के प्रति भी जागरूक होने की हम लोगों को आवश्यकता है। केवल फिल्मों के इतिहास से हम लोग आगे नहीं बढ़ सकते। हमें हमारे इतिहास को हमारी आने वाली पीढ़ी को बताना होगा। महाराणा प्रताप ने अपना जीवन देश की एकता व अखंडता की खातिर न्यौछावर कर दिया, उन्होंने घास की रोटी खाकर भी हार नहीं मानी। इस मौके पर भाजपा प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह, पूर्व विधायक डॉ हरेन्द्र सिंह,नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष के प्रतिनिधि डॉ रामसूरत मौर्य,रत्नाकर सिंह, शशि मोहन सिंह क्षेम ,रविन्द्र प्रताप सिंह,, शशि सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य,देवी सिंह सिद्धार्थ सिंह, अजीत सिंह, सिंह, विवेक सिंह राजा,राहुल सिंह,,राम दयाल, अंशुमान सिंह सहित भारी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

# प्रयागराज में 83 हजार 831 महिलाएं बनी लखपति

नारी शक्ति को सशक्त और आत्म निर्भर बना रही योगी सरकार की महिला दिवस पर सौगात

- मौजूदा वित्तीय वर्ष में 1002 महिलाओं का सीआरसी ट्रेनिंग का प्रशिक्षण पूरा

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। योगी सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी और सक्षम बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लखपति योजना की शुरुआत की है, जिसमें प्रयागराज जनपद को भी शामिल किया गया था। इसके नतीजे सामने आने लगे हैं 7 स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों की आमदनी बढ़ाकर एक लाख से अधिक करने की इस योजना में प्रयागराज को अहम कामयाबी मिल रही है। प्रयागराज में स्वयं सहायता समूह में शामिल महिलाओं को लखपति बनाने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गयी लखपति महिला योजना में महिलाओं को रोजगार के साथ उद्यमी बनाने के लिए वित्तीय मदद दी रही है। इसमें प्रत्येक महिला सदस्य की न्यूनतम सालाना आमदनी एक लाख रुपये करने का प्राथमिक लक्ष्य रखा गया है। उपायुक्त एनआरएलएम राजीव कुमार सिंह के अनुसार पहले तीन वर्षो में जिले में डेढ़ लाख महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य लिया गया था, जिसमें मौजूदा वित्तीय वर्ष में ही अभी तक 63,831 महिलाओं को लखपति दीदी के दायरे में शामिल किया जा चुका है। इसका लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को इसका दायित्व सौंपा गया है। इस योजना के अंतर्गत जिले में 63000 से अधिक लखपति दीदी बन चुकी महिलाओं को अपने आसपास की ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक आय बढ़ाने के लिए प्रेरित करने का कार्य शुरू हुआ है। ग्रामीण आजीविका मिशन के उपायुक्त राजीव कुमार सिंह के अनुसार जिले में 1643 महिलाओं को सीपीसी की ट्रेनिंग देने के लिए चयनित किया गया था। इसमें 1002 लखपति दीदी ने अपनी ट्रेनिंग पूरी कर ली है। अब ये लखपति दीदी गांव की दूसरी महिलाओंको लखपति परिवार की श्रेणी में लाआने के लिए प्रेरित करेंगी। गौरतलब है कि एक सीपीसी में 80 परिवारों को सम्मिलित किया जाता है, जिन्हें लखपति हाउस होल्ड में परिवर्तित करना होता है।

# महाशिवरात्रि स्नान पर्व के साथ माघ मेले का समापन

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज प्रयागराज के संगम तट में लगे आस्था के सबसे बड़े वार्षिक समागम माघ मेले के आखिरी स्नान पर्व महाशिवरात्रि का सकुशल समापन हो गया। महाशिवरात्रि पर लाखों की तादाद में श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई। प्रदेश की योगी सरकार की तरफ से इस बार के माघ मेले को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए कई नवाचार भी किए गए।



त्रिवेणी के तट पर लगे माघ मेले के आखिरी स्नान पर्व महाशिवरात्रि पर 9.50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पुण्य की डुबकी लगाई है। माघ मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद के मुताबिक सुबह से ही संगम में महा शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहा। शाम 4ः00 तक संगम में 9.50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी लगाई है। उन्होंने यह भी बताया है कि 54 दिनों तक चले इस माघ मेले के 6 प्रमुख स्नान पर्वो पर 3 करोड़ 27 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है।

आगामी महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर इस बार माघ मेले का आयोजन योगी सरकार ने किया था। इसीलिए यह माघ मेला महाकुंभ के लिए नवाचार की प्रयोगशाला भी रहा। माघ मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद बताते हैं कि इस बार के माघ मेले में कई नए नवाचार किए गए। माघ मेला में पहली बार रोशनी की सतत व्यवस्था और विद्युत की बचत के लिए 165 से अधिक एलइडी सोलर हाइब्रिड स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पूरे मेला क्षेत्र में 21 हजार शौचालय बनाए गए हैं।

माघ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं और पर्यटकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु 10 वाटर एटीएम लगाए गए। मेला क्षेत्र के प्रमुख मार्गो पर थीमैटिक और स्पाइरल लाइट का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा मेला क्षेत्र के पॉन्टून पुल में पहली बार डेलिनेटर्स लाइट्स का इस्तेमाल किया गया है। मेला क्षेत्र के दो पांटून पुल में इसका प्रयोग किया गया। सिंचाई विभाग की तरफ से मेला क्षेत्र में नदियों के पानी के बहाव से होने वाले कटाव को रोकने के लिए पहली बार जियो बैग का इस्तेमाल किया गया। माघ मेला में आने वाली श्रद्धालुओं और पर्यटकों की लाखों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल भी पहली बार प्रभावी रूप से किया गया।

### पर्यटन विभाग की तरफ से किए गए नव्य प्रयोग

प्रयागराज। माघ मेला में आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए पर्यटन विभाग की तरफ से भी अभिनव प्रयोग किए गए। उत्तर प्रदेश का पहला फ्लोटिंग रेस्टोरेंट भी इसी माघ मेले के समय यमुना नदी की लहरों में बोट क्लब में शुरू किया गया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुद इसका उद्घाटन किया। फ्लोटिंग रेस्टोरेंट शुरू करने के साथ यमुना नदी में मिनी क्रूज की बोटिंग सेवा भी शुरू की गई है।

# जन चेतना रथ यात्रा के माध्यम से की अपील अबकी बार 400 पार

- चौरसिया समाज के लोगों को कहीं मंत्री तो कहीं पदाधिकारी बनाकर किया है भाजपा ने सम्मान

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। चौरसिया समाज जन चेतना रथ यात्रा लखनऊ 1090 चौराहे से निकलकर उत्तर प्रदेश के 13 जिलों से गुजरती हुई आज आजमगढ़ जनपद में आई यह रथ यात्रा जीयनपुर से निकलकर बनकट गूलउर उकरौडा होते हुए हाफिजपुर चौराहे से सदर अस्पताल कोट मोहल्ला दलाल घाट हरीआऔध कला भवन नगर पालिका दीवानी कचहरी हरबंशपुर बेलईसा रानी सराय चेक पोस्ट फरिहा संजरपुर होते हुए



फूलपुर पवई होते हुए गाजीपुर जनपद जाएगी चौरसिया जन चेतना रथ यात्रा के मुख्य अतिथि चौरसिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री ऋषि चौरसिया विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री मिथिलेश चौरसिया ने बताया यह चौरसिया जन चेतना रथ यात्रा चौरसिया समाज के उत्थान के लिए जनप्रतिनिधि अधिकार के लिए निकाली गई उत्तर प्रदेश का चौरसिया समाज भारतीय जनता पार्टी के साथ है भारतीय जनता पार्टी द्वारा चौरसिया समाज को सम्मान के रूप में माननीय गंगा प्रसाद चौरसिया जी को सिक्किम का राज्यपाल बनाकर चौरसिया समाज को सम्मान दिया गया उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चौरसिया समाज को सुरेंद्र चौरसिया को टिकट देकर उसे जिताकर जनप्रतिनिधि का अधिकार दिया गया इससे चौरसिया समाज खुश है प्रधानमंत्री जी का नारा है अबकी बार 400 पार चौरसिया समाज पूरे भारत का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के पक्ष में वोटिंग करके उनके सपनों को साकार करने का काम करेगा ताकि आने वाले समय में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल हो भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह जी अभिभावक संघ के अध्यक्ष गोविंद दुबे जी भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मयंक गुप्ता चौहान समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर चौहानद्वारा समाज के लोगों द्वारा विभिन्न चौराहे पर चौरसिया समाज का भव्य स्वागत किया गया माननीय ऋषि चौरसिया जी द्वारा कारगिल शहीद वीर बलिदानी रामसमुझ यादव जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन

आजमगढ़। श्री अग्रसेन महिला महाविद्यालय के परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर में कार्यक्रम अधिकारी महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर सुषमा मौर्य का कहना था कि राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर 2 मार्च से शुरू होकर 8 मार्च को शुक्रवार को मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक सुधीर अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस शिविर में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा प्रतिदिन अनेकों अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। शिविर समापन पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने दी जान

अवधनामा संवाददाता


अतरौलिया,आजमगढ़। संदिग्ध परिस्थिति में युवक ने फांसी लगाकर दी जान, मौके पर पहुंची पुलिस शव को लिया कब्जे में। बता दे कि स्थानीय थाना क्षेत्र के लहनपट्टी निवासी शिवकुमार उर्फशिबू गौड़ पुत्र स्व0 रूपा गौड़ 35 वर्ष गुरुवार की शाम लगभग 4: 00 बजे अपने कमरे में कुंडी के सहारे साड़ी के फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। पत्नी के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और दरवाजे को खोलकर छत की कुंडी से शिबू को नीचे उतारा ततपश्चात एक निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक शिबू की शादी 2009 में जैतपुर अंबेडकर



नगर में हुई थी। मृतक की पत्नी बदामा देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के पास दो लड़के व एक लड़की है बड़ा लड़का समर 8 वर्ष, किशन व जान्हवी है । मृतक दो भाइयों में छोटा था बड़ा भाई राजेश गौड़ जो मृतक शीबू से अपनी माँ के साथ अलग रहता था। स्थानीय लोगों के अनुसार शीबू को पत्नी के चरित्र पर हमेशा संदेह रहता था इसी बात को लेकर पत्नी से हमेशा बाद विवाद होता रहता था,अभी एक महीने पहले ही मृतक कमाकर घर लौटा था और आज गुरुवार को पत्नी से झगड़ा होने के बाद दारू का सेवन किया और अपने कमरे में दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस में रखवा दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं प्राप्त हुई है।

# मिड-प्रीमियम सेगमेंट में हलचल

## रियलमी ने 16999 रुपये के शुरुआती मूल्य में रियलमी 12 सीरीज 5जी पेश



**लखनऊ।** भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी 12 सीरीज 5जी पेश की है। रियलमी 12 सीरीज 5जी सीरीज में दो शानदार स्मार्टफोन- रियलमी 12+ 5जी और रियलमी 12 5जी लॉन्च किए गए हैं। यह रियलमी के सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो इसकी 'मेक इट रियल' और ब्रांड की एक रिफ्रेश्ड पहचान के अनुरूप है, जो यव यूज़र्स की जरूरतों से मेल खाती है।

मिड-रेंज स्मार्टफोन के मानक बढ़ाते हुए और प्लस अनुभव प्रदान करते हुए रियलमी 12+ 5जी एक विशेष स्मार्टफोन है, जिसमें ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइज़ेशन (ओआईएस), 2एक्स इन-सेंसर ज़ूम और सिनेमैटिक 2एक्स पोर्ट्रेट मोड के साथ सेगमेंट का पहला 50 मेगापिक्सल का सोनी लाइट-600 मुख्य कैमरा दिया गया है, जो बहुत ही स्पष्ट, डीएसएलआर जैसा पोर्ट्रेट कैप्चर करने में सक्षम है। इसका 112ए अल्ट्रा-वाइड कैमरा और 16मेगापिक्सल एचडी सेल्फी कैमरा शानदार सेल्फी लेता है। इसमें 120हट्र्ज़ का अल्ट्रा-स्मूथ एमोलेड डिस्प्ले और 67वॉट की सुपरवूक चार्जिंग दी गई है। यह स्मार्टफोन लंबे समय तक चले इसके लिए इसमें 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी लगी है। इसमें 256 जीबी तक की स्टोरेज और डायनामिक रैम तथा आईपी54 डस्ट एवं वाटर रेजिस्टेंस जैसी शानदार विशेषताएं भी हैं। यह एंड्रॉयड 14 पर आधारित रियलमी यूआई 5.0 पर चलता है। रियलमी 12+ 5जी पायोनियर ग्रीन और नेविगेटर बेज में दो स्टोरेज वैरिएंट 8जीबी+128जीबी, 20999 रुपये में और 8जीबी+256जीबी 21999 रुपये में उपलब्ध होगा। 8जीबी+256जीबी वैरिएंट रियलमी.कॉम और फ़्लिपकार्ट पर 9 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई और 1000 रुपये के बैंक ऑफर के साथ मिलेगा। मेनलाइन चैनलों से यह स्मार्टफोन खरीदने पर इसके साथ 3998 रुपये मूल्य का रियलमी बड्स टी300 मिलेगा। 8जीबी+128जीबी वैरिएंट पर बैंक ऑफर में 2000 रुपये तक की छूट और रियलमी.कॉम एवं फ़्लिपकार्ट पर 1000 रुपये का मूल्य ऑफर मिलेगा। इसके अलावा, रियलमी.कॉम पर 9 महीने तक की और फ़्लिपकार्ट पर 6 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई का लाभ भी मिलेगा।

दूसरी ओर ज़बरदस्त फ़ीचर्स के साथ रियलमी 12 5जी में शानदार इमेजेस के लिए 108 मेगापिक्सल का 3एक्स ज़ूम पोर्ट्रेट कैमरा है। इसमें शानदार परफ़ॉर्मेंस के लिए मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6100+ 5जी चिपसेट और हाई कलर डिस्प्ले के साथ 6.72-इंच एफएचडी+ सनलाइट डिस्प्ले लगा है, जो जीवंत एवं स्पष्ट व्यू प्रदान करता है। इस स्मार्टफोन में 45वॉट सुपरवूक चार्ज और 5000एमएएच की शक्तिशाली बैटरी भी है। इसकी अन्य विशेषताओं में ड्युअल स्टीरियो स्पीकर, सुगम परफ़ॉर्मेंस के लिए विशाल मेमोरी, 8मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा, बायोमेट्रिक पहचान के लिए एक डायनामिक बटन और एक राइडिंग मोड शामिल हैं।

## महिला दिवस के उपलक्ष्य में फीनिक्स यूनाइटेड लखनऊ कर रहा महिला प्रीमियर लीग का आयोजन



**लखनऊ।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में फीनिक्स यूनाइटेड, लखनऊ फीनिक्स यूनाइटेड महिला प्रीमियर लीग के सीजन 3 का आयोजन करने जा रहा है। यह टूर्नामेंट शहर के स्कूलों, कॉलेजों और क्लबों की महिला क्रिकेटरों को एक बेहतरीन मंच प्रदान करता आया है।

फीनिक्स यूनाइटेड महिला प्रीमियर लीग 4 हफ्ते तक चलने वाला इनडोर क्रिकेट टूर्नामेंट है। इसमें स्कूल, कॉलेज और क्लब तीन कैटेगरी बनाई गई हैं। हर शनिवार और रविवार को तीन हफ्तों तक क्वालीफायर मैच खेले जाएंगे। चौथे वीकेंड में, प्रत्येक समूह की टॉप रैंकिंग टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबले होंगे और फाइनल अगले दिन खेला जाएगा।

प्रत्येक कैटेगरी की विजेता टीम को पुरस्कार राशि, ट्रॉफी और सभी प्रतिभागी टीमों के सदस्यों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। उप विजेता और द्वितीय उप विजेता टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा।

फीनिक्स यूनाइटेड ने वर्ष 2022 में महिला दिवस के अवसर पर फीनिक्स यूनाइटेड महिला प्रीमियर लीग की शुरुआत की थी, जो बहुत सफल रही। दूसरे सीजन में पिछले सीजन से भी अधिक 25 स्कूलों, कॉलेजों और क्लबों ने भाग लिया।

संजीव सरीन, सीनियर सेंटर डायरेक्टर, फीनिक्स मिल्स का कहना है कि, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि फीनिक्स यूनाइटेड महिला प्रीमियर लीग का सीजन 3 शुरू होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट शहर की युवा महिला क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने का एक शानदार मंच है। हम इस बार इसे और भी बड़ा और बेहतर बनाने जा रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### एक्स पर आया बड़ा अपडेट, सिर्फ इन यूजर्स को मिलेगा सुविधा का लाभ

**नई दिल्ली।** एलन मस्क द्वारा संचालित एक्स ने शुक्रवार को आर्टिकल्स' पेश किया, जो इस प्लेटफ़ॉर्म पर लंबे प्रारूप में लिखित सामग्री शेयर करने का एक नया तरीका है।प्रीमियम यूजर्स व एक्स की सेवाओं के लिए भुगतान करने वाले अब इस प्लेटफ़ॉर्म पर स्टाइलिस्ड टेक्स्ट, एम्बेडेड छवियों और वीडियो के साथ लेख पोस्ट कर सकते हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा, आर्टिकल एक्स पर लंबे प्रारूप में लिखित सामग्री को शेयर करने का एक नया तरीका है। आर्टिकल प्रकाशित करना प्रीमियम+ यूजर्स और सत्यापित संगठनों तक सीमित एक सुविधा है। टेक्स्ट के अलावा, लेखों में चित्र, वीडियो, जीआईएफ, पोस्ट और लिंक शामिल हो सकते हैं। आप टेक्स्ट को शीर्षकों, उपशीर्षकों, बोल्ड, इटैलिक, स्ट्राइकथ्रू, इंडेंटेशन, संख्यात्मक और बुलेटेड सूचियों के साथ भी दे सकते हैं। लेख लिखने के लिए, एक्सडॉटकॉम पर साइड नेविगेशन में लेख टैब पर जाएं, लिखें पर क्लिक करें और जब आप तैयार हों, तो प्रकाशित करें। फिर आपका लेख टैब पर आपकी प्रोफ़ाइल पर लाइव होगा।

### टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन 1 अप्रैल से महंगे हो जाएंगे

**मुंबई।** टाटा मोटर्स ने घोषणा की कि वह 1 अप्रैल से अपने विभिन्न मॉडलों में वाणिज्यिक वाहनों की कीमत 2 प्रतिशत तक बढ़ाएगी। कंपनी ने कहा, मूल्यवृद्धि पिछली इनपुट लागतों के अवशिष्ट प्रभाव की भरपाई कर देगी। हालांकि कीमत में बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल और वेरिएंट के अनुसार अलग-अलग होगी, यह वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी। टाटा मोटर्स कारों, उपयोगिता वाहनों, पिक-अप, ट्रकों और बसों की अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माता है। भारत, यूके, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया में परिचालन के साथ कंपनी अफ्रीका, मध्य पूर्व, लैटिन अमेरिका, दक्षिण पूर्व एशिया और सार्क देशों में अपने वाहनों की मार्केटिंग करती है।

## हिंडवेयर ने लकासा - एक्सपीरियंस सेंटर के माध्यम से अपनी उपस्थिति में विस्तार किया



**लखनऊ।** हिंडवेयर लिमिटेड, एक प्रमुख बाथवेयर कंपनी, ने लखनऊ, उत्तर प्रदेश में अपने लकासा एक्सपीरियंस सेंटर फैजाबाद रोड के कामता चौराहा में अल्फा टॉवर के में स्थित 2,600 वर्ग फुट में फैले हुए विशाल केंद्र में सैनिटरीवेयर, नल, वेलनेस उत्पादों और शॉवर बाड़ों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई है। शोरूम, अपने सभी ब्रांडों का एक शानदार अनुभव प्रदान करता है, जिसमें क्यूओ - लक्जरी लाइन, हिंड्वेयर इटालियन कलेक्शन - प्रीमियम रेंज और हिंडवेयर - जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड शामिल हैं.लकासा, आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनरों और बाथरूम की डिजाइनों की खोज करने वाले अंतिम उपभोक्ताओं के लिये एक प्रमुख प्रेरणा केंद्र के रूप में कार्य करता है। लॉन्च के अवसर पर श्री सुधांशु पोखरियाल, सीईओ - बाथ एंड टाइल्स बिजनेस ने कहा कि, उत्तर प्रदेश हिंडवेयर के लिए बढ़ते बाजार का प्रतीक है, जैसा कि FY23 में हमारी मजबूत बिक्री वृद्धि से प्रमाणित है। लखनऊ में हिंडवेयर लकासा एक्सपीरियंस सेंटर की शुरुआत उत्तर प्रदेश के बाजार के लिए हमारे रणनीति के महत्व को दर्शातीहै, जो इस क्षेत्र में हमारे ग्राहकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। उत्तर प्रदेश में हमारे बड़े निवेश को अत्यधिक अनुभवी भागीदारों के साथ हमारे सहयोग को विशेष बल दिया गया है, जो राज्य में बाथवेयर सेगमेंट में अद्वितीय विशेषज्ञता ले कर आ रहा है।

## एसरी इंडिया ने 2024 यंग स्कॉलर प्रोग्राम की घोषणा की

**नई दिल्ली।** 2024-जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) सॉफ्टवेयर एवं सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी एसरी इंडिया ने देशभर से जियोस्पैटियल क्षेत्र से स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को पहचान देने और उन्हें सशक्त करने के लिए प्रतिष्ठित 2024 एसरी इंडिया यंग स्कॉलर प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की। इस प्रोग्राम का लक्ष्य कैलिफोर्निया के सैन डियेगो में प्रतिष्ठित एसरी यूज़र कॉन्फ्रेंस में जीआईएस मे अपना असाधारण कार्य दिखाने और साथी विद्यार्थियों के वैश्विक नेटवर्क से जुड़ने के लिए विद्यार्थियों को एक अनूठा मंच उपलब्ध कराना है।

यह प्रोग्राम भारत में एक विश्वविद्यालय में जीआईएस या संबंधित विषयों में अध्ययन कर रहे स्नातक या स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए खुला है। वर्ष 2024 में स्नातक की पढ़ाई पूरी कर रहे विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते हैं। इस प्रोग्राम में नामांकन के लिए विद्यार्थियों को 10 मार्च, 2024 तक पंजीकरण करना और 17 मार्च, 2024 तक अपने प्रोजेक्ट्स जमा करना आवश्यक है। इस आवेदन पर निर्णय रचनात्मकता, नवप्रवर्तन, वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान और एसरी टेक्नोलॉजी के प्रभावी एप्लीकेशन के आधार पर किया जाएगा।

एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अजेन्द्र कुमार ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, एसरी इंडिया यंग स्कॉलर प्रोग्राम जियोस्पैटियल क्षेत्र में नवप्रवर्तन को गति देने के लिए विद्यार्थियों की ताकत में हमारे विश्वास का एक प्रमाण है। यह प्रोग्राम उत्कृष्टता को पहचान देने और वृद्धि, गठबंधन एवं असल दुनिया की समस्याओं का लोकेशन टेक्नोलॉजी के जरिए समाधान के लिए जुनून को लेकर है। हम उन उल्लेखनीय परियोजनाओं को लेकर उत्साहित हैं जो भारत के तेज दिमाग वाले युवाओं की ओर से पेश की जाएंगी जहां शीर्ष स्तर के विद्यार्थियों को एक वैश्विक मंच पर अपना कौशल दिखाने का एक अनूठा अवसर मिलेगा।

विजेताओं को प्रतिष्ठित एसरी इंडिया यंग स्कॉलर ऑफ दि ईयर की ट्रॉफी और प्रमाण पत्र एवं 12 माह के आर्कजीआईएस पर्सनल यूज़ लाइसेंस से सम्मानित किया जाएगा। शीर्ष पायदान पर रहने वाले विजेता को एसरी एजुकेशन समिट और एसरी इंटरनेशनल यूज़र कॉन्फ्रेंस, सैन डियेगो में जुलाई, 2024 में जाने का अतिरिक्त मौका मिलेगा।

## देश की मंडियों में सरसों की दैनिक आवक बढ़कर 9 लाख बोरी के पार



**जयपुर।** राजस्थान सहित देश की सभी मंडियों में सरसों सीड की दैनिक आवक बढ़कर वर्तमान में 9 लाख बोरी से ऊपर निकल गई है। हालांकि एमएसपी पर सरसों की खरीद अभी प्रारंभ नहीं हुई है। सूत्रों के मुताबिक सरकार 15 मार्च के आसपास सरसों की खरीद शुरू कर सकती है। सरसों मिल डिलीवरी 42 प्रतिशत तेल कंडीशन के भाव गुरुवार को यहां 50 रुपए और उछलकर 5475 रुपए प्रति क्विंटल पहुंच गए हैं। हालांकि मंडियों में लूज सरसों के भाव 5000 रुपए प्रति क्विंटल से नीचे चल रहे हैं। जबकि सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650 रुपए प्रति क्विंटल है। इस लिहाज से देखें तो किसानों को सरसों की बिक्री पर भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। काश्तकारों का कहना है कि सरकार को शीघ्र न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद केन्द्र शुरू कर देने चाहिए। इस बीच तेल मिलों में सरसों तेल का पड़ता नहीं लगने से उत्पादन पूरी क्षमता से शुरू नहीं हुआ है। सोयाबीन रिफाइंड सस्ता होने से सरसों तेल की उपभोक्ता मांग अपेक्षाकृत कमजोर बनी हुई है। सरसों का पिछले साल का कैरीओवर स्टॉक भी बचा हुआ है। परिणामस्वरूप सरसों सीड में लंबी तेजी के आसार फिलहाल नहीं हैं।

उधर एफसीआई के साथ-साथ राज्य सरकार ने भी इस बार गेहूं के लिए कमर कसी हुई है। राज्य सरकार ने गेहूं पर 125 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस घोषित किया हुआ है। गेहूं की कीमतें कच्ची मंडियों में वैसे भी ज्यादा चल रही हैं।

## ओडिसी इलेक्ट्रिक ने वाराणसी में पहली एक्सक्लूसिव डीलरशिप लॉन्च की



**वाराणसी।** भारत की तेजी से बढ़ रही प्रीमियम इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी, ओडिसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ने वाराणसी में अपनी पहली डीलरशिप को लॉन्च किया है। ओडिसी इलेक्ट्रिक के लिए यह रणनीतिक विस्तार एक उल्लेखनीय उपलब्धि है क्योंकि इससे कंपनी ने देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की क्रांति को बरकरार रखा है।

वाराणसी में लहरतारा-मडुंआडीह रोड पर पेट्रोल पंप के पास ओडिसी इलेक्ट्रिक के पहले शोरूम का उद्घाटन किया गया। इस डीलरशिप के शुभारंभ के साथ, ब्रांड का लक्ष्य भारत के आध्यात्मिक शहर वाराणसी में पर्यावरण के अनुकूल और इकोफ्रेंडली मोबिलिटी के साधनों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। देश में अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पवित्रता के लिए मशहूर यह शहर अब पर्यावरण के अनुकूल और ग्रीन मोबिलिटी के विकल्पों को अपनाने में भी अग्रिम मोर्चे पर नजर आएगा।

वाराणसी में 600 वर्गफीट में फैली ब्रैंड की पहली डीलरशिरप उपभोक्ताओं के स्वागत का अनुकूल माहौल तैयार करेगी, जिससे वह ओडिसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की दुनिया में अपने को पूरी तरह डूबा हुआ महसूस करें। शहरों में एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए ओडिसी इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रिक अलग-अलग तरह के टू-व्हीलर्स का डिजाइन एवं उत्पादन करती है। कंपनी पारंपरिक ईंधन से चलने वाले वाहनों का आकर्षक विकल्प प्रदान कर रही है। वाराणसी की डीलरशिप में ब्रैंड के नए मॉडलों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें लोगों द्वारा बेहद पसंद किए जा रहे मॉडल ई2गो, वी2, हॉक, इवोक्सिस और हाल ही में लॉन्च किया गया वाडर शामिल है। इसमें से हरेक गाड़ी स्टाइल, परफॉर्मेंस और स्थिरता का बेजोड़ संयोजन है।

वाराणसी में ब्रैंड के विस्तार के प्रति उत्साहित होते हुए ओडिसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ श्री नेमिन वोरा ने कहा, ''हम परंपरा और आध्यात्मिकता में गहराई तक जड़ें जमा चुके वाराणसी शहर में ओडिसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के लॉन्च से बेहद उत्साहित हैं। यह क?लीन, ग्रीन और स्थायी मोबिलिटी के साधनों को सभी तक पहुंचाने के प्रयास के मामले में हमारी लंबी और मजबूत छलांग है। हमारे प्रॉडक्ट्स की रेंज यातायात का आधुनिक और स्थिर साधन प्रदान करती है। स्वच्छ और हरे-भरे पर्यावरण के लिए शहर की प्रतिबद्धता के साथ इसका बेहतर तालमेल है। मौजूदा समय में हम 50 शहरों में मौजूद हैं।

## एनसीआर में सीएनजी के दाम में कटौती से आम जनता खुश, कैब चालकों ने कहा बड़ी राहत मिली

**नोएडा।** दिल्ली एनसीआर में सीएनजी के दामों में ढाई रुपए की कमी की गई है। इससे आम जनता काफी खुश है और इसे सबसे ज्यादा फायदा कैब चालकों को होने वाला है। मुंबई के बाद अब दिल्ली एनसीआर में सीएनजी के दामों में कटौती की गई है। दिल्ली के अलावा नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, रेवाड़ी, करनाल और कैथल में भी सीएनजी के दाम कम किए गए हैं। दिल्ली समेत आसपास के शहरों में सीएनजी 2.5 रुपये सस्ता हो गया है। नई दरें गुरुवार सुबह 6 बजे से लागू हो गई हैं। सीएनजी के रेट की बात करें तो दिल्ली में अब एक किलो सीएनजी 74.09 रुपये की होगी जो पहले 76.59 रुपये थी। नोएडा में एक किलो सीएनजी की कीमत अब 78.70 रुपये होगी जो पहले 81.20 रुपये थी। ऐसे ही गुरुग्राम में एक किलो सीएनजी की कीमत अब 80.12 रुपये होगी जो पहले 82.62 रुपये थी।

## जानकार बनिए, सतर्क रहें- आरबीआई लोकपाल द्विवेदी



**चंडीगढ़।** भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने आज होटल माउंटव्यू, चंडीगढ़ में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य परिवर्तनकारी रिज़र्व बैंक - एकीकृत लोकपाल योजना, 2021 (आरबी-आईओएस, 2021) के बारे में उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाना रहा। राजीव द्विवेदी, मुख्य महाप्रबंधक और लोकपाल, आरबीआई के नेतृत्व में, इस आयोजन ने उपभोक्ताओं को इस अभूतपूर्व पहल के बारे में सूचित करने और शिक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य किया।

12 नवंबर, 2021 को पेश किया गया आरबी-आईओएस, उपभोक्ता अधिकारों के प्रति आरबीआई की प्रतिबद्धता में महत्वपूर्ण मील का पत्थर दर्शाता है। यह आरबीआई की पूर्ववर्ती तीन लोकपाल योजनाओं, अर्थात् बैंकिंग लोकपाल योजना, 2006, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए लोकपाल योजना, 2018; और डिजिटल लेनदेन के लिए लोकपाल योजना, 2019 को एकीकृत करता है और आरबी-आईओएस शिकायत निवारण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है। यह समेकन प्रक्रियाओं को सरल बनाता है, शिकायत प्राप्ति को केंद्रीकृत करता है, अधिक संस्थाओं तक कवरेज का विस्तार करता है, और क्षेत्राधिकार संबंधी असमानताओं को समाप्त करता है। आरबी-आईओएस, 2021 आरबीआई द्वारा विनियमित संस्थाओं द्वारा प्रदान की गई सेवाओं में कमी से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों का निःशुल्क निवारण प्रदान करता है, यदि ग्राहकों की संतुष्टि के अनुसार समाधान नहीं किया जाता है या विनियमित संस्थाओं (आरई) द्वारा 30 दिनों की अवधि के भीतर जवाब नहीं दिया जाता है।

द्विवेदी ने ग्राहकों की शिकायतों को तेजी से संबोधित करने में इसकी प्रभावकारिता पर जोर देते हुए आरबी-आईओएस, 2021 की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। द्विवेदी ने जागरूकता के महत्व पर जोर देते हुए कहा, जानकार बनिए, सतर्क रहें। इसके अलावा, आरबी-आईओएस, 2021 शिकायतकर्ताओं के लिए असंख्य लाभ लेकर आया है। सरलीकृत फाइलिंग प्रक्रियाएं, केंद्रीकृत रसीद तंत्र और विस्तारित कवरेज अधिक पहुंच और सुविधा सुनिश्चित करते हैं। उन्नत शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस) पोर्टल के माध्यम से, शिकायतकर्ता देश में कहीं से भी अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं, स्वचालित पावती प्राप्त कर सकते हैं, वास्तविक समय में शिकायत की स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं और अतिरिक्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

## टाटा मोटर्स की फ्लैगशिप DARK सीरीज अब इसकी नई एसयूवी में भी होगी उपलब्ध

**मुंबई।** भारत की दिग्गज ऑटोमोबाइल निर्माता टाटा मोटर्स ने न्यू फॉरएवर की अपनी प्रतिबद्धता पर खरा उतरते हुए आज अपने आईसीई और ईवी दोनों वैरिएंट में फ्लैगशिप #DARK अवतार में भारत के सबसे ज्यादा बिकने वाले नंबर #1 एसयूवी ब्रांड - नेक्सॉन का अनावरण किया है। इस सफल रेंज को आगे बढ़ाते हुए कंपनी ने अपनी प्रीमियम एसयूवी - नई सफारी और नई हैरियर को उनके #DARK एडिशंस में भी लॉन्च किया है। नई नेक्सॉन सीरीज में ?11.45 लाख की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध, #DARK रेंज अपने लॉन्च के बाद से ही इंडस्ट्री में एक ट्रेंडसेटर रही है।

इस लॉन्च के मौके पर टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के चीफ कमर्शियल ऑफीसर श्री विवेक श्रीवत्स ने कहा #DARK संस्करण ने वास्तव में नई पीढ़ी की कल्पना को कैद किया है, जो उनकी लगातार बदलती पसंद और प्राथमिकताओं को दर्शाता है। आकर्षक बाहरी डिज़ाइन और सुविधाओं से भरपूर इंटीरियर के साथ, Nexon.ev, नेक्सॉन, हैरियर और सफारी से मिलकर बना नया #DARK परिवार वापस आ गया है और पहले से कहीं बेहतर है। हम आपके लिए अपना नया अभियान शुरु करने के लिए उत्साहित हैं। ये प्रयास निश्चित रूप से उत्साह और सशक्तिकरण की भावना पैदा करेगा, लोगों को नई #DARK रेंज की अनूठी क्षमताओं को परखने को लिए प्रेरित करेगा जो लग्जरी और बेहतर शिल्प कौशल का पर्याय है।

वर्ष 2019 में हैरियर के साथ पेश किया गया और 2021 में पूरे पोर्टफोलियो में अपनाये गए #DARK के साथ टाटा मोटर्स ने इंडस्ट्री में एक नया मानदंड स्थापित किया। #DARK ने तब से टाटा पैसेंजर और इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो की शैली और प्रीमियम अपील को बढ़ा दिया है, जिससे यह ग्राहकों के लिए एक आकर्षक और अनूठा विकल्प बन गया है। #DARK रेंज अपने सिग्नेचर #DARK शुभंकर और डार्क एक्सटीरियर ट्रीटमेंट के साथ भारत की सबसे पसंदीदा एसयूवी में कई रोमांचक बदलाव लेकर आई है, जो इस रेंज के लिए विशेष हैं।

भारत की नंबर 1 इलेक्ट्रिक व्हीकल, Nexon.ev के बोल्ड #DARK अवतार में कई अभूतपूर्व सुविधायें दी गई है जो ऑटोमोटिव अनुभव को फिर से परिभाषित करती हैं। इसका शानदार लुक एक बोल्ड डिजिटल डिजाइन की विशेषता है। यह शॉर्प लाइनों से सुसज्जित है जो इसके एक शानदार एसयूवी व्यक्तित्व को उजागर करती है। बाहरी भाग एक मजबूत बॉडी के साथ अधिक मस्क्यूलर नजर आता है जो सिग्नेचर #DARK मस्कट (शुभंकर) और एक विशिष्ट गहरे एक्सटीरियर ट्रीटमेंट के साथ इसकी शान को बढ़ाता है।

## एनएसडीसी ने भद्रक में स्किल इंडिया सेंटर का उद्घाटन किया



**ओडिशा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को ग्लोबल स्किल कैपिटल में बदलने के विज़न के अनुरूप राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने ओडिशा के भद्रक में स्किल इंडिया सेंटर का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य युवाओं को डिमांड ड्रिवन कौशल से लैस करना, कैरियर के अवसरों में तेजी लाना और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

यह स्किल इंडिया सेंटर छात्रों को जॉब रोल्स में प्रैक्टिकल, और हैंड्स-ऑन एक्सपीरिएन्स के साथ एकेडेमिक नॉलेज को इंटीग्रेट करके प्रशिक्षण प्रदान करेगा। प्रशिक्षण छात्रों के कौशल को निखारने, नेटवर्किंग के अवसरों का निर्माण करने और उभरती टेक्नोलॉजी में प्रशिक्षण देने पर केंद्रित है। इससे छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा।

आज भद्रक में स्किल इंडिया सेंटर का उद्घाटन करते हुए, ओडिशा के धामनगर के माननीय विधायक श्री सूरज सूर्यबंशी ने कहा, ÷आज एक गौरवान्वित करने वाला मील का पत्थर हमारे सामने है क्योंकि भारत का 5वां स्किल इंडिया सेंटर असुराली, भद्रक में खुला है। इस सेंटर का उद्देश्य एक स्पष्ट उद्देश्य के साथ उद्योगों और नौकरी चाहने वालों के बीच गैप को पाटते हुए, उन्हें आवश्यक कौशल से लैस करना है, जिससे भद्रक के युवाओं का उज्जवल भविष्य सुनिश्चित हो सके। बाढ़ और सीमित रोजगार जैसी चुनौतियों के बीच, ओडिशा का खनिज से भरा हुआ लैंडस्केप अभी तक उपयोग नहीं किया गया है।

उन्होंने आगे कहा कि, स्किल इंडिया सेंटर का उद्घाटन समय पर अवसर प्रदान करने वाला है, जोकि मार्केटिंग से लेकर भाषा प्रशिक्षण तक अनेक कोर्स ऑफ़र करता है। इसका उद्देश्य भद्रक में युवाओं को सशक्त बनाना और रोजगार चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करना है।

ओडिशा की युवा आबादी संभावनाओं से भरी हुई है और उन्हें उद्योग के लिए प्रासंगिक कौशल से लैस करके, इस सेंटर का लक्ष्य उद्योग और शिक्षा के बीच इस गैप को पाटना है। यह सेन्टर भविष्य के कौशल को बढ़ावा देगा, रोजगार के अवसरों को बढ़ाएगा और पारंपरिक शिल्प की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करेगा। इसके साथ ही उन्हें लोकल सेटिंग्स में बढ़ावा देगा।

इंडस्ट्री सेन्ट्रिक और सॉल्यूशन ड्रिवेन अप्रोच पर ध्यान केंद्रित करते हुए, यह सेन्टर छात्रों को उभरते ट्रेंड में समृद्ध अनुभव प्राप्त करने और आज के विकसित जॉब लैंडस्केप में इन कौशल के उपोयग का तरीका सीखने में सक्षम करेगा। यह सेन्टर न केवल छात्रों को किफायती कीमतों पर फ्यूचर स्किल कोर्स प्रदान करेगा, बल्कि पारंपरिक शिल्प की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी संरक्षित करेगा और उन्हें कंटेम्परारी कॉन्टेक्स्ट में बढ़ावा देगा।

इन प्रयासों के माध्यम से, इस सेन्टर को युवा पीढी के लिए एक नॉलेज हब के रूप में स्थापित किया जाएगा, जो संबंधित क्षेत्रों में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल हासिल करने और सक्षम बनाने में इस पहल के ठोस प्रभाव को प्रदर्शित करेगा। यह सेन्टर सर्वेश्रेष्ठ इंफ्रास्ट्रक्चर, कटिंग एज टेक्नोलॉजी और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जो युवाओं के भविष्य को संवारने और डोमेस्टिक और ग्लोबल मार्केट में प्लेसमेंट के रास्ते खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

देवगढ़, संबलपुर, ढेंकनाल और अंगुल जिलों में पहले की गई शुरूआतों को स्थानीय युवाओं द्वारा अच्छी तरह से स्वीकार किया गया है। ये ठोस प्रयास राज्य को भविष्य के कौशल के हब के रूप में स्थापित करने में सहायता करते हैं और आत्मविश्वास पैदा करते हैं।इससे युवा आत्मविश्वास से आगे बढ़ेंगे और आकर्षक करियर अवसरों में सफल होंगे।

वर्ष की शुरुआत में, केन्द्रीय मंत्री द्वारा कौशल रथ पहल लाई गई, जो ओडिशा के संबलपुर, अंगुल और देवगढ़ जिलों में इच्छुक उम्मीदवारों को स्किल ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन देने के लिए डिज़ाइन की गई बसें हैं। यह पहल पहले ही 4000 उम्मीदवारों को विभिन्न कोर्स मॉड्यूल में प्रशिक्षण प्रदान कर चुकी है, जिससे डिजिटल लिटरेसी, रिटेल और एंटरप्रेन्योरियल स्किल्स और क्षेत्र के समावेशी विकास को बढ़ावा मिला है।

# पथ प्रकाश व स्ट्रीट लाइट से जगमग होगा नगर पालिका कुशीनगर

अवधनामा संवाददाता

- विभिन्न वार्डों में विधायक के प्रयास से लगेगा पथ प्रकाश व स्ट्रीट लाइट
- कुशीनगर विधानसभा प्रदेश में एक अलग पहचान बना चुकी: पाठक



**कसया, कुशीनगर।** कुशीनगर के लोकप्रिय विधायक पी एन पाठक के प्रस्ताव पर विधानसभा क्षेत्र के नगरपालिका परिषद् कुशीनगर के विभिन्न वार्डों में पथ प्रकाश व स्ट्रीट लाइट के कार्य हेतु शासन द्वारा 99 लाख, 90 हज़ार रुपए की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा का प्रति विधायक पी एन पाठक ने हार्दिक आभार प्रकट किया है।

बता दें कि कुशीनगर नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डों में पथ प्रकाश व स्टील लाईट लगाने के लिए नगर बिकास मंत्री एके शर्मा को लिखित रूप से एक मांग पत्र सौंपा था जिसको संज्ञान में लेकर शासन ने पूरे नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डों में पथ प्रकाश व स्टील लाईट लगाने के लिए धन स्वीकृति किया है विधायक पी एन पाठक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महराज व नगर बिकास मंत्री एके शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमारा प्रयास है कि पूरे विधान सभा क्षेत्र में हर गांव में पथ प्रकाश और स्टील लाईट लगा कर गांव का विकास किया जायेगा आने वाले समय में कुशीनगर विधानसभा पूरे प्रदेश में एक अलग पहचान बना लेगी।

# आने वाले समय में यूपी में होंगे 100 सीबीजी प्लांट : हरदीप सिंह पुरी

अवधनामा संवाददाता



- गोरखपुर में सीबीजी प्लांट के लोकार्पण समारोह में बोले केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री

**गोरखपुर।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में दस सीबीजी प्लांट हैं और आने वाले समय मे यूपी में सौ सीबीजी प्लांट होंगे। श्री पुरी शुक्रवार को धुरियापार में इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सीबीजी प्लांट पर्यावरण की रक्षा, किसानों की आमदनी बढ़ाने और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा प्रयास है। इंडियन ऑयल की तरफ से यह प्लांट 165 करोड़ रुपये की पूंजी निवेश से स्थापित हुआ है। इस प्लांट में रोजाना 200 मीट्रिक टन कृषि अवशेष (धान का भूसा) 20 मीट्रिक टन प्रेसमड और 10 मीट्रिक टन मवेशियो के गोबर का उपयोग होगा। बायोगैस प्लांट में प्रतिदिन लगभग 20 मीट्रिक टन बायोगैस और 125 मीट्रिक टन जैविक खाद का उत्पादन होगा। जैविक खाद से कृषि की पैदावार बढ़ाने में मदद मिलेगी केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लाई गई ग्रीन हाइड्रोजन नीति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस सेक्टर में तेजी से निवेश होगा। उन्होंने कहा कि यूपी में उनके गोद लिए जिले सोनभद्र में भी ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट लगाने की व्यवस्था कराई जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में भी अन्नदाता किसानों की बड़ी भूमिका होगी। यह सीबीजी प्लांट इसी भूमिका से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि गैस सिलेंडर का काम देश में 2014 से 60 साल पहले शुरू हुआ था। 2014 तक 14 करोड़ गैस कनेक्शन दिए गए थे जो पीएम मोदी के मार्गदर्शन में अब 32 करोड़ हो गए हैं। 2016 में शुरू उज्ज्वला योजना से 10 करोड़ महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन दिए गए हैं उनमें 8 करोड़ ग्रामीण महिलाएं हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इससे देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में यूपी का बड़ा योगदान होने जा रहा है। केंद्र सरकार की योजनाओं का सबसे तीव्र क्रियान्वयन योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में हो रहा है।

## कालेश्वर नाथ शिव मंदिर पर उमड़ा जनसैलाब



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के सहजनवा तहसील के अंतर्गत क्षेत्र पिपरौली के ग्राम सभा कालेश्वर गीडा के अंतर्गत स्थित प्राचीन ऐतिहासिक शिव मंदिर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से शिव भक्तों ने शिवलिंग की पूजा अर्चना की। इस मंदिर को कालेश्वर ज्योतिर्लिंग के रूप में क्षेत्र में मान्यता है। इस अवसर पर समस्त क्षेत्रवासी पूजा अर्चना के साथ ही साथ इस स्थान पर लगे मेले से मिठाइयां खिलौने और अन्य उपयोगी वस्तुओं की खरीदारी करते हैं। बाल्यावस्था के बच्चों में इस मेले को लेकर के कुछ खास उत्साह रहता है यह बच्चे अपने परिवार के बड़ों से मिला करने के लिए पैसे लेते हैं और मेले में अपनी पसंद की वस्तुएं खरीदने और आनंद के साथ पसंद की चीज खाते हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कालेसर अजय यादव, पिपरौली चौकी की पुलिस एहतियातन मौके पर उपस्थित रही।

## फर्नीचर क्राफ्ट के औजारों का हुआ वितरण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से बिन्धेश्वरी ग्रामोत्थान संस्थान द्वारा फर्नीचर क्राफ्ट के उन्नत किस्म के औजारों का वितरण शुक्रवार को तिवारीपुर करनाईपुर में किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि आर आलम डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय विकास आयुक्त हैंडीक्राफ्ट लखनऊ ने कहाकि भारत विकसित राष्ट्र है और यहाँ भांति-भाति के कारीगर मौजूद है। अधिकांश कारीगर अपना स्वयं का कारोबार न कर प्रदेश के बाहर दूसरों के यहां पर दिहाड़ी पर कार्य करने के आदी होते जा रहे हैं। सरकार नौजवानों को तरह-तरह के उन्नत औजार निःशुल्क उपलब्ध कराकर उन्हे स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित कर रही है। टूलकिट वितरण कार्यक्रम में फर्नीचर क्राफ्ट के 50 आरटीजीएन को निःशुल्क संस्था की ओर से टूलकिट का वितरण सामान्यजनों को मुख्य अतिथि आर आलम विशिष्ट अतिथि जय प्रकाश द्विवेदी प्राचार्य व दिनेश शुक्ल क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा किया गया। संस्था अध्यक्ष बिन्धेश्वरी प्रसाद दूबे ने बताया कि टूलकिट में 23 प्रकार के उन्नत औजर ड्रिल मशीन सहित वितरित हुए। इस अवसर पर पुलकित शुक्ल कोमल शुक्ला राकेश विश्वकर्मा प्रेम प्रकाश मिश्र आदि मौजूद रहे।

## चरण सिंह के सपने को पूरा कर रही सरकार

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा किसानों को सिंचाई के लिये मुफ्त बिजली देने की घोषणा पर भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने किसान नेता, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की सोनूघाट स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रदेश सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही किसानों के हितों का पूरी तरह से ध्यान रख रहे है, राज्य सरकार ने पूर्व में निजी नलकूपों और ट्यूबेल से सिचाई के लिये मुफ्त बिजली दिए जाने की घोषणा को पूरा किया है।मुफ्त सिंचाई की व्यवस्था कर भाजपा सरकार ने चौधरी चरण सिंह के सपने को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस वादे को पूरा करने के लिये 900 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। किसानों के हित मे यह फैसला ऐतिहासिक है। ब्लाक प्रमुख भलुअनी छब्बू यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के इस फैसले से किसानों में खुशी की लहर है। सरकार ने 2023 से इस योजना को लागू कर पूर्व में किये गए अपने वादे को पूरा किया है।

# बाप बना हैवान : सात माह की बच्ची को पटक कर मार डाला

अवधनामा ब्यूरो



- पत्नी से हुए विवाद के बाद उठाया खौफनाक कदम

**कुशीनगर।** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक हैवान बाप ने पत्नी से हुई विवाद के बाद सात साल की मासूम बच्ची को पटक कर मार डाला और फरार हो गया। यह घटना सुनकर हर कोई दंग रह गया और बेरहम बाप को हर कोई कोसते नजर आ रहा था। मामला खड्डा थाना क्षेत्र के रामपुर गोनहा टोला जंगल का है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और हत्यारे को धर पकड़ में जुट गई।

खड्डा थाना क्षेत्र के रामपुर गोनहा गांव निवासी विवेक मुशहर की शादी गांव में ही एक युवती से दो वर्ष पूर्व लव मैरेज से हुई थी। दोनों के बीच एक सात माह की बच्ची थी। बच्ची का नाम गूंजा था। सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था। गुरुवार की शाम पति पत्नी में खाना जल्दी बनाने को लेकर कहा सुनी हो गया। नाराज पत्नी बच्ची को गोद में लेकर प्यार दुलार कर रही थी इसी बीच हैवान विवेक ने गोद से बच्ची को लेकर घर के सामने पक्की सड़क पर पटक दिया जिससे बच्ची की सर में गंभीर चोट लगने से मौके पर मौत हो गई।

घटना आम होने ही हत्यारोपी मौके से फरार हो गया। इस हृदय विदारक घटना की जानकारी होते ही लोगों में सनसनी फैल गई। आस पास के लोग इकठ्ठा हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे खड्डा थानाध्यक्ष नीरज कुमार राय मय फोर्स बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घटना स्थल का दौरा एडिशनल एसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ उमेश कुमार भट्ट ने हत्यारोपी को गिरफ्तारी हेतु टीमें लगा दिया गया है। बच्ची की मौत पर उसकी मां ऋतु देवी का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। उधर हैवान बाप की करतूत पर हर कोई कोसते नजर आ रहा था। बताया जा रहा था कि हत्यारोपी शराब के नशे में था जिसके बाद इतनी बड़ी खौफनाक घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में एडिशनल एसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि खड्डा थाना क्षेत्र के रामपुर गोनहा टोला जंगल निवासी पति-पत्नी में वाद विवाद हो गया है जिससे नाराज पति ने अपनी सात माह की बच्ची गूंजा को सड़क पर पटक दिया जिससे मौत हो गई। स्थानीय थाने पर हत्यारोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस फरार हत्यारोपी की तलाश कर रही है।

## भोर से ही जलाभिषेक को श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**अमेठी।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शुक्रवार को जनपद के शिवालय हर हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठे। जलाभिषेक को शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा दिखाई पड़ा भोर से ही श्रद्धालु जलाभिषेक को कतार में लग गए।शुक्रवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जनपद वासी बड़े ही उल्लास के साथ भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए शिवालयों की ओर रवाना हो गए बिल्वपत्र धतूरा मदार आम्र की मंजरी बेर ईख जौ की बाली स्वेत पुष्प भांग आदि पदार्थ जो भगवान शिव को प्रिय हैं उन्हें चढ़ाने के लिए भक्त शिवालयों में पहुंचे। जनपद की सीमा पर स्थित घुइसरनाथ नाथ धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने को रवाना हुए। वहीं गोसाईगंज महादेवन मुकुट नाथ धाम देवीपाटन दुखहरण नाथ धाम जगेश्वर नाथ धाम विशेश्वरगंज कालिकन भादर बाबूगंज सगरा आश्रम आदि क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में भक्तो ने जलाभिषेक किया है। भगवान शिव और मां पार्वती के विवाह के रूप में मनाया जाने वाला यह पर्व जनपद में बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया।

# 21वीं सदी में भी महिलाएं तलाश रही अपना अधिकार




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुक्रवार को जगह-जगह विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले में साधना फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने दिवस की प्रासंगिकता को लेकर खुलकर संवाद किया। फाउंडेशन की सचिव साधना त्रिपाठी ने कहा कि 21वीं सदी में भी महिलाएं अपना अधिकार तलाश रही हैं। आज भी घर की ड्योढ़ी से बाहर निकलने में अधिकांश महिलाओं को समस्या हो रही है।सरकार जहां महिला उन्नयन और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए तमाम दावे करती है वहीं समाज में आज भी एक ऐसी विडंबना कायम है की महिलाओं के अंदर बैठा भय निकल नहीं पा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्रा आर्य शुक्ला ने कहा कि महिलाओं को आज भी यह नहीं पता है कि उनके पास क्या अधिकार है सुरक्षा के लिए वह किन साधनों का उपयोग कर सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि महिला शिक्षा में दोहरा मानदंड उन्हें दिखाई पड़ता है कई ऐसे विद्यालय हैं जहां महिलाओं के लिए उचित शिक्षा की व्यवस्था नहीं उपलब्ध नहो पा रही है।

## शिवालयों में जलाभिषेक के लिए उमड़ी भीड़

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** सुकरौली विकास खंड के सेंदुआर गांव में स्थित प्राचीन झारखंडी शिव मंदिर पर आज महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा और हजारों की संख्या में लोगों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की। इस मंदिर पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। पुरुष महिलाएं और बच्चे मंदिर पर हर हर महादेव का जय घोष करते हुए पहुंचे और वहां पूजन अर्चन किया। इस क्षेत्र में इस शिव मंदिर के चौखट पर दूर-दूर से भक्तगण पूजन अर्चन के लिए आते हैं तथा विभिन्न जनपदों और नेपाल से आए हुए श्रद्धालु यहां भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं। मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रही। क्षेत्र के चर्चित असना भलुही, तिनहवा, खोट्टा, सखौली घोघरा जगदीशपुर पकड़ी सोहरौना बरडीहा आदि जगहों के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टिगत अहिरौली बाजार थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा भ्रमणशील रहे।



## हवन और भंडारे के साथ यज्ञ का हुआ समापन

**गोरखपुर।** पिपरौली क्षेत्र के अमटौरा गांव स्थित नवनिर्मित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में संचालित श्री राम कथा ज्ञान महायज्ञ का हवन पूजन और भंडारे के साथ विधिवत समापन कर दिया गया। नवनिर्मित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम के बाद हवन पूजन तथा भजन संध्या के कार्यक्रम के बाद भंडारे के साथ विधिवत रूप से यज्ञ का समापन कर दिया गया। जिसमें आसपास के दर्जनों गांव के कई लोगों ने भागीदारी की।

इस अवसर पर मंदिर के पुजारी श्री रमेश गिरी जी महाराज, संत श्री मनीष जी महाराज, राम मनोहर सिंह, सुरेंद्र श्रीवास्तव, रवि प्रताप सिंह,जंग बहादुर सिंह, महेश सिंह, प्रमोद सिंह, अशोक सम्राट, धीरज निषाद, शिव शंकर सिंह, दुधनाथ गुप्ता, गंभीर सिंह, फौदी साहनी, अखंड प्रताप सिंह,राम हरख साहनी सहित गांव व क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# महिलाओं को कैंसर के प्रति सजग रहने की जरूरत



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** विश्व महिला दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में सीएमओ कार्यालय परिसर सहित जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर शुक्रवार को महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह और आकांक्षा समिति की अध्यक्ष भावना सिंह ने जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की मौजूदगी में किया। इस मौके पर महिलाओं में कैंसर जांच परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया। कैम्प में बच्चेदानी के कैंसर की भी जांच की गई। इस मौके पर 100 दिन कैंसर के प्रति जागरूकता और एक लाख महिलाओं की स्क्रीनिंग अभियान का शुभारम्भ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि महिलाओं में बच्चेदानी संबंधी बीमारियों का ग्राफ बढ़ रहा है, जो चिंताजनक है। महिलाओं में इस तरह की बीमारी के प्रति संकोच की भावना उनके लिए कई बार जानलेवा साबित होती हैं। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि पुरुष प्रधान समाज में महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का मौका नहीं पाती हैं। कोई भी बीमारी हो तो वह इसे छुपाती हैं और अपने पति एवं बच्चों के प्रति ही ज्यादा संवेदनशील रहती हैं। इससे बीमारी बढ़ जाती है और कई बार स्थिति गंभीर हो जाती है।

# अमृत काल में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर : सत्येन्द्र मणि

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भाजपा जन जन तक सरकार की उपलब्धियां एवं अपने संदेश को पहुंचाने के लिए दिन प्रतिदिन नए अभियानों एजाज कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को विकास खंड देवरिया सदर के देवरिया देहात मण्डल ग्राम सभा कतरारी चौराहा से मंडल में भ्रमण के लिए विकसित भारत वीडियो वैन को लोकसभा क्षेत्र देवरिया के वैन प्रभारी सत्येन्द्र मणि त्रिपाठी एवम मंडल प्रभारी राधेश्याम शुक्ल ने झंडी दिखा रवाना किया। यह वैन क्षेत्र में भ्रमण करेगी। इसके साथ कार्यकर्ता क्षेत्र में संकल्प पत्र सुझाव हेतु जनजन को वितरित करेंगे, जनता जनार्दन अपने सुझाव को लिखकर सुझाव पेटिका में डालेगी।

इस अवसर पर वीडियो वैन प्रभारी सत्येन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि यह वीडियो वैन प्रदेश के गांव गांव में चल रही है।कहा कि विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और विश्वामित्र भारत का निर्माण 2014 से पहले कल्पना से परे था। लेकिन आज प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ इच्छा शक्ति एवं कुशल नेतृत्व में ये सपने हकीकत में बदल रहे हैं। आज के इस अमृत काल में भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है। त्रिपाठी ने बताया कि यह वीडियो वैन पूरे देश में यात्रा कर रही है, इसका उद्देश्य 15 मार्च तक लगभग 1 करोड़ से अधिक सुझाव पत्रों को एकत्र कर दल को सौंपेगा जिसके बाद इन सुझावों को भाजपा के संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही यह वैन बीजेपी सरकार द्वारा किए गए कार्यो और भारत को एक विकसित देश बनाने के उनके दृष्टिकोण को भी उजागर करेगी। मंडल प्रभारी डॉ राधेश्याम शुक्ल ने कहा कि भाजपा ने देश के सभी लोकसभा क्षेत्र में वीडियो वैन के माध्यम से लोगों को मोदी सरकार की द्वारा किए गए कार्यो योजनाओं के बारे में जानकारी देने का कार्य किया है और आगे भी करती रहेगी। डॉ शुक्ला ने बताया कि संकल्प पत्र एकत्रीकरण के साथ ही कार्यकर्ताओं को 90 90 90 20 24 पर मिस्ड काल भी कराना है, नमो एप डाउनलोड कराना है।

# मोदी सरकार की गारंटी है जिसका शिलान्यास करते हैं उसका लोकार्पण भी : सूर्य प्रताप शाही

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** किसानों की माली हालत बेहतर से बेहतर हो यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एजेंडे में हमेशा रहा है। कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना से आस पास के कई जिलों के किसानों को उन्नत खेती और युवाओं को कृषि शिक्षा तथा रोजगार का मार्ग प्रशस्त होगा।

आगामी 10 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुशीनगर के मैत्रेय परियोजना की भूमि पर महात्मा बुद्ध कृषि विश्वविद्यालय की आधारशिला रखेंगे। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कही। वह शुक्रवार को कसया के एक होटल में मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी बैठक में भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। कृषि मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार की गारंटी है कि हम जिसका शिलान्यास करते हैं उसका लोकार्पण भी करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि 10 मार्च को कृषि विश्वविद्यालय का शिलान्यास होगा, दिसंबर में भवन बनकर तैयार हो जाएगा तथा 2026 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों और युवाओं को समर्पित कृषि विश्वविद्यालय का लोकार्पण करेंगे। श्री शाही ने भाजपा नेता पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से कृषि विश्वविद्यालय का शिलान्यास कार्यक्रम ऐतिहासिक बनाने के की अपील करते हुए कहा कि हम सभी पूरी ताकत और क्षमता से ऐसा माहौल बनाएं कि विपक्षी हताश और निराश हो जाएं तथा अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार की गूंज पूरे देश को जाए। सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना से कुशीनगर की जनता में काफी उत्साह का माहौल है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिलान्यास कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने सभी का स्वागत एवं आभार प्रकट कर सभी मण्डल अध्यक्ष और पदाधिकारियों की जिम्मेदारी देते हुए कहा कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी लोग अभी से जुट जाएं। बैठक को दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री अतुल सिंह, विधायक पी एन पाठक, मनीष जायसवाल, विनय प्रकाश गोंड, सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा, विवेकानंद पाण्डेय, मोहन वर्मा पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष नन्द किशोर मिश्र, लल्लन मिश्र, डॉ प्रेमचंद मिश्र, जय प्रकाश शाही, जगदम्बा सिंह, अखिलेश मिश्र, अजय तिवारी ने भी सम्बोधित किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, कुशीनगर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, पडरौना नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल, रामकोला नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश चौधरी, किसान मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पाण्डेय सहित सभी जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

# सशक्त देश के लिए सशक्त महिला का होना बहुत जरूरी है : मंजू

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय मंगलपुर में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती मंजू देवी प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय सोनिया तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत की सम्मानित महिला श्रीमती सरिता सिंह एवं अध्यक्षता विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्रीमती सरिता गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती रानी लक्ष्मीबाई, प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले के चित्र पर दीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण करके किया गया। बतौर मुख्य अतिथि मंजू देवी ने कहा कि सशक्त देश के लिए सशक्त महिला का होना बहुत ही आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित अभिभावक गणों से विनम्र निवेदन है कि अपने-अपने पाल्यों को परिषदीय विद्यालयों में ही प्रवेश कराएं तथा बच्चे एवं बच्चियों मे कोई भेद न करें। कार्यक्रम को दिनेश कुमार सिंह ब्लॉक अध्यक्ष मुखलाल प्रजापति, रामबदन चौहान, हरीश कुमार पाण्डेय, अविनाश पाण्डेय, प्रेमसागर, अरविंद आदि लोगों ने सम्बोधित किया। उक्त कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगलपुर के समस्त छात्राओं को विरागना रानी लक्ष्मीबाई प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत प्रशिक्षक रणधीर सिंह के द्वारा प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने किया। विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा बालिका शिक्षा एवं महिला उत्थान हेतु मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मोलई प्रसाद प्रजापति के द्वारा कार्यक्रम में आए हुए समस्त सम्मानित आगन्तुकों एवं अभिभावक गणों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## भाजपा प्रत्याशी रविन्द्र कुशवाहा का स्वागत

**सलेमपुर।** सलेमपुर लोकसभा सीट से सांसद प्रत्याशी रविन्दर कुशवाहा और जिला पंचायत अध्यक्ष पं0 गिरीशचन्द्र तिवारी ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर मझौलीराज स्थित दीर्घेश्वरनाथ मन्दिर पर भोले नाथ एवम सोहगरा मन्दिर पर बाबा हँसनाथ जी के मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस मौके पर बड़ी तादाद में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और आमजन ने उनका पुष्पमालाओं से स्वागत किया। सबसे पहले उन्होंने महादेव का दंडवत नतमस्तक होकर पूजा अर्चना में भाग लिया। इस मौके पर मंदिर पुजारी ने उनका तिलक माला से अभिनंदन कर शुभकामनाएं दी। सांसद रविन्दर कुशवाहा का मंदिर प्रांगण में उपस्थित भारी संख्या में जन समुदाय एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी पूर्वक स्वागत सत्कार करके उन्हें पार्टी का सच्चा सिपाही बताते हुए भारी मतों से विजयी होने का विश्वास दिलाया। सांसद रविन्द्र कुशवाहा ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सहित लोकसभा सलेमपुर के कार्यकर्ताओं और आमजन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस जिम्मेदारी पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे

# आदर्श आचार संहिता उल्लंघनः सी-विजिल एप की रहेगी पैनी नज़र

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निवार्चन-2024 में वोटरों को रिझाने के लिए प्रत्याशियो द्वारा यदि आदर्श आचार संहिता की सीमाओं का उल्लंघन किया जाता है तो ऐसे मामलों में सी विजिल एप के माध्यम से त्वरित एवं तत्काल कार्रवाई की जायेगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराये गये सी विजिल एप को कोई भी व्यक्ति एन्ड्रायड मोबाइल प्ले स्टोर में जाकर लोड कर सकता है। डाउनलोड करते ही एप सक्रिय हो जायेगा और जीपीएस लोकेशन के ट्रेस होते ही उस जगह की नज़दीकी फ्लाइंग स्क्वायड टीम 15 मिनट के भीतर मौके पर पहुँच कर अपेक्षित कार्यवाही करेगी। ऐसे सभी मामलों को हैण्डिल किये जाने के उद्देश्य से समस्त फ्लाइंग स्क्वायड टीम वाहनों को ग्राउण्ड पोजीशनिंग सिस्टम से लैस किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 25 फरवरी 2019 को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट लॉच किया गया सी विजिल एप का प्रोमों सभी एंड्राइड फोन के प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान यदि किसी शहरी अथवा ग्रामीण मतदाता को यह लगता है कि उसके आस-पास या उनके क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन जैसा कोई कार्य हुआ है तो वह अपने एंड्राइड मोबाइल से उसी वक्त उसकी फोटो या वीडियो बनाकर सी विजिल ऐप पर डाल सकता है। यह शिकायत आनलाइन होते ही तत्काल एप सक्रिय होगा और जीपीएस प्रणाली से वह लोकेशन ट्रेस की जाएगी जहॉं पर शिकायतकर्ता द्वारा उल्लंघन की बात बताई गयी है। शिकायतकर्ता की पहचान को गोपनीय रखा जायेगा।

गौरतलब है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में क्रियाशील फ्लाइंग स्क्वायड टीमों में जो भी टीम शिकायतकर्ता द्वारा बतायी गयी लोकेशन से सबसे करीब होगी उसे मौके पर भेजा जायेगा। एक अनुमान के मुताबिक 15 से 20 मिनट के अन्दर फ्लाइंग स्क्वायड दल मौके पर पहुँच कर कार्रवाई करेगा। इस सम्बन्ध में दी गयी व्यवस्था के तहत टीम लीडर को मौके से ही आयोग को यह भी बताना होगा कि शिकायत सही है या गलत। इसके लिए सम्बन्धित अधिकारी को एक ओटीपी प्राप्त होगी जिसे अपने मोबाइल पर डालकर ही टीम अधिकारी अपनी रिपोर्ट आयोग को प्रेषित कर सकेंगे। चुनाव प्रचार के दौरान शराब बांटना, रूपये बांटना, साड़ी या वस्त्र बांटना, किसी के घर की दीवार पर बिना अनुमति के पोस्टर चिपकाना, अपने हक में मतदान के लिए किसी भी तरह का प्रलोभन या धमकी देना, प्रचार के दौरान आपत्तिजनक भाषण देना संज्ञीय अपराध कहलायेगा।

# अनुदेशक भर्ती में चल रहा है भ्रष्टाचार का खेल

**सुलतानपुर।** अयोध्या मण्डल के राजकीय आईटीआई में आउटसोर्सिंग अनुदेशक भर्ती के सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से जो भर्ती का टेण्डर नगर के सुपर मार्केट स्थित आई टी वर्ड को मिला है।जिसके अध्यक्ष, ज्वाइन डायरेक्टर अयोध्या मण्डल राजकीय आईटीआई है,तथा सदस्य प्रधानाचार्य लम्भुआ आई टी आई एवं प्रधानाचार्य नबाब गंज आई टी आई बाराबंकी है। जिनके द्वारा दिनांक 13/02/2024 को साक्षात्कार कराकर चयनित अभ्यर्थियों की सूची आई टी वर्ड को जारी कर दिया गया,किन्तु आई टी बर्ड कम्पनी द्वारा अभी ज्वाइन नही कराया जा रहा है। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी मिली है,चयनित अभ्यर्थियों को बुलाकर रुपया 70 हजार से 1 लाख की मांग की जा रही है। केवल शपथ पत्र एवं एक सेट डाक्यूमेंट जमा कराया जा रहा है, जिनका आफिस सुपर मार्केट में है तथा अवैध वसूली करने वाला आफिस गंदा नाला रामकली विद्यालय के आगे है।

# निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए गठित टीमों को दिया गया सी-विजिल एप का प्रशिक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु गठित टीमों यथा फ्लाइंग स्क्वायड (एफएसटी), स्टैटिक सर्विलांस (एसएसटी), वीडियो निगरानी व वीडियो अवलोकन (वीवीटी) दलों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार किये गये सी-विज़िल एप के संचालन तथा ई-एसएमएस के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव की मौजूदगी में प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डीआईओ एनआईसी योगेश कुमार यादव, नेटवर्क फील्ड अभियन्ता रमन गुप्ता व संदीप द्विवेदी व अन्य द्वारा व्यय अनुवीक्षण हेतु गठित टीम के सदस्यों को गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से सी-विजिल एप डाउनलोड कराकर एप संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सदस्यों को बताया गया कि कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से सम्बन्धित अपनी विजुअल शिकायत तत्काल खींची गयी फोटो अथवा वीडियो के माध्यम से सी-विजिल ऐप पर कर सकता है। शिकायतकर्ता की पहचान को गोपनीय रखा जायेगा। कोई भी व्यक्ति गूगल के प्ले स्टोर में जाकर सी-विज़िल एप को डाउनलोड कर सकता हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार किये गये ऐप की निगरानी मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटर्निंग आफिसर्स तथा फ्लाईग स्क्वायड दल के द्वारा की जायेगी। प्रशिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर (काल सेन्टर), सी-विजिल, शिकायत सेल, स्टैटिक एवं को-आर्डिनेशन, आनलाइन ऐप (निर्वाचन सम्बन्धी विभिन्न सांख्यकीय सूचनाओं के आनलाइन प्रेषण) हेतु गठित टीम के जिम्मेदारान भी मौजूद रहे।

## लखनऊ में आयोजित संकल्प की सिद्धी कार्यक्रम का जनपद में हुआ सजीव प्रसारण

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराए जाने के उपलक्ष्य में संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री के द्वारा इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में किया गया। जनपद स्तर पर विकासभवन सभागार में राज्यमंत्री मनोहर लाल, विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अजय पटैरिया, सुरेश कोन्तेय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में सजीव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के हृदय स्थल के रुप में पहचाना जाना है, यहा सबसे ज्यादा उपजाऊ भूमि व जल संसाधन मौजूद हैं, अन्नदाता किसानों की मेहनत का नतीजा है कि देश में उत्तर प्रदेश खाद्यान्न उत्पादन में नम्बर एक पर है, डबल इंजन की सरकार आने के बाद देश के किसानों के लिए अनेकों सकारात्मक कार्य हुए, सरकार किसानों की उपज को खरीदकर उचित दाम दे रही है।

# महाशिवरात्रिः हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे शिवाले



**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** जिलेभर के शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं की ओर से मंदिरों व शिवालयों में माथा टेकने के लिए तड़के ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। सदर छेत्र धरमइतेपुर स्थित महेश्वर नाथ धाम मंदिर, टिकरिया स्थित शिव मंदिर, भाई स्थित शिवमंदिर, दिखौली स्थित शिव मंदिर, में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं का सुबह चार बजे से ही मदिरों में पहुंचना शुरू हो गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर धरमइतेपुर स्थित महेश्वरनाथ धाम शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों के भीड़ लग गई। यह शिव मंदिर काफी प्राचीन माना जाता है। पुलिस की मौजूदगी में भक्तों ने बारी-बारी से दर्शन किया। दिखौली स्थित शिव धाम पर गए भक्त मनीष प्रताप सिंह ने बताया कि यहां सुबह से भक्तों का जमावड़ा लगा भक्त बारी-बारी करके महाकाल का जलाभिषेक कर रहे हैं। सुबह से छेत्र के विभिन्न मंदिरों के सामने फूल, माला, भांग-धतूर व बेलपत्रों की दुकानें सज गई हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आज

**बहराइच।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 09 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय में लम्बित वादों यथा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, बैंक/धन वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), प्री-लिटिगेशन वाद बैंक वसूली, टेलीफोन बिल्स प्रकरणों, श्रम विवादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वैवाहिक व भरण पोषण वाद, अन्य अपराधिक शमनीय वाद एवं अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा।

# राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ ने बांटा भोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** सामाजिक संगठन राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के तत्वाधान में निःशुल्क रसोई का संचालन किया जा रहा है। साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजो ,तीमारदारों, यात्रियों तथा जरूरतमन्दों को निःशुल्क भोजन वितरण कार्य सम्पन्न किया गया। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में जरूरतमन्दों की निःशुल्क और निःस्वार्थ भाव से सेवा का कार्य अनवरत जारी है।संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताया कि संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा गरमा गरम भोजन की मेन्यू में अरहर की दाल सब्जी रोटी चावल शामिल किया गया था। बृहस्पतिवार की देर शाम को स्वाशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एव जिला चिकित्सालय /जिला महिला अस्पताल के मरीजो और उनकी देखरेख कर रहे है तीमारदारों परिजनों को जिला महिला अस्पताल के सी एम एस डॉ आर के यादव ने मुफ़्त खाने की थाली देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।उन्होंने कहा कि दूर दराज से इलाज कराने आये पेशेंट और उनके तीमारदारों के लिए शुद्ध गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना बहुत ही सराहनीय कार्य है गरीबो असहायों के लिए फायदेमंद है ।उधर रेलवे स्टेशन मुख्य गेट के सामने सद्भावना ट्रेन इंचार्ज मुख्य टिकट निरीक्षक राम चेत ने निःशुल्क भोजन की थाली जरूरतमन्दों को वितरित किया। जिला चिकित्सालय तथा रेलवे स्टेशन पर लोगो को दोनो जगहों पर जरूरतमन्दों ने भूख मिटाई। इस मौके पर प्रदीप श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश वर्मा, नफीसा बानो डॉ शादाब खान, हाजी मुजतबा अंसारी, राशिद खान , सरदार गुरुप्रीत सिंह, राशिद वर्दी टेलर, अमानत खान, दानिश खान, सुलतान महमूद केफ़ी, सुफियान खान, भोलू बैजनाथ प्रजापति, माता प्रसाद जायसवाल इत्यादि का भोजन वितरण कार्य में मुख्य सहयोग रहा।

# भाजपा विधायक को क्लीन चिट

- कमला देवी के खिलाफ चलेगा ट्रायल
- फैजाबाद कचहरी बम ब्लास्ट से जुड़ा मामला

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** फैजाबाद कचहरी बम ब्लास्ट मामले में हाईकोर्ट ने पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक विनोद सिंह को क्लीन चिट दे दी है। स्पेशल जज ईसी एक्ट न्यायालय की तरफ से 319 के प्रार्थना पत्र पर 18 नवंबर 2021 को पूर्व मंत्री विनोद सिंह और पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमला देवी को तलब किया गया था। पूर्व ब्लाक प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू के प्रार्थना पत्र पर स्पेशल कोर्ट ने तलबी आदेश जारी किया था। पूरा प्रकरण 2014 में फैजाबाद कचहरी में हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू के ऊपर बम ब्लास्ट से जुड़ा हुआ है। मामले में भाजपा विधायक विनोद सिंह की तरफ से हाईकोर्ट में रिवीजन याचिका दायर की गई थी। जिस पर उन्हें? पूर्व में स्टे प्रदान किया गया था। इस मामले की गुरुवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की लखनऊ की एकल बेंच पीठ में पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक विनोद सिंह की बम ब्लास्ट में संलिप्तता के लिए साक्ष्य को अपर्याप्त माना है। इसके आधार पर स्पेशल जज फैजाबाद की तरफ से की गई तलबी के आदेश को हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है , जबकि पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमला देवी के खिलाफ मिले साक्ष्य को आधार मानते हुए उन्हें विचारण में शामिल करने का निर्देश फैजाबाद स्पेशल कोर्ट को दिया गया है। मामले में विनोद सिंह के हाईकोर्ट से क्लीन चिट मिलने के बाद उनके समर्थकों में हर्ष का माहौल देखा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बीडीओ को मिला अतिरिक्त प्रभार

**सुलतानपुर।** सीडीओ अंकुर कौशिक ने जिलाधिकारी के अनुमोदन पर 07 मार्च को पंकज कुमार गौतम, खण्ड विकास अधिकारी, लम्भुआ को अग्रिम आदेश तक जनपद स्तर पर जिला ग्राम्य विकास अभिकरण से सम्बद्ध करते हुये और विकास खण्ड लम्भुआ के खन्ड विकास अधिकारी पद का अतिरिक्त प्रभार ज्ञानेन्द्र मिश्र, खण्ड विकास अधिकारी, कादीपुर को प्रदान किया। विकास खण्ड कूरेभार के कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा का अतिरिक्त प्रभार श्री महेश चन्द्र त्रिपाठी, खण्ड विकास अधिकारी, मोतिगरपुर को दिया गया है। सीडीओ ने संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि चार्ज प्राप्त कर प्रभार प्रमाण पत्र की एक प्रति अधोहस्ताक्षरी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करें।अतिरिक्त प्रभार हेतु किसी प्रकार का वेतन भत्ता आदि देय नही होगा। सीडीओ ने यह आदेश तत्काल प्रभाव से अमल में लाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया है।

### भोले की भक्त का मोबाइल हुआ चोरी

**सुल्तानपुर।** राम लीला मन्दिर में दरियापुर निवासी दीपमाला की मोबाइल किसी ने चोरी कर लिया।जैसे ही वह जल चढ़ाकर बाहर निकलीं तो उन्होंने अपना जेब चेक किया तो मोबाइल नही मिला। उस मोबाइल के कवर में 500और100के एक एक नोट भी थी। निरीक्षण पर निकले कोतवाल श्री राम पांडेय को पीड़िता ने आपबीती बताई।इधर मन्दिर में लगा सीसीटीवी रहस्यमयी तरीके से बन्द बता रहा है।आसपास के लोगों ने बताया कि खराब सीसीटीवी को चालू करवाने के लिए मन्दिर के प्रबंध समिति को कई बार अवगत कराया गया लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नही दिया।

### महाशिवरात्रि पर शिवालयों में रही भक्तों की भीड़

**ललितपुर।** शुक्रवार को नगर में महाशिवरात्रि का त्यौहार श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। शिवालयों में दिनभर जल व दूध से अभिषेक के साथ भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की गई। रात में भजन-कीर्तन व महाआरती का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने व्रत व उपवास रखकर शिवलिंग पर बिलपत्र, धतूरा आदि चढ़ा कर सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के सीतापाठ स्थित हजारिया महादेव मंदिर, गोविंद सागर बांध की तलहटी स्थित श्रीश्री 1008 सर्वेश्वर धाम मंदिर, माँ दुर्गा वैरावट पर शिव मंदिर, गांधी नगर स्थित श्रीश्री 1008 राधा कृष्ण साहू समाज मंदिर, श्री श्री 1008 चण्डी माता मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महंत कृष्णगिरी महाराज ने बताया कि इस मौके शिवालयों में श्रद्धालुओं ने महादेव को बिल्व पत्र, दुग्ध, जल से अभिषेक कर पूजा अर्चना की। मंदिरों में दिन भर भजन कीर्तन होते रहे तथा भक्तों का तांता लगा रहा। महंत गिरीश बाबा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व को लेकर भगवान भोलेनाथ की आकर्षक सजावट की गई। इस दौरान मंदिरों में भगवान शिव के जयकारे गूंजायमन रहे। भगवान शिव मंदिर के सुबह 4.15 बजे मंदिर के पट खुल गए। भगवान का अभिषेक दूध, दही, घी, शहद, शक्कर और शुद्ध जल से स्नान एवं शिव शक्ति के श्रृंगार के उपरांत दूध एवं फलों का प्रसाद वितरित किया गया।

# राजदीप सिंह ब्लॉक प्रमुख पद पर जिला न्यायालय से हुए विजय घोषित

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** लोकसभा चुनाव के पहले जनपद न्यायाधीश ललितपुर इलेक्शन पिटिशन नं. 01/2023 राजदीप सिंह बनाम विजय सिंह आदि में 07 मार्च 2024 को तालबेहट के ब्लॉक प्रमुख के पद को लेकर फैसला सुना दिया है, जिसकी अंतिम पंक्ति में कहा गया है कि राजदीप सिंह को सफल उम्मीदवार घोषित किया गया है और फलस्वरूप विजय सिंह का निर्वाचन शून्य घोषित किया जाता है। इस फैसले की प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजी जाएगी तत्काल अनुपालन हेतु। इस फैसले के आते ही विजय सिंह के समर्थकों में जहां मायूसी देखने को मिली, वहीं दूसरी ओर राजदीप सिंह के समर्थकों ने इसे सत्य की विजय बताया। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले न्यायालय के आए इस फैसले को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा का बाजार गर्म है। ब्लॉक प्रमुख पद पर चुनाव के बाद मतगणना में छह अवैध मतों को लेकर राजदीप सिंह के द्वारा न्यायालय में रिट दायर की गई थी। चुनाव में हारे हुए प्रत्याशी राजदीप सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए जनपद न्यायाधीश ने मंगलवार को छह अवैध मत न्यायालय में मंगाए थे। अवैध मतों की जांच की गई तो उसमें एक मत राजदीप के पक्ष में वैध पाया गया। दोनों उम्मीदवारों के मत बराबर हो गए तो पर्ची निकाली गई थी। पर्ची वर्तमान ब्लॉक प्रमुख के विजय सिंह के नाम की निकली जिससे ब्लॉक प्रमुख के समर्थक खुश हुए ही थे कि राजदीप सिंह के अधिवक्ता गोविंद नारायण सक्सेना ने न्यायालय के समक्ष टीकम सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य 2011 (4) ए.डब्ल्यू.सी 3527 नजीर पेश की, जिसमें यह स्पष्ट उल्लेख था कि जिसके पक्ष में पर्ची निकलती है, उसे हारा घोषित किया जाता है।

# जय बाबा अमरनाथ शिव मंदिर पर भगवान भोलेनाथ का हुआ रुद्राभिषेक



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** देवगढ़ रोड पुरानी रेल्वे क्रॉसिंग नेहरू नगर रोड पर कालौनी में स्थित जय बाबा अमरनाथ शिव मंदिर पर सुबह से ही महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव के भक्तों का आना शुरू हो गया था। पं.विनोद शास्त्री ने बड़े ही विधि विधान से भगवान शिव का गाजे बाजे के साथ रुद्राभिषेक, हवन पूजन करवाया। शिव के भक्तों ने मन्दिर पर आकर भगवान भोलेनाथ को जल, वेलपत्री, धतूरा, पुष्प, बैर, दूध, दही, शहद, भांग आदि समर्पित कर पूजा अर्चना की भगवान भोलेनाथ की प्रतिमाओं का अभिनव श्रृंगार किया गया था। महाशिवरात्रि पर भाग लेने के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ भाड़ लगी रही। दिनभर शिव मंदिर पर धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मची रही। शिव की भक्ति में डूबे श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगा रहे थे। चारों तरफ बम बम बोले व हर हर महादेव के जयकारे गूंज रहें थे और ढोलो की थापों पर मद मस्त होकर शिव के सभी भक्त नाच रहे थे। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। शिवजी के भक्तों ने भोलेनाथ के प्रिय प्रसाद को ग्रहण कर सच्ची श्रद्धा प्रस्तुत की। इस धार्मिक कार्यक्रम में अजय सोनी, अनुराधा, आनन्द सोनी, किरन, धीरज सोनी, लता, निशी सोनी, अंशिका सोनी, अमृतिया सोनी, नित्या सोनी, अशवनी सोनी, अनिकेत सोनी, वासुदेव, मोहन, रोहित सिंह ठाकुर, देवेन्द्र राय ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## महिला दिवस पर मतदाता विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में धनुपुर विकासखंड में मतदाता जागरूकता अभियान और विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन के डी पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज धनपुर, प्रयागराज के परिसर में किया गया। जिसमे पहले चरण में विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र छात्राओं ने मतदान का महत्व, उपयोगिता और इतिहास को जाना वही दूसरे चरण में जिसमें विकास खंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसके तहत प्रतिभागियों ने कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकशी, बास्केटबॉल और खो खो की खेल में प्रतिभाग किया। उसके बाद 25 छात्राओं की 500 मीटर की दौड़ की प्रतियोगिता कराई गई। जिनमें से प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्राओं को शर्ट टोपी और सम्मान पत्र प्रदान किया गया।


## कार्यालय नगर पंचायत खिरौनी (सुचित्तागंज), जनपद- अयोध्या

पत्रांकः 37/न0पं0भ0/विद्युत उप0/निविदा सूचना-दर अनु0/2023-24 दिनांक 06 मार्च 2024

**अत्यल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण /फर्मों/ठेकेदारों/विक्रताओं को सूचित किया जाता है कि इस निकाय द्वारा निम्नांकित प्रकाश उपकरणों का क्रय/आपूर्ति किया जाना है, जिसकी आपूर्ति/क्रय आवश्यकतानुसार समय-समय पर किया जायेगा। प्रकाश उपकरणों की आपूर्ति वर्ष 2023-24 की शेष अवधि तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 तक के लिये दर अनुबंध हेतु सीलबंद निविदायें दिनांकः 12 मार्च 2024 को शाम 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा बाक्स में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन शाम 03:30 बजे फर्मों/ठेकेदारों के उपस्थित/अनुपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांकः 11 मार्च 2024 को समय 04:00 पी.एम. तक 2000.00 रु0 नगद मूल्य पर कार्यालय नगर पंचायत खिरौनी (सुचित्तागंज) से की जायेगी। उपरोक्त तिथियों में अवकाश की दशा में निविदा की बिक्री एवं प्राप्ति अगले कार्य दिवस में की जायेगी।

| No. | Items |
|---|---|
| 1 | 2.5 MM WIRE, Copper, Doble Core |
| 2 | 4 MM CABLE |
| 3 | 6 MM CABLE |
| 4 | CLAMP PIPE |
| 5 | CLAMP |
| 6 | NUT BOLT |
| 7 | M.C.V. |
| 8 | TEP |
| 9 | PLASH (Reputed Brand) |

**मुख्य शर्तेः-** 1. निविदा के साथ निर्धारित प्रारूप पर जायकर व जी.एस.टी. व आधार कार्ड पंजीयन की प्रति तथा नोटरी द्वारा सत्यापित 100/- रु. के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र व 100/-रू. के स्टाम्प पेपर पर 1/-रू. का रसीदी टिकट चस्पा कर संलग्न करना अनिवार्य है। 2. निविदा के साथ 20,000.00 (मु. बीस हजार रू. मात्र) की एन.एस.सी./एफ.डी.आर./टी.डी.आर., जो अधिशासी अधिकारी न.पं. खिरौनी (सुचित्तागंज) के पदनाम से बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य है। 3. निविदा स्वीकृत के उपरान्त अनुबंध कराने की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। 4. निविदा प्रपत्र में प्रति नग/प्रति मीटर की दर का उल्लेख करें। 5. उक्त आपूर्ति का कार्य कार्यालय खिरौनी (सुचित्तागंज) में करना अनिवार्य है, इस हेतु किसी अन्य प्रकार का शुल्क देय नहीं होगा। 6. निविदा बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 7. अन्य नियम व शर्तों की जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में की जा सकती है। 8. कार्य संतोषजनक होने तथा धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ही भुगतान किया जायेगा।

(सचिन कुमार चौधरी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खिरौनी (सुचित्तागंज)
अयोध्या

(रेशमा भारती)
अध्यक्ष
नगर पंचायत खिरौनी (सुचित्तागंज)
अयोध्या



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबंद निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सं. | विद्युत/डब्ल्यू/आलमबाग/177/2023-24 | | |
| कार्य का विवरण | कैरेज एण्ड वैगन वर्कशॉप आलमबाग लखनऊ के विभिन्न कार्यालयों, सेक्शनों, वार्डस, शेड्स में स्टोर डिपो की यार्ड लाईटिंग सहित विद्युत वायरिंग का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹42,27,228.64 | धरोहर राशि | ₹84,600/- |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य | कार्य समापन अवधि | 24 माह |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय | 30.03.2024 को अप. 13:00 बजे तक | | |
| निविदा खुलने की तिथि व समय | 30.03.2024 को अप. 13:00 बजे के बाद | | |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फॉर्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरांत किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरांत पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जाएगा।

निविदा सं.: विद्युत/डब्ल्यू/आलमबा/177/2023-24 दिनांक 08.03.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 745/2024


# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सभागार में जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद की प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया एवं सम्मानित महिलाओं द्वारा अपनी उपलब्धियों के बारे में बताया गया। एडीएम अंकुर श्रीवास्तव द्वारा इस उपलक्ष्य में कहा गया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 08 मार्च को मनाया जाता है। यह विशेष दिन अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रही महिलाओं को सम्मानित करने और उनकी उपलब्धियों का उत्सव मनाने का दिन है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि इस दिवस को नारी शक्ति उत्सव दिवस कहा है कि उन्होने कहा कि नारियों में अपरिमित शक्ति और क्षमताएं विद्यमान है। व्यवहारिक जगत के सभी क्षेत्रों में उन्होंने कीर्तिमान स्थापित किये है। अपने अद्भुत साहस, अथक परिश्रम तथा दूरदर्शी बुद्धिमत्ता के आधार पर विश्वपटल पर अपनी पहचान बनानें में कामयाब रहीं है। एसडीएम सैय्यद सानिया सोनम, मोहसिना बानो, सीएमएस डा.मीनाक्षी सिंह, क्रीड़ा अधिकारी रेखा रावत, रोजगार सहायता अधिकारी आकांक्षा यादव, केन्द्रीय विद्यालय प्राचार्य मिनी वर्मा, रूचिका बुन्देला, लक्ष्मी रावत, अर्चना सक्सेना, एड./सपोर्ट पर्सन निधि सिंह सहरिया, महिला कल्याण विभाग/जिला प्रोबेशन कार्यालय से खुशबू, ममता, प्रियंका, रागनी, दुर्गा, जयराम, रूपेश, विनीत, रमाकान्त, सुरेन्द्र, पुष्पेन्द्र, आलोक, राघवेन्द्र एवं विभिन्न विभागों की महिला अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। संचालन आपदा विशेषज्ञ आरती वर्मा के द्वारा किया गया।

# बाल विवाह मुक्त हमीरपुर अभियान, रोके गए दो सौ से अधिक बाल विवाह

- अठारह की उम्र तक मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था से हो सकता है बाल विवाह का खात्मा
- बाल विवाह का मुद्दा चुनावी घोषणापत्र में शामिल करे सभी राजनीतिक दल

अवधानामा संवाददाता

**हमीरपुर।** देश में बाल विवाह के खिलाफ जारी लड़ाई में परिवर्तनकारी साबित हो सकने वाला यह अहम निष्कर्ष देश में 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए अभियान चला रहे 160 गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन बाल विवाह मुक्त भारत अभियान द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जारी एक शोधपत्र ÷एक्सप्लोरिंग लिंकेजेज एंड रोल्स ऑफ एजुकेशन इन एलिवेटिंग एट मैरेज फॉर गर्ल्स इन इंडिया÷ में उजागर हुआ है कि अठारह वर्ष की उम्र तक सभी बच्चों को अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा 2030 तक देश से बाल विवाह के खात्मे में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। क्योंकि 18 वर्ष से पहले पढ़ाई छोड़ने और बाल विवाह में एक सीधा और स्पष्ट अंतरसंबंध है। शोधपत्र के अनुसार, भारत बाल विवाह की बुराई के 2030 तक खात्मे की राह में एक टिपिंग प्वाइंट यानी निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। टिपिंग प्वाइंट वह बिंदु होता है जहां से छोटे बदलावों और घटनाओं की श्रृंखला इतनी बड़ी हो जाती है जो एक बड़ा और आमूल परिवर्तन कर सकें। ऐसे में यदि 18 वर्ष की उम्र तक मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा एक वास्तविकता बन जाए तो बाल विवाह के अपराध को जड़मूल से समाप्त करने की इस लड़ाई को एक नई धार और दिशा मिल जाएगी।

इस अध्ययन की अगुआई कर रहे पुरुजीत प्रहराज ने कहा, ÷यद्यपि केंद्र व राज्य सरकारें, दोनों ही बाल विवाह के खात्मे के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और गंभीरता से काम कर रही हैं, फिर भी यदि मौजूदा शिक्षा का अधिकार कानून में बदलाव कर 18 वर्ष तक अनिवार्य और निशुल्क शिक्षा कर दी जाए तो यह बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में प्रयासों को नई गति दे सकता है।÷ श्री प्रहराज ने कहा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 2030 तक इस सामाजिक बुराई के खात्मे के लिए बाल विवाह की ऊंची दर वाले 300 से ज्यादा जिलों में इसके खिलाफ जमीनी अभियान चला रहे 160 गैरसरकारी संगठनों का गठबंधन है। इस गठबंधन ने पिछले छह महीनों के दौरान ही देश में 50,000 से ज्यादा बाल विवाह रोके हैं जबकि 10,000 से ज्यादा मामलों में कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। अपने विशाल नेटवर्क और जमीनी स्तर पर सूचना तंत्र के माध्यम से इसने पूरे देश में कुल बाल विवाहों के पांच प्रतिशत बाल विवाह रुकवाने में कामयाबी हासिल की है। बताते चलें कि दुनिया के तमाम देश संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों यानी एसडीजी के तहत 2030 तक बाल विवाह और जबरन विवाह के खात्मे के लक्ष्य को हासिल करने की प्रतिबद्धता जता चुके हैं।

जिला हमीरपुर में इस शोधपत्र के निष्कर्षों को जारी करते हुए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के सहयोगी संगठन साई ज्योति संस्थान के कैलाश गौतम ने कहा कि यद्यपि केंद्र व राज्य सरकार ने इस सामाजिक अपराध के खात्मे में प्रशंसनीय इच्छाशक्ति व गंभीरता दिखाई है, फिर भी बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई को धार देने के लिए कुछ और अहम कदम उठाने की दरकार है। शोधपत्र के निष्कर्षों से यह स्पष्ट है कि बाल विवाह के खात्मे के लिए 18 वर्ष तक अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा का कदम परिवर्तनकारी साबित हो सकता है और इसलिए सभी राजनीतिक दलों से अपील है कि वे हमारी इस मांग को आगामी लोकसभा के अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल करें।साई ज्योति संस्था के निदेशक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि फिलहाल राष्ट्र को शिक्षा को शीर्ष प्राथमिकता देने की जरूरत है और हम सरकार से बाल विवाह पर पूरी तरह प्रतिबंध की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि शोधपत्र में भारत के विभिन्न हिस्सों से लिए गए आंकड़ों और तथ्यों के आधार पर महिला साक्षरता दर और बाल विवाह की दर के अंतरसंबंधों को रेखांकित किया गया है।

उदाहरण के तौर पर 96 प्रतिशत महिला साक्षरता वाले केरल में बाल विवाह की दर सिर्फ छह प्रतिशत है जबकि राष्ट्रीय औसत 23.3 प्रतिशत है। इसी तरह 93 प्रतिशत महिला साक्षरता वाले राज्य मिजोरम में बाल विवाह की दर सिर्फ आठ प्रतिशत है। इसके उलट बिहार में जहां महिला साक्षरता की दर सिर्फ 61 प्रतिशत है, बाल विवाह की दर 41 प्रतिशत है।

# देर शाम कस्बे मे आएं भाजपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** गुरुवार को देर शाम कस्बे में आए भाजपा प्रत्याशी का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। पिछले दस वर्षों से लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर रहे पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को भाजपा ने तीसरी बार मैदान में उतारा है। प्रत्याशी बनने के बाद गुरुवार को देर शाम कस्बे में पधारे कस्बे सांसद का भाजपाइयों ने बस स्टैंड में फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। स्वागत के बाद सभी का आभार जताया। इस दौरान सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति, जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, ब्लॉक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव, चेयरमैन धीरेंद्र शिवहरे, मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह, मुनीर खान, देवेंद्र पालीवाल, नवल शुक्ला, दिगपाल चंदेल, महेंद्र सिंह, रोहित शिवहरे, संतराम गुप्ता, पुष्पराज सोनी, शिवेंद्र सिंह, मीना यादव, नीतू द्विवेदी, सुनीता शिवहरे, चुनमुन सिंह, शरद चंदेल, शशिकांत शुक्ला, सियाचरण शर्मा, मोहित साहू, रणवीर सिंह आदि मौजूद रहे। इसके अलावा इंगोहटा में भी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# शिव पार्वती की आरती उतारकर ब्लाक प्रमुख ने शिव बारात का किया शुभारंभ

- हर-हर महादेव की जयकारे से गूंजा बीहड़ क्षेत्र
- मनासर बाबा शिव मंदिर में उमड़ी भीड़



अवधानामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** सौखर के ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ भव्य शिव बारात निकालकर मनासर बाबा में समापन किया। सौखर में बारात का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ने शिव पार्वती की आरती उतारकर किया। उधर बीहड़ों में विराजमान मनासर बाबा शिवलिंग के दर्शन पूजन के लिए तड़के से ही शिवभक्तों का तांता उमड़ पड़ा। यहां पूरे दिन मेले जैसा नजारा रहा। महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान भोलेनाथ के दर्शन, पूजन, जलाभिषेक करने के लिए बीहड़ों में विराजमान मनासर बाबा शिव मंदिर में भक्तों को तड़के से ही तांता लग गया था। हर हर महादेव के उदघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होने लगा। यहां पूरे दिन भक्तों का तांता लगा रहा और मेले जैसा नजारा रहा। सौंखर के ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ भव्य शिवबारात निकालकर मनासर बाबा में समापन किया। बारात में सौखर, नरायनपुर, कुंडौरा, नजरपुर, कारीमाटी, सिमनौडी, देवगांव आदि गांवो के सैकड़ो लोग शामिल हुए। सौंखर में बारात का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव ने शिव पार्वती की आरती उतारकर किया। इस मौके पर शशिकांत शुक्ला, ग्राम प्रधान कप्तान सिंह यादव, कमलेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म और आत्महत्या के मामले ने पकड़ा तूल

- बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना एवं आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा पीड़ित परिवार के गांव



अवधानामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के एक गांव की दो पारिवारिक बहनो के साथ ईट भट्ठे में दुष्कर्म और उसके बाद दोनों बहनों द्वारा आत्महत्या करने के बाद पिता को मिलने वाली धमकियों के चलते पिता द्वारा आत्महत्या करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। सबसे पहले मामले में राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर मामले में गर्मी पैदा कर दी तो उसके बाद बुण्देलखण्ड नवनिर्माण सेना भारत और आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दी और उनकी लड़ाई में हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।

विकास खण्ड क्षेत्र के एक गांव निवासी परिवार रोजगार के सिलसिले में कानपुर के घाटमपुर स्थित ईंट भट्ठों में परिवार सहित गया था जहाँ पर भटठे के ठेकेदार रामस्वरूप, भतीजे संजय और अंजू ने दो किशोरियों को पहले शराब पिलाई और उसके बाद सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया इतना ही नहीं उक्त आरोपियों ने दोनों पारिवारिक बहनों के अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैक मेल करना शुरू किया जिससे आहत दोनों बहनों ने भटठे के निकट एक ही दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसके बाद घाटमपुर पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। इतना ही नहीं उसके बाद भी मृतका के पिता को लगातार मुकदमा वापस लेने की धमकी मिलने लगी जिससे आहत होकर पिता ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद पुलिस ने धमकी देने और आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में निर्मला और उसकी पुत्री पर भी मुकदमा दर्ज कर दिया। इस घटना को लेकर सबसे पहले कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी और इसके बाद प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर डबल इंजन सरकार पर निशाना साधते हुए लिखा कि डबल इंजन सरकार में न्याय मांगना गुनाह है। जिसके बाद शुक्रवार को क्षेत्र में अपनी अच्छी पैठ बना चुकी बुण्देलखण्ड नवनिर्माण सेना भारत के अध्यक्ष विनय तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार से मिला और उनकी लड़ाई में साथ होने का भरोसा दिलाया साथ ही न्याय नहीं मिलने पर आंदोलन की बात कही और सरकार से मदद दिलाने का आश्वासन दिया। इतना ही नहीं आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता और नगर अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल भी गांव पहुंचा और पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उनके साथ आदित्य प्रजापति, साबिर गुरू, त्रिलोक चन्द्र सहित एक दर्जन लोग उपस्थित रहे।

## चर्चित आत्महत्या मामले में मां बेटी गिरफ्तार

**मौदहा।** दुष्कर्म पीड़िता के आरोपियों द्वारा धमकी मिलने से आहत पिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के चर्चित मामले में सिसोलर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी मां बेटी को भमई मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बता दें कि सिसोलर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी चचेरी बहनों ने घाटमपुर क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे में रेप का शिकार होने के बाद आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के बाद एक मृतका के पिता ने आरोपियों के धमकाने से आहत होकर बुधवार की सुबह गांव के बाहर एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के बेटे की तहरीर पर उक्त घटना के आरोपी ठेकेदार रामस्वरूप की पत्नी निर्मला व उसकी बेटी सुधा के खिलाफ सिसोलर थाने ने मुकदमा दर्ज किया गया।

## सड़क किनारे मिला युवक का शव, हत्या का शक

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के जारी गांव के समीप गुरूवार की सुबह एक युवक का शव सड़क किनारे पड़ा ग्रामीणो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान उसकी जेब से मिले मोबाइल और आईडी कार्ड से उसकी पहचान मनोज उर्फ बबली (35)पुत्र रामआसरे निवासी अलिहा थाना विसंडा के रूप में की गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक के भतीजे अंश पांडे ने बताया कि मनोज बैक से प्राइवेट लोन दिलाने का काम करता था। बुधवार की सुबह वह बैक जाने की बात कह कर घर से निकला था।

# कैरम प्रतियोगिता का एनसीएल में शुभारंभ



अवधानामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** जयंत क्षेत्र में आयोजित की जा ही इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में कोल इंडिया की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों की 8 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता में इन टीमों में ईसीएल, सीसीएल, एमसीएल, डब्ल्यूसीएल, एसईसीएल, एससीसीएल, सीएम पीडीआईएल एवं एनसीएल से मेनेजर सहित 54 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता का शुभारंभ जयन्त क्षेत्र के प्रभारी महाप्रबंधक आर पी मिश्रा ने बतौर मुख्य अतिथि किया। उद्घाटन समारोह के दौरान जयन्त क्षेत्र के समस्त विभागाध्यक्ष, एनसीएल स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सदस्य, श्रम संघ प्रतिनिधि, अन्य अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित रहे। कोल इण्डिया अंतर कंपनी कैरम प्रतियोगिता 2023-24 नॉकआउट आधार पर, सिंगल, डबल्स व टीम चैम्पियनशिप श्रेणी में खेली जा रही रही है जिसका समापन रविवार को किया जाएगा। अंतर कंपनी कैरम प्रतियोगिता के आयोजन में जयंत क्षेत्र तथा मुख्यालय के कल्याण विभाग का सराहनीय योगदान रहा है। कोल इंडिया व इसकी सभी अनुषंगी कंपनियों में वर्ष भर अनेक खेल प्रतियोगिताओं जैसे क्रिकेट, लॉन टेनिस,बैडमिंटन, फुटबॉल, कैरम, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स इत्यादि का आयोजन किया जाता है जिससे कर्मियों का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके।

# व्यापारी बनवाएंगे सपा और इंडिया गठबंधन की सरकार

अवधानामा संवाददाता

**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी व्यापार सभा द्वारा कुरारा कस्बे में पीडीए व्यापारी जन पंचायत में प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा कि वर्तमान सरकार में शोषित हो चुके व्यापारी ही आगामी लोकसभा चुनाव में सपा और इंडिया गठबंधन की सरकार बनवायेगें। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चित्रकूट मंडल के व्यापारियों के बीच लोकसभा चुनाव की तैयारी की शुरुआत आज हमीरपुर से कर दी गई है। मंडल का व्यापारी लोकसभा चुनाव में सपा और इंडिया गठबंधन का ही साथ देगा। उन्होंने सभी को लोकसभा चुनाव के लिए व्यापारियों के बीच प्रचार के टिप्स देते हुये सपा और इंडिया गठबंधन के पक्ष में व्यापारियों का ज्यादा से ज्यादा मतदान करवाने की रणनीति बनाई। प्रदीप जायसवाल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केवल सपा ने ही व्यापारियों की समस्याओं को उठाने का काम किया है और व्यापारियों के सम्मान व स्वाभिमान की लड़ाई लड़ी है। हर बूथ पर हर पदाधिकारी अपने दम पर पिछले चुनाव की तुलना में 50 वोट व्यापारियों और उनके परिवारों को दिलाने का लक्ष्य दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनपद में व्यापारियों का बहुत उत्पीड़न हुआ है। भाजपा राज में व्यापारी भीख मांगने की कगार पर है और तिल तिल रोने को मजबूर है। जीएसटी, मंदी, महंगाई से लेकर विभागीय उत्पीड़न के कारण व्यापारी आत्महत्या कर रहे हैं। अब केवल सपा और इंडिया गठबंधन ही व्यापारियों को उनकी समस्याओं और निराशा से मुक्ति दिलवा सकता है।

व्यापार सभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों ने हमेशा सपा का साथ दिया है। अब व्यापारी और पीडीए मिलकर सपा और इंडिया गठबंधन की सरकार बनवाएंगे। वर्तमान में व्यापारी बेहद परेशान हैं और अपने को उत्पीड़ित पा रहे हैं। जीएसटी, ऑनलाइन व्यापार, उत्पीड़न, अपराध और महंगाई ने व्यापारियों की कमर तोड़ रखी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का व्यापारी सपा और इंडिया गठबंधन का साथ देकर अखिलेश यादव को प्रधानमंत्री बनवाएंगे। व्यापारी जन पंचायत में प्रदेश सचिव डा. अजय चौरसिया, जिलाध्यक्ष इदरीस खान, लोकसभा प्रत्याशी अजेंद्र लोधी, प्रदेश सचिव नंदकिशोर शिवहरे, मुन्नी लाल निषाद, घनश्याम साहू, शिवशरण यादव, शिवगोपाल, रज्जू गुप्ता, प्रदेश सचिव विवेक श्रीवास्तव दीपू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साकिफ़ कुरैशी, काले खान, सरफराज अहमद, सुरेंद्र यादव, शीलू गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता व व्यापारी मौजूद रहे।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का किया गया आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** यूनिसेफ़ द्वारा सहायतित एवं एक्शनएड द्वारा संचालित नई पहल बाल संरक्षण परियोजना के अंतर्गत जनपद सोनभद्र के ब्लॉक रॉबर्ट्सगंज ग्राम पंचायत बिजौली के पंचायत भवन पर किशोरी सशक्तिकरण को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत किशोरियों को जीवन कौशल, नेतृत्व क्षमता, लैगिंग समानता, कौशल विकास, नारीवाद , किशोरी सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर व उनके अधिकारों पर जागरूक किया गया। जिला समन्वयक् निशा ने बताया कि नई पहल बाल संरक्षण परियोजना के अंतर्गत ब्लॉक रॉबर्ट्सगंज, घोरावल के 25,25 ग्राम पंचायत में किशोरी/ किशोर समूहों का गठन करना, लीडरशिप क्षमता बढ़ाना और उन्हें सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देना है। परियोजना के अंतर्गत बाल सभा का गठन कर बाल मैत्रिक ग्राम पचांयत का निर्माण करने हेतु ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंधन समिति, अभिवावकों को किशोरियों के माध्यम से जागरूक किया जाए। इसी क्रम में बच्चों का चिन्हीकरण कर उन्हें विद्यालय से जोड़ने एवं सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिलाने के लिए संस्था लगातार जिला प्रशासन के सहयोग से कार्य कर रही है ताकि प्रत्येक गांव बाल श्रम, बाल विवाह एवं बाल तस्करी से मुक्त हो सके। एक्शनएड सोनभद्र कि जिला समन्वयक निशा द्वारा सर्वप्रथम सभी किशोरियों का परिचय जाना, एवं किशोरी सशक्तिकरण, नेतृत्व क्षमता, लैगिंग समानता, नारीवाद, कौशल विकास, जेजे एक्ट , पोक्सो एक्ट एवं किशोरियों के अधिकार एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे स्पॉशरशिप स्कीम, बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर बात की एवं महिला एवं किशोरियों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन पर प्रकाश डाला। ट्रेनर मोहसिन खान द्वारा जीवन शैली, नेतृत्व क्षमता, लैंगिक समानता, किशोरी सशक्तीकरण एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए अपनी बातों को रखा एवं सभी किशोरियों को अपने समुदाय में अपने घरों में सभी को लड़के एवं लड़कियों में भेदभाव न करने के लिए जागरूक किया ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से लैंगिक समानता, जीवन कौशल, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर प्रेजेंटेशन कर किशोरियों की समझ को विकसित किया गया।

## जिले में आधा सैकड़ा वाहनों को किया गया सीज

**बांदा।** परिवहन विभाग, खनिज विभाग खनिज टीम ने ओवरलोडिंग वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। जनपद के विभिन्न थानों में 50 से अधिक वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही बाइक पर तीन लोगों के सवार होने पर भी कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम ने कहा कि चेकिंग अभियान लगातार चलाया जाएगा।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में ओवरलोडेड वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे चैकिंग अभियान के तहत पिछले छह दिनों में जनपद के विभिन्न थानों में 50 वाहनों को सीजकिया गया। एआरटीओ प्रशासन शंकर सिंह, पीटीओ रामसुमेर यादव और खनिज विभाग की टीम के साथ संयुक्त अभियान चलाया। इसमें वाहनों को चेक किया गया। एआरटीओ ने बताया गया की चेकिंग अभियान निरंतर चलता रहेगा।

# छात्र के खोए 33 हजार पुलिस ने किए बरामद

- पुलिस ने रुपए छात्र को सौंपे, छात्र ने जताया पुलिस का आभार



अवधानामा संवाददाता

**बांदा।** आटो में सफर के दौरान रुपए और किताबों से भरा छात्र का बैग गिर गया। काफी खोजने पर जब नहीं मिला तो छात्र ने पुलिस को लिखित सूचना देकर गुहार लगाई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छात्र का बैग बरामद किया और उसके 33 हजार रुपए छात्र को सौंपे। छात्र ने पुलिस का आभार जताया है। मरका थाना पुलिस ने गुरुवार को प्रतियोगी छात्र के खोये हुए 33 हजार रुपये बरामद कर उसे सुपुर्द कर दिया। गौरतलब हो कि थाना मरका क्षेत्र अन्तर्गत चरका के रहने वाला रविशंकर गोस्वामी पुत्र राधेश्याम बांदा शहर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता है। पांच मार्च को वह फीस जमा करने व अन्य खर्च के लिए 33 हजार रुपये लेकर बबेरू की ओर आटो से जा रहा था। इसी दौरान उसका रुपये व किताबों से भरा बैग कहीं गिर गया। काफी खोजबीन के बाद जब बैग नहीं मिला तो परेशान होकर उसने 6 मार्च को थाना मरका पुलिस को इस संबंध में सूचना दी। सूचना पर थानाध्यक्ष मरका रमेश कुमार द्वारा पुलिस टीम के साथ छात्र द्वारा बताये गये स्थानों को ट्रेस करते हुए लोगों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान एक व्यक्ति इधर-उधर की बातें करने लगा। इस पर पुलिस टीम को शक हुआ तो कड़ाई से पूछताछ में उसने बताया कि रुपये से भरा बैग उसे मुड़ियाबाबा के पास से मिला है। पैसा देखकर वह लालच में आ गया था। पुलिस टीम द्वारा रुपये से भरा बैग व्यक्ति के पास से बरामद कर छात्र को सुपुर्द कर दिया गया। छात्र ने पुलिस टीम का हृदय से धन्यवाद दिया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मरका रमेश कुमार, कांस्टेबल अनिल पटेल, कांस्टेबल कृष्ण कुमार यादव शामिल रहे।

# गांजे बाजे के साथ निकाली गई रंगीला कावर यात्रा शिव बारात

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** विगत वर्षो के भाती इस वर्ष भी रंगीला कावर संघ के द्वारा निकाली गई शिवबारात राबर्ट्सगंज पूरे नगर में भ्रमण करते हुए बरैला मंदिर तक जाति हैं जिसमें संरक्षक भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष धरमवीर तिवारी मिठाइलाल सोनी ने बताया शिव बारात के बारे में शिव बारात क्या है यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। इस बारात में ब्रह्मा और विष्णु महेश अगुवाई कर रहे थे। कहते हैं कि महाशिवरात्रि पर भगवान शंकर का माता पार्वती के साथ विवाह हुआ था, इसलिए शंकर जी की बारात निकाली जाती हैं।विष्णु और ब्रह्मा आदि देवताओं के समूह अपने-अपने वाहनों (सवारियों) पर चढ़कर बारात में चले। 2. शिवजी के सुंदर मस्तक पर चन्द्रमा, सिर पर गंगाजी, तीन नेत्र, साँपों का जनेऊ, गले में विष और छाती पर नरमुण्डों की माला थी। एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू सुशोभित है। रंगीला कावर संघ के अध्यक्ष महेश कुमार सोनी मल्लू ने बताया प्रत्येक वर्ष की भाती इस वर्ष भी रंगीला कावर के द्वारा शिवबरता बहुत भब्य रूप मे निकाला हैं। बारात में नगर से काफी संख्या में लोग निकले हैं जिसमे ड्रा हरी आनन्द, प्रमोद गुप्ता मिठाई लाल सोनी, अजय, विनोद सोनी, दिनेश सोनी, योगेश सिंह, छोटक सोनी अखिलेश कश्यप राहुल, सत्यम, दीपू सोनी, दीपक, राम, विवेक, विशाल, चंदन, सोनी, रवि, संतोष, गोलु, चंदन, बहुत से लोगों ने बढ़ चढ़कर शिवबारात में काफी हसोल्लास के साथ नगर में शिवबारात निकाला गया हैं।

## दुल्हन बनने से पहले युवती ने गले में कसा फंदा, मौत

**बांदा।** एक युवती ने बारात आने और दुल्हन बनने से पहले दुपट्टे का फंदा गले में कसकर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने शव देखा तो दहाड़े मारकर रो पड़े। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। खुदकुशी का कारण अज्ञात है। नगर कोतवाली क्षेत्र के काहला गांव निवासी कारीबाई उर्फ सुमन (20) पुत्री रामबाबू की गुरूवार को शादी होनी थी। बुधवार रात पंखा के हुक पर दुपटटा से गले में फंदा कसकर खुदकुशी कर ली। गुरुवार सुबह छोटी बहन रीता की नीद खुली तो देखा कि सुमन का शव फंदे पर लटक रहा था। शव देखते ही वह चीख पड़ी। शोरगुल सुनकर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के मामा देवराज ने बताया कि कारीबाई की शादी गांव के ही पुष्पेद्र उर्फ होरीलाल पुत्र दशरथ से होनी थी।

# रेनूसागर ने किया महिलाओं का सम्मान



अवधानामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** दिशिता महिला मंडल रेनूसागर ने दिशिता महिला मंड़ल की अध्यक्षा इंदू सिंह के निर्देशन में विश्व महिला दिवस के अवसर पर महिला मण्डल में कार्यरत सिलाई व सहकर्मी महिलाओं का बड़े ही आदर के साथ सम्मान किया गया, व बड़े ही हर्षोल्लास एंव धूमधाम से विश्व महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में दिशिता महिला मंड़ल की सचिव कविता श्रीमाली ने कविता प्रस्तुत किया, ततपश्चात उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि विश्व महिला दिवस मानाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओ का सांस्कृतिक आर्थिक, सामाजिक व राजनैतिक समानता दिलवाने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि वे अपने हक़ के प्रति जागरूक बने। इस इस अवसर पर भजन ,गीत व विभिन्न प्रकार के खेल, बेस्टमैचिंग, व बेस्ट ग्रेटअप आदि कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी विजेता महिलाओं कों पुरस्कृत किया गया साथ ही विश्व महिला दिवस के अवसर पर दिशिता महिला मंड़ल द्वारा दो सिलाई मशीन दिशिता सिलाई केन्द्र की प्रबन्धिका विभा सिंह व उनकी टीम को दिया गया जिससे अधिक से अधिक लाभार्थी सिलाई सीख कर आत्मनिर्भर बन सके। इसके पूर्व दिशिता महिला मंड़ल की वरिष्ठ सदस्याऐं विभा शैलेश सिंह, सपना तिवारी ने सभी महिलाओं के साथ मिलकर केक काटा तथा कहा कि हमारे जीवन में ये महिलाये विशेष सहभागिता निभाती है व सदैव सहयोग के लिए ततपर रहती है उनकी लगन व निष्ठा से आज महिला मण्डल की अलग ही पहचान बनी है। कार्यक्रम में इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्याऐं आशा सैनी, सविता चौबें, विभासिंह व तुलिका श्रीवास्तव, रजनी रूंगटा व महिला मंड़ल की अन्य प्रमुख सदस्यायें उपस्थित थी।

## ब्रेकर में उछली बाइक, लाइनमैन की मौत

**बांदा।** जालौन जिला के निपनिया गांव निवासी अरविंद यादव (35)पुत्र देवनरायण खुरहंड सब स्टेशन में लाइन मैन था। वह गिरवां थाना क्षेत्र के बड़ोखर बुजुर्ग गांव में किराए के मकान में रहता था। बुधवार को बड़ोखर बुजुर्ग निवासी लखन यादव की शादी थी। बरात बिसंडा थाना क्षेत्र के अमवा गांव गई थी।

अरविंद अपने साथी शरीफ (29) पुत्र लालू, जयसिंह (27) पुत्र रामनरायन के साथ बाइक में बैठकर बरात में शामिल होने गए थे। तीनो लोग गुरूवार की भोर बाइक से वापस लौट रहे थे। तभी देहात कोतवाली क्षेत्र के चिल्ली गांव के पास तेज रफ्तार बाइक ब्रेकर से उछल कर गिर पड़ी जिससे तीनो लोग घायल हो गए। होश आने पर शरीफ ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेस से तीनो को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# बैंककर्मियों का वेतन 17 फीसदी बढ़ा

**7-50 हजार रुपये तक बढ़ेगी सैलरी, 11 लाख कर्मियों को होगा फायदा**




**छुट्टियों में कई बदलावः-** आधे दिन की कैजुअल छुट्टी मिलेगी महिलाओं को महीने में एक दिन चिकित्सा अवकाश बिना प्रमाणपत्र के- स्पेशल चाइल्ड वाले दंपती को 30 दिन की स्पेशल छुट्टी, बिना मेडिकल सर्टिफिकेट के, 58 साल के ऊपर के स्टाफ को पत्नी की बीमारी पर मेडिकल सर्टिफिकेट पर अवकाश छुट्टी का नगदीकरण 240 दिन से बढ़ाकर 255 दिन, ऑल इंडिया बैंक इम्पलाइज एसोसिएशन के संयुक्त सचिव रजनीश गुप्ता का कहना है कि आईबीए के साथ समझौते पर दस्तखत हो गया है। इससे बैंककर्मियों की सेलरी में 7 से 50 हजार रुपये तक वृद्धि होगी। हफ्ते में पांच दिन बैंकिंग का प्रस्ताव आईबीए ने पास कर दिया है। इसे सरकार को भेजा जाएगा।

**इन बैंककर्मियों को फायदाः** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, केनरा, सेंट्रल, इंडियन, यूको, यूनियन, इंडियन ओवरसीज, पंजाब एंड सिंध, पंजाब नेशनल, फेडरल, कर्नाटक, जम्मू एंड कश्मीर, साउथ इंडियन बैंक, कोटक महिन्द्रा, करुर वैश्य, आरबीएल, नैनीताल, धनलक्ष्मी और आईडीबीआई बैंक।

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले बैंककर्मियों व अधिकारियों को 17 फीसदी वेतन वृद्धि का तोहफा मिल गया है। इसको लेकर शुक्रवार को इंडियन बैंक एसोसिएशन (आईबीए) व ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन ने समझौते पर दस्तखत कर दिए। वेतन वृद्धि समेत अन्य सुविधाएं तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। इनका लाभ एक नवंबर, 2022 से मिलेगा।

हफ्ते में पांच दिन बैंकिंग को भी आईबीए ने स्वीकार कर लिया है। इसे सरकार के पास भेजा जाएगा, जिस पर छह माह के अंदर फैसला लिया जाएगा। 17 फीसदी वेतन वृद्धि से देश भर के बैंककर्मियों को 12949 करोड़ ज्यादा मिलेंगे। इस फैसले से बैंक कर्मियों की बेसिक सेलरी डेढ़ गुना हो गई है।

वी बैंकर्स के राष्ट्रीय सचिव आशीष मिश्र ने बताया कि बैंकिंग संगठन की लंबे समय से अवकाश व वेतन वृद्धि सहित कई मांगों को लेकर आईबीए के साथ वार्ता चल रही थी लेकिन अंतिम सहमति शुक्रवार को बनी। इन्हें स्वीकार कर आईबीए ने समझौता पत्र पर दस्तखत कर दिए।

**7-50 हजार तक अधिक वेतन-** मोटे तौर पर एक क्लर्क का वेतन 7 हजार से 30 हजार रुपये तक बढ़ेगा। अधिकारी वर्ग में यह वृद्धि 13 हजार से 50 हजार रुपये तक की होगी। इसका फायदा देश भर के करीब 11 लाख और यूपी के एक लाख कर्मियों को होगा।

**रोज 40 मिनट ज्यादा काम, तब एक दिन अतिरिक्त आराम-** आईबीए ने सभी शनिवार को अवकाश का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। इसके एवज में बैंकिंग कामकाज सुबह 10 से शाम 5 बजे की जगह सुबह 9.50 से शाम 5.30 बजे करने का प्रस्ताव है। अभी महीने के दूसरे व चौथे शनिवार को बैंकों में अवकाश रहता है।

# पुस्तक मेले का समापन 10 मार्च को

अवधनामा ब्यूरो

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन**

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चारबाग के रविन्द्रालय में आयोजित पुस्तक मेले में विविध कार्यक्रमों के साथ ही प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समापन की ओर बढ़ रहे पुस्तक मेले का समापन रविवार 10 मार्च को होगा।

साहित्य कला संस्कृति को समर्पित लखनऊ पुस्तक मेले में लखनऊ पर लिखे साहित्य के संग लखनवी लेखकों की पुस्तकें भी भारी तादाद में हैं। स्थानीय लेखकों के स्तर में रमेशचंद्र मिश्र, डॉ. अमिता दुबे, उमाशंकर लाल, डॉ. ओपी मिश्र, डॉ. फणिभूषण दास, पुरुषोत्तम मिश्र संकुल, इंदु सिंह, अशोक जैन, नसीम निकहत, निर्मला चंद्र सिंह, राज किशोर नमन, नवीन शुक्ल आदि अनेक स्थानीय रचनाकारों की राम अमृत, नमामि रामम, सीताराम जैसी विविध विषयों की पुस्तकें हैं। मेले में आज सुखबीर सिंह को समर्पित वाश शैली की विशिष्ट प्रदर्शनी के संग कल से प्रारम्भ चित्रकला कार्यशाला में आज कुछ और प्रतिभागी जुड़े। यहां 10 मार्च तक चलने वाली इस कार्यशाला की प्रशिक्षक डाण्स्तुति सिंघल ने जलरंगों की तकनीकी जानकारी दी। कल मेले में कला संरक्षण पर संवाद भी होगा। मेले के साहित्यिक मंच पर महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम के तहत गाजीपुर की साहित्यिक पत्रिका साहित्य सरोज ओर से कहानी पाठ व संगोष्ठी का आयोजन हुआ। ज्योति किरन रतन ने गोपालराम गहमरी की कहानी का पाठ किया और संगोष्ठी में महिलाओं को घर और बाहर के कामकाज में सामन्जस्य बनाने का संदेश दिया। एशिया के सबसे बड़े गहमर गांव गाजीपुर से आये संयोजक अखण्ड प्रताप सिंह गहमरी ने कहा कि महिलाओं के शोषण में महिलाएं भी कम नहीं। ओमजी मिश्र ने महिलाओं पर काव्य पाठ करते हुए कहा कि महिला जन जन की पालक है। घरनी बिन घर सूना ही लगता है। अयोध्या से आये पुरोहित पुण्डरीक ने कहा लक्ष्य साधने पर जोर देकर कहा कि सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं को जो शिक्षा की राह दिखाई उसने उन्हें राष्ट्रपति पद तक पहुंचा दिया। फाइनल राउंड में सुरभि सिंह, डॉ. नीतू सिंह आदि निर्णायकों ने प्रतिभागियों को परख कर विजेताओं को पुरस्कृत किया। मेले में हर किताब पर कम से कम 10 प्रतिशत की छूट मिल रही है।

# घोसी में छड़ी घुमाने के लिए राजभर को करनी पड़ेगी मशक्कत

**उपचुनाव में वोट ट्रांसफर कराने में नहीं हुए सफल**



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** घोसी लोकसभा क्षेत्र में सुभासपा की छड़ी घुमाने के लिए अरविंद राजभर को कड़ी मशक्कत करनी होगी। सपा और सुभासपा के बीच सीधा मुकाबला हुआ तो क्षेत्र की जातीय समीकरण में दलित मतदाता निर्णायक भूमिका अदा करेंगे। यदि सुभासपा, सपा और बसपा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हुआ तो कांटे की टक्कर होगी।

एनडीए गठबंधन में घोसी लोकसभा क्षेत्र सुभासपा को मिला है। सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने अपने बेटे अरविंद राजभर को प्रत्याशी घोषित किया है। अरविंद पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव भी हैं। वर्तमान में यहां से बसपा के अतुल राय सांसद हैं। घोसी लोकसभा क्षेत्र में आजादी के बाद से केवल 2014 में भाजपा ने चुनाव जीता है। 1998 से सीट पर बसपा और सपा का ही कब्जा रहा है।

घोसी में सबसे अधिक करीब सवा दो लाख दलित मतदाता है। करीब डेढ़ लाख राजभर, डेढ़ लाख से अधिक मुस्लिम, सवा लाख नोनिया चौहान, एक लाख यादव, एक लाख ठाकुर, 50 हजार से अधिक ब्राह्मण और 25 हजार से अधिक भूमिहार मतदाता हैं।

# सेमीकंडक्टर उद्योग लगाने वालों को मिलेंगे गैर वित्तीय प्रोत्साहन

अवधनामा ब्यूरो

**24 घंटे होगी जल और बिजली की आपूर्ति**

**नॉन-डिस्टर्बेन्स प्राविधान भी होंगे लागू**

**24×7 एवं तीन पालियों में हो सकेगा परिचालन**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने वाले उद्यमियों को योगी सरकार न सिर्फ वित्तीय प्रोत्साहन देगी, बल्कि गैर वित्तीय प्रोत्साहन भी प्रदान करेगी। सेमीकंडक्टर पॉलिसी के अनुसार राज्य में सेमीकंडक्टर उद्योग को आवश्यक सेवा और रख-रखाव अधिनियम (ईएसएमए) के तहत एक आवश्यक सेवा प्रदाता के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस अधिनियम की स्थापना कुछ सेवाओं की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए की गई थी, जिनके बाधित होने पर लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित होगा। ऐसे में सेमीकंडक्टर यूनिट की सफलता के लिए यह योगी सरकार का बहुत बड़ा कदम होगा।

इसके अतिरिक्त, पॉलिसी में प्रोत्साहन के लिए कई और महत्वपूर्ण उपाय भी किए गए हैं। इसके अनुसार औद्योगिक प्राधिकरण चौबीस घंटे पर्याप्त पानी उपलब्ध कराएंगे तथा एसटीपी निस्तारण की सुविधा भी प्रदान करेंगे अथवा बनाएंगे। इसके साथ ही इकाई को %ओपन एक्सेस% के माध्यम से विद्युत प्राप्त करने की अनुमति दी जाएगी। यही नहीं, इकाई को नवीकरणीय हरित ऊर्जा के लिए पॉवर बैंकिंग भी प्रदान की जाएगी। यह राज्य के विद्युत नियामक आयोग (ईआरसी) दिशानिर्देशों के अनुसार शासित होगा। सरकार पावर ग्रिड में पर्याप्त अतिरिक्तता सुनिश्चित करेगी, ताकि फैब परियोजनाओं के निर्बाध संचालन के लिए विश्वसनीय बिजली की आपूर्ति प्रदान की जा सके। इकाइयों के प्रोत्साहन के लिए नॉन-डिस्टर्बेन्स प्राविधान भी लागू किए जाएंगे। इसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर इकाइयों को संरक्षण दिया जाएगा, ताकि उनको बाधारहित व्यवसाय के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके। इसके तहत सुनिश्चित व्यापार निरंतरता प्रदान करने के लिए इकाइयों को कुछ इम्यूनिटी भी दी गई है। इसके तहत विकासकर्ता द्वारा निवेश पूर्ण करने और संबंधित प्राधिकरण से पूर्णता प्राप्त करने के साथ ही पूरा लीज रेंट भुगतान करने के बाद किसी सेमीकंडक्टर इकाई द्वारा किसी भी मानदंड उपनियम के उल्लंघन के मामले में पट्टा विलेख निरस्त करने के लिए प्राधिकरण के निदेशक मंडल की स्वीकृति एक पूर्व आवश्यकता होगी। सेमीकंडक्टर इकाइयों को 24×7 परिचालन और तीन पालियों में महिलाओं के रोजगार की अनुमति होगी, लेकिन इसके लिए कुछ विशेष शर्तें रखी गई हैं। इसके अनुसार जो इकाइयां महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक सावधानी पुख्ता करेंगी उन्हें इसकी अनुमति प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त सेमीकंडक्टर इकाइयों को विशिष्ट शिकायतों के कारण होने वाले निरीक्षणों को छोड़कर कई अधिनियमों और उनके तहत नियमों के अंतर्गत निरीक्षण से छूट है।

# महिला कांग्रेस की कर्मठ कार्यकर्ता सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश महिला कांग्रेस की ओर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पांच न्याय में से नारी न्याय की अवधारणा पर आयोजित कार्यक्रम किये गये। कार्यक्रम में नारी न्याय पर विमर्श के साथ ही महिला कांग्रेस की कर्मठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। वहीं वंचित वर्ग की महिलाओं के बीच साड़ी, फल और मिठाई बांटी गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महिला कांग्रेस मध्य जोन अध्यक्ष ममता चौधरी ने कहा कि पिछले डेढ़ साल से खाद्य महंगाई लगातार 10 प्रतिशत से ऊपर रही है। महिलाएं किसी तरह घर का चूल्हा जला रही हैं यह पीड़ा वे ही जानती हैं। ममता चौधरी ने कहा कि एक तो रोजगार नहीं मिल रहा, ऊपर से महंगाई, गरीबों पर दो तरफा वार बहुत कष्टदाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिला हकों की सशक्त पक्षधर अपनी नेता प्रियंका गांधी के नेतृत्व में प्रतिबद्ध है महिलाओं को उनका हक दिलवाने के लिए। कार्यक्रम में शीला मिश्रा, सुशीला शर्मा, उरूसा राना, अनामिका यादव, प्रियंका गुप्ता, डॉ. सुधा मिश्रा, डॉ. रिचा शर्मा, मेहताब जायसी, सुषमा मिश्रा, लता द्विवेदी सहित अन्य महिलाएं शामिल थीं।

# उत्तर रेलवे ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आयोजित समारोह के अंतर्गत, उत्तर रेलवे के पांच स्टेशनों को पिंक स्टेशन घोषित किया गया तथा इन स्टेशनों पर महिला स्टाफ द्वारा ट्रेनें चलाई जा रही हैं। महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों को चिह्नित करने और महिला समानता के बारे में जागरूकता लाने , लैंगिक समानता बढ़ाने के लिए हर साल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों को उजागर करना है। समारोह के हिस्से के रूप में, आज उत्तर रेलवे के पांच स्टेशनों यथा फिरोजपुर मंडल पर फिरोजशाह, अंबाला मंडल पर मोहाली, लखनऊ मंडल पर मल्हौर तथा मानक नगर और दिल्ली मंडल पर दिल्ली सफदरजंग को पिंक स्टेशन घोषित किया गया है। इन सभी स्टेशनों पर महिला कर्मचारियों द्वारा ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इन स्टेशनों का प्रबंधन महिला कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। गार्ड, सहायक स्टेशन मास्टर, लोको पायलट और आरपीएफ की ड्यूटी भी महिला कर्मचारियों द्वारा निभाई जा रही है। पिंक स्टेशन, रेलवे में एक नयी पहल है। ये स्टेशन केवल महिला कर्मचारियों द्वारा चलाए जाते हैं और उनके द्वारा ही प्रबंधित भी किए जाते हैं। यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने का अच्छा तरीका है क्योंकि यह महिला कर्मियों और यात्रियों के लिए एक सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराता है। यह पहल ऐसे लोगों को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने के साथ ही साथ सहायक समुदाय बनाने के लिए एक मंच प्रदान करने का भी माध्यम है।

# फैशन फीवर 2024 में झूमा लखनऊ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फैशन फीवर 2024 का आयोजन किया गया, जिसमें कॉमेडी, रैंप वॉक, म्यूजिकल मस्ती जैसे विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिस पर लखनऊ वासी झूमने को मजबूर नजर आए। फैशन फीवर 2024 अपने आप में एक अलग तरह का इवेंट है जिसमें पारंपरिक और आधुनिकता का समागम देखने को मिला। इस कार्यक्रम का आयोजन श्रेया इंटरटेनमेंट और प्रोडक्शंस के द्वारा किया गया। फैशन फीवर 2024 का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में श्रेया एंटरटेनमेंट एंड प्रोडक्शंस के हेमंत कुमार राय, श्रेया राय, संगीता राय, शालिनी मिश्रा और यूपी 65 वेब सीरीज के हरि दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर हेमंत कुमार राय ने कहा कि लखनऊ में फैशन वर्ल्ड को स्थापित करने के लिए हमने इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। कार्यक्रम में सिर्फ फैशन ही नहीं बल्कि मनोरंजन की विभिन्न गतिविधियां भी लोगों के लिए बेहद अलग फील देने वाली है।

## रोजगार मेला आज



**लखनऊ।** केंद्रीय रक्षामंत्री एवं सांसद लखनऊ राजनाथ सिंह की प्रेरणा से भाजपा नेता नीरज सिंह के संयोजन में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) एवं एनएसडीसी कल 9 व परसों 10 मार्च को लखनऊ विश्वविद्यालय खेल परिसर में लखनऊ कौशल महोत्सव (नौकरी /रोजगार मेला) का आयोजन कर रहा है। जिसमें विभिन्न 20 सेक्टर की देश की 90 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों के अधिकृत अधिकारी उपस्थित रहेंगे और पात्रता के अनुसार नौकरी देंगे। भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह जी और लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी जी सहित वरिष्ठ नेता गण भी उपस्थित रहेंगे।

# 1090 वूमेन पावर लाइन की 20 महिला कांस्टेबल्स को मेट्रो राइड करवाई गई

अवधनामा ब्यूरो

**मेट्रो ट्रेन और स्टेशन पर सुरक्षा के इंतजाम के बारे में विस्तार से बताया गया**

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ मेट्रो ने 1090 वूमेन पावर लाइन की 20 महिला कांस्टेबल्स को हजरतगंज से सीसीएस एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो राइड कराई। यात्रा के दौरान कांस्टेबल्स ने मेट्रो में महिला सुरक्षा और सुरक्षित यात्रा पर चर्चा की। इस मौके पर लखनऊ मेट्रो ने महिला कांस्टेबल्स के मनोरंजन के लिए ट्रेन में महिला सशक्तीकरण पर खेल आयोजित किया और विजेताओं को पुरस्कृत किया। यात्रा से पहले हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर महिला पुलिस कांस्टेबल्स के साथ बातचीत में मेट्रो ट्रेन और स्टेशन पर सुरक्षा के इंतजाम के बारे में विस्तार से बताया गया। कांस्टेबल्स ने मेट्रो ट्रेन और स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे और पैसेंजर इमरजेंसी इंटरकॉम की प्रशंसा की। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन पर सम्पन्न हुई मेट्रो राइड के बाद कांस्टेबल्स ने एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन पर भ्रमण किया। महिला कांस्टेबल्स ने लखनऊ मेट्रो का आभार जताते हुए कहा कि यह उनका अब तक का सबसे अच्छा महिला दिवस रहा, जहां उन्होंने अपने प्रतिदिन के काम से हट कर मनोरंजन किया और लखनऊ मेट्रो को करीब से समझा। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि यूपीएमआरसी में हम ऐसे समाज और परिवहन प्रणाली के निर्माण का प्रयास करते हैं जो महिलाओं के लिए सशक्त और सुरक्षित हो। सीसीटीवी, महिला सुरक्षाकर्मी की उपस्थिति, ट्रेनों में आपतकालीन बटन जैसे सुरक्षा उपायों से लेकर ट्रेन परिचालन, रखरखाव आदि जैसे प्रमुख तकनीकी विभागों में कार्यबल का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं का है। यूपीएमआरसी महिला सशक्तीकरण की दिशा में हर मुमकिन प्रयास कर रहा है।

# इल्म ख़र्च करने से और बढ़ता हैः मौलाना मक़सूद

**मदरसा दारुल उलूम इक़रा में प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन**



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** वह माँ-बाप जो अपने बच्चों को आज के दौर में पहले हाफ़िज़ कुरआन और बाद में इंजीनियर डॉक्टर या और भी कुछ बनाने की सोच लेकर चल रहे हैं यक़ीनन ऐसे माँ बाप तारीफ़ के लायक़ हैं।

क्योंकि उनको यह पता है कि एक हाफ़िज़ कुरआन (कुरआन कंठस्थ करने वाले) दीनी तालीम हासिल करने बाद जब दुनियावी पढ़ाई करता है तो वह दोनों के ज्ञान से पूरे आलम को उसकी रोशनी से जगमगा देता है। माल यानि रुपया पैसा ख़र्च करने पर उसमें कमी आ जाती है पर इल्म जितना ज़्यादा से ज़्यादा बांटा जाए उसमें और बढ़ोतरी होती है।

यह विचार मदरसा दारुल उलूम इक़रा, मिसरी बगिया, बालागंज के संस्थापक मौलाना मक़सूद आलम ने व्यक्त किये। मौलाना मक़सूद मदरसे के एक जलसे को सम्बोधित कर रहे थे।

मदरसा दारुल उलूम इक़रा से हाफ़िज़ा करने वाले बच्चों फ़ज़ल, साकिब,अमान, अब्दुल्ला, फ़ाज़िल, ज़ैद, अनस आलम, हमज़ा, मुज़म्मिल, रियाज़ को पुरस्कार के तौर पर 7-7 हज़ार रुपये व कपड़ों से पुरस्कृत किया गया। वहीं इन बच्चों को हाफ़िज़ा कराने वाले क़ारी एहतरामउल्लाह व क़ारी उमर अली को भी पुरस्कृत किया गया। जलसे में क़ारी अब्दुल वासिफ़ ने अपनी खूबसूरत आवाज़ में नात सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया तो वहीं मदरसे में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों में शामिल अब्दुल मोइज़ के अलावा बच्चियों ने धार्मिक बातों के साथ साथ दुनियावी बातों को भी बख़ूबी पेश किया इसके लिए सभी को पुरस्कृत किया गया। हाफ़िज़ अब्दुल मन्नान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मदरसा भी एक माँ की गोद की तरह होता है जहाँ बच्चा इल्म के साथ बहुत सी अच्छी बातें सीख कर उनको दूसरों तक पहुंचता है। जलसे में आये हुए सभी मेहमानों का स्वागत मदरसे के मो.दानिश, अब्दुल राफ़े, मोहम्मद अरहम, कैफ़ी आदि ने किया। कार्यक्रम में शिरकत करने वालों में मदरसा इरफ़ानीया के संरक्षक क़ारी इम्तियाज़, मौलाना अब्दुल वहीद फ़ारूक़ी, क़ारी लईक अहमद, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार हारिस सिद्दीक़ी, पत्रकार हुमायूँ चौधरी, एडवोकेट रफ़ी अहमद, ज़िया उल्लाह सिद्दीक़ी नादवी, क़ारी अब्दुल वासिफ़ आदि रहे। जलसे में आये सभी अतिथियों का मदरसे के संरक्षक मौलाना मक़सूद आलम ने शुक्रिया अदा किया।

# किसानों की फसल को बचाने के तकनीकी उपाय पर भाषा विश्वविद्यालय की पहल

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कुलपति प्रो एन बी सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में भाषा विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के कंप्यूटर साइंस तथा बायोटेक्नोलॉजी विभाग के छात्रों ने एक ए आई एवं सौर्य ऊर्जा पर आधारित उपकरण का प्रोटोटाइप तैयार किया है जो कि किसानों की फसल को कीट पतंगों तथा पशुओं से बचाने का कार्य करेगा। यह उपकरण खेतों में आने वाले जीवों को बिना छति पहुंचाए अपना कार्य करेगा। इसकी पहुँच खेतों की निर्धारित दूरी तक ही होगी। यह उपकरण अल्ट्रासोनिक तथा इंफ्रा रेड तरंगों पर आधारित है। इसके डिज़ाइन का पेटेंट भारतीय पेटेंट कार्यालय से ग्रांट हो चुका है। और यह विश्वविद्यालय के नाम से प्रथम पेटेंट है जो पूरी तरह से विश्वविद्यालय में तैयार किया गया है। यह कार्य बायोटेक्नोलॉजी विभाग की सह-आचार्य डॉ ममता शुक्ला के नेतृत्व में कंप्यूटर साइंस विभाग के दीपक मौर्या तथा biotechnology विभाग के सूर्यांश मिश्रा, शाम्भवी मिश्रा, और वैष्णवी मिश्रा के ग्रुप ने तैयार किया है। इसमें विशेष सहयोग संकाय के निदेशक प्रो एस के त्रिवेदी का रहा। और इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय को माननीया कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल जी के द्वारा बधाई भी दी गयी क्योंकि अब तक की जानकारी में यह भारत का ऐसा पहला पेटेंट है, जो कि कृतिम बुद्धिमत्ता (A.I.) एवं विभिन्न सेंसर्स द्वारा संचालित होगा। इससे पशुओं को बिना कोई हानि पहुंचाए उन्हें खेतों से भगाया जा सकेगा। इसी के साथ अनाज रसायन रहित होने की संभावना बढ़ जाएगी जिससे होने वाली कई घातक बीमारियों से भी बचा जा सकेगा।

## मुकद्दस रमजान का चांद देखने की अपील

**लखनऊ।** मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने मुसलमानों से 11 मार्च को माहे मुकद्दस रमजान का चांद देखने की अपील की है। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि चांद देख कर कमेटी के अध्यक्ष को गवाही दें या मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 9415102947, 9839313602, 9889911119, 9839132548, 7376952721, 9140427677 पर सम्पर्क कर सकते हैं। वहीं मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने कहा कि जो लोग चांद की पुष्टि करना चाहें वे रात 9 बजे के बाद मोबाइल नम्बर 839097407, 9415784680, 299586502, 9651623004 या 7905912573 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# सीएए से किसी भारतीय को कोई डर नहींः बेगम शहनाज़ सिदरत



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्य क्रम में अपने संबोधन में महिलाओं के उत्थान पर जोर देते हुए बेगम शहनाज़ सिदरत ने कहा कि आप जॉब ओरिएंटेड शिक्षा ले और खुद को अपने पैरो पर खड़ा करे जॉब देने वालो में शामिल हों जिससे समाज और देश का विकास हो सके।इसके साथ ही उन्होंने देश की एकता के लिये आपसी भाई चारा बढ़ाने के लिए एक दूसरे के धर्मो के सम्मान पर जोर दिया एक राष्ट्रीय चैनल को अपने दिए अपने इंटरव्यू में उक्त बातों पर बोलते हुए सी ए ए कानून पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि इस कानून से किसी भी धर्म के भारतीय पर कोई संकट नही आने वाला है लोगो को मैं पहले भी कह चुकी हूं कि इससे किसी को घबराने की या गलत फहमी फैलाने की जरूरत नहीं है कुछ लोग राजनीति करने के लिए गुमराह भी करेंगे और गलत फहमी भी पैदा करेंगे पर आप लोगो को सावधान रहना होगा किसी भी बहकावे में न आए और कानून का स्वागत करे।यह कानून अवैध घुसपठियो के लिए है ना कि हम भारतीयों के लिए। कार्य क्रम में सीनियर इंस्पेक्टर रीना पांडे ,सबा फाजिल एंटरप्योनर, समीना मोइन, अनवर जहां, नजमा सिद्दीकी आदि महिलाओं को प्रतीक चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया कार्य क्रम का संचालन नशत हयातुल्लाह ने की। रीना पांडेय मिश्रने कहा कि लड़कियां विद्या, बुद्धि और दक्षता में उपलब्धि हासिल करें। ऐश्वर्य व बल और शक्ति प्राप्त करें और देशभक्त बने रहें। आपका वंश हमेशा तेजस्वी बना रहे।

## इल्मे दीन सीखना मोमिन औरत-मर्द के लिए जरूरी

**लखनऊ।** इल्मे दीने सीखे बिना हुकूक की अदायगी नामुमकिन है। कारी मोहम्मद सिद्दीक ने गोलागंज के पीर जलील स्थित मदरसा हिफ्जुल ईमान के वार्षिक समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि इल्मे दीन सीखना मोमिन औरत-मर्द के लिए बहुत जरूरी है। क्योंकि इल्मे दीन के बिना बन्दा न तो अल्लाह को पहचान सकता है और न ही किसी के हक अदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि रसूले अकरम के आने के बाद इंसानियत वजूद में आई, लेकिन आज बचचे दीनी तालीम से महरूम हैं। मोबाइल पर नामहरम से बात करते हैं और मां-बाप को हिम्मत नहीं कि मना करें। यह चीजें बर्बादी का जरिया हैं। बेहतर है कि अपने बच्चों को कुरान पढ़ाएं और दीनदार बनाएं। मदरसे के बच्चों ने तालीमी मुजाहिरा बहुत उम्दा पेश किया। मोहल्ल के बदरुद्दजी, आदिल, हाफिज जब्बार, फरीदा आंटी, मोहम्मद जुबैर, इरफान अदनान सहित अन्य ने बच्चों को पुरस्कृत किया।